प्रतिलिपि : निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. प्रमुख वन संरक्षक (HoPF) उत्तराखण्ड देहरादून।
2. प्रमुख वन संरक्षक (वन्यजीव) उत्तराखण्ड देहरादून।
3. मुख्य वन्यजीव प्रतिपालक, उत्तराखण्ड देहरादून।

निदेशक,
कार्बेट टाइगर रिजर्व,
रामनगर (नैनीताल)।

(54

कार्यालय, प्रमुख वन संरक्षक (HoFF), उत्तराखण्ड, देहरादून।

यूनादेश सं0 04-11-15 (HRD) देहरादून, दिनांक 25 अक्टूबर, 2021

निलम्बन आदेश

श्री बृज बिहारी शर्मा, वन क्षेत्राधिकारी, कालागढ़ टाइगर रिजर्व प्रभाग, लैन्सडौन को पासरो रेंज में अवैध पातन पाये जाने एवं अनधिकृत रूप से उप प्रभागीय वनाधिकारी के पदनाम का प्रयोग करने तथा वैधानिक/प्रशासनिक/वित्तीय स्वीकृति प्राप्त किये बिना वन क्षेत्र में कार्य कराये जाने में उनकी भूमिका संदिग्ध प्रतीत होने के सम्बन्ध में निदेशक, कार्बेट टाइगर रिजर्व, रामनगर, नैनीताल के पत्रांक 1040/1–15 दिनांक 22.10.2021 से की गई संस्तुति के क्रम में उन्हें तत्काल प्रभाव से निलम्बित किया जाता है।

2. निलम्बन की अवधि में श्री बृज बिहारी शर्मा, वन क्षेत्राधिकारी को वित्तीय नियम संग्रह खण्ड–2, भाग–2 से 4 के मूल नियम 53 के प्राविधानों के अनुसार जीवन निर्वाह भत्ते की धनराशि अर्द्धवेतन पर देय अवकाश वेतन की राशि के बराबर देय होगी तथा उन्हें जीवन निर्वाह भत्ते की धनराशि पर मंहगाई भत्ता, यदि ऐसे अवकाश वेतन पर देय है, भी अनुमन्य होगा किन्तु ऐसे अधिकारी को प्रीपन निर्वाह के साथ कोई मंहगाई भत्ता देय नहीं होगा, जिन्हें निलम्बन से पूर्व प्राप्त वेतन के साथ मंहगाई भत्ता अथवा मंहगाई भत्ते का उपांतिक समायोजन प्राप्त नहीं था। निलम्बन के दिनांक को प्राप्त वेतन के आधार पर अन्य प्रतिकर भत्ते भी निलम्बन की अवधि में इस शर्त पर देय होंगे, जब इसका समाधान हो जाय कि उनके द्वारा उस मद में व्यय वास्तव में किया जा रहा है, जिसके लिए उक्त प्रतिकर भत्ते अनुमन्य है।

3. उपर्युक्त प्रस्तर 2 में उल्लिखित मदों का भुगतान तभी किया जाय श्री बृज बिहारी शर्मा, वन क्षेत्राधिकारी इस आशय से प्रमाण–पत्र प्रस्तुत करें कि वह किसी अन्य सेवायोजन, व्यापार, वृत्ति व्यवसाय में नहीं लगे हैं। निलम्बन अवधि में सम्बन्धित कार्मिक वन संरक्षक, शिवालिक वृत्त के कार्यालय में सम्बद्ध रहेगा।

(प्रतीक अरोरी) 25/10/21
प्रमुख वन संरक्षक,
उत्तराखण्ड, देहरादून।

संख्या– 779 (1)/1-15 दिनांकित।

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. प्रमुख वन संरक्षक (वन्यजीव), उत्तराखण्ड, देहरादून।
2. मुख्य वन्यजीव प्रतिपालक, उत्तराखण्ड, देहरादून।
3. मुख्य वन संरक्षक, मानव संसाधन विकास एवं कार्मिक प्रबन्धन, उत्तराखण्ड, देहरादून।
4. निदेशक, कार्बेट टाइगर रिजर्व, रामनगर, नैनीताल को उनके सन्दर्भित पत्र के क्रम में इस आशय से प्रेषित कि आप द्वारा की गई प्रारम्भिक जांच एवं अवैध पातन की एन.टी.सी.ए. द्वारा की गई जांच रिपोर्ट के आधार पर उनके विरूद्ध अनुशासनिक कार्यवाही का प्रस्ताव आरोप पत्र सहित इस कार्यालय को प्रेषित करना सुनिश्चित करें।
5. प्रभागीय वनाधिकारी, कालागढ़ टाइगर रिजर्व प्रभाग, लैन्सडौन को इस आशय से प्रेषित कि निलम्बन आदेश की प्रति सम्बन्धित कार्मिक से प्राप्त कराकर, प्राप्ति हस्ताक्षर युक्त प्रति इस कार्यालय को यथाशीघ्र उपलब्ध करायी जाय।
6. श्री बृज बिहारी शर्मा, वन क्षेत्राधिकारी द्वारा प्रभागीय वनाधिकारी, कालागढ़ टाइगर रिजर्व प्रभाग, लैन्सडौन।
7. गार्ड बुक।

(प्रतीक अरोरी) 25/10/21
प्रमुख वन संरक्षक,
उत्तराखण्ड, देहरादून।

OATH COMMISSIONER
High Court of Uttarakhand, Nainital

कार्बेट टाइगर रिजर्व
रामनगर–244715 (नैनीताल), उत्तराखण्ड

Corbett Tiger Reserve
Ramnagar-244715 (Nainital) Uttarakhand

राहुल, भा0व0से0
Rahul, I.F.S.

वन संरक्षक/निदेशक
Conservator of Forest/Director

अ0शा0 पत्रांक–1055/6–9 दि0 25/10/2021

आदरणीय Rahul,

विषय : कार्बेट टाइगर रिजर्व के कालागढ टाइगर रिजर्व प्रभाग में पाखरौ टाइगर सफारी हेतु वन विकास निगम द्वारा वृक्षों के पातन के सम्बन्ध में।

सन्दर्भ : कालागढ़ टाइगर रिजर्व प्रभाग द्वारा आवंटित लौट संख्या–1,2 एवं 5,6/2021–22 एवं अन्य सम्बन्धित लौट

मैं आपके संज्ञानार्थ उपरोक्त विषय एवं सन्दर्भ के क्रम में कुछ महत्वपूर्ण बिन्दु लाना चाहता हूँ। कालागढ़ टाइगर रिजर्व प्रभाग के पाखरौ क्षेत्र में एक टाइगर सफारी प्रस्तावित है, जिसमें एन0टी0सी0ए0, सी0जेड0ए0 एवं भारत सरकार द्वारा समस्त वैधानिक स्वीकृतियाँ प्राप्त हैं। उक्त कार्य हेतु वृक्ष पातन से सम्बन्धित लौट संख्या–1 व 2 उत्तराखण्ड वन विकास निगम को प्रभागीय वनाधिकारी, कालागढ़ टाइगर रिजर्व प्रभाग द्वारा प्रदान की गई है। विभिन्न समाचार पत्रों में उक्त क्षेत्र में कथित अवैध पातन की शिकायत प्राप्त होने पर इस कार्यालय द्वारा उप निदेशक, कार्बेट टाइगर रिजर्व की अध्यक्षता में एक जांच समिति का गठन किया गया। जांच समिति द्वारा मौके की जांच के दौरान श्री ब्रहमपाल सिंह, प्रभागीय लौगिंग अधिकारी, उत्तराखण्ड वन विकास निगम द्वारा लिखित रूप से अवगत कराया गया कि लौट संख्या–1 के अलावा वन विकास निगम द्वारा पाखरौ बीट में और कोई कार्य नही किया गया है। वर्तमान में उक्त अवैध पातन की जांच की कार्यवाही गतिमान है।

आज दिनांक 25.10.2021 को एकीकृत क्षेत्रीय कार्यालय, भारत सरकार के द्वारा क्षेत्रीय निरीक्षण के दौरान वन विकास निगम द्वारा लौट.सं0–2 में कार्य प्रगति पर पाया गया है एवं उपस्थित प्रभागीय लौगिंग प्रबन्धक द्वारा पाखरौ क0सं0–3 से सम्बन्धित लौट सं0–5 (179 वृक्ष) एवं 6 (502 वृक्ष) प्राप्त होने की सूचना दी गई है। अवगत कराना है कि उक्त वृक्षों के पातन से सम्बन्धित वर्तमान तक सक्षम स्तर से कोई स्वीकृति प्राप्त नही है एवं उक्त स्थल पर टाइगर सफारी से सम्बन्धित कोई अवस्थापना विकास वर्तमान में राज्य सरकार अथवा किसी सक्षम स्तर से स्वीकृत भी नही है।

(4)

अतः उक्त परिपेक्ष्य में सादर अनुरोध है कि कृपया पाखरौ टाइगर सफारी एवं इसके निकटवर्ती क्षेत्र में उक्त सन्दर्भित लौटों या अन्य किसी लौटों में बिना अधोहस्ताक्षरी के लिखित अनुमति के किसी भी प्रकार के पातन पर अग्रिम आदेशों तक तत्काल रोक लगाने हेतु सभी सम्बन्धितों को तत्काल निर्देशित करने की कृपा करेंगें।

सादर,

भवदिष्ठ,

(राहुल),
निदेशक,
कार्बेट टाइगर रिजर्व,
रामनगर (नैनीताल)।

श्री जी0जे0के0 शर्मा, भा0व0से0,
प्रबन्ध निदेशक,
उत्तराखण्ड वन विकास निगम।

अर्द्धशासकीय पत्र संख्या _____/दिनांक

आदरणीय

मैं उपरोक्त की प्रति आपके सादर संज्ञानार्थ एवं यथोचित कार्यवाही हेतु प्रेषित कर रहा हूँ।

(राहुल),
निदेशक,
कार्बेट टाइगर रिजर्व,
रामनगर (नैनीताल)।

श्री निशान्त वर्मा, भा0व0से0,
महा प्रबन्धक,
उत्तराखण्ड वन विकास निगम।

OATH COMMISSIONER ★ High Court of Uttarakhand, Nainital ★

(67

अतिमहत्वपूर्ण/आवश्यक/समयबद्ध

कार्यालय प्रमुख वन संरक्षक (HoFF), उत्तराखण्ड।

प्रमुख वन संरक्षक (HoFF), उत्तराखण्ड – pcchfdehradun@gmail.com

पत्र संख्या– 772/P.O. देहरादून, दिनांक, 29 अक्टूबर, 2021।

सेवा में,

महानिदेशक,
भारतीय वन सर्वेक्षण विभाग,
कौलागढ़ रोड, देहरादून।

विषयः– Regarding "ILLEGAL FELLING OF TREES" in the name of Establishment of "PAKHRAU TIGER SAFARI, UTTARAKHAND"

महोदय,

कार्बेट टाइगर रिजर्व के अन्तर्गत कालागढ टाइगर रिजर्व प्रभाग की पाखरौ रेंज में वृक्षों के अवैध पातन की जांच हेतु कूम्बिंग करवायी गयी थी। अवैध पातन के संबंध में 02 रिपोर्ट भिन्न–भिन्न प्राप्त हुई है, तथा वास्तविक स्थिति ग्राउंड अर्थ पर आधारित सॉफ्टवेयर से स्पष्ट नहीं हो पा रही है। निदेशक, कार्बेट टाइगर रिजर्व, रामनगर, जिला–नैनीताल द्वारा पार्क के क्षेत्रान्तर्गत सेटेलाइट इमेजरी के आधार पर वृक्षों के पातन की स्पष्ट स्थिति ज्ञात करने हेतु भारतीय वन सर्वेक्षण विशेषज्ञों की सेवा का अनुरोध किया गया है।

कृपया उक्तानुसार निदेशक, कार्बेट टाइगर रिजर्व को अपेक्षाकृत सहयोग प्रदान करने का कष्ट करें।

भवदीय,

29/10/21

(राजीव भरतरी)
प्रमुख वन संरक्षक (HoFF),
उत्तराखण्ड।

संख्या –772/P.O. दिनांकित।

प्रतिलिपि मुख्य वन्यजीव प्रतिपालक, उत्तराखण्ड, देहरादून को इस कार्यालय के पत्र सं0 895/पी0ओ0 दिनांक 19 अक्टूबर के क्रम में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपि निदेशक, कार्बेट टाइगर रिजर्व, रामनगर को उनके पत्र सं0 1032/3–5 दिनांक 21.10.2021 के क्रम में इस आशय से प्रेषित कि सेटेलाइट इमेजरी से संबंधित किसी भी प्रकार की कार्यवाही के संबंध में महानिदेशक, भारतीय वन सर्वेक्षण विभाग,कौलागढ़ रोड, देहरादून कार्यालय से संपर्क करें।

29/10/21

(राजीव भरतरी)
प्रमुख वन संरक्षक (HoFF),
उत्तराखण्ड।

(63)

गोपनीय/महत्वपूर्ण।

कार्यालय प्रमुख वन संरक्षक (HoFF), उत्तराखण्ड।

दूरभाष 0135–2740604 2741451, फैक्स– 2741600, 2741462 ईमेल: pccfuk@gmail.com

पत्र संख्या– 808 /पी.सी. देहरादून, दिनांक, नवम्बर 02, 2021

सेवा में,

श्री संजीव चतुर्वेदी,
मुख्य वन संरक्षक,
कार्ययोजना, उत्तराखण्ड
वानिकी प्रशिक्षण अकादमी कैम्पस,
हल्द्वानी।

विषय : **Site Inspection Report of the committee in writ petition no. 8729 of 2021 in Gaurav Kumar Bansal vs National Tiger Conservation Authority in the High Court of Delhi at New Delhi-reg.**

महोदय,

1. मा० उच्च न्यायालय, नई दिल्ली में याजित रिट याचिका संख्या 8729/2021 गौरव कुमार बंसल बनाम राष्ट्रीय व्याघ्र संरक्षण प्राधिकरण के क्रम में कालागढ़ टाइगर रिजर्व प्रभाग के पाखरो वन विश्राम गृह एवं कालागढ़ वन विश्राम गृह के मध्य अवैध निर्माण, जलाशय निर्माण एवं पाखरो टाइगर सफारी के निर्माण में अवैध वृक्ष पातन के सम्बन्ध में राष्ट्रीय व्याघ्र संरक्षण प्राधिकरण (NTCA) द्वारा Site Inspection Report उपलब्ध कराते हुए दोषी अधिकारियों के विरूद्ध कार्यवाही की संस्तुति की गई है।
2. उत्तराखण्ड शासन की पत्र संख्या 1835/X–1–2021–02(13)/2021, दिनांक 29 अक्टूबर, 2021 द्वारा राष्ट्रीय व्याघ्र संरक्षण प्राधिकरण (NTCA), पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार के पत्र संख्या F.No. 12-15/2021-NTCA, दिनांक 22.10.2021 द्वारा प्रेषित Site Inspection Report की संस्तुति के आधार पर अधोहस्ताक्षरी को निर्देशित किया गया है कि अधोहस्ताक्षरी अपने स्तर से नियमानुसार निर्णय लें।
3. दोषी अधिकारियों के दोष निर्धारण से पूर्व जाँच के द्वारा तथ्य एकत्रित किया जाना आवश्यक है, जिससे अवैध पातन/अवैध निर्माण कार्य चिन्हित कर दोष निर्धारित किया जा सके।
4. उक्त के आलोक में अधोहस्ताक्षरी द्वारा आपको इस प्रकरण में जाँच अधिकारी नामित किया जाता है। NTCA की उक्त उल्लिखित Site Inspection Report संलग्न कर इस आशय से प्रेषित है कि वन संरक्षण अधिनियम एवं भारतीय वन अधिनियम के अन्तर्गत पाखरो रेंज में जुलाई, 2020 से सितम्बर, 2021 निर्माण कार्यों व वृक्ष पातन की जाँच कर यह प्रस्तुत करेंगे कि कथित अवैध पातन एवं अवैध निर्माण हेतु दोषी अधिकारियों के विरूद्ध कार्यवाही हेतु संस्तुति करें।
5. भारत सरकार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन के क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा भी इस सम्बन्ध में निर्माण कार्यों में टिप्पणी की गई है। अतः उक्त जाँच के साथ–साथ लैन्सडौन वन प्रभाग की कोटड़ी रेंज में सनेह वन विश्राम भवन परिसर में हुए निर्माण कार्यों पर भी टिप्पणी अंकित करने का कष्ट करें।

कृपया उपरोक्त जाँच कर 2 सप्ताह के भीतर रिपोर्ट उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

संलग्नक– यथोपरि।

भवदीय,

(राजीव भरतरी) 11/11

प्रमुख वन संरक्षक (HoFF),
उत्तराखण्ड।

पत्र संख्या 808 /पी०भी०डी ,उक्तदिनांकित।

प्रतिलिपि अपर मुख्य सचिव (नाम से), वन एवं पर्यावरण, उत्तराखण्ड शासन को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

(राजीव भरतरी) 11/11

प्रमुख वन संरक्षक (HoFF),
उत्तराखण्ड।

O/C

(ES

महत्वपूर्ण / गोपनीय।

पत्र संख्या 737 / पी०ओ०

प्रेषक :

प्रमुख वन संरक्षक (HoFF),
उत्तराखण्ड।

सेवा में,

अपर मुख्य सचिव (नाम से)
वन एवं पर्यावरण,
उत्तराखण्ड शासन।

दिनांक: देहरादून, अक्टूबर 25, 2021

विषय : कार्बेट टाइगर रिजर्व वृत्त के कालागढ़ टाइगर रिजर्व प्रभाग की पाखरो रेंज के अन्तर्गत अवैध कटान व विभिन्न निर्माण कार्यों में अनियमितता के सम्बन्ध में।

सन्दर्भ : श्री गौरव बंसल, एडवोकेट द्वारा दायर रिट याचिका संख्या 8729/2021 एवं Times of India के दिनांक 19 सितम्बर, 2021 को प्रकाशित लेख के क्रम में राष्ट्रीय व्याघ्र संरक्षण प्राधिकरण (NTCA) के जाँच दल द्वारा प्रेषित Site Inspection Report दिनांक 22.10.2021।

महोदय,

DIG, CZA ने अपने पत्र दिनांक 17.9.2021 से श्री गौरव कुमार बंसल के NTCA को सम्बोधित नोटिस दिनांक 26.8.2021 संलग्न कर प्रमुख वन संरक्षक/मुख्य वन्यजीव प्रतिपालक, उत्तराखण्ड को पाखरो टाइगर सफारी के नाम पर अवैध पातन के सम्बन्ध में नोटिस में उल्लिखित तथ्यों की पुष्टि करते हुए रिपोर्ट प्रेषित करने की अपेक्षा की। यह पत्र निदेशक, कार्बेट टाइगर रिजर्व को भी पृष्ठांकित था। इसके अतिरिक्त निदेशक, कार्बेट टाइगर रिजर्व द्वारा अधोहस्ताक्षरी को AIG, NTCA की पत्र संख्या– 12–15/2021–NTCA, दिनांक 20.9.2021 जो कि उनको सम्बोधित व मुख्य वन्यजीव प्रतिपालक, उत्तराखण्ड को पृष्ठांकित था, उपलब्ध कराया गया। इस पत्र द्वारा ज्ञात हुआ कि OM 12–15/2021–NTCA, दिनांक 8.9.2021 द्वारा NTCA द्वारा श्री गौरव बंसल द्वारा लगाये गये आरोपों के लिए एक 3 सदस्यीय समिति गठित की गई है व यह जाँच समिति दिनांक 26 से 30 सितम्बर, 2021 के बीच कार्बेट टाइगर रिजर्व में साइट इन्सपेक्शन के लिए आयेगी। उक्त दोनों पत्रों के संज्ञान में आने पर प्रकरण की गम्भीरता को भाँपते हुए व प्रकरण में मुख्य वन्यजीव प्रतिपालक, उत्तराखण्ड व निदेशक, कार्बेट टाइगर रिजर्व द्वारा किसी भी प्रकार की विभागीय रिपोर्ट इस कार्यालय को उपलब्ध न कराये जाने अथवा समाचार पत्र में प्रकाशित समाचार पर कोई प्रतिक्रिया उपलब्ध न कराने के कारण अधोहस्ताक्षरी द्वारा अपने पत्र संख्या 545/पी.ओ., दिनांक 22.9.2021 द्वारा निदेशक, कार्बेट टाइगर रिजर्व को

एक दल का गठन कर क्षेत्र में कूम्बिंग कराने व कुल पातित वृक्षों का प्रजातिवार व व्यासश्रेणी वार विवरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए, जिससे इस बात की पुष्टि हो सके कि भूमि हस्तान्तरण प्रस्ताव के अनुसार अनुमन्य वृक्षों के पातन के अतिरिक्त अन्य वृक्षों का किस सीमा तक अवैध पातन हुआ है। उक्त निर्देशों के क्रम में निदेशक, कार्बेट टाइगर रिजर्व द्वारा अपने पत्रांक 917/15–1, दिनांक 6.10.2021 द्वारा उप निदेशक, कार्बेट टाइगर रिजर्व की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा सम्पादित की गई कूम्बिंग के प्रारम्भिक निष्कर्ष से अवगत कराया गया। रिपोर्ट के अनुसार पाखरो टाइगर सफारी से सम्बन्धित 2 लौट वन विकास निगम, पौड़ी को पातन हेतु दी गई, जिसमें 137 एवं 26 वृक्षों का पातन निहित था। रिपोर्ट के अनुसार लौट संख्या–1 में 41 वृक्षों का अवैध पातन व लौट संख्या–2 में 6 सागौन के वृक्ष कटे पाए गए। पत्र में 47 वृक्षों के अवैध पातन का उल्लेख है किन्तु निदेशक, कार्बेट टाइगर रिजर्व द्वारा पत्र के साथ न तो कूम्बिंग की रिपोर्ट संलग्न की गई थी, जिसमें सम्बन्धित अधिकारियों के हस्ताक्षरित व दिनांकित बयान हों, व न ही वांछित पातित वृक्षों का प्रजातिवार/व्यासवार विवरण संलग्न था। अधोहस्ताक्षरी द्वारा पत्र संख्या 695/पी०ओ०, दिनांक 19 अक्टूबर, 2021 द्वारा निदेशक, कार्बेट टाइगर रिजर्व से अवैध पातन से हुई क्षति का विवरण व इस सम्बन्ध में की गई अग्रिम कार्यवाही से अवगत कराते हुए कूम्बिंग की पूर्ण रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। निदेशक, कार्बेट टाइगर रिजर्व से कूम्बिंग की अन्तिम रिपोर्ट आतिथि तक अप्राप्त है।

NTCA द्वारा गठित जाँच दल की Site Inspection Report की जानकारी प्राप्त होने पर अधोहस्ताक्षरी द्वारा सदस्य सचिव, राष्ट्रीय व्याघ्र संरक्षण प्राधिकरण (NTCA) से सम्पर्क कर ई–मेल से आधिकारिक रूप से NTCA की पत्र संख्या F.No. 12-15/2021-NTCA, दिनांक 22.10.2021 द्वारा प्रेषित Site Inspection Report प्राप्त की गई। सदस्य सचिव, राष्ट्रीय व्याघ्र संरक्षण प्राधिकरण (NTCA) ने पत्र संख्या 12–15/2021–NTCA, दिनांक 22.10.2021 द्वारा यह रिपोर्ट संलग्न कर मुख्य वन्यजीव प्रतिपालक, उत्तराखण्ड को दोषी अधिकारियों के विरूद्ध कार्यवाही करने की अपेक्षा की। यह पत्र आपको तथा निदेशक, कार्बेट टाइगर रिजर्व को पृष्ठांकित है।

रिपोर्ट के अनुसार पाखरो–कालागढ़ वन मोटर मार्ग पर 5 पुल/कलवर्ट व मोरघट्टी वन विश्राम भवन व पाखरो वन विश्राम भवन में 4 कक्षों का निर्माण प्रगति पर पाया गया। उक्त के अतिरिक्त पाखरो टाइगर सफारी में 163 वृक्षों से अधिक वृक्षों के पातन की पुष्टि की गई, किन्तु रिपोर्ट में वृक्षों की संख्या अथवा प्रजाति का कोई उल्लेख नहीं है। जाँच दल ने अपनी रिपोर्ट में विभिन्न निर्माण कार्यों यथा– सड़क पर पुल, वन विश्राम भवन परिसर में भवन और झील निर्माण आदि कार्यों में प्रमुख रूप से प्रभागीय वनाधिकारी, कालागढ़ टाइगर रिजर्व प्रभाग व वन क्षेत्राधिकारी, पाखरो को व्यक्तिगत रूप से दोषी पाया गया है। रिपोर्ट में इन गतिमान निर्माण कार्यों को वन संरक्षण अधिनियम, 1980; वन्यजीव संरक्षण अधिनियम, 1972 के

साथ–साथ भारतीय वन अधिनियम, 1927 का गम्भीर उल्लंघन माना गया है। रिपोर्ट में उक्त कार्यों को किया जाना कार्बेट टाइगर रिजर्व में प्रशासनिक व प्रबन्धकीय विफलता माना गया।

इस घटनाक्रम के फलस्वरूप निदेशक, कार्बेट टाइगर रिजर्व द्वारा अपने पत्रांक 1040/1–15, दिनांक 22.10.2021 द्वारा श्री बृज बिहारी शर्मा, वन क्षेत्राधिकारी, कालागढ़ टाइगर रिजर्व प्रभाग के वैधानिक/प्रशासनिक/वित्तीय स्वीकृति प्राप्त किए बिना वन क्षेत्र में कार्य कराये जाने व अनधिकृत रूप से उप प्रभागीय वनाधिकारी के पदनाम का प्रयोग करने के कारण उनके निलम्बन की संस्तुति की गई। किन्तु मुख्य वन्यजीव प्रतिपालक, उत्तराखण्ड के स्तर से अधोहस्ताक्षरी को अग्रिम कार्यवाही हेतु कोई पत्र प्राप्त नहीं हुआ। निदेशक, कार्बेट टाइगर रिजर्व के पत्र व निदेशक, कार्बेट टाइगर रिजर्व द्वारा कराई गई कूम्बिंग व NTCA द्वारा गठित जाँच दल की Site Inspection Report, दोनों ही स्थानों पर अवैध पातन की पुष्टि के क्रम में इस कार्यालय द्वारा तात्कालिक कार्यवाही करते हुए वनादेश संख्या 04/1–15 (HRD), दिनांक 25.10.2021 द्वारा श्री बृज बिहारी शर्मा, वन क्षेत्राधिकारी, पाखरो रेंज को निलम्बित किया गया तथा उन्हें वन संरक्षक, शिवालिक वृत्त के कार्यालय से सम्बद्ध किया गया, जिससे जाँच प्रभावित न हो।

इस कार्यालय द्वारा NTCA द्वारा गठित जाँच दल की Site Inspection Report में वर्णित निर्माण कार्यों के लिए न तो प्रभागीय वनाधिकारी, कालागढ़ टाइगर रिजर्व प्रभाग को कोई बजट आवंटित किया गया था व न ही कोई प्रशासनिक अथवा वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई थी। NTCA व निदेशक, कार्बेट टाइगर रिजर्व द्वारा प्रेषित रिपोर्ट्स से ऐसा प्रतीत होता है कि यह समस्त कार्य योजनाबद्ध तरीके से कराया गया है। शासन से अनुरोध है कि NTCA द्वारा गठित जाँच दल की Site Inspection Report में दिए गए recommendations के अनुसार श्री किशन चन्द, प्रभागीय वनाधिकारी, कालागढ़ टाइगर रिजर्व को विषयांकित कथित अवैध पातन एवं विभिन्न निर्माण कार्यों में हुई गम्भीर अनियमितता में संलिप्तता व लापरवाही के लिए उत्तरदाई मानते हुए उन्हें तत्काल अन्यत्र सम्बद्ध करने व उनके विरूद्ध अनुशासनिक कार्यवाही/निलम्बन पर विचार करना चाहें।

भवदीय,

25/10/21

(राजीव भरतरी)
प्रमुख वन संरक्षक (HoFF),
उत्तराखण्ड।

(6)

(गोपनीय)

कार्यालय प्रमुख वन संरक्षक (HoFF), उत्तराखण्ड।

दूरभाष 0135-2748034 2741481, फैक्स- 2741650, 2741482 ई-मेल: pccfuk@gmail.com

पत्र संख्या- 801 /पी0ओ0, देहरादून, दिनांक 02 नवम्बर, 2021।

सेवा में,

अपर मुख्य सचिव,
वन एवं पर्यावरण,
उत्तराखण्ड, शासन।

विषयः— Site inspection report of the committee in writ petition no.-8729 of 2021 in Gauran Kumar Bansal vs National Tiger Conservation authority in the High Court of Delhi at New Delhi-reg.

संदर्भः— इस कार्यालय का पत्रांक 737/पी0ओ0 दिनांक 25 अक्टूबर 2021।

महोदय,

उपरोक्त संदर्भित पत्र द्वारा श्री किशन चन्द, प्रभागीय वनाधिकारी, कालागढ टाइगर रिजर्व वन प्रभाग, लैन्सडोन को कथित अनियमितताओं के लिए उत्तरदायी मानते हुए उन्हें तत्काल अन्यत्र सम्बद्ध करने हेतु अनुरोध किया गया था।

यह पत्र भेजने के पश्चात् माननीय उच्च न्यायालय, उत्तराखण्ड द्वारा प्रकरण पर स्वतः संज्ञान लेते हुए Writ petition (PIL) No 178 of 2021 "Suo Motu PIL: In the matter of illegal constrution in Corbett Tiger Reserve Vs Union of India & others में निर्गत आदेश दिनांक 27 अक्टूबर 2021 में अधोहस्ताक्षरी के स्तर से निर्णय लेते हुए दिनांक 08 नवम्बर 2021 तक प्रकरण में की गई कार्यवाही से सूचित करने की अपेक्षा की गयी है।

शासन के पत्र सं0 249/X-1-2020-14(10)2014 दिनांक 30 जनवरी 2020 (संलग्नक) द्वारा श्री किशन चन्द को उनके पूर्व कार्यकालों में की गयी अनियमितताओं का संज्ञान लेते हुए उन्हें संवेदनशील पद/कार्य का उत्तरदायित्व दिया जाना उचित नहीं पाया गया था।

वर्तमान में कालागढ टाइगर रिजर्व वन प्रभाग की पाखरौ रेंज में अवैध पातन व अवैध निर्माण कार्यों का मा0 उच्च न्यायालय, उत्तराखण्ड के निर्देशानुसार जांच का कार्य प्रगति पर है। निवेदन है कि पूर्व में किये गये अनुरोधानुसार श्री किशन चन्द, प्रभागीय वनाधिकारी, कालागढ टाइगर रिजर्व वन प्रभाग, लैन्सडोन को किसी अन्य स्थान पर सम्बद्ध करने पर विचार करना चाहें जिससे जांच के कार्य में बाधा उत्पन्न न हो।

संलग्नक उपरोक्तानुसार।

भवदीय,

(राजीव भरतरी) 2/11/21
प्रमुख वन संरक्षक (HoFF),
उत्तराखण्ड।

S. S. NEGI
Oath Commissioner
High Court of Uttarakhand
at Nainital
Sl. No. 26650
Date 2.11.2021

भारत सरकार
पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय
राष्ट्रीय व्याघ्र संरक्षण प्राधिकरण

फा. नं0 1–3/2019–एन.टी.सी.ए. नई दिल्ली, 12 अगस्त, 2021

सेवा में,

मुख्य वन्यजीव प्रतिपालक,
उत्तराखण्ड सरकार,
देहरादून

विषयः कॉर्बेट टाइगर रिजर्व, उत्तराखंड में पेड़ों की अवैध कटाई और पुलों और दीवारों का अवैध निर्माण के संबंध में।

महोदय,

कृपा संलग्न पत्र दिनांक 11.08.2021 जो श्री गौरव कुमार बंसल, अधिवक्ता, ए 26, बेसमेंट, जंगपुरा एक्सटेंशन नई दिल्ली द्वारा प्रेषित की गई है। इस सन्दर्भ में मुझे यह कहने का निर्देश हुआ है कि प्रश्नगत प्रकरण में तथ्यात्मक रिपोर्ट लौटती डाक से भिजवाने का कष्ट करें।

संलग्नक : उपरोक्तानुसार

भवदीय,

हेमन्त सिंह

(हेमन्त सिंह)
सहायक वन महानिरीक्षक (रा.व्या.सं.प्रा.)
टेलीफोन : 91 11 2436 7837,39
फेक्स : 91 11 24367836
ई–मेलः aig3-ntca@nic.in

प्रतिलिपिः

1. फील्ड निदेशक, कॉर्बेट टाईगर रिजर्व, उत्तराखण्ड।
2. श्री गौरव कुमार बंसल, अधिवक्ता, ए 26, बेसमेंट, जंगपुरा एक्सटेंशन नई दिल्ली

Ministry of Environment, Forest and Climate Change
CENTRAL ZOO AUTHORITY

(69

B-1 Wing, 6th Floor,
Pandit Deendayal Antyodaya Bhawan,
CGO Complex, Lodhi road,
New Delhi – 110003.
Telephone: +91-11-24367846/51/52,
E-mail: cza@nic.in

Date: 17.09.2021

To
The Principal Chief Conservator of Forest& Chief Wildlife Warden,
Government of Uttarakhand, 5, Chandrbani, Post Office Mohbewala
Dehradun (Uttarakhand)
Email: cwlwua@yahoo.co.in

Sub: Illegal Felling of trees in Tiger Safari in Gujjar Sot., Pakhrau Block, Compartment 3 and 8, Sonanadi Range, Kalagarh Division, Corbett National Park – reg.
Ref.: Legal Notice dated 26.08.2021 (copy attached).

Sir,

With reference to the above-mentioned subject, the undersigned is directed to enclose a copy of the legal notice as received, contents of which are self-explanatory. You are requested to kindly verify the facts and also submit your response for further necessary action.

Yours Sincerely
Sd/-

Sonali Ghosh
Dy Inspector General Of Forest

Encl.: As above.

Copy to:
1. Field Director, Corbett Tiger Reserve, Ramnagar – 244715, District Nainital (Uttarakhand).

भारत सरकार

Government of India

पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय

Ministry of Environment, Forest and Climate Change

राष्ट्रीय व्याघ्र संरक्षण प्राधिकरण

National Tiger Conservation Authority

(70

F. No. 12-15/2021-NTCA **New Delhi, the October 22, 2021**

To,

The Chief Wildlife Warden
Govt. of Uttarakhand

कार्यालय प्रमुख वन संरक्षक
जनरीर, उत्तराखण्ड देहरादून
पत्रांक/पत्र सं. 3282
पत्रावली सं. 29-1
दिनांक 29/10/2021

Sub: Site inspection report of the committee in writ petition 8729 of 2021 in Gaurav Kumar Bansal Vs National Tiger Conservation Authority in the High Court Of Delhi at New Delhi-reg.

Sir,

Reference is invited to the subject cited above. In this context, I am directed to enclose herewith a site inspection report of the committee in writ petition 8729 of 2021 in Gaurav Kumar Bansal Vs National Tiger Conservation Authority in the High Court of Delhi at New Delhi.

2. You are requested to kindly take action against erring officials in this regard.

Yours faithfully,

Encl. As above.

Lalit
5

(Hemant Singh)
Assistant Inspector General of Forests (NTCA)
Email: aig3-ntca@nic.in
Tel. (EPABX): + 91 11 24367837-39
FAX: +91 11 24367836

Copy for necessary action :

1. The Additional Chief Secretary, Uttarakhand.
2. The DDGF(Integrated Regional Office), MoEF&CC, Dehradun.
3. The Field Director, Corbett Tiger Reserve.
4. Shri Gaurav Kumar Bansal, Advocate, Supreme Court of India.

(Hemant Singh)
Assistant Inspector General of Forests (NTCA)

बी-1 विंग, सातवां तल, पं. दीनदयाल अंत्योदय भवन, सीजीओ. कॉम्प्लेक्स, लोधी रोड, नई दिल्ली 110003
B-1 Wing, 7th Floor, Pt. Deendayal Antyodaya Bhawan, CGO Complex, Lodhi Road, New Delhi – 110003

S. S. NEGI
Oath Commissioner
High Court of Uttarakhand
at Nainital
Sl. No. 2666
Date 29/10/2021

ANNEXURE-13

SL. No	Date	Office Notes, reports, orders or proceedings or directions and Registrar's order with Signatures	COURT'S OR JUDGES'S ORDERS
			WPPIL No. 208 of 2021 with WPPIL No. 178 of 2021 **Sri Vipin Sanghi, C.J.** **Sri Manoj Kumar Tiwari, J.** Mr. Abhijay Negi, learned counsel for the petitioner. Mr. C.S. Rawat, learned Chief Standing Counsel with Mr. S.S. Chauhan, learned Deputy Advocate General for the State of Uttarakhand. Mr. Arvind Vashishta, learned Senior Advocate, assisted by Mr. Hemant Mahra, learned counsel for respondent no.4. Our attention has been drawn to a detailed order passed on 06.01.2022. The Division Bench noticed the report prepared by the Committee of the National Tiger Conservation Authority (N.T.C.A.), which found glaring felling of trees, making of road and raising of construction in the Jim Corbett Forest Reserve. The Division Bench directed the Chief Secretary, Uttarakhand to look into the matter and take a decision on the matter immediately and report to the Court on the re-opening day after the winter vacation. The matter was directed to be listed on 14.02.2022. Mr. Negi, learned counsel, points out that the Chief Secretary filed an affidavit stating that action is being taken and further affidavits would be filed from time to time with regard to the

			progress made in the matter. However, no further affidavit has been filed by the Chief Secretary. Mr. Negi, points out that 5 enquiries have been held one after the another and they have not been taken to their logical conclusion; action has selectively been taken only against few officers. We direct the Chief Secretary to file a further affidavit, within two weeks, firstly, explaining as to why 5 enquiries have been constituted. Secondly, the affidavit should tabulate, enquiry by which, the persons whose role has been found to be illegal. The affidavit should also disclose what steps have been taken against those found guilty in the enquiries and, if no action has been taken till date, the reasons for action not being taken should be disclosed. The name of the persons responsible for taking action, who have not taken action, should also be disclosed. List on 22.02.2023. **(Manoj Kumar Tiwari, J.)** **(Vipin Sanghi, C.J.)** **06.01.2023** **06.01.2023** A

ANNEXURE-14

कालागढ़ टाइगर रिजर्व प्रभाग अन्तर्गत कराये गये विभिन्न कार्यों के सम्बन्ध में जांच रिपोर्ट

उपरोक्त विषयक प्रमुख वन संरक्षक (HoFF), उत्तराखण्ड के पत्रांक 948 (ii)/पी0ओ0 दिनांक 27.12.2021 **(पृष्ठसं0 1–3)** द्वारा एक जांच टीम का गठन किया गया था। इस पत्र के क्रम में जांच टीम के सदस्यों द्वारा अपने पत्रांक 439/पी0ओ0 दिनांक 31.12.2021 पत्रांक 1275/पी0ओ0 दिनांक 31.12.2021 एवं पत्रांक 1620/1–41 दिनांक 04.01.2022 **(पृष्ठसं0 4–6)** द्वारा उक्त प्रश्नगत जांच कार्य में विभिन्न कारणोंवश स्वयं को अवमुक्त रखने की प्रार्थना की गयी। उक्त पर निर्णय से पूर्व ही अपर मुख्य सचिव, वन एंव पर्यावरण, उत्तराखण्ड शासन, महोदय द्वारा दिनांक 07.01.2022 को एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया जिसमें प्रमुख वन संरक्षक (HoFF), उत्तराखण्ड , सी0ई0ओ0 कैम्पा, मुख्य वन संरक्षक, गढ़वाल, निदेशक,कार्बेट टाइगर रिवर्ज, रामनगर, सचिव/अपर सचिव, वन आदि भी उपस्थित थे। इस बैठक में जांच टीम को निर्देशित किया गया कि वे इस कार्य को करें एवं इस हेतु जो सहयोग/संसाधन/सूचनाये टीम को आपेक्षित है, वह उन्हें तत्काल/अविलम्ब उपलब्ध कराई जायेगी। **(पृष्ठसं0 7–8)**

उक्त के तत्काल पश्चात जांच टीम ने एक बैठक कर एक विस्तृत पत्र मय प्रारूप पत्रांक 1653/1–41 (iv) दिनांक 07.01.2022 **(पृष्ठसं0 9–13)** सम्बन्धित अधिकारियों को प्रेषित किया गया एवं निर्देशित किया गया कि जांच टीम दिनांक 11.01.2022 को फील्ड भ्रमण करेगी। **इस फील्ड भ्रमण हेतु मुख्य वन्य जीव प्रतिपालक, अपर प्रमुख वन संरक्षक वन्यजीव एवं मुख्य वन संरक्षक (आई0टी0सेल) से भी भ्रमण हेतु उपस्थित रहने हेतु अनुरोध किया गया जिस क्रम में वे इस भ्रमण मध्य उपस्थित भी रहे।**

फील्ड भ्रमण के तत्काल पश्चात क्षेत्रीय स्थिति से प्रमुख वन संरक्षक (HoFF), उत्तराखण्ड महोदय को अवगत कराया गया एवं जांच कार्य की गम्भीरता को देखते हुऐ प्रमुख वन संरक्षक (HoFF), उत्तराखण्ड के पत्रांक 1002/पी0ओ0 दिनांक 12.01.2022 **(पृष्ठ सं0 14)** द्वारा मुख्य वन्यजीव प्रतिपालक, उत्तराखण्ड एवं वन संरक्षक गढ़वाल वृत्त, पौड़ी को भी जांच टीम के सदस्य के रूप में सम्मलित किया गया।

सम्पूर्ण पांच सदस्यीय जांच टीम द्वारा प्रकरण में अपने फील्ड भ्रमण एवं उपलबध कराये गये दस्तावेजों के आधार पर विभिन्न वित्तीय, प्रशासनिक एंव विधिक पहलुओं पर गहन विचार विर्मश एवं चर्चा की गयी एवं सभी के द्वारा दिनांक 15.01.2022 को एक विस्तृत बैठक का आयोजन कर के जांच कार्य को एक स्वरूप देने का सफल प्रयास किया गया **(पृष्ठ सं0 15)**। चूंकि प्रमुख वन संरक्षक (HoFF), उत्तराखण्ड के पत्रांक 1002/पी0ओ0 दिनांक 12.01.2022 **(पृष्ठ सं0 14)** के क्रम में दिनांक 18.01.2022 को सम्पूर्ण जांच कार्य का एक प्रस्तुतिकरण दिया जाना था अतः दिनांक 15.01.2022 की बैठक पश्चात एक विस्तृत PPT तैयार किया गया। दिनांक 18.01.2022 को प्रमुख वन संरक्षक (HoFF), उत्तराखण्ड के उपलब्ध न होने के कारण यह प्रस्तुतिकरण दिनांक 19.01.2022 को प्रमुख वन संरक्षक (HoFF), उत्तराखण्ड के कार्यालय कक्ष में लगभग 3 1/2 घटें चला जिसके तत्काल पश्चात प्रमुख वन संरक्षक (HoFF), उत्तराखण्ड के पत्रांक 1019/पी0ओ0 दिनांक 19.01.2022 **(पृष्ठ सं0 16–18)** द्वारा एवं कार्यवृत्त जारी किया गया।

उक्त प्रस्तुतिकरण पश्चात टीम द्वारा जांच आख्या हेतु लेखन कार्य आरम्भ किया गया एवं दिनांक 01.02.2022 को प्रमुख वन संरक्षक (HoFF), उत्तराखण्ड पत्रांक 1002/पी0ओ0 दिनांक 12.01.2022 के कम में मय जांच आख्या पर पुनः प्रमुख वन संरक्षक (HoFF), उत्तराखण्ड के कार्यालय कक्ष में दिनांक 01.02.2022 को समिति के साथ लगभग 3 घंटे गहन चर्चा, विचार विर्मश किया गया एवं महोदय द्वारा निर्देशित **समस्त बिन्दुओं का रिर्पोट में समावेश कर जांच टीम गठित करने वाले अधिकारी प्रमुख वन संरक्षक (HoFF), उत्तराखण्ड की पूर्ण सहमति एवं संतुष्टि के पश्चात** page- 1- 75 **तक की जांच आख्या सभी समिति सदस्यों के हस्ताक्षर उपरान्त दिनांक** 7-2-22 **को पत्रांक**1924/1-41(**दिनांक** 7-2-22 द्वारा कुल 471 पृष्ठों के संलग्नक सहित प्रेषित की जा रही है।

Methodology adopted by the team: -

उक्त जांच कार्य को किया जाना स्वयं में अत्यधिक कठिन कार्य था क्योकि इस सम्बन्ध में राज्य सरकार–वन विभाग, भारत सरकार–NTCA एवं भारत सरकार–वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, एकीकृत क्षेत्रीय कार्यालय, देहरादून जैसे शीर्ष स्तरों से पूर्व से ही तीन जाचें निम्न प्रकार की जा चुकी थी।

1. NTCA द्वारा दिनांक 26 से 30 सितम्बर 2021 के मध्य भ्रमण पश्चात दी गयी जांच आख्या। **(पृष्ठ सं0 19–24)**
2. भारत सरकार वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, द्वारा दिनांक 25 से 26 अक्टूबर 2021 के मध्य भ्रमण पश्चात दी गयी जांच आख्या। **(पृष्ठ सं0 25–38)**
3. प्रमुख वन संरक्षक (HoFF), उत्तराखण्ड द्वारा मय प्रमुख वन संरक्षक, वन्यजीव एवं निदेशक, कार्बेट टाइगर रिजर्व, रामनगर दिनांक 30 अक्टूबर 2021 को भ्रमण प्रश्चात, मा0 उच्च न्यायालय, उत्तराखण्ड में दायर Writ Petition (PIL) No. 178 Of 2021 Suo-Moto में एक सविस्तार दायर शपथ पत्र दिनांक 09. 11.2021। **(पृष्ठ सं0 39–110)**

यद्यपि उक्त तीनों जांचों में वर्णित अत्यन्त महत्वपूर्ण तथ्यों के आधार पर सम्बन्धित प्रभाग अर्थात कालागढ़ टाइगर रिजर्व डिविजन के प्रथम स्तरीय नियत्रंक अधिकारी (First Controlling Officer) (अर्थात निदेशक, कार्बेट टाइगर रिवर्ज) अथवा इनके भी नियंत्रक अधिकारी (अर्थात मुख्य वन्यजीव प्रतिपालक, उत्तराखण्ड) द्वारा, **प्रभाग में हुई किसी भी प्रकार की वित्तीय/प्रशासनिक/वैधानिक विसंगतियों को तत्काल ही निकलवाया जा सकता था एवं नियमानुसार कार्यवाहियां की जा सकती थी जो कि नहीं की गयी।**

वर्णित विषयक परिस्थितियों में इस **नव निर्मित जांच टीम द्वारा अपनी जांच कार्य को करने में Quantitative (मात्रात्मक) एवं qualitative (गुणात्मक) approach का निम्न प्रकार उपयोग किया गया।**

1. Secondary Source information (उपरोक्त पैरा–1, 2, 3 में वर्णित रिपोर्ट) का अध्ययन कर विषयक की गम्भीरता को समझना।
2. Field Visit के माध्यम से Physical रूप में क्षेत्र से परिचित होना।
3. एक गहन एवं विस्तृत प्रारूप का निर्धारण कर (questionner form no 1-2) अधिक से अधिक प्रमाणित सूचनायें प्राप्त करना एवं उनका गहन अध्ययन करना। इसके अध्ययन उपरान्त जो नये तथ्य उत्पन्न हुये उनके सम्बन्ध में, पुनः अन्य माध्यमों से अतिरिक्त जानकारी प्राप्त करना।
4. विभिन्न विभागीय कार्यालयों यथा आई0टी0 सेल, नियोजन एवं वित्तीय प्रबन्धन, मानव संसाधन विकास, कार्बेट फाउन्डेशन, पूर्व प्रमुख वन संरक्षक (HoFF) उत्तराखण्ड से कुछ विशिष्ट एवं प्रांसगिक सूचनायें प्राप्त करना एवं उनका गहन अध्ययन करना।

5. विभागीय आई0टी0 सेल द्वारा गूगल अर्थ में freely available स्थलीय imagery को प्राप्त करना एंव उसका विश्लेषण कर अपने पत्रांक 553/37–1 दिनांक 12.01.2022 द्वारा रिर्पोट प्रेषित करना। **(पृष्ठ सं0 453–454)**
6. सभी टीम सदस्यों का संयुक्त रूप से विभिन्न वित्तीय/प्रशासनिक एवं विधिक पहलुओं पर एक मत होना/राय बनाना।
7. जांच टीम नियुक्ति अधिकारी प्रमुख वन संरक्षक (HoFF), उत्तराखण्ड को विभिन्न findings से समय–समय पर draft form में अवगत कराना एंव उनसे प्राप्त निर्देशों एवं सुझावों के क्रम में report writing कर submit करना।

उक्त सम्पूर्ण methodology प्रधानतः qualitative प्रवृति की ही रही क्योंकि अधिकाशः तथ्य documents की form में उपलब्ध हैं **परन्तु विधिक पहलुओं के विशलेषण में कहीं–कहीं टीम सदस्यों द्वारा विभिन्न नियमों/अधिनियमों/धाराओं के interpretation में qualitative (गुणात्मक) approach भी दर्शित की गयी जिसका कि रिर्पोट में जगह–जगह वर्णन भी किया गया है।**

क्षेत्र का परिचय :–

क्षेत्र के सम्बन्ध में उत्तराखण्ड सरकार के शासनदेश संख्या क0जी0 05/x-2-2010-19/39/2006 दिनांक 26.02.2010 **(पृष्ठ सं0 111–113)** से निम्न प्रकार स्थिति स्पष्ट होती है, कि कालागढ़ टाइगर रिवर्ज वन प्रभाग के सभी प्रश्नगत क्षेत्र कार्बेट टाइगर रिजर्व के बफर क्षेत्र है एवं इसका विधिक स्टेटस आरक्षित वन/टाइगर रिवर्ज है। शासनादेश अनुसारः–

1-	Core-critical Tiger habitat: -	821.99 Sq Km.
2-	Buffer area: -	466.32 Sq Km.
3-	Total area of Corbett Tiger Reserve: -	1288.31 Sq Km.

उक्त परिचय में यह स्पष्ट होता है, कि प्रश्नगत क्षेत्रों में वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 (यथा संशोधित 2006) की धारा 38 V(2) के क्रम में इस अधिनियम की निम्न धाराये निम्न प्रकार लागू होती हैः–

38V. Tiger Conservation Plan:-

(1) The Stage Government Shall, on the recommendations of the Tiger Conservation Authority, notify an area as a tiger reserve.

(2) The provisions of sub-section (2) of section 18, sub-sections (2), (3) and (4) of section 27, section 30, 32 and clauses (b) and (c) of section 33 of this Act shall, as far as may be, apply in relation to a tiger reserve as they apply in relation to a sanctuary.

जांच टीम द्वारा निम्न assumptions तथा limitations के अन्तर्गत यह जांच आख्या प्रस्तुत की जा रही है:–

i. चूंकि इस जांच कार्य से पूर्व ही पहले 3 जांचे की जा चुकी है एवं ये तीनों ही स्तर इस जांच टीम से उच्च स्तर के थे एवं इन तीनों ही स्तरों के जांच अधिकारियों ने जगह–जगह WPA/FCA/IFA के उल्लंघन सम्बन्धी तथ्य तो लिखे हैं **परन्तु किसी अधिकारी ने यह नहीं लिखा कि उक्त अधिनियमों की किस धारा का उल्लंघन हुआ है जबकि NTCA तथा IRO भारत सरकार वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, (एकीकृत क्षेत्रीय कार्यालय देहरादून) जैसे संस्थान तो क्रमशः वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम (प्रधानतः tiger reserve area)** तथा वन (संरक्षण) अधिनियम की विभिन्न धाराओं के व्याख्यान अथवा violation के बारे में beyond doubt, national level authority है। इन संस्थानों द्वारा अधिनियम का उल्लंघन तो हुआ है यह तो वर्णित है, परन्तु किस धारा का उल्लंघन हुआ है **यह निर्धारण किसी अन्य के लिये छोड दिया गया है।**

वर्णित परिस्थितियों में इस जांच टीम द्वारा उक्त अधिनियमों की विभिन्न धाराओं का गहन अध्ययन उपरान्त अपने समिति दायरे में comments तो किये है परन्तु चूंकि समिति का कोई भी सदस्य academically qualified law expert नहीं है अतः किसी भी प्रकार का कोई legal comment, in case of controversy, subject to the validation by law department होगा जैसा कि प्रमुख वन संरक्षक (HoFF), उत्तराखण्ड ने अपने पत्रांक 1019/पी0ओ0 दिनांक 19.01.2022 **(पृष्ठसं0 16–18)** द्वारा स्पष्ट निर्देशित भी कर दिया है।

ii. समिति द्वारा प्रत्येक कार्य की गहन विवेचना उपरान्त निकाले गये निष्कर्ष में इस सिद्धान्त का पालन किया है कि **आर्दश राजकीय कार्य प्रणाली अन्तर्गत कार्य करने वाले शीर्षस्थ स्तर तक के अधिकारी का एक निर्धारित controlling officer होता है।** फील्ड में स्थिति सही न होने के दृष्टिगत hierarcy में उपलब्ध प्रत्येक controlling officer को अपने–अपने स्तर से गलत हो रहे कार्यो को सही रखने का दायित्व भारित है और उन्हें ultimately सही कर देना चाहिये, न कि अपने प्रयासों को सिर्फ **पत्राचार तक ही सीमित कर दिया जाये।** इस प्रष्ट भूमि में, समिति द्वारा जहां–जहां भी प्रश्नगत जांच में कार्यों का नियम विरूद्ध होना पाया, वहां–वहां, कार्य कराये जाते समय तैनात कर्मचारियों एवं उनके controlling अधिकारियों की hierarchical way में सूचना इस आशय के साथ प्रथक से कार्यवार टेबल 1 में तथा वित्तीय/विधिक उल्लंघन एवं administrative lapses का गोश्वारा कार्यों के सापेक्ष टेबल 2 में दिया गया है, कि कमोवेश इन सभी कार्मचारियों/अधिकारियों से क्षेत्र में घटित हुई विसंगतियों के सम्बन्ध में पूछताछ की जानी चाहिये।

iii. ये जांच टीम, प्रमुख वन संरक्षक (HoFF), उत्तराखण्ड द्वारा बनाई गयी है तथा सम्पूर्ण जांच समिति द्वारा उनसे विभिन्न चक्रों की वार्ताओं, प्रस्तुतिकरण, सुझावों को प्राप्त कर उनके द्वारा जांच आख्या

पर पूर्ण सहमति व्यक्त करने के पश्चात ही यह जांच आख्या प्रस्तुत की गयी है। अतः सम्पूर्ण 5 सदस्यीय टीम का यह अनुरोध है कि भविष्य में इस जांच आख्या के किसी भी para/section/conclusion/ point आदि के लिये टीम के किसी भी सदस्य का किसी भी स्तर से कोई भी परीक्षण/प्रतिपरीक्षण उचित नहीं होगा।

iv. यह जांच कार्य करना स्वंय में अत्यधिक दुरूह (difficult) कार्य इस आशय के साथ था क्योंकि इसमें लगभग कोई भी दस्तावेज अथवा refined problem statement तो उपलब्ध कराया ही नहीं गया था। (सिवाय NTCA report) साथ ही जिस विषय की जांच करनी थी वह भी स्वंय में अत्यधिक wide open थी उदाहरणतः कालागढ टाइगर रिर्जव डिवीजन में जगह–जगह हाथी दीवार का निर्माण, भवन निर्माण, जगह–जगह वृक्षों का कटान आदि–आदि। उक्त पृष्ठभूमि में जांच टीम द्वारा यथा सम्भव प्रयास करके सर्वप्रथम तो विभिन्न स्रोतों से सूचनायें उपलब्ध करवाई गयी **(जैसा कि संलग्नक पृष्ठों की संख्या 565 से स्पष्ट है)** एवं तत्पश्चात ही कोई अग्रिम कार्यवाही की गयी। अतः इस सम्बन्ध में जांच टीम का स्पष्ट अनुरोध है कि **जांच टीम ने जो कार्य किया है उसे मात्र उसी स्तर तक सीमित एवं अन्तिम माना जाये।** जांच टीम ने ये पत्र क्यों नहीं देख अथवा ये और करना चाहिये था आदि–आदि इस आशय से जांच टीम को मान्य नहीं होगा क्योंकि सर्वप्रथम तो यह जांच आख्या जांच टीम गठित करने वाले अधिकारी की पूर्ण सहमति/संस्तुष्टि पश्चात submit की गयी है एवं द्वितीय कालागढ़ टाइगर रिर्जव डिवीजन से सम्बन्धित पत्रों को प्राप्त होने का सिलसिला तो लगातार चल ही रहा है। **जैसा कि प्रमुख वन संरक्षक (HoFF) उत्तराखण्ड के पत्रांक 2059/1–1 दिनांक 19.01.2022 (पृष्ठ सं0 228) से स्पष्ट है कि प्रश्नगत प्रभाग में डिस्पैच रजिस्टर का पूर्ण दुरूपयोग किया गया है। ऐसी स्थिति में कौन सा पत्र, कब और कहां प्रकट हो जाये यह कहा नहीं जा सकता।**

v. जांच टीम का यह प्रबल मत है कि किसी भी proposal को submit कर देना या फिर उसका approval भी प्राप्त हो जाना (उदाहरणतः Campa APO, राज्य सैक्टर–केन्द्र सैक्टर APO, NTCA द्वारा TCP approval आदि–आदि) किसी भी परिस्थित में, उक्त में वर्णित कार्यों को कराये जाने की administrative/ financial/technical sanction नहीं है।

उक्त पृष्ठ भूमि के क्रम में विषयांकित प्रकरण, कालागढ़ टाइगर रिजर्व वन प्रभाग अन्तर्गत कराये गये विभिन्न कार्यों की स्थलवार, बिन्दुवार जांच आख्या निम्न प्रकार प्रस्तुत है।

1. कालागढ़ से पाखरों कंड़ी रोड़ 1.2 कि0मी0 पर पुलिया/कल्वर्ट निर्माणः–

A. NTCA Findings: -

उक्त मार्ग के सम्बन्ध में NTCA द्वारा अपनी जांच रिर्पोट (26–30 सितम्बर 2021) में उक्त निर्माण को स्पष्टतः **वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम 1972, भारतीय वन अधिनियम 1927 तथा वन (संरक्षण) अधिनियम 1980 का घोर उल्लघंन बताया है।** उनके द्वारा प्रश्नगत मार्ग को, प्रभागीय वनाधिकारी द्वारा, भविष्य में single lane highway के रूप में परिवर्तित करने की सोच के रूप में लिया गया है। उनके द्वारा

यह भी कहा गया है कि बड़ी मात्र में earth material, move हुआ है। अतः क्षेत्र में irriversible damages हो गये है। मार्ग के अभी भी दोनों और बडी मात्रा में बोल्डर फैले हुये हैं। **(पृष्ठसं0 20–21)**

B. **IRO(भारत सरकार वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, क्षेत्रीय कार्यालय देहरादून)Findings: -**

उक्त मार्ग के सम्बन्ध में भारत सरकार वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, द्वारा अपनी जाचं रिर्पोट (25–26 अक्टूबर 2021) में इस निर्माण कार्य के सम्बन्ध में प्रश्नगत मार्ग का 1980 से पूर्व निर्मित होना, **वन (संरक्षण) अधिनियम 1980 का उल्लघंन न होना,** लेकिन बड़ी मात्रा में मिट्टी का निकटवर्ती क्षेत्रों से उठाने **के कारण** WLP Act 1927 **एवं** IFA 1927 **की विभिन्न** धाराओं का लागू होना अवगत कराया गया है। **(पृष्ठसं0 32–33)**

C. **प्रमुख वन संरक्षक (HoFF), उत्तराखण्ड/प्रमुख वन संरक्ष, वन्यजीव/निदेशक, कार्बेट टाइगर रिर्जव, द्वारा मा0 उच्च न्यायालय, उत्तराखण्ड में दायर शपथ पत्र दिनांक 09.11.2021:-**

उक्त शपथ पत्र अनुसार कहा गया है कि इस मार्ग हेतु बड़ी मात्रा में मिट्टी एवं बोल्डर निकटवर्ती क्षेत्र से लाया गया है। लेकिन ये कार्य कार्बेट टाइगर रिवर्ज में मार्ग सुदृढीकरण हेतु किया जाता रहा हैं क्षेत्र उत्तर प्रदेश से लगता है, अवैध शिकार हेतु सवेंदनशील है, TCP (Tiger Conservation Plan) भी पेट्रोलिंग हेतु ऐसे मार्गों के सुदृढीकरण एवं वर्ष भर चालू रखने सम्बन्धी तथ्य कहता है, लेकिन इस करने हेतु कोई विधिवत प्रशासनिक/वित्तीय स्वीकृति नहीं ली गयी, कुल कंडी रोड़ 90 कि0मी0 है अतः मात्र 1.2 कि0मी0 के कार्य NTCA द्वारा इंगित तथ्य "it has been done to meet the requirements of single lane high way seems to be an exaggeration" सही नहीं है तथा इस कार्य से **कोई अपरिवर्तनीय क्षति (Irreversible damage) हुई दृष्टिगत नहीं होती हैं। (पृष्ठसं0 46–48)**

D. **जांच टीम द्वारा अपने पत्रांक 1653/1–41 (iv) दिनांक 07.01.2022 द्वारा मांगी गयी सूचना के कम में वर्तमान प्रभागीय वनाधिकारी, कालागढ़ टाइगर रिर्जव डिवीजन एवं निदेशक, कार्बेट टाइगर रिर्जव, द्वारा हस्ताक्षर युक्त प्रस्तुत सूचना:–**

निदेशक, कार्बेट टाइगर रिवर्ज, रामनगर द्वारा अपने पत्रांक 1651/1–41 दिनांक 12.01.2022 द्वारा इस मार्ग के सम्बन्ध में विस्तृत सूचना मय संलग्नक उपलब्ध कराई गयी। **(पृष्ठसं0 114–222)**

उपलब्ध कराई गयी सूचना का सार निम्न प्रकार है:–

1. इस वन मोटर मार्ग में 2 पुलियाओं (4.00X5.00 मीटर), 2 पुलियाओं (5.00X5.00 मीटर) एवं 1 पुलिया (3. 00X5.00 मीटर) का निर्माण किया गया है। पुलियाओं के आस–पास 3 मीटर चौड़ाई में पत्थर भरान किया गया है।
2. उक्त कार्य को करने हेतु **बजट उपलब्ध नही था, कार्य की प्रशासनिक स्वीकृति नहीं है, कार्य की वित्तीय स्वीकृति नहीं है, कार्य से सम्बन्धित कोई भी बिल–बाउचर चार्ज नहीं हुआ है।**
3. **कार्य 25.07.2021 से 15.09.2021 के मध्य कराया गया है।**

प्रभागीय वनाधिकारी, कालागढ़ टाइगर रिवर्ज डिविजन द्वारा इस हेतु 3 कार्यादेश जारी किये गये।

i. कार्यादेश सं0 296/12–1 दिनांक 02.08.2021 कोटद्वार से कालागढ़ कंडी सड़क जाने वाले मार्ग पर 5 मीटर में दो पुलिया निर्माण। **(पृष्ठ सं0 120)**

ii. कार्यादेश सं0 297/12–1 दिनांक 02.08.2021 कोटद्वार से कालागढ़ कंडी सड़क जाने वाले मार्ग पर 3 मीटर में पुलिया निर्माण। **(पृष्ठ सं0 121)**

iii. कार्यादेश सं0 298/12–1 दिनांक 02.08.2021 कोटद्वार से कालागढ़ कंडी सड़क जाने वाले मार्ग पर 4 मीटर में दो पुलिया निर्माण। **(पृष्ठ सं0 122)**

प्रभागीय वनाधिकारी द्वारा पत्रांक 431/3–2 दिनांक 19.08.2021 द्वारा CWLW से इस हेतु अनुमति मांगी गयी **(पृष्ठ सं0 119)** तथा पत्रांक 483/3–2 दिनांक 25.08.2021 **(पृष्ठ सं0 118)** द्वारा निदेशक, कार्बेट टाइगर रिवर्ज से अन्य कार्यों के साथ (कुल लगभग 336 लाख) टी0ए0सी0 कराने हेतु भी लिखा है। इस पत्र की प्रति डी0एफ0ओ0 द्वारा, प्रमुख वन संरक्षक, (वन्यजीव) उत्तराखण्ड, देहरादून, मुख्य वन्यजीव प्रतिपालक, उत्तराखण्ड, देहरादून, अपर प्रमुख वन संरक्षक, नियोजन एवं वित्तीय प्रबन्धन, उत्तराखण्ड, देहरादून को भी की गयी है।

4. उक्त सूचना में यह भी अवगत कराया गया है कि इस कार्य को **करने में WPA 1972/IFA 1927/FCA 1980 का कोई उल्लंघन नहीं हुआ** तथा प्रश्नगत क्षेत्र में WPA की धारा 18 (2), 27 (2,3,4) 30, 32 एवं 33 (b) (c) लागू है।

उपरोक्ताअनुसार 1(A), 1(B), 1(C), 1(D) द्वारा जांच टीम के समक्ष प्रश्नगत कार्य के सम्बन्ध में अत्यधिक diversified (विविध) विचार प्राप्त हुये। **इनमें न केवल प्रबल विरोधाभास भी दृष्टिगत हो रहा है, अतः वर्णित स्थितियों में सही–गलत की विवेचना करना एक कठिन कार्य परिलक्षित हुआ।**

E. जांच टीम की विवेचना एवं निष्कर्ष:–

उक्त पृष्ठभूमि में इस कार्य की विभिन्न दृष्टिकोणों से समीक्षा की गयी। इनमें प्रधानतः वित्तीय/प्रशासनिक/विधिक प्रावधान निहित हैं।

प्रभागीय वनाधिकारी, कालागढ़ टाइगर रिवर्ज, प्रभाग लैन्सडौन द्वारा कार्यादेश सं0 296/12–1 दिनांक 02.08.2021**(पृष्ठसं0 120)** कार्यादेश सं0 297/12–1 दिनांक 02.08.2021 **(पृष्ठसं0 121)** एवं कार्यादेश संख्या 298/12–1 दिनांक 03.08.2021 **(पृष्ठसं0 122)** क्रमशः 2 पुलियाओं, 1 पुलिया एंव 2 पुलियाओं के जारी किये गये। **प्रभागीय वनाधिकारी उक्त कार्यादेशों को जारी करने के पश्चात** अपने पत्रांक 431/3–2 दिनांक 19.08.2021 **(पृष्ठसं0 119)** द्वारा CWLW से कार्य करने की अनुमति मांग रहे हैं तथा अपने पत्रांक 483/3–2 दिनांक 25.08.2021 **(पृष्ठसं0 118)** द्वारा निदेशक, कार्बेट टाइगर रिवर्ज से कार्य की टी0ए0सी0/वित्तीय स्वीकृति हेतु अनुरोध कर रहे है।

जांच टीम को यह स्थिति कदाचित भी समझ में नहीं आ पाया कि किन कारणों वश प्रभाग स्तर से पहले तो कार्यादेश जारी कर दिये गये एवं तत्पश्चात् वित्तीय स्वीकृति, टी0ए0सी, प्रशासनिक अनुमति हेतु पत्र निर्गत किये गये। वर्तमान प्रभागीय वनाधिकारी, कालागढ़ टाइगर रिवर्ज/निदेशक, कार्बेट टाइगर रिवर्ज द्वारा अवगत कराया गया कि कार्य 25 जुलाई 2021 में आरम्भ हो गया था तथा 15 सितम्बर 2021 को समाप्त हो **गया था एवं कार्य की कोई वित्तीय/प्रशासनिक स्वीकृति नहीं थी, और न ही इस हेतु कोई बजट भी उपलब्ध था। (पृष्ठ सं0 116–117)**

निष्कर्ष (वित्तीय अनियमितता)

सरकारी कार्यों को किये जाने हेतु उक्तानुसार कार्यवाही उत्तराखण्ड अधिप्राप्त नियमावली 2017 के नियम 39, नियम 49 (ग), नियम 3(10) एंव नियम 40(2) का स्पष्ट उल्लघंन है

नियम 39– निर्माण कार्य की कार्यविधिः–

किसी निर्माण कार्य के कियान्वयन, जिसमें अधिप्राप्ति की योजना भी सम्मिलित है, में सामान्यतः निम्नलिखित चरणों का पालन किया जायः–

1. प्रारम्भिक परियोजना रिर्पोट (प्रिलिमिनरी प्रोजेक्ट रिपोर्ट) बनाया जाना,
2. आवश्यकताओं की स्वीकारोक्ति,
3. प्रशासनिक अनुमोदन,
4. वित्तीय स्वीकृति,
5. विस्तुत परियोजना आख्या (डी0पी0 आर0) एवं विस्तृत प्राक्कलन तैयार करना,
6. तकनीकी स्वीकृति,
7. धनराशि का विनियोग,
8. निविदा दस्तावेजों को तैयार करना,
9. निविदायें आमंत्रित करना एवं कार्य स्वीकृत (एवार्ड) करना,
10. निर्माण कार्य का कियान्वयन
11. निर्माण कार्य का अनुश्रवण, गुणवत्ता एवं विश्वसनीयता सुनिश्चित करना,
12. संतोषजनक कार्य पूर्ण होना, और
13. निर्मित आस्तियों का अनुरक्षण।

नियम 49 (ग)– विभाग द्वारा स्वयं संनिर्माण की प्रकियाः–

कार्य को तब तक प्रारम्भ न किया जाय जब तक कि सक्षम प्राधिकारी से प्राक्कलन के आधार पर प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति प्राप्त न कर ली गयी हो।

नियम 3 (10)– इसमें कार्यों को टुकड़ो में न कराने हेतु निर्देश दिये गये है।

नियम 40 (2)– इसमें कार्यालय अध्यक्ष, विभागध्यक्ष के वित्तीय अधिकारों की सीमा के अन्तर्गत तथा अधिक के कार्यो हेतु कार्यदायी संस्था निर्धारित करने का प्राविधान है जिसके अन्तर्गत 15 लाख की सीमा तक के कार्य विभागाध्यक्ष द्वारा स्वंय लोक निर्माण संगठन को निर्दिष्ठ किया जा सकता है।

नियम 40 (4)– वर्णित करता है कि 15 लाख की सीमा से अधिक के कार्य शासन द्वारा निर्धारित लोक निर्माण संगठन द्वारा ही कियान्वित किये जा सकते हैं।

(प्रभागीय वनाधिकारी, कालागढ़ टाइगर डिवीजन के पत्रांक 483/3–2 दिनांक 25.08.2021 (पृष्ठ सं0 118) के बिन्दु सं0 7 में वर्णित है पाखरों–कालागढ़ वन मोटर मार्ग में कलर्वट/पुलिया निर्माणः– अनुमानित धनराशि 43.03 लाख।)

यहां यह भी उल्लेखनीय है कि प्रभागीय वनाधिकारी, कालागढ़ टाइगर रिवर्ज द्वारा कार्यादेशों की प्रति निदेशक, कार्बेट टाइगर रिवर्ज को भी की है, एवं टी0ए0सी0/वित्तीय स्वीकृति हेतु निदेशक, कार्बेट टाइगर रिवर्ज को सम्बोदित कर पत्र की प्रतिलिपि प्रमुख वन संरक्षक, वन्यजीव एवं मुख्य वन्यजीव प्रतिपालक, उत्तराखण्ड एवं अपर प्रमुख वन संरक्षक, नियोजन एवं वित्तीय प्रबन्धन, उत्तराखण्ड, देहरादून को भी की गयी है। उक्त के अतिरिक्त 5 कल्वर्ट बनाने एवं 1 कि0मी0 मार्ग को ऊँचा उठाने हेतु अनुमति देने सम्बन्धी पत्रांक 431/3–2 दिनाक 19.08.2021 **(पृष्ठसं0 119)** तो सीधे मुख्य वन्यजीव प्रतिपालक, उत्तराखण्ड को ही प्रेषित किया गया है। जांच टीम को यह भी आश्चर्यजनक लगा कि जब ये कार्य बिना बजट/वित्तीय–प्रशासनिक अनुमति कराये जा रहे थे और प्रभागीय वनाधिकारी के प्रथम नियत्रंक अधिकारी तथा उनके भी नियत्रंक अधिकारी को इस तथ्य का संज्ञान था **तो फिर क्यों नहीं ये कार्य प्रभावी रूप से बन्द कराये गये।** मात्र अगर कोई पत्र इस आशय का निदेशक/मुख्य वन्यजीव प्रतिपालक स्तर से काम रोकने सम्बन्धी औपचारिकता वश जारी भी किया भी गया होगा (वैसे ऐसा कोई पत्र टीम के संज्ञान में आया भी नहीं ओर न ही ऐसे किसी पत्र का उल्लेख वर्तमान प्रभागीय वनाधिकारी कालागढ़ टाइगर रिवर्ज डिविजन/निदेशक, कार्बेट टाइगर रिवर्ज द्वारा अपनी सूचना में किया है) तो भी **इसे सरकारी कार्य प्रणाली में उच्च स्तरीय निर्धारित अधिकारियों के धारणाधिकारित क्षेत्रों में निर्दिष्ट कर्तव्यों का उत्तरदायित्वपूर्ण निर्वहन नहीं माना जा सकता।** इस बिन्दु पर समिति को उच्च स्तर के अधिकारियों के स्तर से administrative lapses दृष्टिगत हुये।

जांच टीम द्वारा दिनांक 11.01.2022 को मार्ग का निरीक्षण किया गया। लगभग 1.2 कि0मी0 मार्ग को लगभग सम्पूर्ण स्ट्रैंच में ऊँचा उठाया गया है। अभी भी मार्ग के दोनो और बड़ी मात्रा में बोल्डर एकत्र है। **(फोटो प्लेट संख्या 1 एवं 2)**। जिस मात्रा में, यह मार्ग ऊँचा उठाया गया है उसको दृष्टिगत कर यह स्पष्ट होता है कि निकटवर्ती टाइगर रिवर्ज क्षेत्रों से बड़ी मात्रा में मिट्टी उठान का कार्य किया गया है। प्रमुख

वन संरक्षक (HoFF) उत्तराखण्ड, प्रमुख वन संरक्षक, वन्यजीव, निदेशक, कार्बेट टाइगर रिवर्ज द्वारा भी माननीय उच्च न्यायालय में दाखिल शपथ पत्र दिनांक 09.11.2022 में वर्णित किया गया है कि निकटवर्ती क्षेत्रों से मिट्टी /बोल्डर उठाने हेतु मशीनों का उपयोग किया गया है **(पृष्ठसं0 47)**।

इस मार्ग की Google earth image, दिसम्बर 2020 **(फोटो प्लेट सं0 3)** भी गहनता के साथ देखी गयी। इस फोटो में मार्ग के दोनो और घने वृक्षों को दृष्टिगत करते हये, दोनो और से बड़ी मात्र में मिट्टी उठाने सम्बन्धी तथ्यों के दृष्टिगत **इस क्षेत्र में वृक्षों को हटाने की सम्भवनाओं को भी नकारा नहीं जा सकता।** (Google earth image माह मार्च 2021 **(फोटो प्लेट सं0 4)** के पश्चात की अपलोडेड उपलब्ध नहीं है) इस घटना क्रम से स्पष्ट है कि **प्रश्नगत क्षेत्र कार्य अवधि (25.07.2021 से 15.09.2021) मध्य highly disturbed रहा होगा जिससे वन्य जीवों के natural habitate में एक prolonged/consistent disturbance उत्पन्न हुआ ही होगा।**

चूंकि यह एक tiger reserve area है तथा इसमें WPA की धारायें 18(2), 27(2,3,4), 30,32 एवं 33 (b), (c) लागू है अतः अत्यधिक विचार विर्मश करने के उपरान्त प्रकरण से सम्बन्धित legal issue पर टीम का निम्न प्रकार मत है।

निष्कर्ष (विधिक उल्लंघन)

जांच टीम का ध्यान WPA की धारा 27 (4) की और गया। टीम ने इस मार्ग के दोनो और बड़ी मात्रा में निर्माण सामग्री प्रधानतः बोल्डरों को इधर उधर पढा पाया तथा क्षेत्र में हुई वर्षा के कारण 1.2 कि0मी0 के कारण मार्ग में जगह–जगह मिटटी बह जाने के कारण उत्पन्न हुई slippery स्थिति को पैट्रोलिग हेतु vehicular movement के लिये पूर्णतः un desirable condition माना। यह न केवल एक eye sore प्रतीत हुआ अपितु site specific boulders staking, slippery condition तथा excessive soil excavation के कारण Naturaly build wild animal habitat को spoil करने का कारक मानते हुये इसे littering the ground की श्रेणी में रखते हुऐ WPA की धारा 27 (4) का उल्लघंन माना गया है।

इस सम्बन्ध में समिति के कुछ सदस्यों कि इतर राय भी दृष्टिगत हुयी जिसके क्रम में उनके द्वारा इस कार्य को littering the ground की श्रेणी में नहीं रखा गया।

अतः इस पृष्ठ भूमि में इस मामले में आवश्यक विधिक राय ली जा सकती है।

टीम के स्थलीय निरीक्षण के समय यद्यपि वृक्षों के ठूंट, टहनी, तना, जड़ आदि मार्ग पर दृष्टिगत नहीं हुये फिर भी अगर प्रश्नगत क्षेत्र में tree removal possibility के पुख्ता प्रमाण सिद्ध हुये जैसा कि प्रमुख वन संरक्षक (HoFF), उत्तराखण्ड, द्वारा अपने पत्रांक 1019/पी0ओ0 दिनांक 19.01.2022 **(पृष्ठसं0 16–18)** द्वारा विभागीय आई0टी0 सेल को NRSA से paid data लेकर tree removal के पुख्ता प्रमाण हेतु निर्देश दिये

जा चुके हैं तो फिर ये भारतीय वन अधिनियम 1927 की धारा 26–1(च), 26–1 (ज) का स्पष्ट उल्लंघन होगा साथ ही चूंकि यह स्पष्ट है कि इस मार्ग को ऊंचा उठाने में वन क्षेत्रों में जगह–जगह से मिट्टी एवं बोल्डर्स भी एकत्र किये गये हैं, अतः यह भारतीय वन अधिनियम 1927 की धारा 26–1(छ) का स्पष्ट उल्लंघन है।

इस कार्य को करने/कराने मध्य उत्तरदायी कर्मचारी/अधिकारियों की सूची Table no. I में संलग्न है।

2. मोरघट्टी वन विश्राम गृह में भवनों का निर्माणः–

A. NTCA Findings:-

मोरघट्टी वन विश्राम गृह में भवनों के निर्माण के सम्बन्ध में NTCA द्वारा अपनी जांच रिपोर्ट (26–30 सितम्बर 2021) में **(पृष्ठसं0 22)** इस निर्माण कार्य को काटेज/टूरिज्म कार्य हेतु निर्मित किया जाना अवगत कराया है क्योंकि इस निर्माण कार्य की डिजाईन स्टाफ हेतु निर्मित किये जाने वाले डिजाईन से भिन्न हैं। NTCA द्वारा उन्हें दिखाये गये पत्रों में काटेज शब्द काट कर Staff quaters लिखने, forged documents बनाने, कोर्बेट टाइगर रिवर्ज में tourism facility बनाने से पहले WPA/FCA अन्तर्गत स्वीकृतियां लेने, उक्त कार्य को किये जाने हेतु कोई भी वित्तीय/प्रशासनिक स्वीकृति न लेने एवं उनके निरीक्षण मध्य भी निर्माण कार्य जारी रखने सम्बन्धी तथ्यों से अवगत कराया गया है। निरीक्षण मध्य तत्कालीन प्रभागीय वनाधिकारी ने उन्हे बताया कि प्रभागीय वनाधिकारी, कालागढ़ टाइगर रिजर्व डिविजन द्वारा अपने पत्रांको 541, 542, 544, 545, 547, 548, 549, 550, 551 सभी दिनांक 31.08.2021, द्वारा निदेशक, कार्बेट टाइगर रिजर्व से वित्तीय स्वीकृति मांगी थी, **परन्तु निदेशक, कार्बेट टाइगर रिजर्व ने स्थलीय निरीक्षण दौरान NTCA टीम को अवगत कराया कि ऐसे कोई पत्र उनके कार्यालय में प्राप्त ही नहीं हुऐ।** NTCA द्वारा इस निर्माण को टूरिस्ट सुविधा के रूप में विकसित किये जाने के कारण WPA/FCA अन्तर्गत स्वीकृति लिया जाना अनिवार्य बताया जो कि नहीं ली गयी है।

B. IRO(भारत सरकार वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, क्षेत्रीय कार्यालय देहरादून)Findings: -

मोरघट्टी वन विश्राम गृह में भवनों के निर्माण के सम्बन्ध में भारत सरकार वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा अपनी जांच रिपोर्ट (25–26 अक्टूबर 2021) **(पृष्ठसं0 31–33)** में इस निर्माण कार्य को पाखरों में किये जा रहे निर्माण के अनुरूप ही, 4 समान लेआउट प्लान की बिल्डिंग के रूप में निर्मित किया जाना अवगत कराया गया है। इस हेतु कोई administrative/financial sanction प्रभागीय वनाधिकारी द्वारा उन्हे नहीं दिखाई जा सकी। भारत सरकार द्वारा WPA/FCA/IFA के सम्बन्ध में कोई टिप्पणी नहीं की गयी है।

C. प्रमुख वन संरक्षक (HoFF), उत्तराखण्ड/प्रमुख वन संरक्ष, वन्यजीव/निदेशक, कार्बेट टाइगर रिर्जव, द्वारा मा0 उच्च न्यायालय, उत्तराखण्ड में दायर शपथ पत्र दिनांक 09.11.2021:-

उक्त शपथपत्र अनुसार कहा गया है कि मोरघट्टी में 4 independent buildings प्रत्येक 128 मी0 की तथा एक Extension of old building का कार्य किया जा रहा है। इन buildings का डिजाईन स्टाफ क्वाटर डिजाईन के अनुरूप नहीं है। निर्माण कार्य अभी अधूरा है। कार्य की कोई वित्तीय स्वीकृति नहीं है। **TCP (tiger conservation plan) में Tourism guidelines के अनुसार मोरघट्टी में tourism facility नही बनायी जा सकती हैं इसके लिये WPA 1972/FCA 1980 के अन्तर्गत स्वीकृतियां लेनी होंगी। अतः यहां पर उक्त दोनो अधिनियमों का उल्लंघन है। (पृष्ठ सं0 48–50)**

D. जांच टीम द्वारा अपने पत्रांक 1653/1–41 (iv) दिनांक 07.01.2022 द्वारा मांगी गयी सूचना के कम में वर्तमान प्रभागीय वनाधिकारी, कालागढ़ टाइगर रिर्जव डिवीजन एवं निदेशक, कार्बेट टाइगर रिर्जव, द्वारा हस्ताक्षर युक्त प्रस्तुत सूचनाः–

निदेशक, कार्बेट टाइगर रिर्जव, रामनगर द्वारा अपने पत्रांक 1651/1–41 दिनांक 12.01.2022 द्वारा इस कार्य के सम्बन्ध में विस्तृत सूचना मय संलग्नक उपलब्ध कराई गयी है। **(पृष्ठ सं0.114–222)**

उपलब्ध करायी गयी सूचना का सार निम्न प्रकार हैः–

1. कालूशहीद पश्चिमी, सोनानदी रेंज कालागढ़ टाइगर रिजर्व प्रभाग में कार्बेट टाइगर रिर्जव के बफर क्षेत्र में चार स्टाफ क्वाटर निर्माण प्रत्येक भूतल क्षेत्रफल 10.49X11.17= 117.17 वर्ग मीटर (दो मंजिला भवन) का निर्माण **10.08.2021 से आरम्भ हुआ था**, कार्य अपूर्ण है।
2. **कार्य हेतु बजट उपलब्ध नहीं था, प्रशासनिक स्वीकृति नहीं है, वित्तीय स्वीकृति नहीं है।**
3. वर्तमान तक उपलब्ध किसी भी अभिलेख में **उक्त भवनों का गैर वानिकी कार्य हेतु प्रयोग स्थापित नहीं हुआ है और न ही यह स्पष्ट है कि उक्त भवन का प्रयोग गैर वानिकी कार्य हेतु प्रस्तावित था।**
4. **उक्त कार्य में FCA/WPA का उल्लंघन नहीं है।**
5. सक्षम स्तर से प्रशासनिक/वित्तीय स्वीकृति प्राप्त न होने के कारण **भारतीय वन अधिनियम 1927 की धारा 26 (1) (ज) का उल्लंघन प्रतीत होता है।**
6. उक्त सूचना के साथ प्रभागीय वनाधिकारी, कालागढ़ टाइगर रिवर्ज के पत्रांक 436/3–2 दिनांक 19.08.2021, **(पृष्ठसं0 124)** द्वारा निम्न कार्यादेश संलग्न किये है। **(पृष्ठसं0 125–128)**
   i. कार्यादेश सं0 274/12–1 दिनांक 04.08.2021, सोना नदी रेंज अन्तर्गत मोरघट्टी में आउट हाउस भाग–1 का निर्माण। (कार्यादेश सारथी इन्टरप्राईजेस काशीपुर को निर्गत किया गया)
   ii. कार्यादेश सं0 275/12–1 दिनांक 04.08.2021, सोना नदी रेंज अन्तर्गत मोरघट्टी में आउट हाउस भाग–2 का निर्माण। (कार्यादेश सारथी इन्टरप्राईजेस काशीपुर को निर्गत किया गया)
   iii. कार्यादेश सं0 276/12–1 दिनांक 04.08.2021 सोना नदी रेंज अन्तर्गत मोरघट्टी में आउट हाउस भाग–3 का निर्माण। (कार्यादेश सारथी इन्टरप्राईजेस काशीपुर को निर्गत किया गया)

iv. कार्यादेश सं0 273/12–1 दिनांक 04.08.2021 सोना नदी रेंज अन्तर्गत मोरघट्टी में आउट हाउस भाग–3 का निर्माण। (कार्यादेश सारथी इन्टरप्राईजेस काशीपुर को निर्गत किया गया)

उक्त पृष्ठ भूमि में कई विरोधाभास जांच टीम के समक्ष प्रस्तुत हुये इसमें प्रधानतः FCA/IFA/WPA के उल्लघंन, वानिकी–गैरवानिकी कार्य को प्रमाणिकता के साथ कहना, पत्रों का निर्गत होना परन्तु गन्तव्य तक प्राप्त न होना आदि सम्मलित है।

E. जांच टीम की विवेचना एवं निष्कर्षः–

उक्त पृष्ठभूमि में जांच टीम द्वारा विभिन्न दृष्टिकोणों (यथा प्रशासनिक/वित्तीय/विधिक स्वीकृतियां) अन्तर्गत कार्य की समीक्षा की गयी।

निदेशक, कार्बेट टाइगर रिर्जव द्वारा उपलब्ध करायी गयी सूचना अन्तर्गत निम्न प्रकार कार्यादेश, प्रभागीय वनाधिकारी कालागढ़ टाइगर रिर्जव स्तर से जारी होना अवगत कराया गया। **(पृष्ठ सं0 125–128)**

i. कार्यादेश सं0 274/12–1 दिनांक 04.08.2021 सोनानदी रेंज, मोरघट्टी में **आउट हाउस भाग–1** निर्माण। (कार्यादेश सारथी इन्टरप्राईजेस काशीपुर को निर्गत किया गया)

ii. कार्यादेश सं0 275/12–1 दिनांक 04.08.2021 सोनानदी रेंज, मोरघट्टी में **आउट हाउस भाग–2** निर्माण। (कार्यादेश सारथी इन्टरप्राईजेस काशीपुर को निर्गत किया गया)

iii. कार्यादेश सं0 276/12–1 दिनांक 04.08.2021 सोनानदी रेंज, मोरघट्टी में **आउट हाउस भाग–3** निर्माण। (कार्यादेश सारथी इन्टरप्राईजेस काशीपुर को निर्गत किया गया)

iv. कार्यादेश 273/12–1 दिनांक 04.08.2021 सोनानदी रेंज, मोरघट्टी में **आउट हाउस भाग–3 निर्माण।** (कार्यादेश सारथी इन्टरप्राईजेस काशीपुर को निर्गत किया गया)

उक्त के साथ ही निदेशक, कार्बेट टाइगर रिर्जव द्वारा उपलबध कराई गयी सूचना अन्तर्गत प्रभागीय वनाधिकारी कालागढ़ टाइगर रिर्जव डिवीजन द्वारा निम्न प्रकार कार्य करने की अनुमति 2021–22 हेतु, मुख्य वन्यजीव प्रतिपालक से निदेशक, कार्बेट टाइगर रिर्जव के माध्यम से मांगी गयी है।

1. पत्रांक 436/3–2 दिनांक 19.08.2021:– **(पृष्ठसं0 124)**

a) मोरघट्टी में राजि कार्यालय निर्माणः–	59.43 लाख
b) मोरघट्टी में कैम्प क्वाटर निर्माण –	59.43 लाख
c) मोरघट्टी में एंटीपोचिंग सैन्टर कक्ष निर्माणः–	59.43 लाख
d) मोरघट्टी में वायरलैंस केन्द्र निर्माण/स्टाफ क्वाटर–	59.43 लाख
e) मोरघट्टी में लीगल सेन्टर निर्माण–	54.00 लाख
कुलः–	**238.26 लाख**

उक्त के अतिरिक्त जांच टीम को निदेशक, कार्बेट टाइगर रिर्जव द्वारा उपलब्ध कराये गये कार्यादेशों से अतिरिक्त मोरघट्टी क्षेत्र में प्रभागीय वनाधिकारी, कालागढ़ टाइगर रिर्जव द्वारा निम्न प्रकार और कार्यादेश जारी करने सम्बन्धी पत्र प्राप्त हुये: **(पृष्ठसं0 223–227)**

v. कार्यादेश सं0 271/12–1 दिनांक 04.08.2021:– सोना नदी रेंज, मोरघट्टी में **आउट हाउस भाग–1** निर्माण। (कार्यादेश सारथी इन्टरप्राईजेस काशीपुर को निर्गत किया गया)

vi. कार्यादेश सं0 278/12–1 दिनांक 04.08.2021:– सोना नदी रेंज, मोरघट्टी में टी0ओ0 क्वाटर/कैम्प भूतल मंजिल भाग–2 निर्माण। (कार्यादेश सारथी इन्टरप्राईजेस काशीपुर को निर्गत किया गया)

vii. कार्यादेश सं0 282/12–1 दिनांक 04.08.2021:– सोना नदी रेंज, मोरघट्टी में टी0ओ0 क्वाटर/कैम्प भूतल मंजिल भाग–2 निर्माण। (कार्यादेश सारथी इन्टरप्राईजेस काशीपुर को निर्गत किया गया)

viii. कार्यादेश सं0 280/12–1 दिनांक 04.08.2021:– सोना नदी रेंज, मोरघट्टी में टी0ओ0 क्वाटर समीप भवन निर्माण भाग–1 के निर्माण। (कार्यादेश सारथी इन्टरप्राईजेस काशीपुर को निर्गत किया गया)

ix. कार्यादेश सं0 289/12–1 दिनांक 04.08.2021:– सोना नदी रेंज, मोरघट्टी में टी0ओ0 क्वाटर/कैम्प भूतल मंजिल भाग–1 निर्माण। (कार्यादेश सारथी इन्टरप्राईजेस काशीपुर को निर्गत किया गया)

उक्त कार्यादेशों को देख कर जांच टीम ने पाया कि दिनांक 04.08.2021 को प्रभागीय वनाधिकारी, कालागढ़ टाइगर रिर्जव डिवीजन द्वारा एक ही दिन में 9 कार्यादेश सारथी इन्टरप्राईजेस काशीपुर को मोरघट्टी में निर्माण सम्बन्धी जारी किये गये। कार्यादेशों को जारी करने की जल्दी में, एक ही कार्य 2 विभिन्न पत्राकों से कार्यादेश के रूप में जारी कर दिया गया। (कृपया देखे कम सं0 i एवं v तथा iii एवं iv) बिना **बजट/वित्तीय स्वीकृति/प्रशासनिक स्वीकृति उक्तानुसार कार्य कराना निम्न प्रकार वित्तीय नियमों का स्पष्ट उल्लघंन है।**

निष्कर्ष (वित्तीय अनियमित्ता)

सरकारी कार्यों को किये जाने हेतु उक्तानुसार कार्यवाही उत्तराखण्ड अधिप्राप्त नियमावली 2017 के नियम 39 एवं 49 (ग) का स्पष्ट उल्लघंन है। **(पृष्ठ सं0 427)**

उपरोक्तानुसार कार्यादेशों को जारी करने की कार्यवाही किया जाना सम्बन्धित अधिकारी की सरकारी कार्यों को कराये जाने सम्बन्धी अत्यधिक casual approach को दर्शित कराता है। इस कम में निदेशक, कार्बेट टाइगर रिर्जव रामनगर द्वारा जारी निम्न पत्र भी प्रमुख वन संरक्षक (HoFF), उत्तराखण्ड द्वारा दिनांक 09.11.2021 को मा0 उच्च न्यायालय के लगाये गये शपथ पत्र के साथ संलग्नक के रूप में जांच समिति के सज्ञांन में आये।

i. पत्रांक 158/13–(1) दिनांक 19.07.2021 (निदेशक के क्षेत्रीय भ्रमण 14.07.2021 पश्चात) **(पृष्ठसं0 84)**

ii. पत्रांक 536/13–1 दिनांक 27.08.2021 **(पृष्ठसं0 85)**

iii. पत्रांक 802/13–1 (1) दिनांक 20.09.2021 **(पृष्ठसं0 86)**

iv. पत्रांक 825/1–13 दिनांक 23.09.2021 **(पृष्ठसं0 87)**

उक्त पत्रों में निदेशक द्वारा न केवल पाखरों–कालागढ़ के मध्य क्या–क्या कराया जा रहा है अपितु इसे तत्काल प्रभाव से रोकने सम्बन्धी निर्देश भी निर्गत किये गये हैं। निदेशक द्वारा इन पत्रों की प्रति प्रमुख वन संरक्षक, वन्यजीव एवं मुख्य वन्यजीव प्रतिपालक, के साथ–साथ कम सं0 i एव कम सं0 iii में वर्णित पत्रों की प्रति प्रमुख वन संरक्षक (HoFF), उत्तराखण्ड को भी की गयी है। उपरोक्तानुसार स्थिति देखते हुये स्पष्ट होता है कि मोरघट्टी में बिना प्रशासनिक/वित्तीय स्वीकृति कार्य हो रहा है **यह लगभग सभी उच्चाधिकारियों के संज्ञान में था लेकिन कोई भी अधिकारी इसे प्रभावी रूप से बन्द कराने में असमर्थ रहा।** उचित होता कि निदेशक कार्बेट टाइगर रिर्जव के प्रथम पत्र दिनांक 15.07.2021 पश्चात ही मामले में कठोर सुधारात्मक प्रयास सभी सक्षम स्तर से किये जाते। इस बिन्दु पर समिति को उच्च स्तर के अधिकारियों के स्तर से प्रकरण में administrative lapses दृष्टिगत हुये।

मोरघट्टी में भवन निर्माण के सम्बनध में एक और महत्वपूर्ण घटना टीम के संज्ञान में आई। निदेशक, कार्बेट टाइगर रिर्जव के आदेश 1123/1–1 दिनांक 03.11.2021 **(पृष्ठसं0 88–89)** द्वारा 4 नये निर्माणाधीन भवनों (प्रत्येक का क्षेत्रफल 128 वर्ग मीटर) को ध्वस्त करने के आदेश जारी किये एंव अपनी पत्र संख्या 1130/1–1 दिनांक 06.11.2021 **(पृष्ठसं0 91)** द्वारा इनकी अनुपालना सूचना मुख्य वन्यजीव प्रतिपालक/ प्रमुख वन संरक्षक (HoFF), उत्तराखण्ड/ प्रमुख वन संरक्षक, वन्यजीव को भी दे दी गयी।

इस आदेश में निदेशक, कार्बेट टाइगर रिर्जव द्वारा वर्णित तर्क को दृष्टिगत किया जाना आवश्यक है। उनके द्वारा आदेश में लिखा गया है कि मोरघट्टी क्षेत्र में वानिकी/गैरवानिकी कार्यों पर रोक नहीं है। **परन्तु गैर वानिकी कार्यों हेतु WPA/FCA अन्तर्गत अनुमति होनी आवश्यक है जो कि नहीं ली गयी एवं वानिकी कार्यों हेतु भी सक्षम स्तर से प्रशासनिक/वित्तीय स्वीकृति नहीं ली गयी। अतः निर्माणाधीन भवनों का निर्माण कार्य अवैध है। ध्वस्त किया जाये।**

उक्त पक्तियों को अगर गम्भीरता से देखा जाये तो कमोवेश कालागढ़ टाइगर रिर्जव प्रभाग अन्तर्गत कराये गये लगभग सभी कार्यों में (पाखरों टाइगर सफारी को छोड कर) उक्तानुसार स्थिति है। **ये कार्य अगर गैर वानिकी है तो इनमें WPA/FCA की स्वीकृति नहीं है। और अगर वानिकी है तो उनमें प्रशासनिक/वित्तीय स्वीकृति नहीं ली गयी है।** अतः सभी कार्यों का ध्वस्तीकरण आदेश क्यों नहीं जारी हुआ ? निदेशक द्वारा जारी ध्वस्तीकरण आदेश से यह भी स्पष्ट नहीं हो रहा कि प्रभागीय वनाधिकारी, कालागढ़ टाइगर रिर्जव डिवीजन द्वारा जारी कार्यादेशों कम सं0 i से ix में से किसके–किसके सम्बन्धित ध्वस्तीकरण आदेश जारी किये गये ?

इस प्रकरण में एक अन्य आश्चर्यजनक तथ्य भी टीम में संज्ञान में आया। यहां पर कालागढ़ टाइगर रिर्जव डिवीजन के सरकारी डिस्पैच रजिस्टर का भी सम्भवतः Post facto (कार्योत्तर) भरपूर उपयोग किया गया हैं उदारणतः

a) एन0टी0सी0ए0 भ्रमण मध्य प्रभागीय वनाधिकारी, कालागढ़ टाइगर रिर्जव द्वारा अवगत कराया गया कि उनके द्वारा अपने विभिन्न पत्रों द्वारा (सभी दिनांक 31.08.2021 को जारी) निदेशक, कार्बेट टाइगर रिर्जव से वित्तीय स्वीकृति मांगी थी **परन्तु निदेशक, ने अवगत कराया कि ऐसे कोई पत्र उन्हें प्राप्त नहीं हुये।**
b) प्रभागीय वनाधिकारी, कालागढ़ टाइगर रिर्जव डिवीजन द्वारा एक ही तिथि दिनांक 04.08.2021 को एक के बाद एक कुल 9 निर्माण सम्बन्धी कार्यादेश सारथी इन्टर प्राइजेस, काशीपुर को जारी करना।
c) इसी प्रकार निदेशक, कार्बेट टाइगर रिर्जव द्वारा पाखरों से कालागढ़ के मध्य नव निमार्णों की सूचना देने/रोकने सम्बन्धी पत्र (दिनांक 19.07.2021, 27.08.2021, 20.09.2021, 23.09.2021 कम सं0 i से iv) जो कि न केवल प्रभागीय वनाधिकारी, कालागढ़ टाइगर रिर्जव डिविजन अपितु उच्चस्तरीय अधिकारियों को भी **पृष्ठांकित थे, पर किसी भी उच्च स्तर से इन पत्रों का काई भी संज्ञान न लिया जाना ज्ञात हुआ।**

प्रभागीय वनाधिकारी, कालागढ़ टाइगर रिजर्व डिवीजन के सरकारी डिस्पैच रजिस्टर में छेडछाड़ करने सम्बन्धी पुख्ता प्रमाण वर्तमान प्रमुख वन संरक्षक (HoFF), उत्तराखण्ड के जारी पत्रांक 2059/1–1 दिनांक 19.01.2022 **(पृष्ठसं0 228)** से स्वतः स्पष्ट है। किसी भी कार्यालय में डिस्पैच रजिस्टर में इस प्रकार बडी संख्या में पत्रांकों का खाली छोड़ा जाना भविष्य में पत्रों की Back dating कर निर्गत करने की स्पष्ट मंशा को व्यक्त करता है।

मोरघट्टी में निर्माण कार्यों के कराये जाने के सम्बन्ध में WPA/FCA/IFA के उल्लंघन सम्बन्धी विभिन्न जांच कर्ताओं के विभिन्न मत है। उदारणतः NTCA द्वारा WPA/FCA के उल्लघंन की बात कही गयी, भारत सरकार वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, द्वारा इस विषयक कोई टिप्पणी नहीं की गयी। मा0 उच्च न्यायालय में दाखिल शपथपत्र दिनांक 09.11.2021 के कम में WPA/FCA के उल्लघंन होने सम्बन्धी तथ्य कहे तथा निदेशक, कार्बेट टाइगर रिवर्ज द्वारा इस प्रकरण में IFA 1927 की धारा 26 (1) (ज) का उल्लघंन होने का वर्णन किया गया है।

विधिक ववेचना से पूर्व जांच टीम ने प्रश्नगत क्षेत्र की दिनांक 11.01.2022 को फील्ड भ्रमण मध्य साथ गयी आई0टी0 टीम के द्वारा बताई गयी KML file देखी **(फोटो प्लेट सं0 5)** इस गूगल इमेज मार्च 2021 को देख कर स्पष्ट होता है कि इस क्षेत्र में निर्माण कार्य से पूर्व वृक्ष उपलब्ध थे जो कि निर्माण कार्य हेतु हटा दिये गये होगें। चूकिं अब ये निर्माण कार्य निदेशक, कार्बेट टाइगर रिर्जव के आदेश दिनांक 02.11.2021 द्वारा ध्वस्त किया जा चुका है एवं बड़ी मात्रा में वहा मलवा पड़ा है। **(फोटो प्लेट सं0 6)** अतः किसी भी प्रकार से इन कटे वृक्षों के ठुठों को देखा जाना सम्भव नहीं था।

इस कम में प्रभागीय वनाधिकारी, कालागढ़ टाइगर रिर्जव डिवीजन द्वारा निर्गत तीन पत्र पत्रांक 483/3–2 दिनांक 25.08.2021 **(पृष्ठसं0 118)**, पत्रांक 484/3–2 दिनांक 25.08.2021 **(पृष्ठसं0 154)** एवं पत्रांक 485/3–2 दिनांक 25.08.2021 **(पृष्ठसं0 153)** भी समिति के समक्ष आये । इन तीनों ही पत्रों में प्रभागीय वनाधिकारी द्वारा विभिन्न स्वीकृतियों को मांगे जाने का उल्लेख किया है। इन पत्रों के विषय पर अगर देखा जाये तो उसमें ये वाक्य स्पष्ट लिखा है "पर्यटकों/कर्मचारियों की सुविधा हेतु" एवं इसमें पलैन रेंज/सोनानदी रेंज के कुगड्डा/ मोरघट्टी क्षेत्र के कार्यों का विवरण है। इससे स्पष्ट होता है कि क्या प्रभागीय वनाधिकारी, कालागढ टाइगर रिर्जव प्रभाग इन क्षेत्रों में एक बडे रूप में पर्यटन सुविधायें स्थापित करने की मंशा रखते थे ? साथ ही प्रमुख वन संरक्षक (HoFF), उत्तराखण्ड मा0 उच्च न्यायालय में दायर शपथ पत्र दिनांक 09.11. 2021 में भी स्पष्ट किया है, कि बिना WPA/FCA अनुमतियों के TCP अनुसार मोरघट्टी में पर्यटक सुविधायें विकसित नहीं की जा सकती। **(पृष्ठ सं0 49)** पूर्व प्रमुख वन संरक्षक (HoFF), ने भी अपने पत्रांक 802/पी0ओ0 दिनांक 02.11.2021 **(पृष्ठ सं0 290)** द्वारा मुख्य सचिव उत्तराखण्ड को स्पष्ट लिखा है कि प्रश्नगत क्षेत्र में पर्यटन की दृष्टि से निर्माण कार्य हो रहा था।

प्रश्नगत क्षेत्र की विधिक विवेचना जांच टीम द्वारा की गयी एवं अवगत हुआ कि इस क्षेत्र में (टाइगर रिर्जव क्षेत्र) इस क्षेत्र में WPA 1927 की धारा 18 (2), 27(2, 3, 4) धारा 30, धारा 32, तथा धारा 33 (बी,सी) ही प्रभावी है। इन सभी धाराओं का गहनता से अध्ययन किया गया तथा पाया गया कि मोरघट्टी क्षेत्र में किये गये कार्य उक्त धाराओं को सम्भवतः आकर्षित नहीं करते हैं।

निष्कर्ष (विधिक उल्लंघन)

टीम के कुछ सदस्यों का यह भी मत है कि मोरघट्टी क्षेत्र में ध्वस्तीकरण के पश्चात पड़ा हुआ मलवा जिसमें सरिया, सीमेंट, ईंट, आदि–आदि है litter की परिभाषा में आयेगा तथा यह WPA की धारा 27 (डी) को आकर्षित कर सकता है। इस सम्बन्ध में आवश्यक विधिक परामर्श लिया जा सकता है।

प्रश्नगत क्षेत्र में उपलब्ध अभिलेखों के अध्ययन उपरान्त ऐसा स्पष्ट होता है कि यहां कुछ पर्यटन सुविधायें भी विकसित करने के प्रयास किये जा रहे थे। पर्यटन/ईको पर्यटन गैरवानिकी गतिविधि होने के कारण यह कार्य FCA 1980 की धारा 2 (2) का स्पष्ट उल्लंघन है।

इसी प्रकार गूगल इमेज को देखकर यह स्पष्ट हुआ कि प्रश्नगत क्षेत्र में पूर्व में वृक्ष उपलब्ध थे। जो कि निर्माण के मध्य हटा दिये गये हैं। यह कार्य IFA 1927 की धारा 26–1 (च एवं ज) का उल्लंघन है। हटाये गये वृक्षों की स्पष्ट गणना करना इस google image से सम्भव नही है इस हेतु उच्च तकनीकी का उपयोग करना होगा। इस कम में प्रमुख वन संरक्षक (HoFF), उत्तराखण्ड द्वारा NRSA से imagery प्राप्त कर इस tree removal के पुख्ता प्रमाण प्राप्त करने सम्बन्धी निर्देश दिनांक 19.01.2022 को जारी किये जा चुके है।

प्रश्नगत कार्य को करने/कराये जाने मध्य उत्तरदायी कर्मचारी/अधिकारियों की सूची टेबिल 1 में संलग्न है।

3. कालागढ़ टाइगर रिवर्ज प्रभाग में दीवार निर्माणः–

A. **NTCA Findings:-**

NTCA द्वारा इस कार्य के सम्बन्ध में अपने भ्रमण (26–30 सितम्बर 2021) रिपोर्ट में कोई टिप्पणी नही दी है।

B. **IRO(भारत सरकार वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, क्षेत्रीय कार्यालय देहरादून)Findings: -**

भारत सरकार वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, द्वारा इस कार्य के सम्बन्ध में अपने भ्रमण (25–26 अक्टूबर 2021) रिपोर्ट में कोई टिप्पणी नहीं दी है।

C. **प्रमुख वन संरक्षक (HoFF), उत्तराखण्ड/प्रमुख वन संरक्षक, वन्यजीव/निदेशक, कार्बेट टाइगर रिर्जव, द्वारा मा0 उच्च न्यायालय, उत्तराखण्ड में दायर शपथ पत्र दिनांक 09.11.2021:-**

उक्त शपथ पत्र में इस विषयक कोई तथ्य वर्णित नहीं किया गया है।

D. **जांच टीम द्वारा अपने पत्रांक 1653/1–41 (iv) दिनांक 07.01.2022 द्वारा मांगी गयी सूचना के क्रम में वर्तमान प्रभागीय वनाधिकारी, कालागढ़ टाइगर रिर्जव डिवीजन एवं निदेशक, कार्बेट टाइगर रिर्जव, द्वारा हस्ताक्षर युक्त प्रस्तुत सूचनाः–**

निदेशक, कार्बेट टाइगर रिर्जव, द्वारा अपने पत्रांक 1651/1–41 दिनांक 12.01.2022 द्वारा इस कार्य के सम्बन्ध में विस्तृत सूचना मय संलग्नक उपलब्ध कराई गयी है। **(पृष्ठसं0 129–150)** सूचना का सार निम्न प्रकार है।

1. कुल 3524 मीटर दीवार परिकल्पित थी जिसमें से 2820 मीटर दीवार का जगह–जगह निर्माण किया जा चुका है एवं मात्र 372 मीटर दीवार का भुगतान हुआ है, जिस पर 32.87 लाख का व्यय कैम्पा मद से किया गया।
2. सन्दर्भित कार्य हेतु सुसंगत मद में **धनराशि उपलब्ध नहीं थी, कार्य हेतु बजट उपलब्ध नहीं था,** वित्तीय/प्रशासनिक स्वीकृति प्रभागीय स्तर से ही जारी की गयी है।
3. **कार्य आरम्भ 05.07.2021 को हो गया था अभी तक 2820 मीटर बना है।**
4. **उक्त कार्य में IFA/WPA/FCA का उल्लघंन नहीं हुआ है।**
5. निदेशक, कार्बेट टाइगर रिर्जव द्वारा उपलब्ध कराई गयी सूचना में निम्न प्रकार प्रभाग स्तर से जारी विभिन्न कार्यादेशों का मय संलग्नक वर्णन किया गया है। **(पृष्ठसं0 131–141)**

i. कार्यादेश संख्या 499/12–1 दिनांक 26.08.2021:– सोनानदी रेंज, कालूशहीद क0सं0 14, जाव नं 03, 200 मीटर हाथी दीवार निर्माण। (कार्यादेश श्री भूपेन्द्र सिंह, कान्ट्रैक्टर ग्राम कुंआखेड़ा पोस्ट बड़ा पुर जिला बिजनौर को जारी किया गया)

ii. कार्यादेश संख्या 500/12–1 दिनांक 26.08.2021:– सोनानदी रेंज, कालूशहीद क0सं0 14, जाव नं 2 में 200 मीटर हाथी दीवार निर्माण। (कार्यादेश श्री भूपेन्द्र सिंह, कान्ट्रैक्टर ग्राम कुंआखेड़ा पोस्ट बड़ा पुर जिला बिजनौर को जारी किया गया)

iii. कार्यादेश संख्या 501/12–1 दिनांक 26.08.2021:– सोनानदी रेंज, कालूशहीद क0सं0 14, जाव नं 1 में 200 मीटर हाथी दीवार निर्माण। (कार्यादेश श्री भूपेन्द्र सिंह, कान्ट्रैक्टर ग्राम कुंआखेड़ा पोस्ट बड़ा पुर जिला बिजनौर को जारी किया गया)

iv. कार्यादेश संख्या 503/12–1 दिनांक 26.08.2021:– सोनानदी रेंज, कालूशहीद क0सं0 14, जाव नं 4 में 200 मीटर हाथी दीवार निर्माण। (कार्यादेश श्री विक्रम सिंह, कान्ट्रैक्टर ग्राम कुंआखेड़ा पोस्ट बड़ा पुर जिला बिजनौर को जारी किया गया)

v. कार्यादेश संख्या 504/12–1 दिनांक 26.08.2021:– सोनानदी रेंज, कालूशहीद क0सं0 14, जाव नं 5 में 200 मीटर हाथी दीवार निर्माण। (कार्यादेश श्री विकम सिंह, कान्ट्रैक्टर ग्राम कुंआखेड़ा पोस्ट बड़ा पुर जिला बिजनौर को जारी किया गया)

vi. कार्यादेश संख्या 551/12–1 दिनांक 31.08.2021:– पाखरौं रेंज, धौलखण्ड क0सं0 6, रामजीवाला बीट के टाइगर बाडे के चारों और जाब 01 में 200 मीटर हाथी दीवार। (कार्यादेश के0के0 कान्ट्रेक्टर बड़ापुर जिला बिजनौर को जारी किया गया)

vii. कार्यादेश संख्या 552/12–1 दिनांक 31.08.2021:– पाखरौं रेंज, धौलखण्ड क0सं0 6, रामजीवाला बीट के टाइगर बाडे के चारों और जाब 02 में 200 मीटर हाथी रोधी दीवार निर्माण। (कार्यादेश के0के0 कान्ट्रेक्टर बड़ापुर जिला बिजनौर को जारी किया गया)

viii. कार्यादेश संख्या 553/12–1 दिनांक 31.08.2021:– पाखरौं रेंज, धौलखण्ड क0सं0 6, रामजीवाला बीट के टाइगर बाडे के चारों और जाब 03 में 200 मीटर हाथी रोधी दीवार निर्माण। (कार्यादेश के0के0 कान्ट्रेक्टर बड़ापुर जिला बिजनौर को जारी किया गया)

ix. कार्यादेश संख्या 853/12–1 दिनांक 30.09.2021:– सोनानदी रेंज, कालूशहीद क0सं0 14, नीम स्रोत बाउन्ड्री पर 1 कि0मी0 वन्यजीवों से सुरक्षा हेतु हाथी दीवाल निर्माण। (कार्यादेश श्री राजेश कुमार ग्राम गाजीपुर, सभाचन जिला बिजनौर को जारी किया गया)

x. कार्यादेश संख्या 1135/12–1 दिनांक 29.09.2021:– कालागढ़ कक्ष सं0 8 में 100 मीटर सुरक्षा दीवार निर्माण। (कार्यादेश श्री कोमल सिंह, ग्राम झलरी पोस्ट नसीरी जिला बिजनौर को जारी किया गया)

xi. कार्यादेश संख्या 1146/12–1 दिनांक 30.10.2021:– कालागढ़ कक्ष सं0 8 में 120 मीटर सुरक्षा दीवार निर्माण। (कार्यादेश श्री कोमल सिंह, ग्राम झलरी पोस्ट नसीरी जिला बिजनौर को जारी किया गया)

उक्तानुसार कुल 11 संख्या कार्यादेश 26.08.2021 से 30.10.2021 के मध्य (200+200+200+200+200+200+200+200+200+1000+100+120=2820 मीटर) के जारी किये एवं इन सभी की प्रति निदेशक, कार्बेट टाइगर रिर्जव को भी की गयी है।

उक्त के अतिरिक्त निम्न प्रकार प्रभागीय वनाधिकारी, कालागढ़ टाइगर रिर्जव डिवीजन द्वारा पारित/भुगतान किये गये बिलों की फोटो प्रतियां भी संलग्न की गयी है। **(पृष्ठसं0 142–150)**

i. प्रमाणक सं 8/सोना/2021–22 भुगतान दिलशादखानः सोनानदी रेंज, नीम स्रोत से नलकट्टा क0सं0 5 में 41 द्वितीय मीटर हाथी रोधी दीवारः कुल भुगतान 345884.00।

ii. प्रमाणक सं 09/सोना/2021–22 भुगतान दिलशाद खान, सोनानदी रेंज, नीम स्रोत से नलकट्टा क0सं0 5 से 41 मीटर प्रथम हाथी रोधी दीवार, कुल भुगतान 3,45,884.00।

iii. प्रमाण सं0 07/सोना 2021–22 भुगतान किया मै0 विक्रम सिंहः सोनानदी रेंज, कालूशहीद पूर्वी बीट के कालू शहीद क0सं0 14 में बडवाली चौकी के प्लाटन 1 से अर्तराज्यीय सीमा में 50 मीटर हाथी रोधी दीवारः कुल भुगतान 451937.00।

iv. प्रमाण सं0 6/सोना/2021–22 भुगतान किया मै0 विक्रम सिंहः सोनानदी रेंज, कालूशहीद पूर्वी बीट के कालू शहीद क0सं0 14 में बडवाली चौकी के प्लाटन 2 से अर्तराज्यीय सीमा में 50 मीटर हाथी रोधी दीवारः कुल भुगतान 451937.00।

v. प्रमाण सं0 5/सोना/2021–22 भुगतान किया निशांत कुमार, सोना नदी रेंज कालागढ़ पश्चिमी बीट, कालागढ़ क0सं0 8 से कालागढ़ रेज से अर्न्तराज्यीय सीमा से 40 मीटर द्वितीय हाथी रोधी दीवार निर्माणः कुल भुगतान 327543.00।

vi. प्रमाणक सं 3/सोना/2021–22 (7/2021) भुगतान किया नरेश कुमार घिल्डियाल सोना नदी रेंज कालागढ़ वन परिसर में 50 मीटर प्रथम हाथी रोधी दीवार निर्माण कुल भुगतान 460001.00

vii. प्रमाणक सं0 2/सोना/2021–22 (7/2021) भुगतान किया मै0 भूपेन्द्र सिंह सोना नदी रेंज के अन्तर्गत खैरागकढ़ वीट, कालूशहीद क0सं0 16 में खुब्बावली चौकी के प्लाट नं0–2 अन्तरराजीय सीमा के 50 मीटर हाथी रोधी दीवार कुल भुगतान 451937.00।

viii. प्रमाण संख्या 01/सोना/2021–22 (7/2021) भुगतान किया मै0 भूपेन्द्र सिंह, सोना नदी रेंज के अन्तर्गत खैरागकढ़ वीट, कालूशहीद क0सं0 16 में खुब्बावली चौकी के प्लाट नं0–1 अन्तरराजीय सीमा के 50 मीटर हाथी रोधी दीवार कुल भुगतान 451937.00।

ix. प्रमाणक सं0 4/सोना/2021–22 भुगतान किया नरेश चन्द्र घिल्डियाल सोना नदी रेंज कालागढ़ वन परिसर के चारों और सोलर फेन्सिंग करने हेतु दीवार निर्माण कुल भुगतान 2,12,940.00। (इसमें दीवार की माप दर्ज नहीं है)

उपरोक्तानुसार प्रभागीय वनाधिकारी, कालागढ़ टाइगर रिर्जव डिवीजन द्वारा माह जुलाई 2021 में कुल (41+41+50+50+40+50+50+50=372) 372 मीटर हाथी दीवार का भुगतान लगभग 35 लाख का (प्रत्येक बिल 5–5 लाख से कम) कर दिया गया।

E. **जांच टीम की विवेचनाः–**

जांच समिति के लिये प्रभागीय वनाधिकारी, कालागढ़ टाइगर रिर्जव डिवीजन द्वारा 2820 मीटर की हाथी दीवार हेतु 11 कार्यादेशों का जारी करना (जिसकी अनुमानित लागत 2.5 से 3.0 करोड़ के मध्य होगी) एवं 9 प्रमाणक हाथीदीवार एवं 1 प्रमाणक सोलर फैन्सिंग हेतु कुल दीवार 372 मीटर (कुल भुगतान लगभग 32.87 लाख) के बिल पारित कर भुगतान किया जाना पूर्णतः नियम विरूद्ध कार्यवाही है। **जांच समिति का उक्त अभिलेख देख कर यह मत था कि आखिर कोई भी जिम्मेदार राजकीय अधिकारी इस प्रकार कार्य कैसे कर सकता है।** इस कम में समिति को यह भी स्पष्ट करना है कि अनुमोदित टी0सी0पी0 में कोई भी guideline हो, कैम्पा में कुछ भी ए0पी0ओ0 प्रस्तावित किया गया हो, किसी भी राज्य सैक्टर/केन्द्र योजना में कार्य प्रस्तावित हो लेकिन राजकीय कार्यों को कराये जाने सम्बन्धी एक निश्चित प्रक्रिया अथवा protocal होता है जिसके कम में बजट उपलब्धता, वित्तीय एवं प्रशासनिक स्वीकृति तथा अधिप्राप्ति नियमावली का पालन करना अनिवार्य है।

इसी कम में CEO कैम्पा द्वारा जारी पत्रांक 952/3–33(5)/2021–22 दिनांक 19.01.2022 भी के समक्ष आया **(पृष्ठसं0 332–339)** इस पत्र द्वारा उन्होने प्रभागीय वनाधिकारी, कालागढ़ टाइगर रिर्जव डिवीजन से स्वीकृत वार्षिक कार्ययोजना 2021–22 से इतर 189.13 लाख खर्चे का व्यौरा मांगा है। इस पत्र में वर्ष 2021–22 में अवमुक्त 416.47 लाख में कही हाथी दीवार का वर्णन नहीं है। **अतः स्पष्ट होता है कि माह जुलाई 2021 में प्रभागीय वनाधिकारी, कालागढ़ टाइगर रिवर्ज डिवीजन द्वारा कैम्पा मद से किया गया लगभग 35 लाख का भुगतान भी अनाधिकृत है।** इस पत्र के बिन्दु सं0 4 एवं 5 में भी स्पष्ट उल्लेख है कि भौतिक लक्ष्यों की प्राप्ति अनिवार्यतः अवमुक्त धनराशि के सापेक्ष ही की जाये एवं सक्षम स्तर से वित्तीय/प्रशासनिक स्वीकृति भी ली जाये। इसमें यह भी उल्लेख है बिन्दु सं0 6 कि प्रभाग/वृत्त स्तर पर प्रशासनिक/वित्तीय प्रबन्धन हेतु समय बद्ध/प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित की जाये। प्रभाग स्तर से की गयी उपरोक्त अनियमितताओं द्वारा CEO कैम्पा के उक्त सन्दर्भित पत्र द्वारा प्रभागीय वनाधिकारी, कालागढ़ टाइगर रिर्जव डिवीजन का Explaination भी मांगा गया है। इस बिन्दु पर समिति को उच्च स्तर के अधिकारियों के स्तर से प्रकरण में administrative lapses दृष्टिगत हुये।

उक्त निर्मित दीवार के कुछ स्थलों के **(फोटो प्लेट नं0 7/8)** संलग्न है। कई स्थलों पर यह हाथी दीवार जगंल के बीचों बीच बना दी गयी है। पाखरौं सफारी बाड़ा नं0 1 के चारों और हाथी दीवार का भी औचित्य समझ में नहीं आया। अगर कार्बेट टाइगर रिर्जव का 10 वर्षीय approved TCP (tiger conservation plan) भी देखा जाये तो वर्ष 2012–13 से 2021–22 के मध्य सम्पूर्ण CTR क्षेत्र में ही मात्र 2 कि0मी0 हाथी दीवार बनाने का लक्ष्य दिया गया है। **(पृष्ठसं0 233–238)** इस कम में यह भी अवगत हुआ कि उक्त दीवारों के प्रथम चक के बिल लगभग 35 लाख माह 7/2021–22 में ही चार्ज हो चुके थे एवं माह अगस्त अन्तिम 6 दिनों में, (26 अगस्त से 31 अगस्तर 2021 के बीच) 2820 मीटर हाथी दीवार के 11 कार्यादेश जारी किये गये। इन कार्यादेशों की प्रति निदेशक, कार्बेट टाइगर रिर्जव को भी थी। **पूर्ण सम्भावनायें हैं कि इन कार्यों**

को कराये जाने की प्रत्यक्ष/अप्रत्यक्ष सूचनायें भी उच्च स्तरीय अधिकारियों को मिलती रही होगीं। बिना किसी वित्तीय एवं प्रशासनिक स्वीकृति तथा बजट उपलब्धता के भी यह कार्य निरन्तरता के साथ चलते रहे एवं 372 मीटर दीवार का कैम्पा योजना में अनाधिकृत रूप से भुगतान भी कर दिया गया। इस हाथी दीवार के सम्बन्ध में जांच समिति के सम्मुख निम्न प्रकार तीन और कार्यादेश विभिन्न स्रोतों से प्राप्त सूचनाओं के क्रम में जांच रिर्पोट अन्तिम करते समय समक्ष आये ये कार्यादेश पूर्व में वर्णित कम सं0 (i) से (xi) में वर्णित कार्यादेशों से अतिरिक्त है:- **(पृष्ठसं0 410–412)**

xii. कार्यादेश सं0 841/12–1 दिनांक 30.09.2021, पाखरों सफारी हेतु टाइगर वाड़ा के चारों और 0–1 कि0मी0 में हाथी सुरक्षा दीवार निर्माण (कार्यादेश श्री रमेश सिंह, ग्राम पो0 खनेता तल्ला, पट्टी विचला बदलपुर, जिला पौड़ी के नाम जारी किया गया)

xiii. कार्यादेश सं0 842/12–1 दिनांक 30.09.2021, पाखरों सफारी हेतु टाइगर वाड़ा के चारों और 1–2 कि0मी0 में हाथी सुरक्षा दीवार निर्माण (कार्यादेश श्री रमेश सिंह, ग्राम पो0 खनेता तल्ला, पट्टी विचला बदलपुर, जिला पौड़ी के नाम जारी किया गया)

xiv. कार्यादेश सं0 852/12–1 दिनांक 30.08.2021, पाखरों सफारी हेतु टाइगर वाड़ा के चारों और 2–3 कि0मी0 में हाथी सुरक्षा दीवार निर्माण (कार्यादेश श्री रमेश सिंह, ग्राम पो0 खनेता तल्ला, पट्टी विचला बदलपुर, जिला पौड़ी के नाम जारी किया गया)

यह तीनों कार्यादेश तो जांच टीम को पूर्णतः संतभित कर देने वाले थे क्योंकि ये तीनों ही लगभग 3000 मीटर के है। तो इसका तात्पर्य यह हुआ कि ये 3000 मीटर + पूर्व में वर्णित 2820 मीटर के जारी कार्यादेश बिन्दु सं0 (i) से (xi) तक + पूर्व में भुगतान कर दिये दीवार के बिल 372 मीटर कम सं0 (i) से (ix) के मध्य वर्णित प्रमाणक कुल = 6192 मीटर हाथी दीवार बनाने के प्रबल साक्ष्य मिल रहे है। इन तीनों कार्यादेशों का तो स्वंय निदेशक, कार्बेट टाइगर रिर्जव को भी सम्भवतः नहीं पता होगा तब ही उनकी सूचना में इसका कोई उल्लेख नहीं है। इस स्थिति में तो ये एक बड़ी प्रशासनिक चूक कही जायेगी जिसमें उच्च स्तर के अधिकारियों को पता ही नहीं कि इतने वृहद स्तर पर दीवार का निर्माण बिना बजट एवं बिना स्वीकृति के किया जा रहा है। इस सम्बन्ध में टीम द्वारा पूर्व में ही अपनी assumption/ limitation मद में लिखा जा चुका है **कि भविष्य में भी कब, कहां, कोई और भी पत्र अथवा कार्यादेश आदि प्रकट हो जाये, यह कहा नहीं जा सकता।** फिलहाल हाथी दीवार मामले के अन्ततः वर्तमान तक उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर ही समिति द्वारा पाया गया कि इस कार्य में व्यापक स्तर पर वित्तीय नियमों का उल्लंघन किया गया है।

निष्कर्ष (वित्तीय उल्लंघन)

1. सरकारी कार्यों को किये जाने हेतु उक्तानुसार कार्यवाही उत्तराखण्ड अधिप्राप्त नियमावली 2017 के नियम 39,नियम 49 (ग), नियम 3(10) एवं नियम 40 (4) का स्पष्ट उल्लघंन है।

2. उक्त कार्य हेतु कैम्पा योजना से अनाधिकृत भुगतान किया गया है अतः यह कार्य दुर्विनियोग कैम्पा नियम (CAFR), 2018 की धारा 35 का भी स्पष्ट उल्लंघन है।

उक्तानुसार निर्मित दीवार की WPA/FCA/IFA अन्तर्गत विधिक समीक्षा करना, जांच टीम को अत्यधिक दुष्कर/कठिन प्रतीत हुआ। क्योकि इस प्रकार की दीवार निर्मित किया जाना, मानव–वन्यजीव संघर्ष रोकने हेतु वन विभाग द्वारा सामान्यतः अपनाई जा रही एक approved activity है। यह एक cost intencive activity भी है एवं इसके 1 कि0मी0 निर्माण में लगभग 80 लाख से 1 करोड के मध्य व्यय भी आता है। ये जो लगभग 6000 मीटर दीवार जगह–जगह **बिना वित्तीय एवं प्रशासनिक अनुमतियों** के खड़ी कर दी गयी है इसमें लगभग 5 से 6 करोड़ के मध्य के कार्यादेश जारी हुये हैं एवं इसमें ठेकेदारों का व्यय हुआ होगा। **ये धनराशि किस प्रकार कार्य करने वाली एजेन्सियों को दी जायेगी। और अगर इतना बड़ा कार्य ठेकेदारों द्वारा उधारी पर किया गया है तो फिर इस सबके पीछे क्या मन्तव्य छिपा हो सकता है ?** इस सम्बन्ध में पूर्व प्रमुख वन संरक्षक (HoFF), का पत्रांक 802/पी0ओ0 दिनांक 02.11.2021 भी समिति के समक्ष आया, जो कि उनके द्वारा मुख्य सचिव, उत्तराखण्ड को लिखा गया था एवं जिसके बिन्दु सं0 5 में प्रभागीय वनाधिकारी, कालागढ़ टाइगर रिर्जव डिवीजन को लगभग 8 करोड़ रू0 कैम्पा योजना अन्तर्गत उपलब्ध कराने के तथ्य लिखे गये हैं। **(पृष्ठ सं0 290)**

वर्तमान में लागू IFMS इन कार्यों के भुगतान हेतु, सम्भवतः ऐसे कार्यों को recognize ही न कर पाये जिनमें न तो administrative sanction है और न ही financial sanction और न ही budget उपलब्ध है। **जांच का यह अंश, किसी गूठ conspiracy की और भी सम्भावनायें दृष्टिगत करता है कि कहीं इन कार्यों के सापेक्ष किसी/किन्ही, व्यक्ति/ व्यक्ति विशेषों को कोई अप्रत्यक्ष लाभ (in intangible form यथा लकड़ी, बोल्डर, मिट्टी आदि) तो सुलभ नहीं हुआ। टीम का यह स्पष्ट मत है कि यह स्वयं में एक थर्ड पार्टी उच्च स्तरीय जांच का विषय है।**

निष्कर्ष (विधिक उल्लंघन)

इसी कम में प्रमुख वन संरक्षक (HoFF), उत्तराखण्ड द्वारा जारी कार्यवृत्त दिनांक 19.01.2022 **(पृष्ठसं0 16–18)** के भी परिणाम देखने होगें। **क्योंकि कई स्थलों पर इस दीवार क्षेत्र में स्थित वनों की स्थिति को देखते हुये इसके निर्माण मध्य tree removal की सम्भावनाओं को नकारा नहीं जा सकता। tree removal के पुख्ता प्रमाण सिद्ध होने पर** यह मामला भारतीय वन अधिनियम की धारा 26–1 (च एवं ज) का भी उल्लंघन होगा।

हाथी दीवार निर्माण में लगाये गये पत्थरों को वन क्षेत्र से निकालने के कारण यह मामला भारतीय वन अधिनियम की धारा 26–1 (छ) का उल्लंघन है।

उक्त कार्य को कराये जाने मध्य तैनात कर्मचारियों/अधिकारियों की सूची टेबल सं0 1 में संलग्न है।

4. कुगड्डा क्षेत्र, प्लेन रेंज के निर्माण कार्यः–

A. NTCA findings: -

NTCA द्वारा इस विषकय अपने स्थलीय भ्रमण (26–30 सितम्बर 2021) रिपोर्ट में कोई टिप्पणी नहीं दी गयी है।

B. **IRO(भारत सरकार वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, क्षेत्रीय कार्यालय देहरादून)findings: -**

भारत सरकार वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, द्वारा मात्र कुगड्डा क्षेत्र, पलेन रेंज का परिचय दिया है एवं विभिन्न भवनों के कार्यादेश जारी करने एवं निर्माण होने सम्बन्धी तथ्य बताये गये है। **FCA/IFA/WPA के सम्बन्ध में कोई टिप्पणी नहीं है।** कुल 7 work order टी0ओ0 क्वाटर, 3 work order आउट हाउस तथा 1 work order रिसेप्सन हेतु जारी किया गया है। IRO ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि 6 बिल्डिंग टी0ओ0 क्वाटर के नाम से कुगड्डा कैम्प क्षेत्र में कैम्प के बाहर बन रही है, कैम्प के अन्दर भी 2 बिल्डिंग डिप्टी रेंजर क्वाटर एवं पैट्रौलिंग स्टेशन के नाम से बन रही है **उन्हें क्षेत्रीय निरीक्षण मध्य फोरेस्ट स्टाफ द्वारा बताया गया कि ये सब टूरिज्म सुविधा हेतु किया जा रहा है। (पृष्ठसं0 35–38)**

C. प्रमुख वन संरक्षक (HoFF), उत्तराखण्ड/प्रमुख वन संरक्ष, वन्यजीव/निदेशक, कार्बेट टाइगर रिर्जव, द्वारा मा0 उच्च न्यायालय, उत्तराखण्ड में दायर शपथ पत्र दिनांक 09.11.2021:-

उक्त दायर शपथ पत्र में कुगड्डा क्षेत्र, प्लेन रेंज में निर्माण कार्यों के सम्बन्ध में कोई टिप्पणी नहीं दी गयी है।

D. **जांच टीम द्वारा अपने पत्रांक 1653/1–41 (iv) दिनांक 07.01.2022 द्वारा मांगी गयी सूचना के कम में वर्तमान प्रभागीय वनाधिकारी, कालागढ़ टाइगर रिर्जव डिवीजन एवं निदेशक, कार्बेट टाइगर रिर्जव, द्वारा हस्ताक्षर युक्त प्रस्तुत सूचनाः–**

निदेशक, कार्बेट टाइगर रिवर्ज द्वारा अपने पत्रांक 1651/1–41 दिनांक 12.01.2022 द्वारा इस कार्य के सम्बन्ध में विस्तृत सूचना मय संलग्नक उपलब्ध कराई गयी है। **(पृष्ठसं0 151–161)** सूचना का सार निम्न प्रकार है।

1. कर्मचारियों के आवास हेतु 2 भवन भू–तल में बनाये गये हैं जिनकी नपत 10.49 मीटर X 11.17 मीटर है।
2. **कार्य हेतु कोई बजट उपलब्ध नहीं था, वित्तीय–प्रशासनिक स्वीकृति नहीं है।**
3. कार्य 16.08.2021 को आरम्भ हुआ अभी अपूर्ण है, कार्य का कोई विल चार्ज नहीं हुआ है तथा कार्य में **किसी प्रकार का WPA/FCA/IFA का उल्लंघन नहीं हुआ।** उक्त पत्र के साथ निदेशक द्वारा निम्न महत्वपूर्ण संलग्नक भी उपलब्ध कराये गये।

प्रभागीय वनाधिकारी, कालगढ़ टाइगर रिर्जव डिवीजन का पत्रांक 484/3–2 दिनांक 25.08.2021 जिसके द्वारा वे, निदेशक कार्बेट टाइगर रिर्जव से पर्यटकों/कर्मचारियों की सुविधा हेतु कुगड्डा क्षेत्र में निम्न मदों में टी0ए0सी0/वित्तीय स्वीकृति हेतु प्रस्ताव भेज कर रहे हैं। **(पृष्ठसं0 151–152)**

I.	कुगड्डा में स्वागती केन्द्र निर्माणः–	29.66 लाख
II.	कुगड्डा में मैस निर्माणः–	38.30 लाख
III.	कुगड्डा में रेंज कार्यालय/आवास निर्माणः–	46.32 लाख
IV.	कुगड्डा में स्टाफ क्वाटर/गैराज निर्माणः–	41.92 लाख

पुनः प्रभागीय वनाधिकारी, कालागढ़ टाइगर रिर्जव डिवीजन पत्रांक 485/3–2 दिनांक 25.08.2021 द्वारा निदेशक, कार्बेट टाइगर रिवर्ज, से कुगड्डा क्षेत्र में पर्यटकों/कर्मचारियों की सुविधा हेतु निम्न मदों में टी0ए0सी0/वित्तीय स्वीकृति हेतु के प्रस्ताव भेज रहे हैं। **(पृष्ठसं0 153)**

I.	कुगड्डा के टी0ओ0 क्वाटर/काटेज निर्माणः–	61.35 लाख
II.	कुगड्डा में टी0ओ0 क्वाटर/काटेज निर्माणः–	61.36 लाख
III.	कुगड्डा में स्टाफ क्वाटर/गैराज निर्माणः–	61.36 लाख
IV.	कुगड्डा में टी0ओ0 क्वाटर निर्माण यूनिट 3:–	59.43 लाख

इन दोनो पत्रों की प्रति प्रमुख वन संरक्षक, वन्यजीव/मुख्य वन्यजीव प्रतिपालक, एवं अपर प्रमुख वन संरक्षक, नियोजन एवं वित्तीय प्रबन्धन को भी की गयी है।

उक्त सूचना के साथ ही प्रभागीय वनाधिकारी, कालागढ़ टाइगर रिर्जव डिवीजन द्वारा जारी कार्यादेशों की प्रतियां भी निम्न प्रकार प्रेषित की गयी हैं। **(पृष्ठसं0 155–161)**

i. कार्यादेश सं0– 309/12–1 दिनांक 04.08.2021 कुगड्डा में टी0ओ0 क्वाटर गाइड कक्ष भाग–1 निर्माण। (कार्यादेश मै0 डी0पी0 सिंह कोन्ट्रेक्टर काशीपुर के नाम जारी किया गया है)

ii. कार्यादेश सं0– 310/12–1 दिनांक 04.08.2021 कुगड्डा में टी0ओ0 क्वाटर गाइड कक्ष भाग–2 निर्माण। (कार्यादेश मै0 डी0पी0 सिंह कोन्ट्रेक्टर काशीपुर के नाम जारी किया गया है)

iii. कार्यादेश सं0– 298/12–1 दिनांक 04.08.2021 सेंदखाल में टी0ओ0 क्वाटर गाइड कक्ष भाग–2 निर्माण। (कार्यादेश मै0 डी0पी0 सिंह कोन्ट्रेक्टर काशीपुर के नाम जारी किया गया है)

iv. कार्यादेश सं0– 311/12–1 दिनांक 04.08.2021 कुगड्डा में टी0ओ0 क्वाटर गाइड कक्ष भाग–3 निर्माण। (कार्यादेश मै0 डी0पी0 सिंह कोन्ट्रेक्टर काशीपुर के नाम जारी किया गया है)

v. कार्यादेश सं0– 304/12–1 दिनांक 04.08.2021 कुगड्डा में टी0ओ0 क्वाटर भाग–1 का निर्माण। (कार्यादेश मै0 डी0पी0 सिंह कोन्ट्रेक्टर काशीपुर के नाम जारी किया गया है)

vi. कार्यादेश सं0– 305/12–1 दिनांक 04.08.2021 कुगड्डा में टी0ओ0 क्वाटर भाग–2 निर्माण।(कार्यादेश मै0 डी0पी0 सिंह कोन्ट्रेक्टर काशीपुर के नाम जारी किया गया है)

vii. कार्यादेश सं0– 306/12–1 दिनांक 04.08.2021 कुगड्डा में टी0ओ0 क्वाटर भाग–3 निर्माण। (कार्यादेश मै0 डी0पी0 सिंह कोन्ट्रेक्टर काशीपुर के नाम जारी किया गया है)

सभी कार्यादेशों की प्रतियां निदेशक, कार्बेट टाइगर रिर्जव, को भी की गयी हैं। उक्त के अतिरिक्त प्रश्नगत क्षेत्र में कुछ और कार्यादेश भी प्रभागीय वनाधिकारी, कालागढ़ टाइगर रिर्जव डिवीजन द्वारा जारी किये गये हैं जो कि **IRO की रिपोर्ट में संलग्नक के रूप में लगे हुये समिति के संज्ञान में आये जो कि निदेशक, कार्बेट टाइगर रिर्जव द्वारा दी गयी सूचना में नहीं लगे थे। (पृष्ठसं0 229–232)**

viii. कार्यादेश सं0– 297/12–1 दिनांक 04.08.2021, सेन्धखाल में टी0ओ0 क्वाटर गाइड कक्ष भाग–1 निर्माण। (कार्यादेश मै0 डी0पी0 सिंह कोन्ट्रेक्टर काशीपुर के नाम जारी किया गया है)

ix. कार्यादेश सं0– 267/12–1 दिनांक 04.08.2021, कुगड्डा में आउट हाउस निर्माण भाग–1 का निर्माण। (कार्यादेश मै0 डी0पी0 सिंह कोन्ट्रेक्टर काशीपुर के नाम जारी किया गया है)

x. कार्यादेश सं0– 302/12–1 दिनांक 04.08.2021, कुगड्डा में आउट हाउस निर्माण भाग–2 का निर्माण। (कार्यादेश मै0 डी0पी0 सिंह कोन्ट्रेक्टर काशीपुर के नाम जारी किया गया है)

xi. कार्यादेश सं0– 303/12–1 दिनांक 04.08.2021, कुगड्डा में आउट हाउस निर्माण भाग–3 का निर्माण। (कार्यादेश मै0 डी0पी0 सिंह कोन्ट्रेक्टर काशीपुर के नाम जारी किया गया है)

E. जांच टीम की विवेचना एवं निष्कर्षः–

उपरोक्तानुसार स्थिति की जांच समिति द्वारा समीक्षा की गयी तथा यह भी स्पष्ट हुआ कि सम्भवतः निदेशक, कार्बेट टाइगर रिर्जव को यह भी सही–सही नहीं पता कि **कुगड्डा क्षेत्र में कितने निर्माण कार्य किये जा रहे हैं** तब ही उनके द्वारा प्रस्तुत सूचना में वर्णित किया गया है कि कर्मचारियों के आवास हेतु 2 भवन भू–तल में बनाये गये हैं जिनकी नपत 10.49 मीटर X 11.17 मीटर है एवं लिखा गया है इसके भी कार्यादेश जारी नहीं किये गये जबकि उनके द्वारा 7 कार्यादेश सूचना के साथ संलग्न किये गये। **(पृष्ठसं0 155–161)** इन सभी कार्यादेशों के प्रति निदेशक, कार्बेट टाइगर रिवर्ज, को की ही गयी हैं। भारत सरकार वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के निरीक्षण नोट में यह स्पष्ट उल्लेख किया गया है कि 6 भवन तो कुगड्डा कैम्प के बाहर बन रहे हैं, 2 भवन कुगड्डा कैम्प के अन्दर बन रहे हैं एवं कुल 7 वर्क आर्डर टी0ओ0 के लिये, 3 आउट हाउस के लिये, और 1 reception centre के लिये जारी किये गये हैं। उक्तानुसार स्पष्ट होता है कि **सम्भवतः निदेशक, कार्बेट टाइगर रिर्जव इस स्थान पर हुये निर्माण से या तो अवगत ही नही है या फिर उनके द्वारा वास्तविक तथ्यों को छुपाया गया है** इस बिन्दु पर समिति को उच्च स्तर के अधिकारियों के स्तर से प्रकरण में administrative lapses दृष्टिगत हुये। टीम द्वारा दिनांक 11.01.2022 को समयाभाव के कारण स्वंय स्थलीय निरीक्षण नहीं किया जा सका।

वित्तीय/प्रशासनिक अनुमतियों के सम्बन्ध में यहां भी वही स्थिति पाई गयी जो कि पहले के कार्यों में है। इन कार्यादेशों के जारी करने की तीव्रता इस स्तर की पायी गयी कि बिना बजट उपलब्धता एवं वित्तीय एवं प्रशासनिक स्वीकृति एक ही दिन दिनांक 04.08.2021 को 11 सं0 कार्यादेश एक ही ठेकेदार मै0 डी0पी0 सिंह को जारी कर दिये गये। इस प्रकार इस मामले में वित्तीय नियमों का निम्न प्रकार घोर उल्लंघन किया गया है।

निष्कर्ष (वित्तीय अनियमित्ता)

सरकारी कार्यों को किये जाने हेतु उक्तानुसार कार्यवाही उत्तराखण्ड अधिप्राप्त नियमावली 2017 के नियम 39, नियम 3 (10), नियम 40 (4) एवं 49 (ग) का स्पष्ट उल्लघंन है। **(पृष्ठ सं0 427)**

इस स्थल पर हुये/परिकल्पित इतने बडे पैमाने पर निर्माण कार्य को देखते हुये क्यों नहीं किसी भी उच्चाधिकारी द्वारा हस्तक्षेप किया गया एवं इसे रूकवाया गया क्योंकि कार्यादेशों की प्रतियां निदेशक, कार्बेट टाइगर रिर्जव को थी एवं टी0ऐ0सी0/वित्तीय स्वीकृति प्राप्त करने हेतु निदेशक को सम्भोदित पत्र की प्रतियां प्रमुख वन संरक्षक, वन्यजीव एवं मुख्य वन्यजीव प्रतिपालक को भी पृष्ठाकिंत थी। **इस प्रकरण में भी ससमय, उच्च स्तर से बिना बजट/बिना स्वीकृतियां कराये जाने वाले कार्यों में नियमानुसार प्रभावी हस्तक्षेप न करने के तथ्य स्पष्ट होते है एवं** इस बिन्दु पर समिति को उच्च स्तर के अधिकारियों के स्तर से प्रकरण में administrative lapses दृष्टिगत होते हैं।

विधिक रूप से कुगड्डा में किये गये कार्यों का परीक्षण किया जाना निम्न प्रकार अत्यधिक रोचक है। प्रभागीय वनाधिकारी, कालागढ़ टाइगर रिर्जव डिवीजन द्वारा आवेदित TAC/वित्तीय स्वीकृति पत्रांक 484/3–2 दिनांक 25.08.2021 **(पृष्ठसं0 154)** एवं पत्रांक 485/3–2 दिनांक 25.08.2021 **(पृष्ठसं0 153)** में कार्य विवरण यथा स्वागती केन्द्र निर्माण/मैस निर्माण/ टी0ओ0 क्वाटर काटेज निर्माण आदि–आदि एवं जारी कार्यादेशों में टी0ओ0 क्वाटर गाइड कक्ष भाग–1, भाग–2, भाग–3 निर्माण तथा टी0ओ0 क्वाटर भाग–1, भाग–2, भाग–3 आदि देख कर तथा भारत सरकार वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा प्रद्धत निरीक्षण नोट पढ कर यह स्पष्ट आभास होता है कि इस स्थल पर एक बडे रूप में पर्यटक सुविधायें बनायी जा रही थी। जो कि प्रभागीय वनाधिकारी, कालागढ़ टाइगर रिर्जव डिवीजन द्वारा आवेदित TAC/वित्तीय स्वीकृति पत्रांक 484/3–2 दिनांक 25.08.2021 एवं पत्रांक 485/3–2 दिनांक 25.08.2021 के विषय में ही निम्न प्रकार वर्णित है **"प्रभाग के सोना नदी एवं पलैन रेंज के अन्तर्गत पर्यटकों/कर्मचारियों की सुविधा हेतु विभिन्न निर्माण कार्यों के प्राक्कलन वित्तीय स्वीकृति/टी0ए0सी0 करवाने के सम्बन्ध में"**।

यह भी स्पष्ट है कि टूरिज्म गैरवानिकी गतिविधि है।

TCP भी इस प्रकार की सुविधा/ निर्माण करने की अनुमति बिना FCA 1980/WPA 1972 की स्वीकृतियों के नही देता यहां तक कि Eco tourism के लिये भी भारत सरकार के पत्रांक File No. 5-2/2017-FC Part(1) दिनांक 25.10.2021 **(पृष्ठसं0 239–243)** द्वारा निम्न प्रकार व्यवस्था दी गयी है:–

Development/ construction of facilities which are not of permanent nature, in forest areas for the purpose of ecolourism by government authorities shall not be considered as non-forestry activity for the purpose of FC Act 1980.

वैसे उक्त व्यवस्था भी 25.10.2021 के पत्र द्वारा निर्गत है। इससे पूर्व लागू guidelines के para 12.13 अनुसार (पृष्ठ सं0 241)

12.13 ecotourism: ecotourism in a non-forestry activity and will be allowed in PA if the said activies are part of the management plan/ TCP and are duly approved by central government.

एवं प्रश्नगत क्षेत्र जो कि tiger reserve का हिस्सा है में, मोरघट्टी की ही भांति (जैसा कि प्रमुख वन संरक्षक (HoFF), उत्तराखण्ड द्वारा अपने शपथ पत्र दिनांक 09.11.2021 में स्पष्ट लिखा है कि ऐसे स्थलों पर टी0सी0पी0 अनुसार पर्यटक सुविधायें स्थापित करने से पूर्व FCA अन्तर्गत अनुमतियां लेनी अनिवार्य है)।

निष्कर्ष (विधिक उल्लंघन)

प्रश्नगत क्षेत्र में उपलब्ध अभिलेखों के अध्ययन उपरान्त ऐसा स्पष्ट होता है कि प्रश्नगत क्षेत्र में यहां कुछ पर्यटन सुविधायें विकसित करने के प्रयास किये गये। पर्यटन/ईको पर्यटन गैरवानिकी गतिविधि होने के कारण, इस कार्य को किये जाने के दृष्टिगत FCA 1980 की धारा 2 (2) का स्पष्ट उल्लंघन दृष्टिगत होता है।

विधिक दृष्टि से प्रश्नगत क्षेत्र में tree removal की सम्भावनाओं की NRSA imagery द्वारा पुख्ता पुष्टि हेतु प्रमुख वन संरक्षक (HoFF), उत्तराखण्ड द्वारा दिनांक 19.01.2022 को निर्देश निर्गत किये जा चुके है। इसके परिणाम अगर tree removal के पक्ष में आते हैं तो यहां के illegal tree felling के साथ–साथ, ये वृक्ष कहां गये प्रथक से जांच का विषय होगा।

वृक्ष कटान की पुष्टि होने पर यह कार्य भारतीय वन अधिनियम 1927 की धारा 26 (च एवं ज) का उल्लंघन होगा।

प्रश्नगत क्षेत्र में वर्णित कार्य अवधि मध्य तैनात कर्मचारियों/अधिकारियों की सूची संलग्न में Table no. I के रूप में दी गयी है।

5. **पाखरों वन विश्राम गृह परिसर में भवनों का निर्माणः–**

A. NTCA Findings:-

NTCA द्वारा अपने निरीक्षण (26–30 सितम्बर 2021) रिपोर्ट में अवगत कराया है कि पाखरों में भी मोरघट्टी की ही भांति 4 यूनिट बन रही है। **इन भवनों की डिजाईन कोटेज रूप में है जो कि टूरिज्म प्रयोजन के लिये होती है।** चूंकि ये स्थल कार्बेट टाइगर रिजर्व का बफर है। **अतः यहां WPA 1972, FCA 1980 के अन्तर्गत स्वीकृतियां लेनी अनिवार्य है।** प्रभागीय वनाधिकारी ने उन्हें अवगत कराया कि उनके पत्रांक 541, 542, 544, 545, 547, 548, 549, 550, 551/3–2 सभी दिनांक 31.08.2021 द्वारा निदेशक से स्वीकृतियां मांगी थी। निदेशक ने अवगत कराया कि ये पत्र उन्हें कभी प्राप्त नहीं हुये। **(पृष्ठसं0 22)**

B. **IRO(भारत सरकार वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, क्षेत्रीय कार्यालय देहरादून)findings: -**

भारत सरकार वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, द्वारा अपने निरीक्षण (25–26 अक्टूबर 2021) रिपोर्ट में अवगत कराया कि उन्हें प्रभागीय वनाधिकारी, कालागढ़ टाइगर रिर्जव डिवीजन ने बताया कि बनाई जा रही **4 Identical double story buildings (each having 4 room with attached bathroom facility) पशु चिकित्सक आवास– पशु चिकित्सक स्टाफ आवास–क्यूरेटर– रेंज अधिकारी आवास है।** भारत सरकार वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, **को यह पूर्णतः असत्य प्रतीत हुआ एवं ये निर्माण वन संरक्षण अधिनियम 1980, वन संरक्षण अधिनियम 1927 का विशुद्ध उल्लंघन है।** निदेशक, द्वारा उक्त निर्माण कार्य रोकने हेतु लिखा भी गया परन्तु प्रभागीय वनाधिकारी ने नहीं माना। इस क्रम में उनके द्वारा निदेशक, कार्बेट टाइगर रिर्जव द्वारा जारी पत्र दिनांक 27.08.2021, **(पृष्ठसं0 85 & 246)** दिनांक 23.09.2021, **(पृष्ठसं0 87 & 245)** दिनांक 23.10.2021 **(पृष्ठसं0 244)** तथा पत्र दिनांक 20.09.2021 **(पृष्ठसं0 86 & 247)** तथा पत्र दिनांक 04.10.2021 **(पृष्ठसं0 248–249)** का हवाला भी दिया गया जिस पर प्रभागीय वनाधिकारी, कालागढ़ टाइगर रिजर्व, प्रभाग द्वारा अपने पत्रांक 22.09.2021 **(पृष्ठसं0 250)** द्वारा कार्यों का औचित्य साबित करने की कोशिश की गयी थी।

C. **प्रमुख वन संरक्षक (HoFF), उत्तराखण्ड/प्रमुख वन संरक्षक, वन्यजीव/निदेशक, कार्बेट टाइगर रिर्जव, द्वारा मा0 उच्च न्यायालय, उत्तराखण्ड में दायर शपथ पत्र दिनांक 09.11.2021:-**

उक्त शपथ पत्र में पाखरों वन विश्राम गृह के समीप निर्माण कार्यों के सम्बन्ध में अवगत कराया गया है कि यहां 2 दोमंजिला इमारते प्रत्येक 128 वर्ग मी0 floor area की, 1 एक मंजिला इमारत 145 वर्ग मी0 floor area की तथा 1 एक मंजिला इमारत 128 वर्ग मी0 floor area की निर्माणाधीन है। उन्हे प्रभागीय वनाधिकारी ने बताया कि पाखरों सफारी हेतु स्वीकृत क्षेत्र में उक्त भवन बनाते तो अधिक पेड़ काटने पड़ते अतः यहां बना दिये गये। वन संरक्षण अधिनियम 1980 अन्तर्गत प्लान बदलवाकर पुनः स्वीकृत करवायेगें। निदेशक,

कार्बेट टाइगर रिवर्ज, ने बताया कि **उनके द्वारा कोई वित्तीय/प्रशासनिक-स्वीकृति नहीं दी गयी** है। **इसमें FCA 1980/WPA 1972 का उल्लंघन हुआ है। (पृष्ठसं0 56–58)**

D. **जांच टीम द्वारा अपने पत्रांक 1653/1–41 (iv) दिनांक 07.01.2022 द्वारा मांगी गयी सूचना के कम में वर्तमान प्रभागीय वनाधिकारी, कालागढ़ टाइगर रिर्जव डिवीजन एवं निदेशक, कार्बेट टाइगर रिर्जव, द्वारा हस्ताक्षर युक्त प्रस्तुत सूचनाः–**

निदेशक, कार्बेट टाइगर रिवर्ज द्वारा अपने पत्रांक 1651/1–41 दिनांक 12.01.2022 द्वारा इस कार्य के सम्बन्ध में विस्तृत सूचना मय संलग्नक उपलब्ध कराई गयी है। **(पृष्ठसं0 162–172)** सूचना का सार निम्न प्रकार है।

1. पाखरों वन विश्राम गृह में तीन भवन जिसमें प्रत्येक 10.49 X 11.17 वर्ग मी0 तथा एक भवन 14.92 X 9.70 वर्ग मी0 में सभी दोमंजिलों में निर्माणाधीन है।
2. **कार्य हेतु बजट नहीं, वित्तीय स्वीकृति नहीं थी, प्रशासनिक स्वीकृति नहीं थी।**
3. कार्य 10.08.2021 को चालू हुआ अभी अपूर्ण हैं।
4. कार्य से सम्बन्धित कोई बिल चार्ज नहीं हुआ।
5. कार्य वन अधिनियम में स्वीकृत पाखरों टाइगर सफारी में वर्णित स्थल से परिवर्तित हो गया है। अतः **वन संरक्षण अधिनियम 1980 अन्तर्गत दी गयी शर्तों का उल्लंघन है।** IFA/WPA का उल्लंघन नहीं है।

निदेशक, कार्बेट टाइगर रिवर्ज द्वारा निम्न प्रकार प्रभागीय वनाधिकारी, कालागढ़ टाइगर रिजर्व द्वारा जारी कार्यादेश संलग्न किये हैः– **(पृष्ठसं0 165–172)**

i. कार्यादेश पत्रांक– 240/12–1 दिनांक 28.07.2021:– पाखरों रेंज स्थित पाखरों में कैम्प क्वाटर ग्राउन्ड फ्लोर भवन। (कार्यादेश शहनवाज शमसी, ग्राम गंगादत्त जोशी मार्ग, कोटद्वार को जारी किया गया)

ii. कार्यादेश पत्रांक– 241/12–1 दिनांक 28.07.2021:– पाखरों रेंज स्थित पाखरों में **कैम्प क्वाटर फर्स्ट फ्लोर भवन (प्रथम तल भवन)**। (कार्यादेश एक्सक्लूसिव डिजाईन प्रा0लि0, ग्राम रामागांव पो0 गुमखाल, पौड़ी गढ़वाल को जारी किया गया)

iii. कार्यादेश पत्रांक– 242/12–1 दिनांक 29.07.2021:– पाखरों रेंज स्थित पाखरों में टी0ओ0 क्वाटर फर्सट फ्लोर (प्रथम तल) भवन। (कार्यादेश एक्सक्लूसिव डिजाईन प्रा0लि0, ग्राम रामागांव पो0 गुमखाल, पौड़ी गढ़वाल को जारी किया गया)

iv. कार्यादेश पत्रांक– 243/12–1 दिनांक 29.07.2021:– पाखरों रेंज स्थित पाखरों में टी0ओ0 क्वाटर ग्राउण्ड फ्लोर भवन। (कार्यादेश शहनवाज शमसी, ग्राम गंगादत्त जोशी मार्ग, कोटद्वार को जारी किया गया)

v. कार्यादेश पत्रांक– 1051/12–1 दिनांक 22.10.2021:– पाखरों रेंज स्थित पाखरों में **कैम्प क्वाटर प्रथम तल निर्माण।** (कार्यादेश शहनवाज शमसी, ग्राम गंगादत्त जोशी मार्ग, कोटद्वार को जारी किया गया)

vi. कार्यादेश पत्रांक– 1050/12–1 दिनांक 22.10.2021:– पाखरों रेंज स्थित पाखरों में कैम्प क्वाटर 1 भू–तल निर्माण। (कार्यादेश शहनवाज शमसी, ग्राम गंगादत्त जोशी मार्ग, कोटद्वार को जारी किया गया)

vii. कार्यादेश पत्रांक– 1052/12–1 दिनांक 22.10.2021:– पाखरों रेंज स्थित पाखरों में टी0ओ0 क्वाटर 2 भू–तल निर्माण। (कार्यादेश एक्सक्लूसिव डिजाईन प्रा0लि0, ग्राम रामागांव पो0 गुमखाल, पौड़ी गढ़वाल को जारी किया गया)

viii. कार्यादेश पत्रांक– 1053/12–1 दिनांक 22.10.2021:– पाखरों रेंज स्थित पाखरों में टी0ओ0 क्वाटर 2 प्रथम तल निर्माण। (कार्यादेश एक्सक्लूसिव डिजाईन प्रा0लि0, ग्राम रामागांव पो0 गुमखाल, पौड़ी गढ़वाल को जारी किया गया)

उक्त सभी कार्यादेशों की प्रति निदेशक, कार्बेट टाइगर रिवर्ज को भी की गयी है।

उक्त के अतिरिक्त निदेशक, कार्बेट टाइगर रिर्जव द्वारा निम्न प्रकार प्रतियां भी संलग्न की है।

1. प्रभागीय वनाधिकारी, कालागढ़ टाइगर रिर्जव डिवीजन का पत्रांक 437/3–2 दिनांक 19.08.2021 जिसमें प्रभागीय वनाधिकारी, कालागढ़ टाइगर रिर्जव डिवीजन, मुख्य वन्यजीव प्रतिपालक से (द्वारा निदेशक, कार्बेट टाइगर रिजर्व) निम्न कार्यों की अनुमति देने हेतु लिख रहे हैं:– **(पृष्ठसं0 164)**
   i. पाखरों में टूरिंग क्वाटर/पशुचिकित्सा अधिकारी आवास/कैम्प आफिस निर्माण:–94.20 लाख
   ii. पाखरों में फार्मसिस्ट/सहायक/क्यूरेटर सहायक आवास:– 59.66 लाख
   iii. पाखरों में क्यूरेटर/टाइगर सफारी इंचार्ज आवास/कार्यालय/अन्य स्टाफ कीयर आवास:– 59.55 लाख।
   iv. पाखरों में राजि कार्यालय/उप वन संरक्षक–प्रभागीय वनाधिकारी कैम्प हट:– 59.66 लाख

   कुल:– 273.18 लाख

2. प्रभागीय वनाधिकारी, कालागढ़ टाइगर रिर्जव डिवीजन, का पत्रांक 1326/3–2 दिनांक 22.11.2021, **(पृष्ठसं0 163)** जिसमें प्रभागीय वनाधिकारी, कालागढ़ टाइगर रिर्जव डिवीजन, मुख्य वन्यजीव प्रतिपालक से (द्वारा निदेशक, कार्बेट टाइगर रिजर्व) निम्न कार्यों के बारे में मुख्य वन्यजीव प्रतिपालक से पूछ रहे हैं कि उनके द्वारा स्वीकृतियां आवेदित की गयी थी, आपके स्तर पर लम्बित है, इन कार्यों को करने में वन संरक्षण अधिनियम 1980 में छूट है, ये कार्य टी0सी0पी0 की आवश्यकता के अनुरूप है। इस प्रकार के कार्य APO में रखे जाते हैं, वित्तीय–तकनीकी स्वीकृति आवेदित की जाती है, धनराशि प्राप्त होने पर भुगतान कर दिया जाता है। बजट की मांग कर रखी है। कहा जा रहा है

मुख्य वन्यजीव प्रतिपालक स्तर से विधिक स्वीकृति नहीं है। अतः ये कार्य अवैध है। **कृपया बतायें, tiger reseve के किसी भी भाग में क्या आप द्वारा उक्त प्रकार के वानिकी कार्य कराये जाने की विधिक स्वीकृति दी गयी है ?** प्रभागीय वनाधिकारी, कालागढ़ टाइगर रिर्जव डिवीजन, द्वारा पत्र में निम्न कार्य लिखे गये हैं:–

i.	सोनानदी मार्ग पर 05 कल्वर्ट निर्माणः–	43.03 लाख
ii.	सोनानदी रेंज में मोरघट्टी में 04 कर्मचारी भवन निर्माणः–	237.72 लाख
iii.	पाखरों रेंज में पाखरों वन विश्राम गृह में 04 कर्मचारी आवास निर्माणः–	273.18 लाख
iv.	पाखरों के अन्तर्गत वाटर बॉडी निर्माणः–	25.00 लाख

E- जांच समिति की विवेचना एवं निष्कर्षः–

उक्त Factual Information जो कि अत्यधिक complicated और varied भी है के मध्य समिति द्वारा अपनी राय एवं findings निकालना वास्तव में एक अत्यधिक जटिल कार्य रहा। फिर भी सम्पूर्ण मामले की निम्न प्रकार विवेचना की जा रही है।

सर्वप्रथम तो कार्बेट पार्क प्रशासन की पाखरों में भवन निर्माण को लेकर लिये गये Stand पर समयानुसार भिन्नता दृष्टिगत हुई। उदारणतः

- सर्वप्रथम NTCA भ्रमण मध्य (26–30 सितम्बर 2021) जिसमें निदेशक, कार्बेट टाइगर रिवर्ज एवं प्रभागीय वनाधिकारी, कालागढ़ टाइगर रिर्जव डिवीजन भी उपस्थित थे, यह तथ्य प्रकाश में लायें गये कि प्रभागीय वनाधिकारी, कालागढ़ टाइगर रिर्जव डिवीजन द्वारा अपने विभिन्न पत्राकों लगभग 9 संख्या सभी दिनांक 31.08.2021 **(पृष्ठसं0 22)** द्वारा निदेशक, कार्बेट टाइगर रिर्जव से वित्तीय स्वीकृतियां मांगी गयी परन्तु उनके द्वारा नहीं दी गयी। निदेशक, कार्बेट टाइगर रिर्जव द्वारा NTCA के सम्मुख अवगत कराया गया कि ये पत्र उन्हे प्राप्त ही नहीं हुये। यहां पर **वास्तविक तथ्यों के साथ कुछ अनभिज्ञता वर्णित करने के प्रयास किये गये क्योंकि इस क्षेत्र में सर्वप्रथम** तो प्रभागीय वनाधिकारी, कालागढ़ टाइगर रिर्जव डिवीजन द्वारा चार कार्यादेश (बिन्दु सं0 i से iv) तो माह जुलाई 2021 में ही कर दिये गये थे तथा 19.08.2021 को प्रभागीय वनाधिकारी, कालागढ़ टाइगर रिर्जव डिवीजन द्वारा अपने पत्रांक 437/3–2 दिनांक 19.08.2021 **(पृष्ठसं0 164)** से मुख्य वन्यजीव प्रतिपालक, (द्वारा निदेशक, कार्बेट टाइगर रिर्जव) लगभग 2.73 करोड़ के कार्यो हेतु स्वीकृति हेतु अनुरोध किया था एवं इसके पश्चात 22.10.2021 को प्रभागीय वनाधिकारी, कालागढ़ टाइगर रिर्जव डिवीजन द्वारा 4 और कार्यादेश भवन निर्माण (कम सं0 v से viii तक) सम्बन्धी जारी कर दिये गये। इस घटना से यह पूर्णतः सिद्ध होता है **कि पाखरों वन विश्राम गृह में भवन निर्माण सम्बन्धी जो भी कार्य हो रहा था वह ससमय सभी सम्बन्धितों के संज्ञान में था।**
- पुनः जब लगभग 1 माह पश्चात भारत सरकार वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, का निरीक्षण (25–26 अक्टूबर 2021) में हुआ तब भी निदेशक, कार्बेट टाइगर रिर्जव, एवं प्रभागीय वनाधिकारी, कालागढ़

टाइगर रिर्जव डिवीजन साथ थे। उस समय निदेशक, कार्बेट टाइगर रिर्जव, ने स्पष्ट बताया कि उनके द्वारा प्रभागीय वनाधिकारी, कालागढ़ टाइगर रिर्जव डिवीजन को कई पत्र लिखे गये जिसमें उन्होने कार्य रोकने हेतु निर्देश दिये परन्तु प्रभागीय वनाधिकारी, कालागढ़ टाइगर रिर्जव डिवीजन द्वारा उनके निर्देशों का पालन नहीं किया गया। इससे स्पष्ट होता है कि इस समय अवधि में कार्बेट प्रशासन द्वारा प्रभागीय वनाधिकारी, कालागढ़ टाइगर रिर्जव डिवीजन द्वारा कराये जा रहे कार्यो पर आपत्ति उठानी आरम्भ कर दी गयी थी। यहां समिति के द्वारा यह भी अनुभव किया गया कि निदेशक, कार्बेट टाइगर रिर्जव द्वारा निर्माण कार्य रोकने सम्बन्धी जिन पत्रों का बार–बार हवाला दिया जा रहा है उनकी प्रतियां सभी उच्च स्तर को समय–समय पर की जाती रही है।

- पुनः जब लगभग 1 माह पश्चात प्रमुख वनं संरक्षक (HoFF), प्रमुख वन संरक्षक, वन्यजीव, निदेशक, कार्बेट टाइगर रिर्जव के स्थलीय निरीक्षण दिनांक 30.11.2021 पश्चात मा0 उच्च न्यायालय में दायर शपथ पत्र दिनांक 09.11.2021 में पाखरों वन विश्राम गृह के आस–पास बने निर्माण कार्य को, पाखरों टाइगर सफारी के स्वीकृत कार्यों से जोडते हुये देखा गया एवं कतिपय कारणों वश भवनों के निर्माण हेतु स्थल परिवर्तन हो जाने सम्बन्धी तथ्य रखे गये।

उपरोक्तानुसार अगर गहनता के साथ देखा जाये तो माह जुलाई से ही इन कार्यों की गहन समीक्षा की जा सकती थी एवं सभी सम्बन्धित अधिकारियों के सम्मलित प्रभावी प्रयासों से किसी भी दृष्टि से विधि के विपरीत हो रहे कार्यों को रोका/परिवर्तित/सही किया जा सकता था, जो कि नहीं हुआ। इस बिन्दु पर समिति को उच्च स्तर के अधिकारियों के स्तर से प्रकरण में administrative lapses दृष्टिगत होते हैं।

अब अगर प्रभागीय वनाधिकारी, कालागढ़ टाइगर रिर्जव डिवीजन द्वारा किये गये कार्यादेशों पर दृष्टि डाली जाये तो पुनः यह प्रतीत होता है कि प्रभागीय वनाधिकारी के स्तर से कार्यादेशों को जारी करने में अप्रत्याशित तेजी दिखाई गयी। जिस कारण से उनके द्वारा किये गये कार्यादेश स्वंय में ही सदेंहास्प्रद हो गये। **उदाहरणतः कार्यादेश सं0 241/12–1 दिनांक 28.07.2021 (ii) एवं कार्यादेश सं0 1051/12–1 दिनांक 22.10.2021 (v) एक ही कार्य "कैम्प क्वाटर फर्स्ट फ्लोर (प्रथम तल)" के कर दिये गये।** प्रभागीय वनाधिकारी, कालागढ़ टाइगर रिर्जव डिवीजन द्वारा जो कार्य विवरण कार्यादेशों में लिखा गया है वह स्वयं में ही अत्यधिक आशचर्यजनक प्रतीत होते है। सभी कार्यादेशों में टी0ओ0 क्वाटर–कैम्प क्वाटर, आदि का ही उल्लेख है। आखिर कितने कैम्प क्वाटर/टी0ओ0 क्वाटर उस क्षेत्र में परिकल्पित किये गये हैं ? अगर ये भवन पाखरों सफारी से सम्बन्धित हैं तो फ़िर इनके कार्यादेशों में कार्य का विवरण वह क्यों नही लिखा गया जो कि उनके पत्रांक 437/3–2 दिनांक 19.08.2021 **(पृष्ठसं0 164)** द्वारा आवेदित टी0ए0सी0/वित्तीय स्वीकृति पत्र में लिखा गया है।

पुनः प्रभागीय वनाधिकारी, कालागढ़ टाइगर रिर्जव डिवीजन जब अपने पत्रांक 19.08.2021 **(पृष्ठसं0 164)** द्वारा मुख्य वन्यजीव प्रतिपालक से (द्वारा निदेशक, कार्बेट टाइगर रिर्जव) से कार्यों की अनुमति मांग रहे है

तब ये 273.18 लाख के लगभग 12–13 विभिन्न निर्माण कार्य अवगत करा रहे है एवं जब प्रभागीय वनाधिकारी, कालागढ़ टाइगर रिर्जव डिवीजन पुनः 22.11.2021 **(पृष्ठसं0 163)** को सीधे मुख्य वन्यजीव प्रतिपालक को पत्र लिख रहे हैं, तो वानिकी कार्यों का तर्क देते हुये, **यही धनराशि 273.18 लाख मात्र** "पाखरों रेंज अन्तर्गत पाखरों वन विश्राम गृह में 4 कर्मचारी आवास निर्माण" की बात लिख रहे है। इसकी प्रति वे प्रमुख वन संरक्षक (HoFF), उत्तराखण्ड, प्रमुख वन संरक्षक, वन्यजीव, को भी कर रहे है।

22 नवम्बर 2021 तक वैसे भी प्रकरण में काफी देर हो चुकी थी, मामला शीर्षस्त स्तरों में take up हो चुका था। जिसके out come हम सभी को दिनांक 25.11.2021 को जारी ट्रान्सफर आदेशों एवं विभिन्न समाचार पत्रों में पड़ने को भी मिला। (पृष्ठसं0 413–416)

निदेशक, कार्बेट टाइगर रिवर्ज द्वारा अवगत कराये अनुसार कि कार्य हेतु **कोई वित्तीय/प्रशासनिक स्वीकृति नहीं थी, बजट नहीं था (पृष्ठसं0 162)** के दृष्टिगत प्रभागीय वनाधिकारी, कालागढ़ टाइगर रिवर्ज, प्रभाग द्वारा उपरोक्तानुसार करोडों रूपयें के कार्यादेश जारी कर देना उचित नहीं था। इस क्रम में समिति द्वारा पाया गया कि इन निर्माण कार्यों को करने में निम्न प्रकार वित्तीय अनिमित्ता की गयी।

निष्कर्ष (वित्तीय अनियमित्ता)

सरकारी कार्यों को किये जाने हेतु उक्तानुसार कार्यवाही उत्तराखण्ड अधिप्राप्त नियमावली 2017 के नियम 39, नियम 49 (ग), नियम 3 (10), नियम 40 (4) का स्पष्ट उल्लघंन है। (पृष्ठ सं0 427)

इस निर्माण कार्य को अगर विधिक रूप से भी देखा जाये तो स्पष्ट होता है कि जब दिनांक 11.01.2022 को जांच समिति ने स्थलीय निरीक्षण किया तथा सम्पूर्ण पाखरों वन विश्राम गृह सीमा की KML file बनायी एवं उसकी google earth में उपलब्ध दिसम्बर 2020 की स्थिति देखी तो चौकाने वाले सत्य दृष्टिगत हुये। ये कार्य कदापि भी स्वीकृत पाखरों सफारी अन्तर्गत नहीं थें। ये कार्य स्वीकृत पाखरों सफारी सीमा से बाहर थे। **(प्लेट 9, 10, 11, 12)** इस तथ्य का उल्लेख निदेशक, कार्बेट टाइगर रिर्जव ने अपने ध्वस्तीकरण आदेश दिनांक 03.11.2021 **(पृष्ठसं0 88–89) एवं पत्रांक 1165/3–2 दिनांक 16.11.2021 (पृष्ठ सं0 428) में भी स्पष्टतः किया है।**

निष्कर्ष (विधिक उल्लंघन)

प्रश्नगत क्षेत्र में भ्रमण उपरान्त समिति के कुछ सदस्यों का, भवनों की वन विश्राम गृह के सापेक्ष लोकेशन (वन विश्राम गृह के आगे) एवं इन भवनों की डिजाइन तथा जो वन विभाग में निर्मित किये जाने वाले विभिन्न श्रेणी के भवनों के मानक डिजाइन में भिन्नता दृष्टिगत ऐसा मत है कि प्रश्नगत क्षेत्र में यहां कुछ पर्यटन सुविधायें भी विकसित करने के प्रयास किये जा रहे थे। पर्यटन/ईको पर्यटन गैरवानिकी गतिविधि होने के कारण एवं पक्के निर्माण कार्य किये जाने के दृष्टिगत FCA 1980 की धारा 2 (2) का उल्लंघन है।

पूर्व प्रमुख वन संरक्षक (HoFF), ने भी अपने पत्रांक 802/पी0ओ0 दिनांक 02.11.2021 **(पृष्ठ सं0 290)** द्वारा मुख्य सचिव उत्तराखण्ड को स्पष्ट लिखा है कि प्रश्नगत क्षेत्र में पर्यटन की दृष्टि से निर्माण कार्य हो रहा था।

अवैध रूप से वृक्षों को हटाने के तथ्य google earth image से दृष्टिगत हुये है जोकि इस image द्वारा quantity नहीं किया जा सकता। इस हेतु प्रमुख वन संरक्षक (HoFF) द्वारा निर्गत निर्देश 19.01.2022 **(पृष्ठसं0 16–18)** के परिणाम आने पर ही पुख्ता रूप से tree removal की मात्रा पता हो पायेगी।

वर्तमान में, google earth image से दृष्टिगत हो रहा है कि यहां वृक्षों का removal किया गया है अतः यह कार्य भारतीय वन अधिनियम 1927 की धारा 26–1 (च एवं ज) का स्पष्ट उल्लंघन है।

प्रश्नगत क्षेत्र में वर्णित कार्य अवधि मध्य तैनात कर्मचारियों/अधिकारियों की सूची संलग्न में Table no. 1 के रूप में दी गयी है।

6. पाखरों टाइगर सफारी:–

प्रश्नगत जांच में पाखरों टाइगर सफारी से सम्बन्धित कार्य निम्न प्रकार है:–

1. पाखरों कक्ष संख्या 08 में जलाशय निर्माण
2. गूजर स्रोत वीट पाखरों क0सं0 3 में टाइगर वाड़ा नं0 1, 2570 मीटर निर्माण।
3. गूजर स्रोत वीट पाखरों क0सं0 3 में टाइगर वाड़ा नं0 2, 3000 मीटर निर्माण।
4. पाखरों क0सं0 3 में व्याख्यान केन्द्र का निर्माण।
5. गूजर स्रोत वीट पाखरों क0सं0 3 में प्रशासनिक भवन निर्माण।
6. पाखरों टाइगर सफारी के टाइगर वाड़ा नं0 1 में 1250 एवं 1184 मीटर आन्तरिक मार्ग निर्माण।
7. पाखरों टाइगर वाडा नं0 1 व नं0 2 में 5 कि0मी0 सर्विस रोड निर्माण (2 वाड़ों के बीच के स्थान एवं प्रथम वाडे के बराबर से सर्विस रोड तक पहुचने के रास्तों को सम्मिलित करते हुये सर्विस रोड पाखरों सफारी की उत्तरी सीमा से लगभग लगती हुयी चलती है।)

उक्त स्थलों के सम्बन्ध में विभिन्न स्थलीय निरीक्षण टीमों/अधिकारियों द्वारा दी गयी आख्याओं को, एक साथ सम्मलित करते हुऐ, निम्न प्रकार अवगत कराया जा रहा है:–

A. NTCA Findings:-

NTCA द्वारा अपने क्षेत्रीय भ्रमण (26 से 30 सितम्बर 2021) रिपोर्ट में निम्न प्रकार अवगत कराया गया है। **(पृष्ठसं0 20–24)**

पाखरों के निकट वाटर वॉड़ी:–

पाखरों वन विश्राम गृह के सामने एक विशाल स्तर पर मिट्टी खुदाई का कार्य किया गया है। स्थलीय निरीक्षण मध्य प्रभागीय वनाधिकारी, कालागढ़ टाइगर रिर्जव डिवीजन द्वारा उन्हे (टीम को) अवगत कराया गया कि इस कार्य में कोई वृक्ष नहीं कटा है लेकिन आस–पास के वृक्षों को देखते हुये लगता है कि यहां वृक्षों का पातन किया गया है। वाटर वॉड़ी की लोकेशन देख कर लगता है कि यह काम habitat or wildlife management हेतु नहीं अपितु वन्य जीवों को आकृर्षित कर पर्यटन को बढाने/सहयोग करने हेतु किया गया है। प्रभागीय वनाधिकारी, कालागढ़ टाइगर रिर्जव डिवीजन इस कार्य को किये जाने हेतु कोई competent authority द्वारा जारी स्वीकृति नही दिखा पाये।

पाखरों सफारी में वृक्ष कटान:–

पाखरों सफारी हेतु भारत सरकार से 163 वृक्षों के पातन की अनुमति थी। सफारी की उत्तरी सीमा पर देखा गया कि एक सडक बनाई गयी है जो पाखरों–कोटद्वार मार्ग को तीन जगह inter connect करती है। प्रभागीय वनाधिकारी, कालागढ़ टाइगर रिर्जव डिवीजन ने बताया कि उत्तरी सीमा पर एक फायर लाईन थी जो पाखरों कोटद्वार मार्ग पर तीन जगह inter-conneting roads है वह transect lines है। कमेटी यह अनुभव करती है कि यहां स्वीकृत 163 वृक्षों के अतिरिक्त बड़ी संख्या में पातन कार्य हुआ है **जो कि वन अधिनियम का उल्लंघन है।**

B. IRO**(भारत सरकार वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, क्षेत्रीय कार्यालय देहरादून)**findings: -

भारत सरकार वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, द्वारा स्थलीय निरीक्षण (25–26 अक्टूबर 2021) रिपोर्ट में निम्न प्रकार स्थिति अवगत कराई गयी है। **(पृष्ठसं0 25–38)**

टाइगर सफारी पाखरों:–

106.16 हे0 में टाइगर सफारी को दिनांक 10.09.2021 को भारत सरकार द्वारा विधिवत स्वीकृति (Stage-II) दी गयी। सफारी का administrative block एवं interpretation centre निर्माणाधीन है लेकिन यह आर0सी0सी0 से बन रहा है जबकि भारत सरकार की approval में सफारी के infrastructure, बम्बू तथा अन्य प्राकृतिक प्रदार्थों (natural materials) से बनाने के निर्देश थे। निदेशक, कार्बेट टाइगर रिर्जव, ने बताया कि क्षेत्र हाथी ग्रस्थ है तथा दीमक का प्रकोप भी है अतः Main structure RCC का है तत्पश्चात इसमें bamboo का इस्तेमाल कर eco friendly बनाया जायेगा। यह निर्देशित किया गया कि निदेशक, कार्बेट टाइगर रिर्जव, इन भवनों को FCA approval अनुसार ही design करें।

टाइगर सफारी क्षेत्र में अवैध कटान:–

वन निगम को क्षेत्र में 2 लौटे मिली थी। लौट नं0–1, 137 वृक्षों की थी जो कि site of under construction buildings की थी। लौट नं–2, 26 वृक्षों की थी जो कि वैटनरी हॉस्पिटल हेतु थी। निदेशक, कार्बेट टाइगर रिर्जव ने बताया कि illegal felling की जांच हेतु एक टीम बनाई गयी थी। इस टीम ने 41 वृक्षों के अतिरिक्त पातन की बात लौट नं0–1 तथा 6 वृक्षों के अतिरिक्त पातन की बात लौट नं0–2 में कही। वन निगम ने अवगत कराया कि ये वृक्ष अवैध रूप से नहीं कटे हैं। अपितु चिन्हित वृक्षों को काटने समय damage हुये। **इसमें कोई अनिश्चितता नहीं है कि प्रश्नगत क्षेत्र में स्वीकृत 163 से अधिक वृक्ष कटे हैं। इस प्रकरण को REC में रखा जाये एवं FC violation के सम्बन्ध में उचित निर्णय लिया जायेगा।**

पाखरों वन विश्राम गृह कि समीप वाटर वॉड़ी:–

लगभग 1 हे0 क्षेत्र में 1 मीटर खुदाई की गयी है। क्षेत्र देख कर लगता है यहां JCB से खुदाई करते समय वृक्ष हटाये गये हैं। इतने बडे क्षेत्र से हटाई गयी मिट्टी कहां गयी यह भी स्पष्ट नहीं है। **Illigal tree felling IFA 1927/WPA 1972 की विभिन्न धाराओं को आकृर्षित करेगा।**

C. प्रमुख वन संरक्षक (HoFF), उत्तराखण्ड/प्रमुख वन संरक्ष, वन्यजीव/निदेशक, कार्बेट टाइगर रिर्जव, द्वारा मा0 उच्च न्यायालय, उत्तराखण्ड में दायर शपथ पत्र दिनांक 09.11.2021:-

मा0 उच्च न्यायालय में दायर शपथ पत्र अनुसार निम्न प्रकार सिथति से अवगत कराया गया है:– **(पृष्ठसं0 50–56)**

पाखरों में वाटर वाड़ी का निर्माण:–

दायर शपथ पत्र में टी0सी0पी0 अन्तर्गत water holes/bodies बनाने सम्बन्धी guidelines का हवाला दिया है तथा कहा गया है कि इस वाटर होल को बनाने में प्रभागीय वनाधिकारी, कालागढ़ टाइगर रिर्जव डिवीजन द्वारा कोई consultation or deliberation नहीं किया गया। निदेशक, कार्बेट टाइगर रिर्जव ने भी कहा कि इस सम्बन्ध में उनसे कोई राय नहीं ली गयी। निकटवर्ती क्षेत्र को देखते हुये लगता **है कि यहां वृक्ष हटाये गये होगें। Scientific Methods का उपयोग करके पता लगाना होगा यहां से कितने वृक्ष कटे हैं।**

पाखरों टाइगर सफारी में अवैध पातन:–

दायर शपथ पत्र में FCA/CZA/NTCA द्वारा निर्गत स्वीकृतियों का सविस्तार वर्णन किया गया है। शपथ पत्र में अधिकांशतः FCA हेतु लगाये गये Proposal में वर्णित area statement तथा कार्य हेतु funds उपलबध कराने सम्बन्धी तथ्य है। सफारी में 2 enclosuces है। पहला 20.168 है0 (perimeter 2.26 Km एवं internal safari road 2.26 Km) तथा दूसरा 21.47 है0 (permeter 2.1 km एवं internal safari road 2.46 km) का है। निदेशक, कार्बेट टाइगर रिर्जव के पत्रांक 1058/41 दिनांक 26.11.2020 द्वारा सफारी हेतु 26.81 करोड का proposal भेजा गया था। तत्पश्चात् मुख्य वन्यजीव प्रतिपालक द्वारा पत्रांक 923/6–28 दिनांक 15.09.2021

द्वारा 102.10 करोड़ के कार्यों के प्रस्ताव संस्तुति सहित प्रेषित किये गये। **एक विस्तृत जांच की आवश्यकता है कि स्वीकृत के सापेक्ष क्या deviations हुये है।** समाचार पत्रों में प्रकाशित खबर, 10,000 वृक्षों के कटान की बात सही नहीं है। सफारी की उत्तरी सीमा पर एक road construct की गयी है जो पाखरों–कोटद्वार मार्ग को 3 स्थानों पर जोड़ती है। **आगे जांच की आवश्यकता है कि टाइगर सफारी में कार्य आरम्भ करने से पूर्व क्या स्थिति थी एवं तत्पश्चात क्या है ताकि damages निकाले जा सकें।** शपथ पत्र में NTCA के पत्रांक F.No I-3/2019 NTCA दिनांक 12.08.2021 **(पृष्ठसं0 108)** का भी हवाला दिया है जो कि NTCA द्वारा मुख्य वन्यजीव प्रतिपालक को लिखा गया था, जिसमें अवैध कटान एवं अवैध निर्माण हेतु तथ्यात्मक report भेजने सम्बन्धी निर्देश दिये गये थे।

D. **जांच टीम द्वारा अपने पत्रांक 1653/1–41 (iv) दिनांक 07.01.2022 द्वारा मांगी गयी सूचना के क्रम में वर्तमान प्रभागीय वनाधिकारी, कालागढ़ टाइगर रिर्जव डिवीजन एवं निदेशक, कार्बेट टाइगर रिर्जव, द्वारा हस्ताक्षर युक्त प्रस्तुत सूचनाः–**

निदेशक कार्बेट टाइगर रिर्जव, द्वारा अपने 1651/1–41 दिनांक 12.01.2022 के साथ उक्त विषयक निम्न प्रकार स्थिति स्पष्ट की गयी है। **(पृष्ठसं0 173–222)**

1. पाखरों वन विश्राम गृह के समीप पाखरों क0सं0 8 में जलाशय निर्माणः–

निदेशक कार्बेट टाइगर रिर्जव अपने पत्रांक 1651/1–41 दिनांक 12.01.2022 द्वारा उक्त कार्य हेतु निम्न प्रकार सूचनायें उपलब्ध कराई गयी है। **(पृष्ठसं0 173–174)**

i. **उक्त कार्य हेतु बजट उपलब्ध नहीं था, कोई प्रशासनिक स्वीकृति नही थी, वित्तीय स्वीकृति नहीं थी, कार्य का कोई बिल वाउचर चार्ज नहीं किया गया है।**
ii. कार्य लगभग 100X100 मीटर में किया गया।
iii. कार्य 10.08.2021 से आरम्भ हुआ अभी अपूर्ण है। **FCA/WPA/IFA का उल्लघंन नहीं हुआ है।**

उक्त पत्र के साथ एक प्रभागीय वनाधिकारी कालागढ़ टाइगर रिर्जव डिवीजन द्वारा निर्गत एक कार्यादेश भी संलग्न है।

i. प्रभागीय वनाधिकारी कालागढ़ टाइगर रिर्जव डिवीजन कार्यादेश 266/12–2 दिनांक 30.07.2021, पाखरों रेंज, पाखरों बीट क0 8 में वन्यजीवों के प्रयोगार्थ वाटर होल का निर्माण। (श्री प्रकाश चन्द्र भारद्वाज ग्राम पदमपुर, सुखरो, कोटद्वार के नाम कार्यादेश जारी किया गया है) **(पृष्ठसं0 174)**

2. **पाखरों क0सं0 3 में व्याख्यान केन्द्र का निर्माणः–**

निदेशक कार्बेट टाइगर रिर्जव अपने पत्रांक 1651/1–41 दिनांक 12.01.2022 द्वारा उक्त कार्य हेतु निम्न प्रकार सूचनायें उपलब्ध कराई गयी है। **(पृष्ठसं0 175–178)**

i. लगभग 48X23.38 वर्ग मीटर में निर्माण कराया जा रहा था।
ii. कार्य हेतु बजट उपलब्ध था। प्रशासनिक सवीकृति थी/कार्बेट टाइगर फाउन्डेशन से 50 लाख रूपये अग्रिम के रूप में दिये गये।
iii. कार्य 10.03.2021 को आरम्भ हुआ अभी अपूर्ण है।

पत्र के साथ निम्न प्रकार संलग्नक दिये गये हैंः–

- प्रभागीय वनाधिकारी कालागढ़ टाइगर रिर्जव डिवीजन कार्यादेश 1297/3–2 दिनांक 18.02.2021 पाखरों रेंज में व्याख्यान केन्द्र के निर्माणः धनराशि रू0 1,30,41,363.66 (कार्यादेश मै0 प्रमोद कुमार, देवीदयाल मैन्सन, शिवलालपुर पाण्डे, रामनगर नैनीताल के नाम जारी किया गया है) **(पृष्ठसं0 176)**
- शासनादेश सं0 942/X-2–2021–12(43)2020 जिसमें व्याख्यान केन्द्र हेतु टी0ए0सी0 पश्चात 258.57 लाख की वित्तीय/प्रशासनिक स्वीकृति दी गयी है **तथा इसका वहन कार्बेट टाइगर फाउन्डेशन मद से किया जायेगा। (पृष्ठसं0 177–178)**

यद्यपि निम्न अभिलेख उक्त सूचना के साथ प्राप्त नहीं हुये, फिर भी जांच समिति को यह अभिलेख अन्य स्रोतों से प्राप्त हुआ।

- निदेशक, कार्बेट टाइगर रिर्जव, रामनगर निविदा अनुमोदन पत्रांक 944/3–2 दिनांक 11.11.2020 **(पृष्ठसं0 251)**

3. **गूजर स्रोत पाखरों क0सं0 3 में टाइगर वाड़ा 1 का 2570 मीटर निर्माण,**

निदेशक कार्बेट टाइगर रिर्जव अपने पत्रांक 1651/1–41 दिनांक 12.01.2022 द्वारा उक्त कार्य हेतु निम्न प्रकार सूचनायें उपलब्ध कराई गयी है। **(पृष्ठसं0 179–193)**

- **कार्य हेतु बजट उपलब्ध था। कार्य की प्रशासनिक स्वीकृति थी। कार्य की वित्तीय स्वीकृति थी।**
- कार्य 10.02.2021 को आरम्भ हुआ अभी अपूर्ण है।
- कार्य का भुगतान 143.57 लाख प्रथम चक में एवं तत्पश्चात लगभग 100 लाख रूपया द्वितीय चक में भुगतान किया गया।

पत्र के साथ निदेशक, कार्बेट टाइगर रिर्जव ने निम्न प्रकार संलग्नक भी दिये हैः–

- शासनादेश दिनांक 31.03.2021 जिसके द्वारा टी0ए0सी0 द्वारा 359.50 लाख की संस्तुति के साथ–साथ प्रथम किश्त 143.57 लाख अवमुक्त किया गया। **(पृष्ठसं0 180–181)**
- वित्त नियंत्रक दिनांक 19.08.2021 जिसके द्वारा 359.50 लाख के सापेक्ष 143.57 लाख के अतिरिक्त 100 लाख और अवमुक्त किया गया। **(पृष्ठ सं0 76–77)**
- प्रभागीय वनाधिकारी, कालागढ़ टाइगर रिर्जव डिवीजन के पत्रांक 1497/3–2 दिनांक 31.03.2021 जिसके द्वारा उन्होने कार्बेट फाउन्डेशन को बजट की प्रत्याशा में सफारी वाडे के लिये प्राप्त 50 लाख अग्रिम को वापस किया। **(पृष्ठसं0 182)**
- साथ ही उनके द्वारा 11 संख्या भुगतान बिल भी संलग्न किये है जिसमें दिनांक 31.03.2021 को 2 बिलों द्वारा रू0 143.57 लाख (93,57,000.00) मै0 प्रमोद कुमार को तथा रू0 50,000,00.00 कार्बेट फाउन्डेशन को दिया तथा दिनांक 09.09.2021 को ही 9 बिलों द्वारा रू0 100 लाख में से मात्र 72130 अवशेष बजट रहते हुये मुख्यतः मै0 प्रमोद कुमार तथा लेबर आदि को भुगतान कर दिया। **(पृष्ठसं0 183–193)**

यद्यपि निम्न अभिलेख उक्त सूचना के साथ नहीं उपलब्ध कराये गये थे फिर भी इस मामले में निम्न प्रकार अतिरिक्त अभिलेख जांच समिति को प्रथक से प्राप्त हुये।

- निदेशक, कार्बेट टाइगर रिर्जव, रामनगर का निविदा अनुमोदन पत्रांक 943/3–2 दिनांक 11.11.2020 **(पृष्ठसं0 253)**।
- प्रभागीय वनाधिकारी कालागढ़ टाइगर रिर्जव डिवीजन का कार्यादेश पत्रांक 812/3–2 दिनांक 28.11.2020, पाखरों रेंज में वाड़ा निर्माण 1,01,36687.00 प्रति किलो0मी0 (कार्यादेश मै0 प्रमोद कुमार, देवीदयाल मैन्सन, शिवलालपुर पाण्डे, रामनगर नैनीताल के नाम जारी किया गया है) **(पृष्ठसं0 254)**

4. **पाखरों क0सं0 3 में टाइगर वाड़ा नं0 2 का 3000 मीटर निर्माण**

निदेशक, कार्बेट टाइगर रिर्जव, रामनगर द्वारा अपने पत्रांक 1651/1–41 दिनांक 12.01.2022 के साथ उक्त कार्य के सम्बन्ध में निम्न प्रकार सूचनायें उपलब्ध कराई गयी है। **(पृष्ठसं0 194–205)**

- कार्य करने हेतु कार्बेट फाउन्डेशन **की शासी निकाय की 8 वी0 बैठक** से स्वीकृति थी।
- कार्य 10.07.2021 से आरम्भ हुआ (कोविड महामारी के कारण विलम्ब हुआ) कार्य अपूर्ण है।
- कार्बेट फाउन्डेशन से 75 लाख अग्रिम दिया गया/ IFA/FCA/WPA का कोई उल्लंघन नहीं है। उक्त के साथ निदेशक, कार्बेट टाइगर रिर्जव द्वारा कार्बेट फाउन्डेशन की 8वी0 बैठक दिनांक 13.12.2021 संलग्न की है।

उक्त के अतिरिक्त निम्न प्रकार अतिरिक्त अभिलेख भी अन्यत्र स्रोतों से जांच टीम द्वारा प्राप्त किये गये:–

- निदेशक, कार्बेट टाइगर रिर्जव का पत्रांक 1757/12–1 दिनांक 02.03.2021 जिसके द्वारा उक्त कार्य का टैन्डर अनुमोदित किया गया। **(पृष्ठसं0 255)**

i. प्रभागीय वनाधिकारी, कालागढ़ टाइगर रिर्जव डिवीजन कार्यादेश 1305/12–1 दिनांक 05.03.2021 पाखरों टाइगर वाड़ा निर्माण 10424095 प्रति कि0मी0 (कार्यादेश मै0 शैल पुत्री ऐसोसियेट, शिवलालपुर पाण्डे, रामनगर नैनीताल के नाम जारी किया गया है) **(पृष्ठसं0 256)**

ii. कार्बेट फाउन्डेशन की शासी निकाय की 7 वी0 बैठक दिनांक 28.04.2021 **(पृष्ठसं0 257–270)**

iii. कार्बेट फाउन्डेशन की शासी निकाय की 6 वी0 बैठक दिनांक 21.06.2021 **(पृष्ठसं0 271–281)**

5. पाखरों क0सं0 3 में प्रशासनिक भवन का निर्माणः–

निदेशक, कार्बेट टाइगर रिर्जव द्वारा अपने पत्रांक 1651/1–41 दिनांक 12.01.2022 के साथ उक्त कार्य के सम्बन्ध में निम्न प्रकार सूचनायें उपलब्ध कराई गयी है। **(पृष्ठसं0 208–208)**

- लगभग 19.77X32.30 मीटर क्षेत्र में भवन निर्माणाधीन है।
- **कार्य की वित्तीय/प्रशासनिक स्वीकृति नहीं है। कार्य हेतु बजट उपलब्ध नहीं था।**
- कार्य 02.08.2021 से आरम्भ हुआ अभी अपूर्ण है। कार्य का कोई बिल चार्ज नहीं हुआ है। कार्य कराने में WPA/IFA/FCA का कोई उल्लंघन नहीं हुआ है।

उक्त पत्र के साथ निदेशक, कार्बेट टाइगर रिर्जव ने निम्न संलग्नक भी उपलब्ध कराये हैः–

i. प्रभागीय वनाधिकारी, कालागढ़ टाइगर रिर्जव डिवीजन कार्यादेश 1156/12–1 दिनांक 30.10.2021 पाखरों रेंज कालागढ़ रिजर्व, प्रभाग में प्रशासनिक भवन के निर्माण एवं सौन्दर्यीकरण का कार्य भाग–2 (कार्यादेश जय कन्सर्ट्रक्शन कम्पनी, नोयडा यू0पी0 के नाम जारी किया गया है) **(पृष्ठसं0 208)**

6. पाखरों सफारी में वाड़ा नं0 1 में 1250 मी0 एवं 1184 मी0 आन्तरिक मार्ग निर्माणः–

निदेशक, कार्बेट टाइगर रिर्जव द्वारा अपने पत्रांक 1651/1–41 दिनांक 12.01.2022 के साथ उक्त कार्य के सम्बन्ध में निम्न प्रकार सूचनायें दी गयी है। **(पृष्ठसं0 209–214)**

- लगभग 1250 मीटर एवं 1184 मीटर आन्तरिक मार्ग निर्माण कार्य 08.07.2021 से आरम्भ हुआ आदि अभी अपूर्ण है। कार्य विभागीय रूप से प्रभागीय वनाधिकारी द्वारा कराया गया।
- **कार्य हेतु बजट उपलब्ध नहीं है, कार्य हेतु प्रशासनिक/वित्तीय स्वीकृति नहीं है।**
- **उक्त कार्य के सापेक्ष रू0 18.88 लाख का अनाधिकृत भुगतान कैम्पा योजना से कर दिया गया है।**
- WPA/IFA/FCA का कोई उल्लंघन नहीं हुआ।

उक्त के साथ निम्न प्रकार प्रभागीय वनाधिकारी, कालागढ़ टाइगर रिर्जव डिवीजन द्वारा भुगतान किये गये बिल संलग्न किये है। **(पृष्ठसं0 210–214)**

i. प्रभागीय वनाधिकारी, कालागढ़ टाइगर रिर्जव डिवीजन बिल प्रमाणक सं0 13/पाखरों 2021–22 (7/2021) पाखरों रेंज के अनतर्गत गूजर स्रोत बीट के पाखरों क0 3 में निर्माणाधीन टाइगर बाडे के टाइगर सफारी हेतु जॉब नं0 1 में हल्का मोटर मार्ग निर्माणः– 486570.00 (भुगतान मै0 के0के0 कान्ट्रेक्टर, मौ0 पठानन, नियर पुलिस चौकी, बड़ापुर, जिला बिजनोर यू0पी0 को किया गया है)

ii. प्रभागीय वनाधिकारी, कालागढ़ टाइगर रिर्जव डिवीजन बिल प्रमाणक सं0 15/पाखरों 2021–22 (7/2021) पाखरों रेंज के अनतर्गत गूजर स्रोत बीट के पाखरों क0 3 में निर्माणाधीन टाइगर बाडे के टाइगर सफारी हेतु जॉब नं0 2 में हल्का मोटर मार्ग निर्माणः– 486570.00 (भुगतान मै0 के0के0 कान्ट्रेक्टर, मौ0 पठानन, नियर पुलिस चौकी, बड़ापुर, जिला बिजनोर यू0पी0 को किया गया है)

iii. प्रभागीय वनाधिकारी, कालागढ़ टाइगर रिर्जव डिवीजन बिल प्रमाणक सं0 17/पाखरों 2021–22 (7/2021) पाखरों रेंज के अनतर्गत गूजर स्रोत बीट के पाखरों क0 3 में निर्माणाधीन टाइगर बाडे के टाइगर सफारी हेतु जॉब नं0 3 में हल्का मोटर मार्ग निर्माणः– 486570.00 (भुगतान श्री तबारक अली, निवासी विकासनगर, गाड़ी घाट, कोटद्वार, जिला पौड़ी गढ़वाल को किया गया है)

iv. प्रभागीय वनाधिकारी, कालागढ़ टाइगर रिर्जव डिवीजन बिल प्रमाणक सं0 16/पाखरों 2021–22 (7/2021) पाखरों रेंज के अनतर्गत गूजर स्रोत बीट के पाखरों क0 3 में निर्माणाधीन टाइगर बाडे के टाइगर सफारी हेतु जॉब नं0 4 में हल्का मोटर मार्ग निर्माणः– 486570.00 (भुगतान श्री तबारक अली, निवासी विकासनगर, गाड़ी घाट, कोटद्वार, जिला पौड़ी गढ़वाल को किया गया है)

v. प्रभागीय वनाधिकारी, कालागढ़ टाइगर रिर्जव डिवीजन बिल प्रमाणक सं0 14/पाखरों 2021–22 (7/2021) पाखरों रेंज के अनतर्गत गूजर स्रोत बीट के पाखरों क0 3 में निर्माणाधीन टाइगर बाडे के टाइगर सफारी हेतु जॉब नं0 5 में हल्का मोटर मार्ग निर्माणः– 354000.00 (भुगतान श्री नरेश चन्द्र घिल्डियाल, राजकीय ठैकेदार ग्राम कुमाल्ड़ी, पो0 धामधार, जिला पौड़ी गढ़वाल को किया गया है)

कुलः– 2300280.00

7. पाखरों टाइगर सफारी वाड़ा नं0 1 व 2 में 5 कि0मी0 सर्विस रोड निर्माण।

निदेशक, कार्बेट टाइगर रिर्जव द्वारा अपने पत्रांक 1651/1–41 दिनांक 12.01.2022 के साथ उक्त कार्य के सम्बन्ध में निम्न प्रकार सूचनायें दी गयी है। **(पृष्ठसं0 215–222)**

- **कार्य हेतु कोई वित्तीय/प्रशासनिक स्वीकृति नहीं है।**
- कार्य 08.07.2021 से आरम्भ हुआ अभी तक अपूर्ण है।

- **उक्त कार्य में 30 लाख की धनराशि का अनाधिकृत भुगतान कैम्पा योजना से तथा 45.22 लाख का अनाधिकृत भुगतान कार्बेट फाउन्डेशन मद से कर दिया गया है। उक्त भुगतान हेतु कार्बेट फाउन्डेशन अथवा कैम्पा द्वारा कोई अनुमोदन नहीं दिया गया।**
- **FCA/IFA/WPA का कोई उल्लघंन नहीं हुआ है।**

उक्त पत्र के साथ निदेशक, कार्बेट टाइगर रिजर्व ने निम्न प्रकार प्रभागीय वनाधिकारी, कालागढ़ टाइगर रिर्जव डिवीजन द्वारा जारी कार्यादेश संलग्नक के रूप में प्रस्तुत किये हैः– **(पृष्ठसं0 216–222)**

i. कार्यादेश पत्रांक 216/12–1 दिनांक 06.07.2021: पाखरों रेंज अन्तर्गत पाखरौं में वाडे के बाहर जॉब सं0 01 में मार्ग निर्माण। (ध्रुव कन्सट्रक्शन, सैक्टर 15 रोहिणी, दिल्ली के नाम कार्यादेश जारी किया गया है)
ii. कार्यादेश पत्रांक 217/12–1 दिनांक 06.07.2021: पाखरों रेंज अन्तर्गत पाखरौं में वाडे के बाहर जॉब सं0 02 में मार्ग निर्माण। (ध्रुव कन्सट्रक्शन, सैक्टर 15 रोहिणी, दिल्ली के नाम कार्यादेश जारी किया गया है)
iii. कार्यादेश पत्रांक 218/12–1 दिनांक 06.07.2021: पाखरों रेंज अन्तर्गत पाखरौं में वाडे के बाहर जॉब सं0 03 में मार्ग निर्माण।(ध्रुव कन्सट्रक्शन, सैक्टर 15 रोहिणी, दिल्ली के नाम कार्यादेश जारी किया गया है)
iv. कार्यादेश पत्रांक 219/12–1 दिनांक 06.07.2021: पाखरों रेंज अन्तर्गत पाखरौं में वाडे के बाहर जॉब सं0 04 में मार्ग निर्माण। (ध्रुव कन्सट्रक्शन, सैक्टर 15 रोहिणी, दिल्ली के नाम कार्यादेश जारी किया गया है)
v. कार्यादेश पत्रांक 220/12–1 दिनांक 06.07.2021: पाखरों रेंज अन्तर्गत पाखरौं में वाडे के बाहर जॉब सं0 05 में मार्ग निर्माण। (ध्रुव कन्सट्रक्शन, सैक्टर 15 रोहिणी, दिल्ली के नाम कार्यादेश जारी किया गया है)
vi. कार्यादेश पत्रांक 221/12–1 दिनांक 06.07.2021: पाखरों रेंज अन्तर्गत पाखरौं में वाडे के बाहर जॉब सं0 06 में मार्ग निर्माण। (शार्क इन्फ्रास्ट्रक्चर प्रा0लि0, सैक्टर 18 रोहिणी, दिल्ली के नाम कार्यादेश जारी किया गया है)
vii. कार्यादेश पत्रांक 222/12–1 दिनांक रहित (सम्भवतः 06.07.2021): पाखरों रेंज अन्तर्गत पाखरौं में वाडे के बाहर जॉब सं0 07 में मार्ग निर्माण। (शार्क इन्फ्रास्ट्रक्चर प्रा0लि0, सैक्टर 18 रोहिणी, दिल्ली के नाम कार्यादेश जारी किया गया है)

उक्त कार्यादेशों में कार्य की मात्रा (लम्बाई–चौड़ाई) धनराशि आदि का कोई उल्लेख नहीं है।

E. जांच समिति की विवेचनाः–

उक्त विवेचना के साथ–साथ जांच समिति द्वारा पहले पाखरों टाइगर सफारी से सम्बन्धित कुछ आधार भूत जानकारियां निम्न प्रकार प्राप्त की गयीः–

1. समिति द्वारा प्रश्नगत सफारी के सम्बन्ध में आरम्भिक अभिलेखों का अवलोकन किया। इस क्रम में, निदेशक कार्बेट टाइगर रिर्जव, का एक पत्रांक 35–6–4 दिनांक 06.07.2020 **(पृष्ठसं0 282)** संज्ञान में आया जिसके द्वारा उन्होने तत्कालीन मुख्य वन्यजीव प्रतिपालक को कार्बेट टाइगर रिर्जव में **पाखरों**

टाइगर सफारी की संशोधित डी0पी0आर0 शासन स्तर से प्रशासनिक/वित्तीय स्वीकृति दिलाने हेतु अनुरोध किया है। उक्त पत्र के क्रम में तत्कालीन प्रमुख वन संरक्षक, वन्यजीव/मुख्य वन्यजीव प्रतिपालक के पत्रांक 158/3–6 दिनांक 09.07.2020 **(पृष्ठसं0 283)** द्वारा अपर प्रमुख वन संरक्षक, नियोजन, वित्तीय प्रबन्धन को कार्बेट टाइगर रिवर्ज के अन्तर्गत ढेला रेंज में प्रस्तावित रेस्क्यू सैन्टर की स्थापना एवं टाइगर सफारी की वित्तीय एवं प्रशासनिक स्वीकृति हेतु प्रस्ताव की प्रति प्रेषित की। यहां यह विचारणीय है कि तत्कालीन प्रमुख वन संरक्षक, वन्यजीव/मुख्य वन्यजीव प्रतिपालक, द्वारा पाखरों नहीं अपितु ढेला में रेस्क्यू सैन्टर/ टाइगर सफारी की बात कही जबकि जो पत्र निदेशक, कार्बेट टाइगर रिर्जव ने लिखा वह पाखरों टाइगर सफारी से सम्बन्धित था। उसके तत्काल पश्चात प्रमुख वन संरक्षक, वन्यजीव/मुख्य वन्यजीव प्रतिपालक के पत्रांक 167/कैम्प/70–1 दिनांक 10.07.2020 द्वारा प्रश्नगत क्षेत्र की अपनी निरीक्षण टिप्पणी दिनांक 13–14 जून 2020 प्रेषित की गयी। **(पृष्ठसं0 284–287)** जिसमें टाइगर सफारी हेतु पाखरों क्षेत्र को उपयुक्त नहीं माना गया एवं कई निर्देश निर्गत किये गये। इस निरीक्षण टिप्पणी एवं प्रमुख वन संरक्षक, वन्यजीव/मुख्य वन्यजीव प्रतिपालक द्वारा निर्गत पत्र दिनांक 09.07.2020 को गहनता के साथ अवलोकन करने से स्पष्ट प्रतीत होता है कि तत्कालीन मुख्य वन्यजीव प्रतिपालक/प्रमुख वन संरक्षक, वन्यजीव तकनीकी रूप से प्रश्नगत क्षेत्र में टाइगर सफारी की स्थापना हेतु सम्भवता पूर्णतः सहमत नहीं थे। जोकि पुनः प्रमुख वन संरक्षक (HoFF) बनने के पश्चात निदेशक, कार्बेट टाइगर रिर्जव को लिखे पत्र 765/पी0ओ0 दिनांक 28.10.2021 **(पृष्ठसं0 288)** एवं मुख्य सचिव को लिखे गये पत्र 802/पी0ओ0 दिनांक 02.11.2021 **(पृष्ठसं0 289–291)** के प्रथम पैरा से भी स्पष्ट होता है। (यह पत्र पूर्व प्रमुख वन संरक्षक (HoFF), उत्तराखण्ड एवं वर्तमान अध्यक्ष, जैव विविधता बोर्ड, उत्तराखण्ड के पत्रांक 488/1–11 (23) दिनांक 07.01.2022 **(पृष्ठसं0 296)** द्वारा समिति को प्राप्त हुआ।)

इस बिन्दु को यही छोड़ते हुये जांच समिति द्वारा आगे अध्ययन किया गया तथा अवगत हुआ कि तत्कालीन प्रमुख वन संरक्षक, वन्यजीव/मुख्य वन्यजीव प्रतिपालक के पत्र 09.07.2020 (जोकि ढेला में रेस्क्यू सैन्टर–टाइगर सफारी से सम्बन्धित था) के क्रम में अपर प्रमुख वन संरक्षक, पी0एफ0एम0 के पत्रांक नि0 136/3–6 दिनांक 17.07.2020 **(पृष्ठसं0 300)** द्वारा प्रकरण शासन को सन्दर्भित किया गया/शासन को सन्दर्भित किये गये पत्र में प्रमुख वन संरक्षक, वन्यजीव/मुख्य वन्यजीव प्रतिपालक, के 2 पत्रों का उल्लेख किया है। पत्रांक 158/3–6 दिनांक 09.07.2020 **(पृष्ठसं0 283)** एवं पत्रांक 159/3–6 दिनांक 09.07.2020. **(पृष्ठसं0 301)** इन दोनों ही पत्रों में ढेला रेंज में प्रस्तावित रेस्क्यू सेन्टर की स्थापना एवं टाइगर सफारी का वर्णन है। जब इन दोनों पत्रों के सापेक्ष निदेशक कार्बेट टाइगर रिर्जव के पत्रों को देखा गया तो पाया कि प्रमुख वन संरक्षक, वन्यजीव का पत्रांक 158/3–6 दिनांक 09.07.2020 **(पृष्ठसं0 283)** वास्तव में निदेशक, कार्बेट टाइगर रिर्जव के पत्रांक 2274/6–4 दिनांक 29.05.2020 से सम्बन्धित था **(पृष्ठसं0 303)** जो कि ढेला रेंज में प्रस्तावित रेस्क्यू सैन्टर एंव टाइगर सफारी से सम्बन्धित था तथा प्रमुख वन संरक्षक, वन्यजीव का पत्रांक 159/3–6 दिनांक 09.07.2020 **(पृष्ठसं0 301)** वास्तव में निदेशक, कार्बेट टाइगर रिर्जव के पत्र

35/6–4 दिनांक 06.07.2020 **(पृष्ठसं0 282)** से सम्बन्धित था जो कि पाखरों में टाइगर सफारी की स्थापना के क्रम में था। इस प्रकार देखा जाये तो निदेशक कार्बेट टाइगर रिर्जव द्वारा 2 विभिन्न स्थलों पर टाइगर सफारी हेतु लिखा लेकिन प्रमुख वन संरक्षक, वन्यजीव, मुख्य वन्यजीव प्रतिपालक द्वारा दोनों ही मामलों में अपने पत्रांक 158 एवं 159 द्वारा मात्र ढेला में रेस्क्यू सैन्टर एवं सफारी के सम्बन्ध में अपर प्रमुख वन संरक्षक, पी0एफ0एम0 को अग्रिम कार्यवाही हेतु भेज दिया। अपर प्रमुख वन संरक्षक, पी0एफ0एम0 ने अपने पत्रांक 136/3–6 दिनांक 17.07.2020 **(पृष्ठसं0 300)** द्वारा प्रमुख वन संरक्षक, वन्यजीव, मुख्य वन्यजीव प्रतिपालक के दानों पत्रों 158 एवं 159 को शासन शासन को सन्दर्भित कर दिया। अपर प्रमुख वन संरक्षक, पी0एफ0एम0द्वारा अपने covering letter में न तो ढेला और न ही पाखरों शब्द का उपयोग किया एवं शासन द्वारा अपने आदेश 2118/X-2-2020 दिनांक 07.10.2020 द्वारा "कार्बेट टाइगर रिर्जव अन्तर्गत, टाइगर सफारी की स्थापना हेतु **" सैद्धान्तिक प्रशासनिक सहमति"** प्रदान कर दी। **(पृष्ठसं0 302)** उक्त घटनाक्रम को अगर गहनता के साथ देखा जाये तो " पाखरों टाइगर सफारी" के नाम से अभी तक शासन स्तर से कोई स्थल विशिष्ट प्रशासनिक स्वीकृति जारी नहीं हुई है एवं प्रमुख वन संरक्षक, वन्यजीव, मुख्य वन्यजीव प्रतिपालक के पत्रांक 158 एंव पत्रांक 159 दोनो में ही ढेला रेंज अन्तर्गत रेस्क्यू सैन्टर एवं सफारी की स्थापना सम्बन्धी तथ्यों के लिखे जाने तथा तत्कालीन प्रमुख वन संरक्षक, वन्यजीव, मुख्य वन्यजीव प्रतिपालक द्वारा पाखरों क्षेत्र को टाइगर सफारी हेतु उपयुक्त न पाये जाने सम्बन्धी टिप्पणी के दृष्टिगत **समिति का अनुरोध है कि प्रमुख वन संरक्षक (HoFF), उत्तराखण्ड, उपरोक्तानुसार उत्पन्न confusion की स्थिति को स्वंय के स्तर से जांच कराने की कृपा करें।**

2. पाखरों टाइगर सफारी को (proposal no. FP/UK/OTHERS/48385/2020) भारत सरकार के पत्रांक File no. 8-12/2020-FC दिनांक 30.10.2020 द्वारा सैद्धान्तिक स्वीकृति (Stage-I Clearance) दी गयी। **(पृष्ठसं0 310–312)** एवं तत्पश्चात पत्रांक File no. 8-12/2020-FC दिनांक 10.09.2021 द्वारा विधिवत स्वीकृति (Stage-II Clearance) प्रदान की गयी **(पृष्ठसं0 307–309)** सैद्धान्तिक स्वीकृति दिनांक 30.10.2020 के अन्तिम पैरा में स्पष्ट उल्लेख है:–

"Transfer of the said forest land to the user agency should not be affected by the govt. of Uttarakhand till the final/stage-II approval for its diversion is issued by this ministry."

उक्त के अतिरिक्त Hand Book of Forest (Conservation) act 1980 and Forest Conservation rules 2003 (guidelines clearance) MoEF &CC, GOI, 2019 के Chapter II का Para 11.2 निम्न प्रकार व्यवस्था देता है। **(पृष्ठसं0 313)**

11.2 Any proposal for linear projects such as roads, railway line, transmission lines, etc. need to be processed in their entirety for comprehensive assessment of requirement of forest land and consequences if approval for any forest land is not granted. No work on forest land shall be taken

up unless diversion of forest land is ordered by the concerned State /UT Government after obtaining approval of the Central Government under the Forest (Conservation) Act, 1980.

Provided that consequent to grant of Stage I approval in respect of linear projects such as laying of new roads, widening of existing highways, transmission lines, water supply lines, optic fiber cabling, railway lines etc. by the Central Government under FCA, the State Government or a Senior Officer not below the Rank of a Divisional Forest Officer, having jurisdiction over the forest land proposed to be diverted, duly authorized in this behalf by the State Government can pass an order for tree cutting and commencement of work of a linear project in forest land for a period of one year.

Such orders shall be passed only after full realization of funds for compensatory afforestation, Net Present Value (NPV), wildlife conservation plan, plantation of dwarf species of medicinal plants, and all such other compensatory levies, specified in the Stage I (in-principle) approval from the UA, and where ever applicable, transfer and mutation of non-forest/ revenue forest land in favour of State Forest Department.

उक्त पृष्ठ भूमि में यह स्पष्ट है कि दिनांक 10.09.2021 विधिवत स्वीकृति (Stage-II स्वीकृति की तिथि) से पूर्व पाखरों टाइगर सफारी हेतु proposal में प्रस्तावित कराया गया कोई भी कार्य FC Act 1980 के अन्तर्गत जारी Stage-I में वर्णित शर्तों का उल्लघंन है क्योंकि अभी तक प्रकरण में FCA अन्तर्गत final approval प्राप्त ही नहीं हुई थी। इस कम में निदेशक, कार्बेट टाइगर रिर्जव का भी एक पत्र 1185/3–2 दिनांक 16.11.2021 भी समिति के संज्ञान में आया, जिसमे वे प्रभागीय वनाधिकारी, कालागढ़ टाइगर रिर्जव डिवीजन को स्पष्ट लिख रहे है कि पाखरों टाइगर सफारी अन्तर्गत अनुमोदित प्लान में कुछ परिवर्तन मौके पर परिलक्षित हो रहे है। (पृष्ठ सं0 428)

इन कार्यों में अन्य कार्यों के साथ–साथ, प्रधानतः प्रभागीय वनाधिकारी, कालागढ़ टाइगर रिर्जव डिवीजन द्वारा अपने पत्रांक 75/2–3 दिनांक 08.07.2021 से लौट सं0 01/कालागढ़/2021–22 **(पृष्ठसं0 314–318)** द्वारा 137 वृक्षों की तथा अपने पत्रांक 81/2–3 दिनांक 08.07.2021 **(पृष्ठसं0 319–322)** द्वारा 27 वृक्षों की लौट सं0 02/कालागढ़/2021–22 वन निगम को दिया जाना भी है।

इस पृष्ठभूमि में समिति का स्पष्ट मत है, कि पाखरों टाइगर सफारी के कार्य जो कि माह नवम्बर 2020 से ही आरम्भ हो गये थे, सिद्धान्तः नहीं होने चाहिये थे।

इस कम में समिति के सम्मुख उत्तराखण्ड शासन वन अनुभाग 02 का एक पत्र सं 758/X-2–2021–12(48)2020 दिनांक 12.03.2021 **(पृष्ठसं0 304–305)** भी आया जो कि दिनांक 08.03.2021 को सभी सम्बन्धित वरिष्ठ अधिकारियों के साथ पाखरों में टाइगर वाडे एवं व्याख्यान कक्ष के सम्बन्ध में बैठक का

कार्यवृत्त था। इस कार्यवृत्त में स्पष्ट लिखा है कि **कार्य आरम्भ करने से पूर्व सभी आवश्यक वैधानिक स्वीकृतियां प्राप्त कर ली जायें।**

3. समिति द्वारा कालागढ़ टाइगर रिर्जव डिवीजन अन्तर्गत पाखरों सफारी के वित्त पोषण हेतु प्रस्तावित योजनाओं के सम्बन्ध में भी गहन अध्ययन किया गया। इस कम में अवगत हुआ कि निदेशक, कार्बेट टाइगर रिर्जव, रामनगर के पत्रांक 649/6–12 दिनांक 06.10.2020 **(पृष्ठसं0 323–324)** द्वारा पाखरों सफारी हेतु एक डी0पी0आर0 26.81 करोड़ मात्र की प्रमुख वन संरक्षक, वन्यजीव/मुख्य वन्यजीव प्रतिपालक को प्रेषित की गयी थी। प्राप्त सूचनाओं के आधार पर अभी इस डी0पी0आर0 को सक्षम स्तर से वैधानिक स्वीकृतियां प्राप्त नहीं हुई है। जैसा कि अपर प्रमुख वन संरक्षक, पी0एफ0एम0 ने अपने पत्रांक नि0 1939/3–5 दिनांक 21.01.2022 **(पृष्ठसं0 329–330)** के अन्तिम पैरा में स्पष्ट किया है। यहां पर एक अन्य महत्वपूर्ण जानकारी भी समिति के संज्ञान में आई जिसके अन्तर्गत निदेशक, कार्बेट टाइगर रिर्जव, रामनगर के पत्रांक 708/3–2 दिनांक 13.09.2021 द्वारा एक संशोधित डी0पी0आर0, रू0 105.83 करोड़ मात्र की अपर प्रमुख वन संरक्षक, पी0एफ0एम0 को प्रेषित की गयी। **(पृष्ठसं0 79–81) मात्र एक वर्ष से भी कम अवधि में डी0पी0आर0 के आउटले में लगभग 4 गुने से भी अधिक की वृद्धि कर देना, समिति की परिकल्पना से पूर्णतः परे है।** वैसे अपर प्रमुख वन संरक्षक, पी0एफ0एम0 द्वारा इस प्रस्ताव को अपने पत्र दिनांक 25.09.2022 **(पृष्ठसं0 79–81)** से वापस कर दिया गया। यद्यपि ये बिन्दु पाखरों टाइगर सफारी में कराये गये कार्यों से सम्बन्धित नहीं है, फिर भी समिति द्वारा यहां इस आशय से वर्णन किया जाना प्रासगिंक लगा कि वर्ष 2021–22 में कालागढ़ टाइगर रिर्जव डिवीजन द्वारा सफारी हेतु अपने financial आउटले में अप्रत्याशित वृद्धि प्रस्तावित की गयी।

4. इसी कम में कैम्पा योजना का वर्णन करना भी समाचीन होगा। कैम्पा योजना अन्तर्गत भी प्रभागीय वनाधिकारी, कालागढ़ टाइगर रिर्जव डिवीजन द्वारा निदेशक, कार्बेट टाइगर रिर्जव रामनगर को अपने पत्रांक 1895/23–2 दिनांक 04.06.2021 द्वारा वर्ष 2021–22 का कैम्पा योजना का ए0पी0ओ0 रू0 947.58 लाख से बडा कर सीधे 12040 लाख (120 करोड़) का प्रस्तावित कर दिया। **(पृष्ठसं0 331)** यद्यपि रू0 947.58 लाख भी संशोधित था तथा इसकी भी स्वीकृति नहीं प्राप्त हुई थी। प्राप्त अभिलेखों के आधार पर यह अवगत हो रहा है कि CEO कैम्पा द्वारा वर्तमान तक कालागढ़ टाइगर रिर्जव डिवीजन हेतु मात्र 4.16 करोड ही स्वीकृत वार्षिक APO अवगत कराया गया है जिसमें से भी रू0 1.89 करोड़ स्वीकृत गतिविधि से इतर व्यय कालागढ़ टाइगर रिवर्ज डिवीजन द्वारा किया गया है। **(पृष्ठसं0 332–341)**

उक्तानुसार दो मुख्य funding योजनाओं में प्रभागीय वनाधिकारी, कालागढ़ टागइगर रिर्जव डिवीजन /निदेशक, कार्बेट टाइगर रिर्जव द्वारा वार्षिक APO में अप्रत्याशित वृद्धि करके Submit कर देना, **समिति को इस तथ्य की ओर विचार करने हेतु आकृर्षित करता है कि सम्बन्धित अधिकारियों को कहीं किसी उच्च स्तर से, प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से यह धनराशि उपलब्ध कराने सम्बन्धी कोई मौखिक वचनबद्धता तो प्राप्त नहीं थी क्योंकि अन्यथा कैसे–कोई भी अधिकारी इस रिपोर्ट में वर्णित करोड़ों रूपये के कार्य**

बिना बजट, वित्तीय स्वीकृति, उपलब्ध धनराशि के करवा सकता है ? इस तथ्य के क्रम में पूर्व प्रमुख वन संरक्षक (HoFF), उत्तराखण्ड द्वारा मुख्य सचिव, उत्तराखण्ड को लिखे पत्र 802/पी0ओ0 दिनांक 02.11.2021 (पृष्ठ सं0 289–291) का विशिष्ट रूप से बिन्दु सं0 5 तथा सामान्य रूप से सम्पूर्ण पत्र का गहनता से अध्ययन किया जाना अत्यन्त आवश्यक है।

5. समिति द्वारा राष्ट्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण द्वारा प्रद्धत स्वीकृतियों का भी गहनता से परीक्षण–निरीक्षण किया गया। इस क्रम में CZA के पत्रांक 20–6/2015–CZA/231/2019 दिनांक 12.02.2019 द्वारा **(पृष्ठसं0 342–343)** Expert group on zoo designing of the CZA द्वारा दिये गये Observations को सफारी के proposal में सम्मलित करने हेतु निर्देशित किया गया था। CZA पत्रांक 20–6/2015–CZA/223/2019 दिनांक 12.02.2019 **(पृष्ठसं0 345–346)** द्वारा अपने पत्र में, जो कि Expert Group on zoo designing से recommendation से सम्बन्धित था, स्पष्ट लिखा है कि designing project report may accordingly be revised। यह revised detailed project report जो कि सम्भवतः वर्तमान तक नहीं बनी है एवं यह तथ्य वर्तमान प्रभागीय वनाधिकारी, कालागढ़ टागइगर रिर्जव डिवीजन द्वारा अपने पत्रांक 1965/12–1 दिनांक 17.01.2022 **(पृष्ठसं0 347)** द्वारा अवगत भी कराया है कि पाखरों सफारी का CZA approved map उनके कार्यालय में उपलब्ध नहीं है। इस क्रम में समिति के संज्ञान में CZA के पत्रांक 25–1/2002–CZA (vol I) (m)/592-93 दिनांक 12/13 सितम्बर 2011 **(पृष्ठसं0 348–352)** एवं पत्रांक 25–1/2002–CZA (vol II) (AK)/1520/2017 दिनांक 18.08.2017 **(पृष्ठसं0 353–355)** भी संज्ञान में आये जिनमें animal enclosure design on master (Layout) plan के सम्बन्ध में Exhaustive एवं विस्तृत दिशा–निर्देश जारी किये गये है। प्रकरण विशेष में समिति को अवगत होता है कि यद्यपि पाखरों टाइगर सफारी को CZA की approval तो दी गयी थी परन्तु इसमें एक प्रमुख शर्त expert group of zoo designing of the CZA के observation को fulfill करने की थी जो कि वर्तमान तक हुई है, दृष्टिगत नहीं होती। अतः **प्रकरण विशेष में CZA के उक्त सन्दर्भित पत्रों के क्रम में प्रश्नगत टाइगर सफारी को CZA से अभी भी, विधिवत रूप से स्वीकृत कराया जाना अपेक्षित है।**

6. पाखरों टाइगर सफारी का FCA अन्तर्गत प्रपोजल का समिति द्वारा विस्तृत अध्ययन एवं विवेचना की गयी। इस प्रपोजल में 16 है0 भूमि का गैर वानिकी कार्यों हेतु उपयोग किया जाना प्रस्तावित था। Proposal में सफारी से सम्बन्धित कोई डी0पी0आर0 नहीं थी तथा 16 है0 में क्या–क्या गैरवानिकी कार्य किये जायेगें इस तथ्य का उल्लेख नहीं है। उक्त 16 है0 के स्थान पर मात्र 4000 मी0 (0.4 है0) का Construction activities and buildup area statement निम्न प्रकार है। **(पृष्ठसं0 358)**

Component-wise land break-up

Sl. No.	Details of the activity	Area (ha.)
1.	Ticket counter/Food court/Souvenir shop	0.5
2.	Reception/ Interpretation Centre	0.2
3.	Off-Exhibit Administrative & Residential block/Veterinary Section/ Post mortem/ Quarantine etc.	1.0
4.	Tiger Enclosures with animal shelter/ Feeding Cubicle, Safari track for tourists etc.	43.0
5.	Other Oper area	61.46
	Total Area	**106.16**

Proposal में एक अभिलेख component wise land break up का भी है। **(पृष्ठसं0 356)** जिसमें निम्न प्रकार स्थिति अवगत कराई गयी है।

Sl. No.	Name of the Building	Size (In Square meter)
1.	Reception	200
2.	Interpretation Center	1000
3.	Souvenir Shop	150
4.	Food Court	100
5.	Access Control & Public Toilets	100
6.	Other Service facilities	300
7.	Administration Building	400
8.	Veterinary hospital/ Quarantine/ Postmortem Section	600
9.	Kitchen & store	50
10.	Animal Shelter/ Feeding Cubicle	100
11.	Residential Facilities	1000
	Total built-up area	**4000**

बाकी के 16– 0.4= 15.6 है0 क्षेत्र में अन्य क्या कार्य होने है, का काई उल्लेख नहीं है। **इसी प्रपोजल में एक प्रमाण पत्र भी स्पष्टतः लगा है जिसमें लिखा है कि बिना** FCA **स्वीकृति के कोई कार्य आरम्भ नही किया जायेगा। (पृष्ठसं0 357)**

उपरोक्तानुसार Land schedules को देख कर यह कहना, कि वास्तव में 16 हे0 क्षेत्र कौन–कौन सा है जो कि गैर वानिकी कार्यों हेतु स्वीकृत किया गया है, सम्भव नहीं है। उक्त के अतिरिक्त एक मैप प्रपोजल के अन्त में Layout Plan for proposed tiger safari के नाम से दृष्टिगत हुआ जिसके दाई ओर दिये गये references में विभिन्न कार्य क्र0सं0 1 से 26 तक दर्शाये गये है (मैप इतना Congested है कि इसकी हार्ड प्रति तथा सोफ्ट कापी भी पूर्णतः स्पष्ट नहीं देखी जा पा रही है) **(पृष्ठ सं0 359)** उचित होता कि इस Layout plan में सभी references के सम्मुख क्षेत्रफल भी लिखा जाना चाहिए था। अगर इस मैप में दिये गये references को component wise land break up तथा building construction activities and build up area statement के सापेक्ष देखा जाये तो कई विसंगतियां दृष्टिगत होती हैं उदाहरणतः इस Layout Plan में कही भी references में residenctial facilities नही दर्ज की गयी है जबकि building construction activity में लगभग 1000 sqm area इस हेतु दर्शाया गया है।

समिति का प्रबल मत है कि पाखरों टाइगर सफारी हेतु निर्मित FCA Proposal **में और अधिक** clarity, user agency **को करनी चाहिये थी ताकि भविष्य में किसी भी प्रकार के भ्रम की स्थिति न उत्पन्न होने पाये। यहां यह भी देखना होगा कि** CZA द्वारा भी finally क्या revised master plan approve किया है (जो कि अभी तक उपलब्ध नहीं है) ?

7. **NTCA द्वारा स्वीकृत TCP (Tiger Conservation Plan) for Corbett Tiger Reserve.**

उक्त document जोकि tiger conservation plan for corbett tiger reserve के नाम से वर्ष 2012–13 से 2021–22 हेतु बनाया गया है तथा जिसे NTCA के पत्रांक F No 1-2/2013/NTCA दिनांक 04.03.2015 (पृष्ठसं0 420–422) द्वारा कतिपय शर्तों के अधीन approval दिया गया है।

यह document एक अच्छी guideline है जो कि सम्पूर्ण tiger reserve क्षेत्र में लागू है। वास्तव में tiger reserve क्षेत्रों को नियंत्रित करने हेतु यह एक guiding principle से भरा हुआ महत्वपूर्ण document है इसी के क्रम में tiger reserve क्षेत्रों में कार्य होने चाहिये परन्तु इसका अर्थ यह कदापि नहीं है कि इसमें वर्णित कार्यों को बिना किसी वित्तीय/प्रशासनिक/तकनीकी/ विधिक स्वीकृतियों के करा लिया जाये।

उक्त के अतिरिक्त NTCA के स्वीकृति पत्र के 5 वे पैरा में स्पष्ट उल्लेख है कि

"The approved TCP shall have a provision of mid term renew corresponding to the proposed period of the plan, for appropriate mid term alteration, if any, as required"

इस क्रम में पूर्व प्रमुख वन संरक्षक (वन्यजीव) / मुख्य वन्यजीव प्रतिपालक के निम्न 2 प्रमुख पत्र समिति के संज्ञान में आये।

पत्रांक 1448/6–17 दिनांक 15.10.2019 **(पृष्ठ सं0 423–424)**

पत्रांक 3295/6–17 दिनांक 19.03.2020 **(पृष्ठ सं0 425)**

तथा एक पत्र तत्कालीन प्रमुख वन संरक्षक (HoFF) का भी निम्न प्रकार संज्ञान में आया।

पत्रांक 687/पी0ओ0 दिनांक 18.10.2021 **(पृष्ठसं0 426)**

उक्त तीनों पत्रों को जारी करने वाले अधिकारी एक ही थे, जो कि पूर्व में प्रमुख वन संरक्षक (वन्यजीव)/ मुख्य वन्यजीव प्रतिपालक थे तथा तत्पश्चात प्रमुख वन संरक्षक (HoFF) के रूप में थे। ये तीनों ही पत्र निदेशक, कार्बेट टाइगर रिर्जव रामनगर को सम्बोदित है तथा अत्यधिक महत्वपूर्ण है जिससे वर्ष 2019 से ही वे टी0सी0पी0 के mid term review सम्बन्धी निर्देश दे रहे है।

यह mid term review सम्बन्धी निर्देश दे रहे है अतः **अगर गम्भीरता से देखा जाये तो यह टी0सी0पी0 के approval में दी गयी शर्तों के भी उल्लंघन की श्रेणी में आयेगा क्योंकि तत्कालीन** प्रमुख वन संरक्षक (वन्यजीव)/मुख्य वन्यजीव प्रतिपालक द्वारा अपने प्रथम पत्र दिनांक 15.10.2019 द्वारा अत्यधिक महत्वपूर्ण निर्देश निदेशक कार्बेट टाइगर रिवर्ज, रामनगर को mid term review हेतु जारी किये गये थे।

इस कम में Compendium of guidelines & circulars issued by Director (project tiger) New Delhi. नवम्बर 2004 द्वारा जारी गाइडलाईन की बिन्दु सं0 2 एवं 3 **(पृष्ठ सं0 467–471)** का भी उल्लंघन हो सकता है जो कि WPA की धारा 38 (O) को आकर्षित करेगा। इस हेतु प्रमुख वन संरक्षक (HoFF) द्वारा दिनांक 19.01.2022 द्वारा NRSA से imagery प्राप्त कर वृक्ष कटान के पुख्ता प्रमाण हेतु निर्गत निर्देशों के परिणामों को देखना पड़ेगा।

8. **कार्बेट कन्जरवेशन फाउन्डेशन फॉर सी0टी0आर0 की शासी निकाय बैठकें:–**

चूंकि पाखरों टाइगर सफारी हेतु वित्त पोषण के सम्बन्ध में कार्बेट फाउन्डेशन से भी धनराशि लेने सम्बन्धी निर्देश शासनादेश 942/X-2-2021-12(43)/2020 दिनांक 31.03.2021 **(पृष्ठसं0 177–178)** में दिये गये हैं, जिसके कम में व्याख्यान कक्ष हेतु टी0ए0सी0 द्वारा अनुमोदित धनराशि 258.57 लाख की वित्तीय/प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गयी है तथा इस कार्य हेतु धनराशि का व्यय कार्बेट टाइगर कन्जरवेशन फाउन्डेशन की मद से वहन किये जाने के आदेश है, अतः यहां यह स्पष्ट होता है कि कार्बेट फाउन्डेशन से पाखरों सफारी हेतु धनराशि व्यय करने से पूर्व **नियमानुसार (स्थिति अनुसार) शासन से वित्तीय/प्रशासनिक स्वीकृति लेना आवश्यक है।** इस कम में कार्बेट फाउन्डेशन की शासी बैठक 6 वीं दिनांक 21 जुलाई 2020 स्थान कोटद्वार **(पृष्ठसं0 271–281)**, 7वीं दिनांक 28.04.2021 स्थान कोटद्वार **(पृष्ठसं0 257–270)** एवं 8वीं दिनांक 13.12.2021 स्थान पिटकुल सभागार, देहरादून **(पृष्ठसं0 361–371)** के कार्यवृत्तों का भी **पाखरों टाइगर सफारी विशिष्ट अध्ययन** किया गया इस अध्ययन उपरान्त निम्न प्रकार स्थिति स्पष्ट होती है।

i. कार्बेट फाउन्डेशन की 6 वीं शासी बैठक दिनांक 21.07.2020 अनुसार वर्ष 2020–21 हेतु पाखरों सफारी से सम्बन्धित निम्न प्रकार वार्षिक APO प्रस्तावित किया गया था: (एजेन्डा बिन्दु सं 3)

पाखरों सफारी हेतु:– **50 लाख**

ii. कार्बेट फाउन्डेशन की 7 वीं शासी बैठक दिनांक 28.04.2021 अनुसार वर्ष 2020–2021 के दौरान गतिविधियों एवं व्यय का विवरण (ऐजेन्डो बिन्दु 2)

पाखरों सफारी हेतु:– **200 लाख** (यहां पृथक से यह भी लिखा गया है कि पाखरो सफारी हेतु प्राविधानित **200 लाख** के सापेक्ष 115 व्यय किया जा चुका है)।

iii. कार्बेट फाउन्डेशन की 7 वीं शासी बैठक दिनांक 28.04.2021 अनुसार वर्ष 2021–22 हेतु पाखरों से सम्बन्धित निम्न प्रकार वार्षिक APO प्रस्तावित किया गया (ऐजेन्डा बिन्दु 3)

वाड़ा एवं व्याख्या केन्द्र का निर्माण:– **400 लाख**

उक्त कार्यों का प्राक्कलन अनुसार एक टाइगर वाड़े हेतु **439.40 लाख** तथा व्याख्यान कक्ष हेतु 299. 61 लाख का वित्तीय अनुमोदन का प्रस्ताव भी अनुमोदित किया गया (ऐजेन्डा बिन्दु–8)

iv. कार्बेट फाउन्डेशन की 8 वीं शासी निकाय बैठक दिनांक 13.12.2021 अनुसार वित्तीय वर्ष 2020–21 दौरान पाखरों सफारी हेतु व्यय का विवरण (एजेन्डा बिन्दु–2)

पाखरों सफारी हेतु वाड़ा एवं व्याख्यान केन्द्र:– **400 लाख**

पाखरों सफारी हेतु अनुमोदित विभिन्न कार्य:– **75 लाख**

v. कार्बेट फाउन्डेशन की 8 वीं शासी निकाय बैठक दिनांक 13.12.2021 अनुसार वित्तीय वर्ष 2021–22 हेतु पाखरों सफारी हेतु निम्न कार्यों का अनुमोदन किया गया।

कालागढ़ टाइगर रिवर्ज, वन प्रभाग में निर्माणाधीन CZA approved वाड़ा तथा अन्य अनुषागिक व्यय:– **400 लाख**

पाखरों टाइगर सफारी में व्याख्यान केन्द्र तथा इंटर पिटेशन सैन्टर:–**150 लाख**

कालागढ़ टाइगर रिवर्ज, वन प्रभाग में टाइगर सफारी हेतु CZA द्वारा वर्णित दिशा–निर्देशों के अनुपालन में तकनीकी मानव संसाधन की आपूर्ति एवं आवस्थापना विकास हेतु:–**100 लाख**

उक्त कार्यवृत्तों को विवेचना से निम्न प्रकार अनियमित्तायें दृष्टिगत होती है।

i. 6 वीं बैठक (28.04.2021) में पाखरों सफारी हेतु वर्ष 2020–21 हेतु मात्र 50 लाख रूपये अनुमोदित किये गये थे।

ii. 7 वीं बैठक (28.04.2021) में पाखरों सफारी हेतु वर्ष 2020–21 हेतु व्यय शीर्षक में इस हेतु प्रावधानित 200 लाख के सापेक्ष 112 लाख खर्च दिखाया गया है। वास्तव में 6 वीं बैठक में वर्ष 2020–21 हेतु मात्र 50 लाख ही अनुमोदित किये गये थे अतः 7 वीं बैठक मे यह अवगत कराना कि वर्ष 2020–2021

में 200 लाख प्रावधानिक थे गलत है एवं इसमें सापेक्ष 112 लाख खर्च कर दिया जाना औचित्यपूर्ण नहीं है।

iii. 7वीं बैठक (20.04.2021) में पाखरों सफारी हेतु वर्ष 2021–22 हेतु 400 लाख रूपया एक टाइगर वाडे एवं व्याख्यान कक्ष हेतु प्रावधानित किये गये थे।

iv. 8 वीं बैठक (13.12.2021) में पुनः वर्ष 2020–21 दौरान अनुमोदित व्यय के विवरण में दर्ज है कि 75 लाख टाइगर सफारी हेतु अनुमोदित विविध कार्य एवं 400 लाख पाखरों टाइगर सफारी हेतु वाड़ा एवं व्याख्यान केन्द्र का निर्माण। (उक्तानुसार वर्ष 2020–21 में 475 लाख खर्च/व्यय कर दिये लेकिन वास्तव में 6 वीं बैठक मे तो वर्ष 2020–21 हेतु मात्र 50 लाख ही अनुमोदित थे)

इस कम में समिति के संज्ञान में निदेशक कार्बेट टाइगर रिर्जव का पत्रांक 922/3–6 दिनांक 06.10.2021 **(पृष्ठसं0 372–373B)** इस पत्र में वे 7 वीं बैठक का हवाला देते हुये **6.00 करोड की धनराशि पाखरों सफारी हेतु निम्न प्रकार स्वीकृत** अवगत कराते हैं।

(1) कोटद्वार स्थित विभिन्न अवस्थापनाओं के सुधार हेतु	75 लाख
(2) कोटद्वार स्थित रिसेप्शन सैन्टर के पास आजीविका बठाने हेतु अवस्थापना विकास	50 लाख
(3) पाखरों क्षेत्र में पर्यटन को बढावा देने हेतु विभिन्न हट निर्माण	75 लाख
(4) पाखरों सफारी हेतु वाड़ा एवं व्याख्यान कक्ष	400 लाख
	कुलः– 600 लाख

उपरोक्त के कम में निदेशक, कार्बेट टाइगर रिर्जव द्वारा अवगत कराया गया कि अभी तक 322.55 लाख की धनराशि अवमुक्त की जा चुकी हैं शेष 277.4 लाख के सापेक्ष 200 लाख अब अवमुक्त किये जा रहे है। **समिति ने पाया कि उपरोक्त पत्र द्वारा अत्यधिक भ्रमक तथ्य वर्णित किये गये है एवं 6वीं एवं 7 वीं बैठक में तो कही भी बिन्दु सं 1,2,3 के कार्यों को पाखरों सफारी के सापेक्ष नहीं दर्शित किया गया है।**

ये मद किस कारण से अब दिनांक 06.10.2021 के **पत्र में पाखरों टाइगर सफारी मद में दर्शित** किये जा रहे है ? ये मद कार्बेट टाइगर सफारी हेतु दिनांक 06.10.2020 को निदेशक, कार्बेट टाइगर रिर्जव के पत्रांक 649/6–12 दिनांक 06.10.2020 **(पृष्ठसं0 323–324)** द्वारा प्रस्तु डी0पी0आर0 26.81 करोड में भी कहीं वर्णित नहीं है।

समिति ने पाया कि कार्बेट टाइगर फाउन्डेशन के धन को औचित्यपूर्ण रूप से व्यय नहीं किया गया है। इस हेतु बैठक के आयोजनकर्ता/एजेन्डा बनाने वाले अधिकारियों/बैठक में निर्णय कराने वाले अधिकारियों को सुस्पष्ट स्थिति समिति के सम्मुख रखनी चाहिए थी।

उपरोक्त सभी तथ्यों से इतर एक अन्य महत्वपूर्ण तथ्य भी निम्न प्रकार समिति को प्रस्तुत करना है। निदेशक, कार्बेट टाइगर रिर्जव के पत्र दिनांक 06.10.2021 से अवगत होता है कि उनके द्वारा 522.55 लाख दिनांक 06.10.2021 तक पाखरों सफारी हेतु प्रभागीय वनाधिकारी, कालागढ़ टाइगर रिर्जव डिवीजन को दिये गये। निदेशक, कार्बेट टाइगर रिर्जव द्वारा जांच समिति द्वारा निर्गत पत्र दिनांक 07.01.2022 **(पृष्ठ सं0 9–13)** के क्रम में अपने पत्र दिनांक 12.01.2022 **(पृष्ठ सं0 114–222)** द्वारा सम्पूर्ण कालागढ़ टाइगर रिर्जव डिवीजन में कार्बेट फाउन्डेशन मद से कुल खर्चे (पाखरों सफारी एवं अन्य सभी कार्यों हेतु) के सम्बन्ध में निम्न प्रकार सूचना उपलब्ध कराई गयी है।

i. पाखरों क0 3 में व्याख्यान कक्षः– 50 लाख **(पृष्ठ सं0 175)**

ii. पाखरों क0 3 में टाइगर वाड़ा 2, 3000 मीटर हेतुः– 75 लाख अग्रिम **(पृष्ठ सं0 194)**

iii. पाखरों टाइगर सफारी वाड़ा नं0 1 एवं 2 के 5 कि0मी0 सर्विस रोडः–45.22 लाख (अनाधिकृत) **(पृष्ठ सं0 215)**

इस प्रकार सफारी हेतु कुल अवमुक्त 522.55 लाख में से अगर उपरोक्तानुसार 170.22 लाख घटा दिया जाये तो फिर अवशेष 352.33 लाख रूपये कहां खर्च किये गये।

फाउन्डेशन की कार्य प्रणाली के ऊपर एक अन्य प्रश्न चिन्ह, समिति को प्राप्त एक गोश्वारे से पुनः स्पष्ट हुआ **(पृष्ठ सं0 417)** इस गोश्वारे को गम्भीरता के साथ देखा जाये तो इसमें कालागढ़ टाइगर रिर्जव डिवीजन अन्तर्गत निम्न प्रकार व्यय किये जाने का वर्णन किया गया हैः–

माह अप्रैल 2021	:	लगभग 113.7 लाख
माह मई 2021	:	लगभग 10.74 लाख
माह सितम्बर 2021	:	लगभग 100.64 लाख
माह अक्टूबर 2021	:	लगभग 80.00 लाख
माह नवम्बर 2021	:	लगभग 15.94 लाख
कुल	:	321.06 लाख

उक्तानुसार खर्चा अगर मदवार देखा जाये तथा निदेशक कार्बेट टाइगर रिर्जव द्वारा कार्बेट फाउन्डेशन से प्रद्वत धनराशि हेतु प्रस्तुत सूचनाओं के सापेक्ष compare किया जाये एवं साथ–साथ कार्बेट फाउन्डेशन की 6वी, 7वी, 8वी शासी निकाय बैठकों के कार्यवृत्त को गम्भीरता के साथ पढा जाये तो समिति को ज्ञात होता है कि कार्बेट फाउन्डेशन फंड फ्लो में पर्याप्त अनियमित्तायें है जो कि Special audit द्वारा बिन्दु दर बिन्दु अनिवार्यतः प्रकाश में आयेगी। उदाहरणतः वर्तमान तक उपलब्ध अभिलेखों अनुसार शासन द्वारा मात्र व्याख्यान कक्ष हेतु टी0ए0सी0 पश्चात् रू0 258.57 लाख की धनराशि औचित्यपूर्ण पाई गयी तथा इसका व्यय फाउन्डेशन

मद से किया जायेगा, निर्देशित किया गया। इसके अतिरिक्त शासन स्तर से फाउन्डेशन से व्यय सम्बन्धी कोई अनुमति/स्वीकृति नहीं है। ऐसी स्थिति में उक्त गोश्वारे में वर्णित कार्य यथा पाखरों सफारी के अन्तर्गत वाड़ा निर्माण हेतु 99.75 लाख, पाखरों सफारी में **म्यूजियम निर्माण** हेतु 14.00 लाख + 35.00 लाख =49 लाख, प्रशासनिक भवन निर्माण हेतु 18.54 लाख, पाखरों सफारी विद्युत लाइन हेतु 20–20 लाख के चार तथा 10 लाख का एक कुल 90 लाख रू0 आदि–आदि का भुगतान कार्बेट फाउन्डेशन मद से किस प्रकिया अन्तर्गत किया गया, पूर्णतः अस्पष्ट एवं संदेहास्प्रद है।

समिति को अवगत हुआ है कि प्रमुख वन संरक्षक (HoFF) द्वारा इस सम्बन्ध में अपने पत्रांक 1041/पी0ओ0 दिनांक 24.01.2022 **(पृष्ठ सं0 429–30)** द्वारा special audit हेतु लिखा जा चुका है।

उक्त सभी आधार भूत सूचनाओं के अध्ययन के पश्चात् पाखरों सफारी में कराये गये कार्यों के सम्बन्ध में जांच समिति द्वारा विशिष्ट आख्या निम्न प्रकार है:–

1. पाखरों वन विश्राम गृह के समीप क0 सं0 8 में जलाशय निर्माणः–

यह जलाशय लगभग 100 मीटर X 100 मीटर क्षेत्रफल में बनाया गया है जिसकी गहराई स्थान–स्थान पर 1 मीटर से 1 $\frac{1}{2}$ मीटर के लगभग होगी। यह जलाशय पाखरों टाइगर सफारी हेतु स्वीकृत क्षेत्र के अन्दर है। जैसा कि NTCA /भारत सरकार वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रायल/प्रमुख वन संरक्षक (HoFF) के शपथ पत्र में स्पष्ट उल्लेख है कि इस क्षेत्र से वृक्ष हटाये गये होगें। इस सम्बन्ध में स्थलीय भ्रमण मध्य इस तालाब के चारों और भ्रमण कर वन विभाग की IT Team ने KML file निर्मित की। इस फाइल को तत्पश्चात गूगल अर्थ पर देखने से स्पष्ट प्रतीत हुआ कि मार्च 2021 तक की imaginary में घने वृक्ष थे। **(प्लेट नं0 13)** जो कि अब मात्र 2–3 वृक्ष ही वहां उपलब्ध है। **(प्लेट नं0 14)**

उपरोक्त से यह स्पष्ट सिद्ध होता है कि प्रश्नगत क्षेत्र से वृक्षों को अवैध रूप से हटाया गया है जो कि FC Proposal अनुसार स्वीकृत 163 वृक्षों के अतिरिक्त है। इस जलाशय के निर्माण के सम्बन्ध में निदेशक, कार्बेट टाइगर रिर्जव, द्वारा अपनी रिर्पोट में स्पष्ट किया है कि **इस हेतु न तो कोई बजट उपलब्ध था, न ही कोई वित्तीय एवं प्रशासनिक स्वीकृति थी तथा प्रभागीय वनाधिकारी, कालागढ़ टाइगर रिर्जव डिवीजन द्वारा दिनांक 30.07.2021 को इस वाटर होल के निर्माण का कार्यादेश भी जारी किया है।** इस प्रकार इस प्रकरण में निम्न प्रकार वित्तीय अनियमित्ता दृष्टिगत होती है।

निष्कर्ष (वित्तीय अनियमित्ता)

सरकारी कार्यों को किये जाने हेतु उक्तानुसार कार्यवाही उत्तराखण्ड अधिप्राप्त नियमावली 2017 के नियम 39, नियम 49 (ग), नियम 3 (10) एवं नियम 40 (4) का स्पष्ट उल्लघंन है। (पृष्ठ सं0 427)

पाखरों वन विश्राम गृह के समीप क0 सं0 8 में जलाशय निर्माण के सम्बन्ध में विधिक स्थिति निम्न प्रकार है:–

निष्कर्ष (विधिक उल्लंघन)

अवैध रूप से वृक्षों को हटाने के तथ्य google earth image तथा वर्तमान फील्ड भ्रमण से दृष्टिगत हुये है अतः ये कार्य भारतीय वन अधिनियम 1927 की धारा 26 (च,छ एवं ज) का उल्लंघन है। इस सम्बन्ध में प्रमुख वन संरक्षक (HoFF), उत्तराखण्ड के पत्रांक दिनांक 19.01.2022 (पृष्ठ सं0 16–18) द्वारा विभागीय IT Cell को NRSA से Paid data procure करने एवं tree removal की पुख्ता रिर्पोट प्रस्तुत करने के निर्देश दिये जा चुके हैं। Tree removal की quantitied पुख्ता रिर्पोट आने के पश्चात आखिर में वृक्ष कहां गये एवं इतनी बड़ी मात्रा में निकाली गयी मिट्टी कहां गयी ? प्रथक से जांच का विषय होगा।

उक्त के अतिरिक्त गूगल इमेज से स्पष्ट प्रतीत होता है कि यहां से वृक्ष हटाये गये हैं जो कि स्वीकृत पाखरों सफारी अन्तर्गत 163 वृक्षों के अतिरिक्त हैं। अतः इस कार्य को करने में FCA अन्तर्गत निर्गत शर्तों का भी उल्लंघन है। साथ ही यह कार्य Stage-II स्वीकृति से पूर्व कराये जाने के प्रमाण होने की दृष्टि में FCA के अन्तर्गत निर्गत Stage-I स्वीकृति की शर्तों का भी उल्लंघन है।

प्रश्नगत क्षेत्र में वर्णित कार्य अवधि मध्य तैनात कर्मचारियों/अधिकारियों की सूची संलग्न में Table no. 1 के रूप में दी गयी है।

2. **पाखरों क0सं0 3 में व्याख्यान कक्ष का निर्माण:–**

इस व्याख्यान कक्ष के सम्बन्ध में समिति ने पाया कि इसे बनाने में भी काफी वृक्षों को हटाया गया होगा। इस स्थल की गूगल earth imagery दिसम्बर 2020 तथा मार्च 2021 प्राप्त हुई। इसे देख कर स्पष्ट होता है कि प्रश्नगत क्षेत्र से वृक्षों को हटाया गया है। **(प्लेट नं0 15, 16, 17)** इस क्रम में यद्यपि एक पत्र वन क्षेत्राधिकारी पाखरों रेंज का पत्रांक 8718 दिनांक 07.03.2021, इस आशय का प्राप्त हुआ है कि पाखरों क0सं0 3 में आंधी तूफान से 6 सागौन वृक्ष उखड़ गये थे जिन्हे हटा कर सी–1 स्टाक में ले लिया गया है। **(पृष्ठ सं0 374)** इस पत्र से यद्यपि ये अवगत नहीं होता है कि ये वृक्ष इसी जगह उखडे होगें जहां व्याख्यान कक्ष बन रहा है एवं व्याख्यान कक्ष में दिसम्बर 2021 तक की Google earth imagery भी यह स्पष्ट कर रही है कि यहां बड़ी संख्या में हरे वृक्ष मौजूद थे अतः बहुत सम्भव है कि इन हरे वृक्षों को यहां से अवैध रूप से हटाया गया होगा।

उक्त के अतिरिक्त इस कार्य को कराने हेतु शासन स्तर से टी0ए0सी/वित्तीय /प्रशासनिक स्वीकृति रू0 258.58 लाख प्राप्त थी, जिसका वहन कार्बेट फाउन्डेशन से किये जाने के निर्देश भी थे **(पृष्ठ सं0 177–178)** परन्तु ये निर्देश/स्वीकृति दिनांक 31.03.2021 को प्राप्त हुये एवं प्रभागीय वनाधिकारी, कालागढ़ टाइगर रिर्जव डिवीजन द्वारा इस हेतु कार्यादेश काफी पूर्व दिनांक 18.02.2021 को ही कर दिया गया था।

यह कार्यादेश मात्र 1,3041,363.66 का था **(पृष्ठ सं0 176)** तथा इस हेतु टैन्डर का अनुमोदन निदेशक, कार्बेट टाइगर रिर्जव द्वारा दिनांक 11.11.2020 **(पृष्ठ सं0 251)** को दिया गया, जोकि उनको अधिकार नहीं था। साथ ही इस कार्य को कराने हेतु कार्बेट फाउन्डेशन से 50 लाख रूपये भी अग्रिम के रूप में दिये गये। इस प्रकार विधिवत स्वीकृति (Stage-II Clearance) आने से पूर्व बिना सक्षम स्तर से स्वीकृति प्राप्त होने से पूर्व, बिना सक्षम स्तर से टैन्डर अनुमोदन कराने से पूर्व यह कार्य कराया गया है। समिति द्वारा इस कार्य को कराये जाने में निम्न प्रकार वित्तीय अनिमित्ता दृष्टिगत की गयी।

निष्कर्ष (वित्तीय अनियमित्ता)

1. इस प्रकरण में उत्तराखण्ड अधिप्राप्त नियमावली 2017 के नियम 40 (4) का स्पष्ट उल्लंघन है।
2. इस कार्य को कराये जाने में शासनादेश सं0 245/XXVII/2012 दिनांक 22.11.2012 के अनुसार वन संरक्षक/निदेशक को सरकारी कार्य के निष्पादन हेतु 20 लाख तक की निविदायें स्वीकार करने का अधिकार प्राप्त है। अतः इस प्रकरण में इस बिन्दु पर भी स्पष्ट वित्तीय अनिमित्ता दृष्टिगत हुई है।

इस भवन में सीमेन्ट कंकीट के पिलर, छत एवं आंशिक रूप से दीवारे भी निर्मित हो चुकी हैं जो कि FC proposal के विपरीत है जिसमें infrastructural facilities को बम्बू एवं अन्य प्राकृतिक प्रदार्थो से बनाने की शर्त थी साथ ही इस क्षेत्र से tree removal भी हुआ है। पाखरों क0सं0 3 में व्याख्यान कक्ष के निर्माण के सम्बन्ध में विधिक स्थिति निम्न प्रकार है।

निष्कर्ष (विधिक उल्लंघन)

गूगल अर्थ इमेज से स्पष्ट होता है कि प्रश्नगत क्षेत्र में मार्च 2021 तक ही अधिकाशः वृक्ष हटा दिये गये थे। यह कार्य भारतीय वन अधिनियम 1927 की धारा 26 (च), (ज) का उल्लंघन है।

Infrastructureal facilities को बम्बू एवं अन्य प्राकृतिक पदार्थों से न बनाने के कारण एवं इस कार्या को Stage-II स्वीकृति से पूर्व कराये जाने के प्रमाण होने की दृष्टिगत FCA के अन्तर्गत निर्गत Stage-I स्वीकृति की शर्तों का भी उल्लंघन होता है।

प्रश्नगत क्षेत्र में वर्णित कार्य अवधि मध्य तैनात कर्मचारियों/अधिकारियों की सूची संलग्न में Table no. 1 के रूप में दी गयी है।

3. गूजर श्रोत पाखरों क0सं0 3 में टाइगर वाड़ा 1 का 2570 मीटर निर्माणः–

इस मामले में भी शासनादेश दिनांक 31.03.2021 **(पृष्ठ सं0 180–181)** द्वारा टी0ए0सी0/**वित्तीय/प्रशासनिक स्वीकृति** रू0 359.50 की **निर्गत हुई है।** इस प्रकरण में भी प्रभागीय वनाधिकारी, कालागढ़ टाइगर रिर्जव डिवीजन द्वारा काफी पहले ही दिनांक 28.11.2020 **(पृष्ठ सं0 254)** को कार्यादेश जारी कर

दिया (1,01,36687 रू0 प्रति कि0मी0 की दर से) तथा इसमें पूर्व निदेशक, कार्बेट टाइगर रिर्जव, ने भी दिनांक 11.11.2020 द्वारा निविदा का अनुमोदन जारी किया। **(पृष्ठसं0 253)** 31.03.2021 को बजट प्राप्त होते ही, इस कार्य को करने में पूर्व में 50 लाख रू0 कार्बेट फाउन्डेशन से लिया गया अग्रिम वापस कर दिया गया। समिति का मानना है कि, कार्बेट फाउन्डेशन से इस प्रकार 50 लाख रू0 अग्रिम दे देना एवं तत्पश्चात वापस ले लेना एक प्रशासनिक चूक है। (यहां समिति द्वारा यह समझा गया कि ये 50 लाख जो कार्बेट फाउन्डेशन से लिया गया था, यह उस 50 लाख से इतर है जो कि व्याख्यान कक्ष के निर्माण के लिये दिया गया अवगत कराया गया।) शासन से टी0ए0सी0 स्वीकृत होने (दिनांक 31.03.2021) के पश्चात् रू0 143.57 लाख दिनांक 31.03.2021 एवं रू0 100 लाख दिनांक 19.08.2021 वित्त नियंत्रक के पत्र दिनांक 19.08.2021 द्वारा अवमुक्त किया गया। **(पृष्ठसं0 76–77) इस 243.57 लाख के सापेक्ष दिनांक 31.03.2021 को ही रूपया 143.57 लाख तथा दिनांक 09.09.2021 को 72130 मात्र शेष रहते हुये (100 लाख – 72130) लगभग 99 लाख का भी भुगतान कर दिया गया। (पृष्ठसं0 183–193)**

इस प्रकरण में भी प्रभागीय वनाधिकारी एंव निदेशक, कार्बेट टाइगर रिर्जव द्वारा अप्रत्याशित जल्दी दिखाई गयी। कार्यादेश जारी करना, टैन्डर स्वीकृत करना टी0ए0सी एवं FC Stage-II Clearance (विधिवत स्वीकृति) से काफी पूर्व ही कर दिया गया। 2570 मीटर 1,01,36687.00 रू0 प्रति कि0मी0 के अनुसार इस कार्य की पूर्ण लागत लगभग 2.5 करोड़ रू0 से अधिक ही होगी। इस कार्य को कराये जाने में निम्न प्रकार वित्तीय अनिमित्ता दृष्टिगत होती है।

निष्कर्ष (वित्तीय अनियमित्ता)

1. इस प्रकरण में उत्तराखण्ड अधिप्राप्त नियमावली 2017 के नियम 40 (4) का स्पष्ट उल्लंघन है।
2. शासनादेश सं0 245/XXVII/2012 दिनांक 22.11.2012 के अनुसार वन संरक्षक/निदेशक को सरकारी कार्य के निष्पादन हेतु 20 लाख तक की निविदायें स्वीकार करने का अधिकार प्राप्त है। अतः इस प्रकरण में इस बिन्दु पर भी समिति को वित्तीय अनिमित्ता दृष्टिगत हुई है।

गूजर स्रोत पाखरों क0स0 3 में टाइगर वाड़ा 1 का 2570 मीटर निर्माण के सम्बन्ध में विधिक स्थिति निम्न प्रकार है।

निष्कर्ष (विधिक उल्लंघन)

प्रश्नगत क्षेत्र की उपलब्ध मार्च 2021 से वृक्षों के removal के सम्बन्ध में स्थिति स्पष्ट नहीं हो रही है तथा इसके पश्चात की google earth image उपलब्ध नहीं है।

इस सम्बन्ध में प्रमुख वन संरक्षक (HoFF), उत्तराखण्ड के पत्रांक दिनांक 19.01.2022 (पृष्ठ सं0 16–18) द्वारा विभागीय IT Cell को NRSA से paid data procure करने एवं tree removal की पुख्ता रिर्पोट प्रस्तुत करने के निर्देश दिये जा चुके हैं। Tree removal की quantitied पुख्ता रिर्पोट आने के पश्चात यह

कार्य भारतीय वन अधिनियम 1927 की धारा 26 (च, एवं ज) का उल्लंघन होगा एवं आखिर ये वृक्ष कहां गये ? प्रथक से जांच का विषय होगा।

इस कार्य को Stage-II स्वीकृति से पूर्व कराये जाने के प्रमाण होने की दृष्टिगत FCA के अन्तर्गत निर्गत Stage-I स्वीकृति की शर्तों का भी उल्लंघन होता है।

प्रश्नगत क्षेत्र में वर्णित कार्य अवधि मध्य तैनात कर्मचारियों/अधिकारियों की सूची संलग्न में Table no. 1 के रूप में दी गयी है।

4. पाखरों क0सं0 3 में टाइगर वाड़ा नं 2 का 3000 मीटर निर्माणः–

निदेशक, कार्बेट टाइगर रिर्जव द्वारा अवगत कराया गया कि कार्बेट फाउन्डेशन की 8 वीं0 बैठक में यह कार्य अनुमोदित किया गया। यह बैठक दिनांक **13.12.2021 को हुई एवं इसमें कहीं पहले दिनांक 05.03.2021 को प्रभागीय वनाधिकारी, कालागढ़ टाइगर रिर्जव डिवीजन द्वारा इस कार्य का कार्यादेश जारी कर** दिया गया **(पृष्ठसं0 256)** एवं दिनांक 02.03.2021 को निदेशक, कार्बेट टाइगर रिर्जव, द्वारा टैन्डर का भी अनुमोदन किया गया। **(पृष्ठसं0 255)** कार्यादेश 1,042,4095 रूपये प्रति कि0मी0 के अनुसार लगभग 3,12,72,285 का होगा। **इस धनराशि की न तो कोई टी0ए0सी0, न ही वित्तीय/प्रशासनिक स्वीकृति किसी भी सक्षम स्तर से जारी की गयी है,** जो कि वर्तमान तक समिति के सम्मुख प्रस्तुत नहीं की जा सकी।

इस कार्य को करने हेतु कार्बेट फाउन्डेशन से 75 लाख रू0 अग्रिम भी दे दिया गया। इस कम में अगर कार्बेट फाउन्डेशन की शासी बैठकों की समीक्षा की जाये तो दिनांक 28.04.2021 को 7 वीं बैठक में पाखरों टाइगर सफारी में वाड़ा तथा व्याख्यान केन्द्र हेतु रू0 400 लाख मात्र वित्तीय वर्ष 2021–22 हेतु अनुमोदित किये गये तथा 8 वीं बैठक दिनांक 13.12.2021 को वर्ष 2020–21 के मध्य हुये खर्चे का विवरण (बिन्दु सं 2) निम्न प्रकार दिया गया है।

- पाखरों टाइगर सफारी हेतु वाड़ा एवं व्याख्यान केन्द्रः– 400 लाख
- पाखरों सफारी हेतु अनुमोदित विभिन्न कार्यः– 75 लाख

इस प्रकार शासी निकाय बैठक के कार्यवृत्त से स्पष्ट होता है कि लगभग 475 लाख का व्यय कार्बेट फाउन्डेशन से पाखरों सफारी में वर्ष 2020–21 मे कर दिया गया। सभी **बैठकों के कार्यवृत्त को ध्यान पूर्वक देखा जाये तो कहीं भी वर्ष 2020–21 हेतु 475 लाख पाखरों सफारी हेतु प्रस्तावित ही नहीं की गयी थी एवं** ये खर्च कहां किया गया **क्योंकि वाडे नं0 2 में तो अभी तक मात्र कुछ नींव सम्बन्धी कार्य ही किये गये है** जैसा कि समिति ने अपने निरीक्षण दिनांक 11.01.2022 मध्य देखा। उपरोक्त के अतिरिक्त निदेशक, कार्बेट टाइगर रिर्जव, द्वारा अपने पत्रांक 1653/1–41 दिनांक 12.01.2021 **(पृष्ठसं0 194)** द्वारा भेजी गयी पाखरों क0सं0 3 में टाइगर वाड़ा नं0 2 का 3000 मीटर निर्माण में यह अवगत कराया है कि इस कार्य **हेतु मात्र 75 लाख का अग्रिम ही फाउन्डेशन से दिया गया है।** अतः फिर कैसे एवं कहां ये खर्चा 400 लाख–50 लाख

(जो व्याख्यान कक्ष हेतु अग्रिम दिया गया था) –75 लाख (जो पाखरों क0 3 में टाइगर वाड़ा 2, 3000 मीटर हेतु दिया गया था)= 275 लाख किया गया। समिति द्वारा यह स्थिति अत्यधिक सदेंहास्प्रद दृष्टिगत हुई जिसमें कार्बेट फाउन्डेशन के धन को व्यय करने में अत्यधिक भ्रामक एवं complicated स्थिति, उत्पन्न कर दी गयी जो कि फाउन्डेशन की 6वीं, 7वीं, 8वीं, बैठकों के कार्यवृतों को देखकर प्रतीत होता है। कार्बेट फाउन्डेशन के कार्यवृतों को देखकर समिति का मत था कि इसमें स्पष्ट रूप से administrative lapses हुये हैं जिसके अन्तर्गत backward तथा forward information को सही–सही integrate नहीं किया गया। इस कार्या हेतु निम्न प्रकार वित्तीय अनिमित्ता में दृष्टिगत हुयी है।

निष्कर्ष (वित्तीय अनियमित्ता)

1. सरकारी कार्यों को किये जाने हेतु उक्तानुसार कार्यवाही उत्तराखण्ड अधिप्राप्त नियमावली 2017 के नियम 39, नियम 49 (ग) एवं नियम 40 (4) का स्पष्ट उल्लघंन है। (पृष्ठ संख्या 427)
2. शासनादेश सं0 245/XXVII/2012 दिनांक 22.11.2012 के अनुसार वन संरक्षक/निदेशक को सरकारी कार्य के निष्पादन हेतु 20 लाख तक की निविदायें स्वीकार करने का अधिकार प्राप्त है। अतः इस प्रकरण में इस बिन्दु पर भी समिति को वित्तीय अनिमित्ता दृष्टिगत हुयी।

पाखरों क0सं0 3 में टाइगर वाड़ा नं 2 का 3000 मीटर निर्माण के सम्बन्ध में विधिक स्थिति निम्न प्रकार है।

निष्कर्ष (विधिक उल्लंघन)

इस सम्बन्ध में प्रमुख वन संरक्षक (HoFF), उत्तराखण्ड के पत्रांक दिनांक 19.01.2022 (पृष्ठ सं0 16–18) द्वारा विभागीय IT Cell को NRSA से paid data procure करने एवं tree removal की पुख्ता रिर्पोट प्रस्तुत करने के निर्देश दिये जा चुके हैं। Tree removal की quantitied पुख्ता रिर्पोट आने के पश्चात यह कार्य भारतीय वन अधिनियम 1927 की धारा 26 (च, एवं ज) का उल्लंघन होगा एवं आखिर ये वृक्ष कहां गये ? प्रथक से जांच का विषय होगा।

इस कार्य को Stage-II स्वीकृति से पूर्व कराये जाने के प्रमाण होने की दृष्टिगत FCA के अन्तर्गत निर्गत Stage-I स्वीकृति की शर्तों का उल्लंघन आकर्षित होता है।

प्रश्नगत क्षेत्र में वर्णित कार्य अवधि मध्य तैनात कर्मचारियों/अधिकारियों की सूची संलग्न में Table no. 1 के रूप में दी गयी है।

5. **पाखरों क0सं0 3 में प्रशासनिक भवन का निर्माण:–**

यह प्रशासनिक भवन पाखरों क0 3 में टाइगर सफारी के आरम्भिक स्थल पर व्याख्यान कक्ष के पास निर्मित किया जा रहा था। इस हेतु दिनांक 11.01.2022 को स्थलीय निरीक्षण मध्य क्षेत्र में सिमेंट कंक्रीट के पिलर एवं फाउन्डेशन कार्य किया गया दृष्टिगत हुआ।

इस व्याख्यान कक्ष के चारों और घूम कर एक KML file बनाई गयी तथा इसे वन विभाग IT Cell द्वारा पाखरों हेतु स्वीकृत सफारी की KML file पर, जब Super impose किया गया **तो ये प्रशासनिक भवन स्वीकृत टाइगर सफारी की बाउन्ड्री से बाहर दृष्टिगत हुआ।** इस क्षेत्र की गूगल अर्थ Image माह मार्च 2021 देखने पर **(प्लेट सं0 9, 15, 16)** स्पष्ट हुआ कि मार्च 2021 तक यहां वृक्ष मौजूद थे जोकि अब स्थलीय निरीक्षण मध्य वहां नहीं पाये गये। **इस प्रकार प्रश्नगत क्षेत्र से वृक्षों का अवैध रूप से removal किया जाना भी प्रतीत होता है।**

निदेशक, कार्बेट टाइगर रिवर्ज द्वारा अवगत कराया गया है कि **इस प्रशासनिक कक्ष के निर्माण हेतु कोई बजट उपलब्ध नहीं था, न कोई वित्तीय स्वीकृति थी और न ही प्रशासनिक स्वीकृति फिर भी प्रभागीय वनाधिकारी, कालागढ़ टाइगर रिर्जव डिवीजन द्वारा निम्न कार्यादेश जारी कर दिये गयेः–**

i. प्रभागीय वनाधिकारी, कालागढ़ टाइगर रिर्जव डिवीजन कार्यदेश सं 1156/12–1 दिनांक 30.10.2021:– पाखरों रेंज कालागढ़ टाइगर रिर्जव डिवीजन में प्रशासनिक भवन का निर्माण एवं सौन्दर्यीकरण कार्य भाग–2। **(पृष्ठसं0 208)**

यद्यपि उक्त कार्यादेश में भाग–2 लिखा है अतः स्पष्ट है कि इसी प्रकार भाग–1 सम्बन्धी कार्यादेश भी जारी हुआ होगा परन्तु यह कार्यादेश समिति को उपलब्ध नहीं हो पाया।

उक्त के अतिरिक्त समिति को निम्न प्रकार कार्यादेश भी प्रश्नगत कार्य के प्राप्त हुये जिनका कि उल्लेख निदेशक कार्बेट टाइगर रिर्जव द्वारा प्रस्तुत सूचना दिनांक 12.01.2022 में नहीं किया गया था। **(पृष्ठसं0 416–419)**

i. प्रभागीय वनाधिकारी, कालागढ़ टाइगर रिर्जव डिवीजन कार्यादेश सं0 236/12–1 दिनांक 28.07.2021, **पाखरों में एडमिन ब्लाक (प्रशासनिक भवन),** कार्य हेतु स्वीकृत धनराशि 24.937 लाख (कार्यादेश के0वी0 कन्ट्रक्शन कम्पनी, नोयड़ा, यू0पी0 के नाम जारी किया गया है)
ii. प्रभागीय वनाधिकारी, कालागढ़ टाइगर रिर्जव डिवीजन कार्यादेश सं0 142/12–1 दिनांक 15.07.2021, **पाखरों में एडमिन बिल्डिंग ब्लाक,** कार्य हेतु स्वीकृत धनराशि 24.9179 लाख (कार्यादेश जय कन्सट्रक्शन कम्पनी, नोयड़ा, यू0पी0 के नाम जारी किया गया है)

ये दोनों ही कार्यादेश स्वंय में अत्यधिक सदेंहास्प्रद है कि एक ही **कार्य के 2 अलग–अलग कार्यादेश कैसे एवं किन परिस्थितियों में जारी किये गये।** इन कार्यादेशों में अन्य कार्यादेशों के विपरीत धनराशि (लगभग 24 लाख प्रत्येक) का भी वर्णन है तथा सम्भवतः इन कार्यादेशों का तो निदेशक कार्बेट टाइगर रिर्जव को पता ही नहीं था। इस बिन्दु पर समिति को administrative lapses हुये हैं क्योंकि यह admin block तो व्याख्यान कक्ष के निकट ही बन रहा था एवं पाखरों, कालागढ़ मार्ग से लगभग लगा हुआ है।

उक्तानुसार स्थिति से स्पष्ट होता है कि इस कार्य को कराने में निम्न प्रकार वित्तीय अनिमित्ता दृष्टिगत हुयी।

निष्कर्ष (वित्तीय अनियमित्ता)

1. सरकारी कार्यों को किये जाने हेतु उक्तानुसार कार्यवाही उत्तराखण्ड अधिप्राप्त नियमावली 2017 के नियम 39, नियम 49 (ग) एवं नियम 40 (4) का स्पष्ट उल्लघंन है। (पृष्ठ सं0 427)
2. शासनादेश सं0 245/XXVII/2012 दिनांक 22.11.2012 के अनुसार वन संरक्षक/निदेशक को सरकारी कार्य के निष्पादन हेतु 20 लाख तक की निविदायें स्वीकार करने का अधिकार प्राप्त है। अतः इस प्रकरण में इस बिन्दु पर भी समिति को वित्तीय अनिमित्ता दृष्टिगत हुयी।

पाखरों क0सं0 3 में प्रशासनिक भवन का निर्माण के सम्बन्ध में विधिक स्थिति निम्न प्रकार है।

निष्कर्ष (विधिक उल्लंघन)

1. जैसा कि गूगल इमेज से वृक्षों के हटाये जाने का प्रमाण मिलता है अतः वृक्ष कटान के दृष्टिगत यह कार्य भारतीय वन अधिनियम 1927 की धारा 26 (च एवं ज) का उल्लंघन है।
2. उक्त के अतिरिक्त गूगल इमेज से स्पष्ट प्रतीत होता है कि स्वीकृत पाखरों सफारी की KML File अनुसार यह क्षेत्र स्वीकृत क्षेत्र से बाहर भी आ रहा है, साथ ही यह कार्य Stage-II स्वीकृति से पूर्व कराये जाने के प्रमाण होने की दृष्टि में FCA के अन्तर्गत निर्गत Stage-I स्वीकृति की शर्तों का भी उल्लंघन आकर्षित होता है।
3. इस सम्बन्ध में प्रमुख वन संरक्षक (HoFF), उत्तराखण्ड के पत्रांक दिनांक 19.01.2022 (पृष्ठ सं0 16–18) द्वारा विभागीय IT Cell को NRSA से paid data procure करने एवं tree removal की पुख्ता रिर्पोट प्रस्तुत करने के निर्देश दिये जा चुके हैं। Tree removal की quantitied पुख्ता रिर्पोट आने के पश्चात यह कार्य भारतीय वन अधिनियम 1927 की धारा 26 (च, एवं ज) का उल्लंघन तो होगा ही साथ ही आखिर ये वृक्ष कहां गये ? प्रथक से जांच का विषय होगा।

प्रश्नगत क्षेत्र में वर्णित कार्य अवधि मध्य तैनात कर्मचारियों/अधिकारियों की सूची संलग्न में Table no. I के रूप में दी गयी है।

8. पाखरों सफारी में वाड़ा नं0 1 में 1250 मीटर एवं 1184 मीटर आन्तरिक मार्ग निर्माणः–

इस आन्तरिक मार्ग के निरीक्षण मध्य एवं तत्पश्चात निदेशक, कार्बेट टाइगर रिर्जव, द्वारा प्रस्तुत सूचनायें एवं FC Proposal, CZA approval आदि अभिलेखों का गहनता के साथ अध्ययन किया गया। इन अभिलेखों में आन्तरिक मार्ग की लम्बाई/चौड़ाई आदि के सम्बन्ध में कोई पुख्ता जानकारी नहीं प्राप्त हुई। इस सम्बन्ध में प्रमुख वन संरक्षक (HoFF), उत्तराखण्ड द्वारा माननीय न्यायालय में दाखिल शपथ पत्र से अवगत होता है कि वाड़ा नं0 1 में internal सफारी रोड 2.26 कि0मी0 है। निदेशक, कार्बेट टाइगर रिर्जव

द्वारा उपलबध कराई गयी सूचना अनुसार **इस कार्य को करने हेतु न कोई बजट था, न वित्तीय स्वीकृति और न ही प्रशासनिक स्वीकृति। प्रभागीय वनाधिकारी, कालागढ़ टाइगर रिर्जव डिवीजन द्वारा भुगतान किये गये कुल 5 बिलों (23 लाख लगभग) के सापेक्ष निदेशक, कार्बेट टाइगर रिर्जव, ने अवगत कराया कि इसमें 18.68 लाख का अनाधिकृत भुगतान कैम्पा मद से किया गया।** वास्तव में यह 18.68 लाख नहीं अपितु 23. 00, 280.00 मात्र होता है जैसा कि CEO कैम्पा के पत्र दिनांक 19.01.2022 से स्पष्ट हुआ। **(पृष्ठसं0 332–341)**

इस कार्य को किये जाने में निम्न प्रकार वित्तीय अनिमित्ता दृष्टिगत हुयी।

निष्कर्ष (वित्तीय अनियमित्ता)

1. सरकारी कार्यों को किये जाने हेतु उक्तानुसार कार्यवाही उत्तराखण्ड अधिप्राप्त नियमावली 2017 के नियम 39, नियम 49 (ग), नियम 3 (10) एवं नियम 40 (4) का स्पष्ट उल्लघंन है। (पृष्ठ सं0 427)
2. कैम्पा योजना के अनाधिकृत भुगतान किये जाने के दृष्टिगत यह कार्य कैम्पा नियम 2018 की धारा 35 का भी स्पष्ट उल्लंघन है। (पृष्ठसं0 462)

निष्कर्ष (विधिक उल्लंघन)

यद्यपि स्वीकृत पाखरों सफारी में पाखरों क0 3 में वन निगम को लौट सं0 1/2021 द्वारा 127 वृक्ष कटान हेतु स्वीकृत थे **(पृष्ठसं0 314–318)** लेकिन स्थलीय क्षेत्र के crown cover एवं आन्तरिक मार्ग की लम्बाई 1250मी0+1184 मीटर = 2434 मीटर एवं लगभग 3 मीटर चौड़ाई को देखते हुऐ लगता है कि इस आन्तरिक मार्ग से निर्माण में सम्भवतः अधिक वृक्षों का removal हुआ होगा। समिति को प्राप्त रिर्पोट अनुसार इस हेतु एक जांच भी की गयी थी जिसका कि अवैध कटान शीर्षक में पृथक से वर्णन दिया गया है। इस सम्बन्ध में प्रमुख वन संरक्षक (HoFF), उत्तराखण्ड के पत्रांक दिनांक 19.01.2022 (पृष्ठ सं0 16–18) द्वारा विभागीय IT Cell को NRSA से paid data procure करने एवं tree removal की पुख्ता रिर्पोट प्रस्तुत करने के निर्देश दिये जा चुके हैं। Tree removal की पुख्ता रिर्पोट आने के पश्चात यह कार्य भारतीय वन अधिनियम 1927 की धारा 26 (च, एवं ज) का उल्लंघन तो होगा ही साथ ही आखिर ये वृक्ष कहां गये ? प्रथक से जांच का विषय होगा।

यह कार्य Stage-II स्वीकृति से पूर्व कराये जाने के प्रमाण होने की दृष्टि में FCA के अन्तर्गत निर्गत Stage-I स्वीकृति की शर्तों का भी उल्लंघन आकर्षित होता है।

प्रश्नगत क्षेत्र में वर्णित कार्य अवधि मध्य तैनात कर्मचारियों/अधिकारियों की सूची संलग्न में Table no. 1 के रूप में दी गयी है।

7. पाखरों टाइगर सफारी वाड़ा न 1 एंव 2 में 5 कि0मी0 सर्विस रोड़ निर्माण:–

समिति द्वारा वाड़ा नं0 1 के निकट स्थित Transect line से लगभग 200 मी0 चल कर इस स्थल पर पहुंचा गया। यह सर्विस रोड़ वाड़ा नं0 1 के उत्तरी छोर पर है। तथा यह स्वीकृत सफारी की उत्तरी सीमा से लगभग टच होते हुये गयी है। इस सर्विस रोड की आशिंक KML file, को स्वीकृत सफारी KML file पर Super impose करने पर अवगत हुआ कि यह कहीं–कहीं सफारी के अन्दर तथा कहीं–कहीं सफारी के बाहर भी जा रही है।

निरीक्षण मध्य कई अधिकारी ऐसे थे जो पूर्व में कार्बेट टाइगर रिवर्ज में निदेशक/उप निदेशक के पद पर कार्य कर चुके हैं। इन सभी का एक मत था कि यह स्थल एक फायर लाईन के रूप में हुआ करता था। इस फायर लाईन को लगभग एक मोटर रोड का रूप देने की पूर्ण प्रयास किये गये हैं, ऐसा फील्ड निरीक्षण मध्य स्थिति दृष्टिगत हुयी। Googel earth image माह दिसम्बर 2020 एवं मार्च 2021 **(प्लेट नं0 18, 19, 21)** से स्पष्ट है कि यहां पर वृक्ष भी मौजूद थे।

इस सर्विस रोड़ हेतु निदेशक, कार्बेट टाइगर रिर्जव ने अपनी सूचना द्वारा अवगत कराया है कि **इस कार्य हेतु न कोई बजट था, न ही वित्तीय एवं प्रशासनिक स्वीकृति।** अत्यधिक चौकाने वाला तथ्य यह भी समक्ष आया, जैसा कि निदेशक, कार्बेट टाइगर रिवर्ज, ने अपनी सूचना में उपलबध कराया गया है **कि प्रभागीय वनाधिकारी, कालागढ़ टाइगर रिवर्ज, प्रभाग द्वारा इस मार्ग के निर्माण हेतु एक ही दिन दिनांक 06.07.2021 को 7 कार्यादेश दिल्ली स्थित कान्ट्रैक्टरों को जारी कर दिये एवं इसके सापेक्ष 30 लाख का अनाधिकृत भुगतान कैम्पा योजना से तथा 45.22 लाख का अनाधिकृत भुगतान कार्बेट फाउन्डेशन मद से कर दिया गया। कैम्पा योजना से किये गये अनाधिकृत भुगतान की पुष्टि CEO कैम्पा के पत्र दिनांक 19.01.2022 (पृष्ठसं0 332–341) से भी होती है। यहां पुनः कार्बेट फाउन्डेशन फंड से वित्तीय अनियमित्ता होने सम्बन्धी प्रमाण दृष्टिगत होते है जैसा कि पूर्व में कार्बेट फाउन्डेशन के बिन्दु में वर्णित किया गया है।** इस बिन्दु पर कार्बेट फाउन्डेशन के कार्यवृतों को देखकर समिति का मत था कि इसमें स्पष्ट रूप से administrative lapses हुये हैं जिसके अन्तर्गत स्वीकृत एवं व्यय सम्बन्धी information को सही–सही integrate नहीं किया गया।

इस कार्य को कराये जाने में निम्न प्रकार वित्तीय अनियमित्ता दृष्टिगत होती है।

निष्कर्ष (वित्तीय अनियमित्ता)

1. सरकारी कार्यो को किये जाने हेतु उक्तानुसार कार्यवाही उत्तराखण्ड अधिप्राप्त नियमावली 2017 के नियम 39, नियम 49 (ग), नियम 3 (10) एवं नियम 40 (4) का स्पष्ट उल्लघंन है। (पृष्ठ सं0 427)
2. कैम्पा योजना के अनाधिकृत भुगतान किये जाने के दृष्टिगत यह कार्य कैम्पा नियम 2018 (CAFR) की धारा 35 का भी स्पष्ट उल्लंघन है। **(पृष्ठसं0 462)**

पाखरों टाइगर सफारी वाड़ा न 1 एंव 2 में 5 कि0मी0 सर्विस रोड़ निर्माण के सम्बन्ध में विधिक स्थिति निम्न प्रकार है। अगर उक्त मोटर मार्ग को स्वीकृत सफारी अन्तर्गत माना जाये तो यह कार्य **(पृष्ठ सं0 359)** में दर्शित layout plan के refrences के बिन्दु सं0 25 में service road के रूप में वर्णित है यद्यपि इससे सम्बन्धित कोई भी area statement (service road की लम्बाई चौड़ाई आदि) building construction, activites and building area statement **(पृष्ठ सं0 356)** एवं component wise land break up **(पृष्ठ सं0 358)** में दृष्टिगत नहीं होता। फील्ड भ्रमण एवं निर्मित KML file की google imagianary देख कर स्पष्ट होता है कि इस सर्विस रोड के निर्माण में tree removal हुआ है जो कि प्रमुख वन संरक्षक (HoFF), उत्तराखण्ड के पत्रांक दिनांक 19.01.2022 द्वारा जारी निर्देशों के परिणाम आने के पश्चात ही पुख्ता रूप से quantity किया जा सकेगा।

निष्कर्ष (विधिक उल्लंघन)

1. उपलब्ध गूगल इमेज से कुछ स्पष्ट होता है कि यहां पर tree removal हुआ है अतः यह भारतीय अधिनियम की धारा 26 (च,छ एवं ज) का उल्लंघन है।
2. इस सम्बन्ध में प्रमुख वन संरक्षक (HoFF), उत्तराखण्ड के पत्रांक दिनांक 19.01.2022 (पृष्ठ सं0 16–18) द्वारा विभागीय IT Cell को NRSA से paid data procure करने एवं tree removal की पुख्ता रिर्पोट प्रस्तुत करने के निर्देश दिये जा चुके हैं। Tree removal की quantitied पुख्ता रिर्पोट आने के पश्चात यह कार्य भारतीय वन अधिनियम 1927 की धारा 26 (च, छ एवं ज) का उल्लंघन तो होगा ही साथ ही आखिर ये वृक्ष कहां गये ? प्रथक से जांच का विषय होगा।
3. साथ ही यह कार्य Stage-II स्वीकृति से पूर्व कराये जाने के प्रमाण होने की दृष्टि में FCA के अन्तर्गत निर्गत Stage-I स्वीकृति की शर्तों का भी उल्लंघन आकर्षित होता है।

प्रश्नगत क्षेत्र में वर्णित कार्य अवधि मध्य तैनात कर्मचारियों/अधिकारियों की सूची संलग्न में Table no. 1 के रूप में दी गयी है।

8. टाइगर सफारी के अन्तर्गत विद्युत लाईन निर्माणः–

यह मामला न तो जांच समिति के mandate में वर्णित था और न ही समिति द्वारा इस सम्बन्ध में कोई जांच कार्य किया गया था। जांच समिति के सम्मुख जब एक पत्र इस आशय का प्राप्त हुआ कि फाउन्डेशन मद से विद्युत लाइन हेतु लगभग 90 लाख का भुगतान किया गया है तब इस सम्बन्ध में वर्तमान प्रभागीय वनाधिकारी, कालागढ़ टाइगर रिर्जव डिवीजन से पूछा गया। उनके द्वारा अपने पत्रांक 2025/12–1 दिनांक 27.01.2021 द्वारा पंजीकृत डाक से (जो कि दिनांक 01.02.2022 को प्राप्त हुआ) सूचनायें उपलब्ध करायी गयी। (पृष्ठ सं0 435 से 450 तक)

इस उपलब्ध कराई गयी सूचना से स्पष्ट होता है कि प्रभागीय वनाधिकारी, कालागढ़ टाइगर रिर्जव डिवीजन द्वारा अपने पत्रांक 609/3–2 दिनांक 01.09.2021 एवं पत्रांक 296/3–2 दिनांक 02.08.2021 द्वारा निदेशक, कार्बेट टाइगर रिर्जव को पाखरों रेंज अन्तर्गत स्नेह से पाखरों तक भूमिगत विद्युत लाईन बिछाने हेतु वर्ष 2021–22 हेतु रू0 550.33 लाख मात्र की टी0ए0सी0 कराने के उद्देश्य से प्रस्ताव प्रेषित किया गया। (पृष्ठ सं0 436 से 437 तक)

इस क्रम में वर्तमान प्रभागीय वनाधिकारी, कालागढ़ टाइगर रिर्जव डिवीजन द्वारा इस मामले में टी0ए0सी0/प्रशासनिक/वित्तीय स्वीकृति प्राप्त होने सम्बन्धी कोई भी पत्र उपलब्ध नहीं कराया गया है और न ही निदेशक, कार्बेट टाइगर रिर्जव द्वारा ही अपनी सूचना दिनांक 12.01.2022 द्वारा कोई तथ्य अवगत कराया गया है। इस बिन्दु पर समिति को इस आशय से भी प्रशासनिक चूक दृष्टिगत हुई कि सम्भवतः इन कार्यों के सम्बन्ध में निदेशक, कार्बेट टाइगर रिर्जव को पता ही नही था।

वर्तमान प्रभागीय वनाधिकारी कालागढ़ टाइगर रिर्जव डिवीजन द्वारा अपने पत्र दिनांक 27.01.2022 द्वारा निम्न प्रकार पूर्व प्रभागीय वनाधिकारी, कालागढ़ टाइगर रिर्जव डिवीजन द्वारा निर्मित कार्यादेशों की फोटोप्रतियां भी उपलब्ध कराई गयी है।

i. कार्यादेश सं0 111/12–1 दिनांक 06.07.2021, पाखरों रेंज के अन्तर्गत स्नेह से पाखरों 11 KVA 1.65 कि0मी0 जॉब सं0 1 में विद्युत लाईन निर्माण, कार्य हेतु स्वीकृत धनराशि रू0 2416667.02 मात्र।

(उक्त कार्यादेश औरिओल इलैक्ट्रिकल एवं इलैक्ट्रूरिज्म प्रा0लि0, दिल्ली को जारी किया गया है)

ii. कार्यादेश सं0 112/12–1 दिनांक 06.07.2021, पाखरों रेंज के अन्तर्गत स्नेह से पाखरों 11 KVA 1.65 कि0मी0 जॉब सं0 2 में विद्युत लाईन निर्माण, कार्य हेतु स्वीकृत धनराशि रू0 2319262.51 मात्र।

(उक्त कार्यादेश औरिओल इलैक्ट्रिकल एवं इलैक्ट्रूरिज्म प्रा0लि0, दिल्ली को जारी किया गया है)

iii. कार्यादेश सं0 113/12–1 दिनांक 06.07.2021, पाखरों रेंज के अन्तर्गत स्नेह से पाखरों 11 KVA 1.65 कि0मी0 जॉब सं0 3 में विद्युत लाईन निर्माण, कार्य हेतु स्वीकृत धनराशि रू0 2393069.38 मात्र।

(उक्त कार्यादेश औरिओल इलैक्ट्रिकल एवं इलैक्ट्रूरिज्म प्रा0लि0, दिल्ली को जारी किया गया है)

iv. कार्यादेश सं0 115/12–1 दिनांक 06.07.2021, पाखरों रेंज के अन्तर्गत स्नेह से पाखरों 11 KVA 1.65 कि0मी0 जॉब सं0 4 में विद्युत लाईन निर्माण, कार्य हेतु स्वीकृत धनराशि रू0 2404400.92 मात्र।

(उक्त कार्यादेश औरिओल इलैक्ट्रिकल एवं इलैक्ट्रूरिज्म प्रा0लि0, दिल्ली को जारी किया गया है)

v. कार्यादेश सं0 114/12–1 दिनांक 06.07.2021, पाखरों रेंज के अन्तर्गत स्नेह से पाखरों 11 KVA 1.65 कि0मी0 जॉब सं0 5 में विद्युत लाईन निर्माण, कार्य हेतु स्वीकृत धनराशि रू0 2365616.68 मात्र।

(उक्त कार्यादेश औरिओल इलैक्ट्रिकल एवं इलैक्ट्रूरिज्म प्रा0लि0, दिल्ली को जारी किया गया है)

vi. कार्यादेश सं0 116/12–1 दिनांक 06.07.2021, पाखरों रेंज के अन्तर्गत स्नेह से पाखरों 11 KVA 1.65 कि0मी0 जॉब सं0 6 में विद्युत लाईन निर्माण, कार्य हेतु स्वीकृत धनराशि रू0 2397742.18 मात्र।

(उक्त कार्यादेश औरिओल इलैक्ट्रिकल एवं इलैक्ट्रूरिज्म प्रा0लि0, दिल्ली को जारी किया गया है)

vii. कार्यादेश सं0 ..... दिनांक ..... पाखरों रेंज के अन्तर्गत स्नेह से पाखरों 11 KVA 1.65 कि0मी0 जॉब सं0 7 में विद्युत लाईन निर्माण, कार्य हेतु स्वीकृत धनराशि रू0 2372275.42 मात्र।

(उक्त कार्यादेश में पत्रांक एवं दिनांक नहीं लिखी गयी है तथा यह औरिओल इलैक्ट्रिकल एवं इलैक्ट्रूरिज्म प्रा0लि0, दिल्ली को जारी किया गया है)

viii. कार्यादेश सं0 122/12–1 दिनांक ..... पाखरों रेंज के अन्तर्गत स्नेह से पाखरों 11 KVA 1.65 कि0मी0 जॉब सं0 8 में विद्युत लाईन निर्माण, कार्य हेतु स्वीकृत धनराशि रू0 2358024.01 मात्र।

(उक्त कार्यादेश में दिनांक नहीं लिखा गया है और यह औरिओल इलैक्ट्रिकल एवं इलैक्ट्रूरिज्म प्रा0लि0, दिल्ली को जारी किया गया है)

ix. कार्यादेश सं0 117/12–1 दिनांक 06.07.2021, पाखरों रेंज के अन्तर्गत स्नेह से पाखरों 11 KVA 1.65 कि0मी0 जॉब सं0 8 में विद्युत लाईन निर्माण, कार्य हेतु स्वीकृत धनराशि रू0 2328024.01 मात्र।

(उक्त कार्यादेश औरिओल इलैक्ट्रिकल एवं इलैक्ट्रूरिज्म प्रा0लि0, दिल्ली को जारी किया गया है)

x. कार्यादेश सं0 118/12–1 दिनांक 06.07.2021, पाखरों रेंज के अन्तर्गत स्नेह से पाखरों 11 KVA 1.65 कि0मी0 जॉब सं0 9 में विद्युत लाईन निर्माण, कार्य हेतु स्वीकृत धनराशि रू0 2298445.18 मात्र।

(उक्त कार्यादेश औरिओल इलैक्ट्रिकल एवं इलैक्ट्रूरिज्म प्रा0लि0, दिल्ली को जारी किया गया है)

xi. कार्यादेश सं0 121/12–1 दिनांक 06.07.2021, पाखरों रेंज के अन्तर्गत स्नेह से पाखरों 11 KVA 1.65 कि0मी0 जॉब सं0 10 में विद्युत लाईन निर्माण, कार्य हेतु स्वीकृत धनराशि रू0 2328023.38 मात्र।

(उक्त कार्यादेश औरिओल इलैक्ट्रिकल एवं इलैक्ट्रूरिज्म प्रा0लि0, दिल्ली को जारी किया गया है)

xii. कार्यादेश सं0 119/12–1 दिनांक 06.07.2021, पाखरों रेंज के अन्तर्गत स्नेह से पाखरों 11 KVA 1.65 कि0मी0 जॉब सं0 11 में विद्युत लाईन निर्माण, कार्य हेतु स्वीकृत धनराशि रू0 2334647.70 मात्र।

(उक्त कार्यादेश औरिओल इलैक्ट्रिकल एवं इलैक्ट्रूरिज्म प्रा0लि0, दिल्ली को जारी किया गया है)

xiii. कार्यादेश सं0 120/12–1 दिनांक 06.07.2021, पाखरों रेंज के अन्तर्गत स्नेह से पाखरों 11 KVA 1.65 कि0मी0 जॉब सं0 12 में विद्युत लाईन निर्माण, कार्य हेतु स्वीकृत धनराशि रू0 24057308.70 मात्र।

(उक्त कार्यादेश औरिओल इलैक्ट्रिकल एवं इलैक्ट्रूरिज्म प्रा0लि0, दिल्ली को जारी किया गया है)

उक्त 13 कार्यादेश लगभग (24.16+23.19+23.93+24.04+23.65+23.97+23.72+23.58+23.28 +22.98+23.28+23.36+24.57= 307.71) कुल 307.71 लाख के है।

इन कार्यादेशों के (vii) एवं (viii) में तो कमशः पत्रांक एवं दिनांक तथा दिनांक भी नही है तथा कम सं0 (viii) एवं (ix) के कार्यादेशों मे तो जॉब सं0 8 ही दोनो में दर्ज है।

वर्तमान प्रभागीय वनाधिकारी, कालागढ़ टाइगर रिर्जव डिवीजन द्वारा अपने पत्रांक 2025/2–1 दिनांक 27.01.2022 द्वारा अवगत कराया गया है कि इन कार्यों के सापेक्ष रू0 90 लाख का भुगतान फाउन्डेशन फंड से कर दिया गया है।

उक्त पृष्ठ भूमि में समिति का मानना है कि यह कार्य निम्न प्रकार वित्तीय नियमों का उल्लंघन है।

निष्कर्ष (वित्तीय अनियमित्ता)

1. उक्त कार्य के किये जाने में उत्तराखण्ड अधिप्राप्त नियमावली 2017 के नियम 39, नियम 49 (ग), नियम 3(10) एव 40 (4) का स्पष्ट उल्लंघन है।
2. शासनादेश सं0 245/XXVII/2012 दिनांक 22.11.2012 के अनुसार वन संरक्षक/निदेशक को सरकारी कार्य के निष्पादन हेतु 20 लाख तक की निविदायें स्वीकार करने का अधिकार प्राप्त है। अतः इस प्रकरण में इस बिन्दु पर भी समिति को वित्तीय अनिमित्ता दृष्टिगत हुयी।

उक्त के अतिरिक्त समिति द्वारा निम्न शीर्षक में भी पृथक से अपनी आख्या प्रस्तुत की जा रही है

1. पाखरों टाइगर सफारी कालागढ़ टाइगर रिर्जव डिवीजन में अवैध कटान

समिति द्वारा पाखरों टाइगर सफारी के साथ–साथ कार्बेट टाइगर रिर्जव डिवीजन अन्तर्गत कराये गये प्रश्नगत सभी कार्यों के आस–पास के भी क्षेत्रों के भी सम्बन्ध में उक्त शीर्षक अन्तर्गत आख्या देने हेतु चयनित किया है। इस कम में बिन्दुवार आख्या निम्न प्रकार है:–

कालागढ़ टाइगर रिर्जव डिवीजन अन्तर्गत उपलब्ध हेतु अभिलेखों यथा NTCA भ्रमण टिप्पणी, IRO भ्रमण टिप्पणी, प्रमुख वन संरक्षक (HoFF), प्रमुख वन संरक्षक (वन्यजीव), निदेशक कार्बेट टाइगर रिर्जव भ्रमण पश्चात मा0 उच्च न्यायालय में शपथ पत्र दिनांक 09.11.2021 में प्रश्नगत सफारी एवं सफारी के बाहर भी वृक्षों के **कटान (tree removal) की सम्भावनाओं का स्पष्टतः व्यक्त किया गया है।** इस कम में जांच समिति

द्वारा मात्र सफारी हेतु स्वीकृत क्षेत्र 106 है0 को ही अवैध कटान की दृष्टि से नहीं देखा गया अपितु सम्पूर्ण प्रश्नगत कार्य स्थलों की भी इस दृष्टिकोण से समीक्षा की गयी एवं इस रिर्पोट में जगह–जगह, इसका उल्लेख कर दिया गया है।

इस कम में अभिलेखों का निरीक्षण मध्य समिति को अवगत हुआ कि सर्वप्रथम निदेशक कार्बेट टाइगर रिर्जव को एक शिकायती पत्र पाखरों क्षेत्र में वृक्षों को जे0सी0बी0 से गिराने एवं काटे जाने सम्बन्धी प्राप्त हुआ। यह पत्र उनके पत्रांक 38/6–36 दिनांक 06.07.2021 **(पृष्ठसं0 376–380)** द्वारा श्री लच्छी राम नाग, SDO, कालागढ़ टाइगर रिर्जव डिवीजन को जांच हेतु भेजा गया। इसमें कुछ फोटो भी थे जिसमें टाइगर वाड़ा एवं जे0सी0बी0 भी दृष्टिगत हो रही है। ये शिकाय स्वयं में, इस सम्पूर्ण प्रकरण में अत्यधिक महत्वपूर्ण घटना थी जिस पर कार्बेट टाइगर प्रशासन एवं अन्य उच्च स्तरीय अधिकारियों को तत्काल–त्वरित प्रभावी कार्यवाही की जानी थी, न कि एक SDO स्तर के अधिकारी को एक समान्य से पत्राचार के रूप में शिकायत अग्रप्रेषित कर दिया जाना। जैसा कि पत्र में उल्लेखित किया गया है कि "पाखरों टाइगर सफारी की घोषणा मा0 प्रधानमंत्री, भारत सरकार द्वारा की गयी है एवं यह राज्य सरकार की महत्वपूर्ण परियोजनाओं में एक है" अतः उक्त के दृष्टिगत तो इस शिकायत को **सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ ले कर शीर्षस्थ स्तर के अधिकारियों के संज्ञान में तथ्यों को लाते हुये तत्काल ही अपातकालीन सुधारात्मक कार्यवाहियां कर देनी चाहिए थी।** ऐसा नहीं हुआ एवं तत्पश्चात दिनांक 19.09.2021 को टाइम्स ऑफ इण्डिया जैसे समाचार पत्र के मुख्य पृष्ठपर हजारों की संख्या में वृक्ष कटने का समाचार छपा **(पृष्ठसं0 415–416),** NTCA के भ्रमण 26–30 सितम्बर 2021 पश्चात प्रद्वत निरीक्षण टिप्पणी में वृक्षों के अवैध रूप से करने का उल्लेख किया गया, पुनः IRO के भ्रमण 25–26 अक्टूबर 2021 पश्चात प्रद्वत निरीक्षण टिप्पणी में वृक्षों में अवैध पातन सम्बन्धी तथ्य कहे गये एवं स्वंय प्रमुख वन संरक्षक (HoFF), प्रमुख वन संरक्षक (वन्यजीव), एवं निदेशक कार्बेट टाइगर रिर्जव के भ्रमण दिनांक 30.10.2021 पश्चात मा0 उच्च न्यायालय में दायर शपथ पत्र में भी वृक्षों के अवैध रूप से कटने की सम्भावनाओं को नकारा नहीं गया।

माह जुलाई 06, 2021 को निदेशक का इस विषयक पत्र जारी होते ही प्रभागीय वनाधिकारी, कालागढ़ टाइगर रिर्जव डिवीजन द्वारा निम्न प्रकार 2 लौटे तत्काल ही वन निगम को कटान हेतु दे दी गयीः–

लौट नं0 1, पत्रांक 75/2–3 दिनांक 08.07.2021:– पाखरों कक्ष सं0 3 : 137 वृक्ष **(पृष्ठसं0 314–318)**

लौट नं0 2, पत्रांक 81/2–3 दिनांक 08.07.2021:– पाखरों क0 सं0 2: 26 वृक्ष **(पृष्ठसं0 319–322)**

निदेशक, कार्बेट टाइगर रिर्जव द्वारा वृक्ष कटान सम्बन्धी शिकायत को जांच अग्रसारित करने के अगले ही दिन प्रभागीय वनाधिकारी, कालागढ़, टाइगर रिर्जव डिवीजन द्वारा 2 लौटों का कटान हेतु प्रेषण वन निगम को प्रेषित किये जाने की घटना स्वयं में सदेंह की स्थिति उत्पन्न करता है।

लोट सं0 2/2020–21 के सम्बन्ध में प्रभागीय वनाधिकारी, कालागढ़ टाइगर रिर्जव डिवीजन द्वारा लगभग 2 1/2 माह बाद एक अन्य पत्र 857/2–3 दिनांक 01.10.2021 (तिथि अस्पष्ट है) सम्बन्धित वन निगम अधिकारी को इस आशय का भी जारी किया गया कि लौट सं0 2/2021–22 स्थल पर पाखरों टाइगर सफारी के अन्तर्गत पशु चिकित्सालय की स्थापना की जानी है अतः यहां वृक्षो के पातन के साथ–साथ जड खुदान कार्य भी करने का कष्ट करें। **(पृष्ठसं0 319)**

टाइम्स ऑफ इण्डिया में छपी खबर का संज्ञान लेते हुये निदेशक, कार्बेट टाइगर रिर्जव ने अपने पत्रांक 816/6–37 दिनांक 21.09.2021 को एक टीम का गठन कर पाखरों टाइगर सफारी में अवैध पातन के सम्बन्ध में रिर्पोट देने हेतु आदेश निर्गत किया **(पृष्ठसं0 381–392) इस पत्र में उनके द्वारा यह भी लिखा गया कि पूर्व में उनके पत्रांक दिनांक 06.07.2021 के कम में SDO, कालागढ़ टाइगर रिर्जव डिवीजन ने पाखरों सफारी क्षेत्र में अवैध पातन से इंकार किया है।**

इस समिति द्वारा जांच प्रश्चात निम्न प्रकार स्थिति अवगत कराई:–

लौट सं0 1 में 137 वृक्ष थे। जांच टीम को क0सं0 1 से 24 तक के खूंट निर्माणाधीन व्याख्यान कक्ष के पास मिले तथा कम सं 25 से 154 तक के खूंट पाखरों क0 3 में मिले। इसके अतिरिक्त 11 खूंट व्याख्यान कक्ष के निर्माण स्थल में दबे है।

उपरोक्तानुसार **जांच समिति द्वारा पाखरों कक्ष सं0 3 में कुल अवैध कटे वृक्षों के सम्बन्ध में कोई पुख्ता जानकारी नहीं दी गयी है।** इस प्रकार जांच रिर्पोट में पाखरों में कटे 6 सागौन वृक्ष के खुटों के सम्बन्ध में रेंज अधिकारी पाखरों ने बताया कि इस विषयक लौट सं 2/2021–22 वन निगम को 26 सागौन वृक्षों की दी थी। **परन्तु मौके पर डी0एल0एम0 श्री रति राम द्वारा अवगत कराया कि वन विभाग को इस क्षेत्र की कोई लौट प्राप्त नहीं हुई है।**

जांच टीम ने यह भी बताया कि निर्मित सर्विस रोड जो कि सफारी की उत्तर दिशा में पूंव से **पश्चिम की ओर है,** पर **वृक्ष यत्र तत्र उखडे, गिरे एवं क्षतिग्रस्त पडे हुये है।**

जांच टीम ने रिर्पोट के अन्त में यह भी लिखा है कि टाइगर सफारी क्षेत्र में किये जा रहे विभिन्न निर्माण **कार्य यथा व्याख्यान केन्द्र, सर्विस रोड, वाड़ा नं0 1 व 2 में गतिमान निर्माण कार्य एवं जलाशय निर्माण से वृक्षों की क्षति हुई अथवा नही, इसकी जांच तकनीकी टीम से कराना उचित होगा। (पृष्ठसं0 382–385)**

उक्त जांच रिर्पोट निदेशक, कार्बेट टाइगर रिर्जव द्वारा प्रमुख वन संरक्षक (HoFF) महोदय को प्रेषित की गयी जिस पर उनके पत्रांक 695/पी0ओ0 दिनांक 19.10.2021 द्वारा कतिपय अतिरिक्त सूचनाये–विस्तृत रिर्पोट मांगी गयी। **(पृष्ठसं0 393)**

इसी मध्य प्रभागीय वनाधिकारी, कालागढ़ टाइगर रिर्जव, द्वारा लौट सं0 1/2021–22 में स्वीकृत से अधिक वृक्ष कटने के कारण पाखरों क0सं0 3 में 40 अतिरिक्त कटे वृक्षों के सापेक्ष सं0 97976.00 मात्र की लघु मांग अपने पत्रांक 863/2–3 दिनांक 01.10.2021 वन निगम को जारी कर दी। **(पृष्ठसं0 395–396)**

जिसे DCM, पौड़ी श्री सते सिंह बिष्ट द्वारा सम्भवतः स्वीकार भी कर लिया गया जैसा कि उनके व्यागपत्र पत्रांक 912/व्यागपत्र दिनांक 26.10.2021 से स्पष्ट है। **(पृष्ठसं0 397)**

उक्त घटना कम की समिति द्वारा विवेचना मध्य यह पाया गया कि प्रकरण इतना सरल नहीं है क्योंकि वृक्षों के अवैध पातन के सम्बन्ध में पूर्व प्रमुख वन संरक्षक (HoFF) महोदय के पत्रांक 772/पी0ओ0 दिनांक 29.10.2021 द्वारा महानिदेशक, भारतीय वन सर्वेक्षण विभाग, कौलागढ़ रोड, देहरादून को सैटेलाइट इमेजरी के आधार पर वृक्षों के पातन की स्थिति स्पष्ट करने हेतु पत्र लिखा एवं निदेशक कार्बेट टाइगर रिर्जव को भी निर्देश दिये। **(पृष्ठसं0 398)** एवं इसी प्रकार वर्तमान प्रमुख वन संरक्षक (HoFF) द्वारा भी अपने पत्रांक दिनांक 19.01.2022 **(पृष्ठसं0 16–18)** द्वारा प्रश्नगत प्रत्येक कार्य क्षेत्र की NRSA से imagery प्राप्त करके tree removal की पुख्ता जानकारी प्राप्त करने के निर्देश दिये गये हैं, तथा अपने पत्रांक 1000/पी0ओ0 दिनांक 12.01.2022 **(पृष्ठ सं0 393)** द्वारा सम्पूर्ण पाखरों सफारी क्षेत्र में 100 प्रतिशत वृक्ष प्रगणना के आदेश भी दिये जा चुके हैं।

इस प्रकरण में समिति के सम्मुख FC Proposal मध्य FAC के सक्षम रखी जाने वाली फक्ट शीट भी आई। इस फैक्ट शीट के बिन्दु सं0 11 (i) में स्पष्ट लिखा है। **(पृष्ठसं0 399–409)**

"only 163 trees are proposed for felling which will be falling in the construction area of the reception and the admin. building"

अगर ऐसा है तो फिर ये लौट नं0 1 एंव लौट नं0 2 कहां की छाप दी गयी थी क्योंकि ये reception तथा admin building तो सफारी के आरम्भिक स्थल पाखरों कक्ष सं0 3 में है जहां की गूगल इमेज माह दिसम्बर 2020 एवं मार्च 2021 **(प्लेट सं0 16–17)** यह स्पष्ट बता रही है कि यहां पर तो tree removal मार्च तक ही काफी मात्रा में हो चुका था।

उक्त के अतिरिक्त लौट सं0 2/2021–22 किस स्थल विशेष की थी जहां प्रभागीय वनाधिकारी, कालागढ़ टाइगर रिर्जव अपने पत्रांक 857/2–3 दिनांक 01.10.2021 (तिथि अस्पष्ट है) (पृष्ठ स0 319) द्वारा पशु चिकित्सालय हेतु जड़ खुदान की बात लिख रहे हैं। क्योंकि निदेशक, कार्बेट टाइगर रिर्जव द्वारा गठित जांच टीम ने इस लौट के बारे में कुछ भी स्पष्ट टिप्पणी नहीं दी है साथ ही इस आख्या में स्पष्ट लिखा है कि **मौके पर डी0एल0एम0 श्री रति राम द्वारा अवगत कराया कि वन निगम को ऐसी कोई लौट प्राप्त ही नहीं है।** (पृष्ठसं0 382–385)

समिति द्वारा भी अपने स्थलीय भ्रमण एवं साथ गई IT Team द्वारा कुछ स्थलों की बनाई KML file को google earth imaginary पर देखने से कई स्थलों पर tree removal स्पष्ट दृष्टिगत हुआ। इस स्थिति को पूर्णतः स्पष्ट करने हेतु प्रमुख वन संरक्षक (HoFF) उत्तराखण्ड के दिनांक 19.01.2022 द्वारा यथोचित निर्देश निर्गत कर दिये गये है एवं पत्रांक 1000/पी0ओ0 दिनांक 12.01.2021 द्वारा सम्पूर्ण पाखरों टाइगर सफारी अन्तर्गत शत प्रतिशत वृक्ष प्रगणना के भी आदेश कर दिये है। जिसके परिणाम आने पर ही स्थिति स्पष्ट हो पायेगी।

इसी क्रम में समिति के सम्मुख 2 पत्र निम्न प्रकार आये:–

i. वन क्षेत्राधिकारी पाखरों के पत्रांक 16/8–1 दिनांक 15.01.2021, जिसके द्वारा वे पाखरों ब्लॉक क0सं0 8 में सड़क के किनारे आंधी से गिरे सागौन के 8 वृक्षों को सी–1 स्टाक में लेने की अनुमति मांग रहे हैं। **(पृष्ठसं0 375)**

ii. वन क्षेत्राधिकारी पाखरों रेंज पत्रांक 87/8 दिनांक 07.03.2021, जिसके द्वारा वे पाखरों ब्लाक क0सं0 3 में, कार्बेट सफारी क्षेत्र में, आंधी वर्षा एवं हाथियों से क्षतिग्रस्थ 6 सागौन वृक्षों को सी–1 स्टाक में रखने की अनुमति मांग रहे हैं। **(पृष्ठसं0 374)**

समिति का मत है कि उक्त दोनों पत्रों में वर्णित वृक्षों को tree removal की पुख्ता रिर्पोट आने पर consider किया जाना उचित होगा।

समिति का मत है कि प्रमुख वन संरक्षक (HoFF) के पत्रांक दिनांक 19.01.2022 के क्रम में उच्च तकनीकी का उपयोग करते हुये, रिर्पोट प्राप्त होने पर, प्रश्नगत सभी क्षेत्रों से unauthorized/ illegal tree removal के सम्बन्ध में प्रमाणिक रिर्पोट प्राप्त होगी यद्यपि उक्तानुसार वर्णित आख्या एवं रिर्पोट में स्थल विशेषों के सम्बन्ध में आख्या देते समय समिति को कोई स्थलों पर tree removal की प्रबल सम्भावनायें दृष्टिगत हुई है जैसा कि जगह–जगह वर्णन किया गया है।

2. उच्च स्तरीय जांच की आवश्यकता:–

समिति ने अनुभव किया कि समिति को प्राप्त सूचनाओं अनुसार तत्कालीन प्रभागीय वनाधिकारी, कालागढ़ टाइगर रिर्जव डिवीजन द्वारा अत्यधिक बड़ी संख्या में कार्यादेश निर्गत किये गये हैं। यह कार्यादेश विभिन्न प्राइवेट व्यक्तियों/फर्मों के नाम से जारी हुये हैं। इन कार्यादेशों के कारण करोड़ो रूपये की government liabilities भी बन सकती है। इन कार्यों को करने वाले व्यक्ति/फर्म भविष्य में धनराशि की भी मांग करेगें ही। सभी कार्यों के सम्बन्ध में (मात्र वाड़ा नं0 1 तथा व्याख्यान केन्द्र को छोड़कर) लगभग यही स्थिति है कि बजट उपलब्ध नहीं था, वित्तीय/प्रशासनिक स्वीकृति नहीं थी। इस जांच समिति के सज्ञांन में वर्तमान मुख्य वन्यजीव प्रतिपालक (जो कि जांच समिति के भी सदस्य है) का एक पत्रांक 2033/6–28 दिनांक 13.01.2022 **(पृष्ठ सं0 451)** भी आया जिसमें उनके द्वारा "ढेला वन्य जीव रेस्क्यू सेन्टर तथा पाखरों टाइगर सफारी

विषय के पत्र' में लिखा गया है कि पुलिस महानिरीक्षक, सतर्कता अधिष्ठान, देहरादून की पत्र सं0 सं0अ0/खु–15/2021/2217 दिनांक 18.11.2021 तथा उत्तराखण्ड शासन की पत्र संख्या 1917/(1)/X-1-2021-02(12)/2021 दिनांक 01.12.2021 द्वारा उपरोक्त विषय के सम्बन्ध में खुली सर्तकता जांच गठित की गयी है।

उक्त पृष्ठ भूमि में इस जांच समिति का मत है कि इस खुली सर्तकता जांच में, इन सभी व्यक्तियों/फर्मों की भी जांच की जानी चाहिये कि क्या ये सभी विधि अनुसार स्थापित, प्रश्नगत कार्यों को करने हेतु अधिकृत/प्राधिकृत व्यक्ति/फर्म है भी अथवा नहीं। साथ ही इनके वास्तविक रूप से अस्तित्व में होने सम्बन्धी तथ्यों की भी जांच जांच होनी चाहिये।

3. प्रकरण से सम्बन्धित अन्य जांचे जो वर्तमान में गतिमान हैं एवं समिति के संज्ञान में आये:–

i. प्रमुख वन संरक्षक (HoFF), के पत्रांक 1019/पी0ओ0 दिनांक 19.01.2022 **(पृष्ठ सं0 16–18)** के कम में NRSA से paid data प्राप्त कर tree removal के पुख्ता प्रमाण हेतु विभागीय आई0टी0 सेल को निर्देश दिये जा चुके हैं।

ii. उपरोक्तानुसार बिन्दु 2 के अन्तर्गत खुल सतर्कता जांच गतिमान है।

iii. प्रमुख वन संरक्षक (HoFF), के पत्रांक 1041/पी0ओ0 दिनांक 24.01.2022 **(पृष्ठ सं0 429–430)** के द्वारा कालागढ़ टाइगर रिर्जव डिवीजन लैन्सडौन वन प्रभाग के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2020–21 तथा 2021–22 में कराये गये कार्यों के लिये विशेष लेखा परीक्षा के सम्बन्ध में शासन को लिखा जा चुका है।

iv. प्रमुख वन संरक्षक (HoFF), के पत्रांक 2059/1–1 दिनांक 19.01.2022 **(पृष्ठ सं0 228)** के द्वारा कालागढ़ टाइगर रिर्जव डिवीजन लैन्सडौन वन प्रभाग के डिस्पैच रजिस्टर की जांच का कार्य भी गतिमान है।

v. मुख्य वन्यजीव प्रतिपालक, उत्तराखण्ड के पत्रांक 35/1–1 दिनांक 13.01.2022 के द्वारा **(पृष्ठ सं0 585)** पाखरों टाइगर सफारी में बिना सक्षम स्तर के वैधानिक/वित्तीय/प्रशासनिक स्वीकृति कराये जा रहे कार्यों पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाई गयी है। इस कम में प्रमुख वन संरक्षक (HoFF), के पत्रांक 998/पी0ओ0 दिनांक 11.01.2022 **(पृष्ठ सं0 327)** एवं प्रमुख वन संरक्षक (वन्यजीव), उत्तराखण्ड के पत्रांक 2023/3–6 दिनांक 13.01.2022 **(पृष्ठ सं0 328)** से स्पष्ट है कि कालागढ़ टाइगर रिर्जव डिवीजन अन्तर्गत कराये गये कार्यों (वर्ष 2020–21 एवं वर्ष 2021–22) हेतु उनके कार्यालय द्वारा कोई भी वित्तीय/प्रशासनिक स्वीकृति जारी नहीं की गयी है।

vi. प्रमुख वन संरक्षक (HoFF), उत्तराखण्ड के पत्रांक 1000/पी0ओ0 दिनांक 12.01.2022 द्वारा निदेशक, कार्बेट टाइगर रिर्जव को पाखरों सफारी क्षेत्र की 100 प्रतिशत वृक्ष प्रगणना के आदेश दिये गये हैं। **(पृष्ठ सं0 393)**

समिति द्वारा ऐसे प्रकरणों की पुर्नावृत्ति रोकने हेतु निम्न प्रकार सुझाव दिया जाता है:–

1. जांच समिति का मानना है कि अगर सरकारी अधिकारी/कर्मचारी विधि अनुसार निर्धारित अधिनियमों–अधिप्राप्त नियमावलियों–समय समय पर जारी शासनादेशों आदि का अध्ययन उपरान्त ही कार्यों को कराये एवं उनके नियंत्रक अधिकारी इसका कठोरता के साथ अनुश्रवण करे तो ऐसे प्रकरणों की पुर्नावृत्ति की सम्भावनाओं को निश्चित रूप से कम किया जा सकता है।
2. उक्त नियमों/अधिनियमों/अधिप्राप्त नियमावली/जारी शासनादेशों का उल्लंघन करने वाले अधिकारियों के वित्तीय अधिकार पर प्रकरण की गम्भीरता के अनुसार अल्प अवधि अथवा दीर्घ अवधि हेतु रोक लगाये जाने का प्राविधान होना चाहिए।
3. विभागाध्यक्ष स्तर से वन विभाग अन्तर्गत किये जा रहे कार्यों यथा वानिकी, गैरवानिकी, निर्माण कार्य आदि के कियान्वयन हेतु स्पष्ट कार्यालय आदेश/स्थाई आदेश जारी किये जाने चाहिए।
4. विभाग में कार्यों के कियान्वयन में विषयवस्तु के विशेषज्ञों की भी group wisdom के सिद्धान्त के अनुरूप सेवायें लेनी चाहिए।
5. समिति का यह भी सुझाव है कि विभाग में पूर्व से ही स्थापित मुख्य वन संरक्षक सतर्कता एंव विधि प्रकोष्ठ के कार्यालय को सुदृढ किया जाना आवश्यक है ताकि भविष्य में random pattern पर अधिकारियों को चयन कर जांच कराने सम्बन्धी प्रकिया को न अपना कर, उक्त प्रकोष्ठ को ही इस कार्य के लिये सक्षम एवं उत्तरदायी बनाया जाना चाहिए।

उक्तानुसार प्रकरण विशेष की सम्पूर्ण जांच आख्या (पृष्ठसं0 1 से 68) तक मय संलग्नक पृष्ठ सं0 1 से 434 तक सादर सेवा में आज दिनांक 01.02.2022 को प्रमुख वन संरक्षक (HoFF), उत्तराखण्ड की पूर्ण सहमति एवं संतुष्टि उपरान्त प्रेषित की जा रही है।

(श्री एन0एन0 पाण्डे),
सदस्य, जांच समिति,
वन संरक्षक, पौडी वृत्त।

(श्री अमित वर्मा),
सदस्य, जांच समिति,
वन संरक्षक, यमुना वृत्त।

(डा0 पराग मुधकर धकाते),
सदस्य, जांच समिति,
मुख्य वन्यजीव प्रतिपालक,
उत्तराखण्ड।

(डा0 कपिल जोशी),
अध्यक्ष जांच समिति,
अपर प्रमुख वन संरक्षक एवं
नोडल अधिकारी।

(श्री जे0सी0 जोशी),
वित्त नियन्त्रक, वन विभाग,
उत्तराखण्ड।

Table-01

कालागढ़ टाइगर रिर्जव डिवीजन अन्तर्गत कराये गये कार्यों के समय उत्तरदायी कर्मचारियों/अधिकारियों के नाम

क0सं0	कार्य का विवरण	कार्य आरम्भ अवधि	वन रक्षक	वन दरोगा	वन क्षेत्राधिकारी	एस0डी0ओ0	प्रभागीय वनाधिकारी	वन संरक्षक /निदेशक	मुख्य वन संरक्षक / CWLW	अभियुक्ति
61. Establishment of Tiger Safaris deep inside the forests in the Tiger Reserves would require the tourists to travel long distances through the forests to reach such Tiger Safari's. Consequently the large number of vehicles carrying such tourists are bound to cause huge disturbance to the forest and wildlife of that area. The proposed Pakhrau Tiger Safari is located in one corner of the existing Corbett Tiger Reserve boundary and to reach the proposed Tiger Safari the visitor / tourist has to travel through the forests in Katri Forest Range of Lansdowne Forest Division. Incidentally the Katri Forest Range and the other adjoining forest areas in Duggada Forest Range have already been recommended to be made part of the Corbett Tiger Reserve because of presence of large number of tigers in these forests also and which forests are part of the Tiger habitat of Corbett landscape extending over an area of more than 8300 sq. Km.

62. Safaris and Zoos are one of the tools of ex-situ conservation of wildlife outside their natural habitat, including through captive breeding. Wildlife tourism through establishment of Safaris and Zoos forms an important component of conservation efforts including tourism connected with endangered species of wildlife in educating the masses. But the location of such safaris and zoos shall not endanger the life of the natural population and eco-tourism and wildlife education should not be at the cost of survival of the endangered species. It should also not result in shrinkage of the already limited habitat available to such endangered species. The emphasis of the NTCA Guidelines on establishment of Tiger Safaris is more on the promotion of tourism and is less on conservation of endangered National Animal and therefore calls for urgent review of the NTCA Guideline relating to location of the Tiger Safaris.

63. Keeping in view the discussions in the preceding paragraphs and considering that

i) Corbett Tiger Reserve / Corbett National Park is one of the world renowned Tiger Conservation project area with highest density of Tigers in the National Park and acts as the source population of Tigers to the entire Shivalik and Gangetic plains landscape of more than 8300 sq kms;

ii) Corbett Tiger Reserve is part of the Shivalik and Gangetic Plains landscape extending over the State of Uttarakhand, Uttar Pradesh and Bihar. This vast landscape also has corridor connectivity to the forests in Haryana, Himachal Pradesh and Nepal. Survival of Tiger species in such a large landscape with abundance of Tigers in Corbett Tiger Reserve cannot be risked merely to ensure that the visiting tourists to Cortbett Tiger Reserve are enabled to see Tigers (selected from zoos), in near natural set up within a Safari;

iii) there is continuous shrinkage of habitats of the endangered species, the precious tiger habitat cannot be sacrificed to promote wildlife tourism and that too on the tiger dispersal route from a source population in Corbett Tiger Reserve to other parts of the landscape;

iv) commencement of construction of 4 buildings each at 3 locations within the Tiger Reserve with 16 rooms at each of the three locations without inclusion in the Tiger Conservation

Plan and another four buildings at Saneh with 4 rooms each and all of them planned with tourist cottage designs and without the administrative, financial and technical approvals from the competent authority, including approval of the Chief Wildlife Warden and without making budgetary provision could not have been undertaken by the DFO Kalagarh Forest Division without the implicit backing of the senior functionaries in the Forest Department, Government of Uttarakhand and more particularly without the active support of the then Forest Minister;

v) the principal culprit in the illegal construction of roads and buildings infrastructure is the then DFO Kalagarh with dubious past of committing similar irregularities has been hand-picked by the then Forest Minister to be posted to Kalagarh Forest Division and that too without a recommendation from the PCCF and Civil Services Board. This was done ignoring the advice of the State Vigilance department and the PCCF and HoFF not to post him in sensitive posts. It is therefore no surprise that massive legal and financial fraud has been committed within a short period of posting Mr. Kishan Chand to Kalagarh Forest Division;

vi) large scale tourism infrastructure developments in the forest area including in the Corbett Tiger Reserve have been undertaken in clear violation of the order dated 12.12.1996 of the Hon'ble Supreme Court and in violation of the Forest (Conservation) Act, 1980;

vii) construction work in Tiger Safari has commenced even before Stage II clearances under Forest (Conservation) Act, 1980 was issued by the MoEF&CC and before the revised layout plan of the proposed Tiger Safari at Pakhrau was approved by the CZA;

viii) then Forest Minister was instrumental in the planning and execution of illegal and unauthorized roads and buildings within the Corbett Tiger Reserve and in the Lansdowne Division as is evident from his notings in Government files and of him having supervised the illegal works executed by Sh. Kishan Chand, the then DFO and the stand of the Forest Minister against initiation of disciplinary proceedings including the proposed suspension of the then DFO, pursuant to the report of NTCA;

ix) large scale illegal felling of trees and breaking and clearing of forests in violation of the Forest (Conservation) Act, 1980 is not denied by the State Government though there is dispute with regard to the number of trees recorded to have

been felled in the Report of FSI using remote sensing technique;

x) while the Hon'ble High Court of Uttarakhand has suo moto taken serious note of the irregularities / illegalities based on reports which appeared in the media, the then Chief Wildlife Warden and the State Government did not act with the required alacrity on the reports sent by the then Field Director, Corbett Tiger Reserve on the illegal / irregular activities of the then DFO, Kalagarh Forest Division;

xi) large water bodies excavated and planned to be created as near to the tourist lodges being illegally constructed neither have approval from the Chief Wildlife Warden nor was there any budgetary provision. The sites have been selected near to the tourist lodges being built mainly with a view to attract the wildlife to facilitate tourism and not as part of habitat management interventions. Animals need secluded environs even to quench their thirst;

xii) the State Government has ordered vigilance enquiry into the illegalities / irregularities involved in all the activities in Corbett Tiger Reserve and the adjoining forest areas and FIR's have been filed by the Police Vigilance Wing. The Chief Wildlife Warden and the then DFO Kishan Chand have since been placed under suspension. Offences under Indian Forest

Act, 1927 and Wildlife (Protection) Act, 1972 have also been registered;

xiii) mandate to locate the Tiger Safari's within the buffer and fringe of the Tiger Reserves originates from the guidelines issued by the NTCA in 2012 and the proposals in this regard sought by NTCA from the States. Subsequently NTCA has issued guidelines on establishment of Tiger Safaris within the Tiger Reserve in the year 2016 and 2019. It is therefore imperative that NTAC guidelines issued in 2012, 2016 and 2019 in this regard are amended / withdrawn;

xiv) the guidelines of 2016 and 2019 relating to the selection of animals to the Tiger Safaris points to the serious flaws as well as glaring contradictions in these two guidelines. While the 2016 guidelines unequivocally prohibit sourcing of Zoo animals to the Tiger Safari, the 2019 guidelines mandate sourcing of Tigers to the Safaris only from zoo / captive source;

xv) establishment of Safaris is not a site specific activity and as observed by the CZA the zoos / safaris in wilderness areas are less accessible and more resource intensive. However according to CZA off - display facilities like Animal Rescue Centres have necessarily to be located near forest areas;

xvi) the objective of reducing the pressure on the core / critical Tiger Habitat by setting up Tiger Safaris in the buffer zone, especially in Tiger Reserves where the tourist carrying capacity has exceeded 100% is **'not'** likely to be achieved for the following reasons:

a) The number of tourists is likely to increase since the Tiger Safari adds to the attractiveness of such destinations;
b) Visitng tourists are there to enjoy the wilderness of the sanctuaries and are not there to only visit the safari;

xvii) zoos and safari are integral instruments to spread awareness among the masses on the importance of conservation of nature and to elicit public support to the cause of conservation. However, they shall not be located within the tiger habitat thereby endangering the life of the very same animals who are key players in the very ecosystem which are planned to be conserved; and

xviii) it is a well-accepted fact that zoo animals often harbour deadly diseases and are also a source of transmission of diseases to the wild animals despite the stringent conditions imposed by CZA. Keeping in view the pre-cautionary principles, setting up of Zoos / Safari's within the wild animal habitat are best avoided

it is recommended that this Hon'ble Court may consider directing / issuing

i) the NTCA to amend the NTCA guidelines 2019 relating to the establishment of Tiger Safaris by making it mandatory that

(a) Tiger Safaris are established only outside the notified Tiger Reserve and outside the natural habitat of Tigers and

(b) the tiger corridors and tiger dispersal routes shall always be avoided so as to ensure that the tiger habitat is not sacrificed for development of tourism;

ii) the NTCA to retain only the minimum area required for the Animal Rescue Centres in the proposed Tiger Safaris set up / being set up within the Tiger Reserve and order demolition and dismantling all the other structures not required for operating the Animal Rescue Centre and ensure that no tourism activity shall be permitted in any of the Animal Rescue Centres as provided in the Wildlife (Protection) Act, 1972;

iii) that the animal rescue centres are used only for Rescue and Rehabilitation of the injured / incapacitated animals from the same landscape where the Animal Rescue Centre has been set up and also impose a total prohibition on treating any Zoo / domestic animals in the Animal Rescue Centres set up within the Tiger Reserve;

iv) the State Government of Uttarakhand to dismantle / demolish all illegal structures constructed in the Tiger Safari and outside Tiger Safari, including the electrical cables between Saneh and Pakhrau;

v) the State Government and the Vigilance Department shall initiate / continue with the disciplinary proceedings against all the officers involved in the irregularities committed

a) in respect of establishment of Pakhrau Tiger Safari and
b) all other illegal activities carried out by Mr. Kishan Chand and his associates outside the proposed Pakhrau Tiger Safari;

vi) the State Government shall pursue action under the Indian (Forest) Act, 1927 and Wildlife (Protection) Act, 1972 against all accused persons including the government officials who perpetrated the crime;

vii) the State Government will file an action taken report on item (iv), (v) and (vi) above before this Hon'ble Court through the Central Empowered Committee within the next six months;

viii) the CZA shall not consider and approve establishment of Zoos and Safaris within the Tiger Reserve, Wildlife Sanctuaries and National Parks and along the animal corridors and animal dispersal routes;

ix) the MoEF&CC to review the guidelines issued under Forest (Conservation) Act, 1980 and Wildlife (Protection) Act, 1972 relating to setting up of Zoos and Safaris within the Tiger Reserve and Wildlife sanctuaries and amend the same so as to discourage use of wildlife habitat for wildlife tourism

activities which are non site specific. Any approvals given for setting up of zoos and safaris within the Tiger Reserves and Protected Area are withdrawn forthwith except to permit animal rescue activities involving rescue and rehabilitation of injured / incapacitated animals from the same land scape; and

x) notice to the then Forest Minister Dr. Harak Singh Rawat who is largely responsible for the mess created by Mr. Kishan Chand in Corbett Tiger Reserve, as brought out in this Report and take appropriate action after hearing the then Forest Minister.

This Hon'ble Court may please consider the above Report and may please pass appropriate order in the matter.

(Amarnatha Shetty)
Member Secretary

Dated : 24th January 2023

ANNEXURE-17

Office of the Principal Chief Conservator of Forests (HoFF), Uttarakhand
Tel.No. 0135-2746934, 2741461, Email: pccfuk@gmail.com

Letter No. P 9/235 Dehradun, Dated, January 13– 2023

To,

The Dy. Inspector General of Forests (RT)
Ministry of Environment, Forests & Climate Change
5th Floor, Vayu Wing
Indira Paryavaran Bhavan, Jor Bag Road, Aliganj
New Delhi-110003

Sub: Furnishing of various information regarding visit of AGF (WL) to Corbett Tiger Reserve

Ref: Your letter No 17-15/2022-RT Dated 12th Jan 2023

Sir,

With respect to the above, the details of administrative action taken against various officers and staff in the Pakhro Tiger Safari matter is as follows:

S. No.	Name of the Officials	Designation	Action taken
1.	Sh. Rajiv Bhartari	PCCF (HoFF)	Removed from the post of PCCF (HoFF) vide Order dated 25.11.2021. The Show Cause Notice dated 24.05.2022 was issued against Sh. Rajiv Bhartari.
2.	Sh. J. S. Suhag	Chief Wildlife Warden (CWLW)	Removed from the extra charge of Chief Wild Life Warden vide Order dated 25.11.2021. Suspended vide

			Order dated 27.04.2022. Charge Sheet and Additional Charge Sheet issued against him on 17.05.2022 and 12.12.2022 respectively.
3.	Sh. Rahul	Director, Corbett Tiger Reserve	Removed and attached to the Forest HQ vide Order dated 27.04.2022. The Show Cause Notice dated 06.04.2022 was issued against Sh. Rahul. Charge Sheet issued against him on 01.09.2022.
4.	Sh. Kishan Chand	DFO, Kalagarh Tiger Reserve	Removed from the post and then Suspended vide Order dated 27.04.2022. Charge Sheet issued against him on 17.05.2022. Recently arrested by the Vigilance.
5.	Sh. Brij Bihari Sharma	Range Officer	Suspended vide Order dated 25.10.2021. Recently arrested by the Vigilance.
6.	Sh. S. M. Rawat	Dy. Range Officer	Suspended vide Order dated 23.09.2022.

(i) Various officials including the then Principal Chief Conservator of Forests (HoFF), Chief Wildlife Warden, Director, Corbett Tiger Reserve, Divisional Forest Officer, Kalagarh Tiger Reserve Division and Range Officer, Sonanadi Range and Pakhro unit of Kalagarh Tiger Reserve Division were moved out forthwith from their respective positions.

(ii) The Principal Chief Conservator of Forests (HoFF), vide letter no. 04/1-15 (HRD) dated 25.10.2021, has suspended Sri Brij Bihari Sharma, the then Range Officer, Sonanadi Range and Pakhro unit of Kalagarh Tiger Reserve Division and initiated disciplinary proceedings against him. He has since retired from service. Recently he has been arrested by the State Vigilance.

(iii) The State Government vide letter no. 426 dated 09.11.2021 has instituted an open Vigilance Enquiry against the erring officers in the matter.

(iv) In the backdrop of inquiry report submitted by the five-member committee, Sri Rahul the then Director Corbett Tiger Reserve was attached to the Forest HQ Dehradun vide Government order No. 476/GEN/X-1-2022-14(22)/2021 Dehradun dated 27.04.2022. He is presently posted in the Uttarakhand Forest Development Corporation.

(v) Disciplinary proceeding under relevant provisions of the All India Service (Discipline & Appeal) Rules, 1969 has been initiated against Sri Rahul for his role in the entire episode.

(vi) Pursuant to the inquiry report submitted by the five-member committee, the then Chief Wild Life Warden Mr. J. S. Suhag was suspended vide Government order 473/GEN/X-1-2022-02(10)/2021 T.C. Dehradun dated 27.04.2022 and disciplinary proceeding under relevant provisions of the AIS (Discipline & Appeal) Rules, 1969 has been initiated against him. He has since retired from service.

(vii) Pursuant to the inquiry report submitted by the five-member committee, the then DFO, Kalagarh Tiger Reserve Division, Mr. Kishan Chand also was suspended vide Government order 472/GEN/X-1-2022-02(12)/2021 Dehradun dated 27.04.2022 and disciplinary proceeding under relevant provisions of the AIS (Discipline & Appeal) Rules, 1969 has been initiated. He has since retired from service. Recently, he has been arrested by the State Vigilance.

(viii) Sri Surya Mohan Rawat, Dy. Ranger, Kalagarh Tiger Reserve Division has been placed under suspension by order of the PCCF (Wildlife) and Chief Wildlife Warden, Uttarakhand on 23rd September, 2022 for his lapses in this entire affair and departmental proceedings have been initiated against him.

(ix) Two officers namely Sri Kishan Chand, the then Divisional Forest Officer, Kalagarh Tiger Reserve Division and Sri Brij Bihari Sharma, the then Range Officer Sonanadi Range and Pakhro unit of Kalagarh Tiger Reserve Division have been arrested recently by the State Vigilance.

(x) Supplementary charge-sheets have been issued to Sri J.S. Suhag and Sri Kishan Chand in the matter of illegal tree felling. Supplementary charge-sheets are also being processed against some other officials in this regard.

(xi) In compliance to the recommendations of NTCA report, the illegal construction works that were objected upon in the NTCA and IRO site inspection report viz., constructions on the Kalagarh-Morghatti road, construction of buildings in Pakhro FRH Campus and Morghatti FRH Campus have been demolished and efforts initiated to eco-restore these areas including plantation and Soil & Moisture conservation works.

That it is thus submitted that the action of the State Government in this matter has been comprehensive and adequate.

Copies of the FIR filed in this matter by the Vigilance Directorate and the Status Report as submitted by the Director Vigilance in this matter to the State Govt. on 11th January, 2023 are also enclosed for your perusal please.

Encl: **as above**

Yours Sincerely,

13/1/23

Principal Chief Conservator of Forest (HoFF),
Dehradun, Uttarakhand.

Copy to:

PCCF(WL)/Chief WildLife Warden, Uttarakhand, Dehradun for information and necessary action.

ANNEXURE-18

हिन्दुस्तान

हरक ने कहा, दिल्ली में बैठे कथित पर्यावरण प्रेमी नहीं रोक पाएंगे टाइगर सफारी

मंत्री ने जांच के बीच अफसरों को दी क्लीन चिट

देहरादून | कार्यालय संवाददाता

कोई कितने ही विवाद कर ले, हम नियमों के तहत हर काम कर रहे हैं और करते रहेंगे। हमारे किसी अफसर ने कोई नियम विरुद्ध काम नहीं किया। इसी महीने के आखिर तक पाखरो में उत्तराखंड की पहली टाइगर सफारी शुरू कर देंगे। राजाजी पार्क में आशारोड़ी गेट के उद्घाटन अवसर पर सोमवार को वन मंत्री डॉ. हरक सिंह रावत ने यह बात कही।

पाखरो टाइगर सफारी में अफसरों पर तमाम आरोपों के बीच वन मंत्री डॉ. हरक सिंह उनके बचाव में आ गए हैं। उन्होंने डीएफओ कालागढ़ किशन चंद और निलंबित रेंजर ब्रिजबिहारी शर्मा की भी तारीफ की। जबकि इस मामले में दो वन अफसरों के जांच से इनकार के बाद सरकार विजिलेंस जांच बैठा चुकी है। एनटीसीए के दखल पर वहां अवैध निर्माण तोड़ा जा चुका है। हरक ने कहा कि कोशिश है कि 28 तक सफारी शुरू कर दी जाए। बकौल हरक, दिल्ली में बैठे कथित पर्यावरण प्रेमी जो चाहे कर लें मगर सफारी को शुरू होने से नहीं रोक सकते।

दून से ले सकेंगे राजाजी की सफारी का आनंद

पहली बार देहरादून से भी राजाजी पार्क में सफारी शुरू की गई है। अब तक सफारी के लिए ऋषिकेश या हरिद्वार जाना पड़ता था। पार्क निदेशक डीके सिंह ने बताया कि, अब आशारोड़ी गेट से भी जिप्सियां चलाई जाएंगी।

राजाजी पार्क के गेट देर से खुलने पर धरना

हरिद्वार। राजाजी टाइगर रिजर्व पार्क के गेट देरी से खोलने को लेकर चीला रेंज में जिप्सी मालिक और ड्राइवर धरने पर बैठ गए। गेट देर से खुलने के कारण 25 बुकिंग कैंसिल हुई। एक घंटे तक चले इस घटनाक्रम में फोन पर वन मंत्री के आश्वासन के बाद जंगल सफारी शुरू हो सकी। सूत्रों के अनुसार वनमंत्री को आशारोड़ी, रामगढ़ क्षेत्र में सफारी का शुभारंभ करना था। इसके बाद ही चीला समेत सभी पार्कों के गेट खोले जाने को कहा गया था। जिसके चलते चीला के रेंजर दोपहर तीन बजे पार्क का गेट खोलने पहुंचे। इससे नाराज लोग धरने पर बैठ गए।

अवैध निर्माण पर सुनवाई आठ दिसंबर को

कार्बेट टाइगर रिजर्व का मामला, कार्बेट फाउंडेशन सचिव को पक्षकार बनाने के निर्देश

जागरण संवाददाता, नैनीताल: हाई कोर्ट ने कार्बेट नेशनल पार्क में किए जा रहे अवैध निर्माण कार्य, सड़क और पुल बनाने के मामले में स्वतः संज्ञान वाली जनहित याचिका पर सुनवाई की। बुधवार को मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति आरएस चौहान व न्यायमूर्ति एनएस धानिक की खंडपीठ ने कार्बेट फाउंडेशन के सचिव को पक्षकार बनाने का आदेश दिया। इस मामले में अब अगली सुनवाई आठ दिसंबर को होगी। इस मामले से कार्बेट समेत वन विभाग मुख्यालय के अफसरों में खलबली मची है। कोर्ट ने इस मामले में केंद्र व राज्य सरकार से जवाब मांगते हुए पूछा है कि पार्क के कौन-कौन से स्थानों पर अवैध निर्माण किया गया है।

हाई कोर्ट ने एनटीसीए की रिपोर्ट व समाचार का लिया संज्ञान: दिल्ली निवासी गौरव बंसल ने दिल्ली हाई कोर्ट में जनहित याचिका दायर की थी। जिसमें कहा गया था सीटीआर के मोरघट्टी व पाखरो फारेस्ट रेस्ट हाउस के आसपास अवैध निर्माण किए जा रहे हैं। दिल्ली हाई कोर्ट ने इस मामले में राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण (एनटीसीए) को याचिकाकर्ता का प्रत्यावेदन निस्तारित करने के निर्देश दिए थे। एनटीसीए द्वारा अवैध निर्माणों की जांच के लिए कमेटी भी बनाई गई। कमेटी ने पाया कि पार्क क्षेत्र में होटल, भवन, पुल व सड़कों का अवैध तरीके से निर्माण किया गया है। रिपोर्ट में चीफ वार्डन वाइल्ड लाइफ को अवैध निर्माणों को हटाने व इसके जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए थे। रिपोर्ट में कहा गया था कि वन विभाग के अफसरों ने वाइल्ड लाइफ प्रोटेक्शन एक्ट 1972, इंडियन फारेस्ट एक्ट 1927 व वन संरक्षण अधिनियम 1980 का उल्लंघन किया है। 22 अक्टूबर को राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण के असिस्टेंट इंस्पेक्टर जनरल हेमंत सिंह की ओर से चीफ वाइल्ड लाइफ उत्तराखंड को पत्र भेजा गया था। जिसमें इस मामले में कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। नैनीताल हाई कोर्ट ने इसी रिपोर्ट एवं प्रकाशित समाचार को स्वतः संज्ञान वाली जनहित याचिका के रूप में लिया है।

गले पड़ा नियमों की अनदेखी कर सुविधाएं जुटाना

जागरण संवाददाता, कोटद्वार: कोटद्वार से कार्बेट टाइगर रिजर्व का गेट खोलने संबंधी घोषणा के बाद नियमों को ताक पर रखकर किए गए निर्माण कार्य कालागढ़ टाइगर रिजर्व फारेस्ट के गले की फांस बन गए हैं। पर्यटक सुविधाओं के नाम पर आरक्षित वन क्षेत्र में हुए इन निर्माण कार्यों पर जहां विभागीय अधिकारियों ने आंखें दिखाई हैं, वहीं रिजर्व फारेस्ट के अधिकारियों को नौकरी बचाने के लिए एड़ियां रगड़नी पड़ रही हैं। बीते करीब पांच वर्षों से कार्बेट का प्रवेश द्वार कोटद्वार की ओर से खोले जाने की कवायद चल रही है। इसी क्रम में कोटद्वार में कार्बेट टाइगर रिजर्व का रिसेप्शन सेंटर खोलने के साथ ही कोटद्वार से हल्दूपड़ाव व पाखरो की सफारी भी शुरू की गई है। कालागढ़ टाइगर रिजर्व ने एक-डेढ़ साल के भीतर क्षेत्र में पर्यटक सुविधा जुटाने को कार्य शुरू किए। इसके तहत सेंधीखाल, कुगड्डा व मोरघट्टी में हट्स बनाने की तैयारी हुई। मोरघट्टी में चार हट्स बनाए गए और कुगड्डा में भी हट्स निर्माण का कार्य शुरू हुआ। जबकि, सेंधीखाल में जल्द निर्माण कार्य शुरू करने की योजना थी। दूसरी ओर, आरक्षित वन क्षेत्र में हुए ये निर्माण सवालों के घेरे में आ गए हैं। इसी साल सितंबर में टाइगर सफारी के निरीक्षण को पहुंची राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण (एनटीसीए) की टीम ने वन क्षेत्र में हो रहे निर्माण को अवैध करार देते हुए संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की संस्तुति की। साथ ही नैनीताल उच्च न्यायालय ने भी एनटीसीए की इस रिपोर्ट का स्वतः संज्ञान लेते हुए विभाग से मामले में जवाब मांगा।

लैंसडौन वन प्रभाग की भूमि पर भी अतिक्रमण

कालागढ़ टाइगर रिजर्व फारेस्ट ने लैंसडौन वन प्रभाग की भूमि पर भी पर्यटकों के लिए हट्स सहित अन्य सुविधाएं जुटाने की तैयारी कर दी थी। इस क्रम में बिना भूमि हस्तांतरण के प्रभाग की कोटड़ी रेंज में कोल्हू नदी के तट पर सनेह बच्चा पार्क में गड्ढे खोद कर निर्माण शुरू करने को कवायद हुई। लेकिन, लैंसडौन वन प्रभाग ने आपत्ति लगा दी। साथ ही प्रमुख वन संरक्षक राजीव भरतरी ने भी बीते दिनों कोटद्वार भ्रमण के दौरान निर्माण कार्य रोकने और खोदे गए गड्ढों में मिट्टी भरने के निर्देश दिए। यही नहीं, कालागढ़ टाइगर रिजर्व ने सिद्धबली मंदिर के पास लैंसडौन वन प्रभाग की ओर से बनाए गए बैंबू हट्स तोड़कर वहां पक्का निर्माण करवाना शुरू कर दिया।

कार्बेट के मोरघट्टी वन परिसर में चार आवासीय भवन ध्वस्त

एनटीसीए की फटकार के बाद हरकत में आया सीटीआर प्रशासन, कार्बेट के निदेशक की अगुवाई में कार्रवाई

अमर उजाला ब्यूरो/संवाद

देहरादून/कोटद्वार। राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण (एनटीसीए) की फटकार के बाद कार्बेट टाइगर रिजर्व (सीटीआर) प्रशासन हरकत में आ गया है।

एनटीसीए के दिशा-निर्देश बताते हुए शनिवार को कार्बेट टाइगर रिजर्व के अधिकारियों ने कालागढ़ टाइगर रिजर्व वन प्रभाग (केटीआर) के मोरघट्टी वन विश्राम गृह परिसर में निर्माणाधीन चार आवासीय भवन ध्वस्त कर दिया। इस मामले में वन विभाग को दस नवंबर तक नैनीताल हाईकोर्ट में भी जवाब दाखिल करना है। इधर, प्रमुख वन संरक्षक राजीव भरतरी ने इस मामले की विस्तृत जांच आईएफएस संजीव चतुर्वेदी को सौंपी है। सीटीआर के निदेशक राहुल शनिवार दिन में वन विभाग के लावलश्कर और जेसीबी मशीनों के साथ केटीआर के मोरघट्टी वन विश्राम गृह परिसर में पहुंचे। यहां उन्होंने निर्माणाधीन चार आवासीय भवनों को ध्वस्त कर दिया। निदेशक राहुल ने बताया कि एनटीसीए के निर्देश पर उन्होंने यह कदम उठाया है।

एनटीसीए का मानना है कि यह भवन पर्यटकों के लिए बनाए जा रहे हैं। हालांकि केटीआर के वन अधिकारियों के अनुसार यह भवन कर्मचारियों के आवास के रूप में बनाए जा रहे थे। निदेशक ने स्पष्ट किया कि ध्वस्त किए गए निर्माण कार्यों का टाइगर सफारी से कोई लेना देना नहीं है।

एनटीसीए की टीम पहले ही जांच कर सौंप चुकी है रिपोर्ट : इसकी जांच के लिए एनटीसीए की तीन सदस्यीय टीम ने गत 28 सितंबर को रामनगर और कालागढ़ होते हुए पाखरो और मोरघट्टी का निरीक्षण किया था। इस दौरान वन विभाग की टीम को स्थानीय अधिकारियों की ओर से सभी पत्रावलियां और अनुमति के दस्तावेज सौंपे गए।

हाईकोर्ट में 10 तक दाखिल करना है जवाब

नैनीताल हाईकोर्ट ने भी बीते 27 अक्तूबर को कार्बेट में अवैध निर्माण से संबंधित खबरों का स्वतः संज्ञान लेते हुए केंद्र और राज्य सरकार से 10 नवंबर तक जवाब मांगा है। इससे पूर्व एनटीसीए की तरफ से 22 अक्तूबर को शासन को पत्र लिखकर इस मामले में कार्रवाई के लिए कहा गया था। शासन की तरफ से 29 अक्तूबर को इस मामले में प्रमुख वन संरक्षक राजीव भरतरी को उचित कार्रवाई कर निर्णय लेने के लिए अधिकृत किया था।

मामले की जांच किए जाने के लिए मुख्य वन संरक्षक संजीव चतुर्वेदी को जांच अधिकारी बनाया गया है। उन्हें इस मामले में दो हफ्ते के भीतर अपनी रिपोर्ट पेश करने के लिए भी कहा गया है। – राजीव भरतरी, प्रमुख वन संरक्षक (हॉफ)

अनुमति से अधिक संख्या में पेड़ काटे जाने का आरोप

कार्बेट टाइगर रिजर्व के केटीआर वन प्रभाग के पाखरो रेंज में टाइगर सफारी का निर्माण कार्य चल रहा है। निर्माण के लिए अनुमति (163) से अधिक संख्या में पेड़ काटे जाने, कालागढ़ टाइगर रिजर्व प्रभाग के पाखरो वन विश्राम गृह और कालागढ़ वन विश्राम गृह के बीच अवैध निर्माण, पाखरो से कालागढ़ के बीच सड़क पर कल्वर्ट बनाने और जलाशय का निर्माण आदि की शिकायतें हैं।

अवैध कटान व निर्माण प्रकरण : मसला एक, दो-दो जांच अधिकारी, नतीजा निकलने पर फिर भी संशय

नियमों का लबादा ओढ़े अफसर जांच का भी कर रहे बंटवारा

राज्य ब्यूरो, देहरादून: वन विभाग में इन दिनों अजीबोगरीब स्थिति पैदा हो गई है। कार्बेट टाइगर रिजर्व के अंतर्गत कालागढ़ टाइगर रिजर्व वन प्रभाग में अवैध कटान व निर्माण के प्रकरण में आला अधिकारी आमने-सामने हैं। एक-दूसरे को चुनौती देते दिख रहे हैं। मसला यह कि जांच कराने का अधिकार किसे है और किसे नहीं। इसको लेकर अधिकारों की लड़ाई भी सतह पर आ गई है। विभागीय मंत्री के सुर भी कमोबेश ऐसे ही सुनाई पड़ रहे हैं। नतीजतन जांच की दिशा तय नहीं हो पा रही है। विभाग में चल रही यह खींचतान कई सवालों को जन्म दे रही है। यह स्थिति तब है जब मामला अदालत में विचाराधीन है। एनटीसीए भी प्रकरण की जांच कर कार्रवाई के निर्देश दे चुका है।

यह है मामला

कालागढ़ टाइगर रिजर्व के बफर जोन पाखरो में वन विभाग 106 हेक्टेयर क्षेत्र में टाइगर सफारी का निर्माण करा रहा है। इसके तहत वहां दो टाइगर बाड़े, म्यूजियम, जलाशय का निर्माण समेत अन्य कार्य चल रहे हैं। पूर्व में बात सामने आई कि टाइगर सफारी के लिए स्वीकृत से अधिक पेड़ काटे गए हैं। इसी बीच पाखरो वन विश्राम गृह से लेकर कालागढ़ वन विश्राम गृह तक अवैध निर्माण की बात सामने आई। मामला दिल्ली उच्च न्यायालय में गया तो राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण (एनटीसीए) की टीम ने मौका मुआयना किया। एनटीसीए की जांच रिपोर्ट में अवैध कटान, बगैर वित्तीय व प्रशासनिक स्वीकृति के निर्माण, कागजों में हेरा-फेरी की पुष्टि हुई। एनटीसीए ने प्रकरण में दोषी अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

सोमवार तक हटाए जा सकते हैं कई अधिकारी

कार्बेट टाइगर रिजर्व में अवैध कटान व निर्माण का प्रकरण संज्ञान में आने के बाद एनटीसीए ने अपनी जांच रिपोर्ट में प्रकरण की विजिलेंस जांच कराने पर भी जोर दिया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए हाल में ही कालागढ़ टाइगर रिजर्व वन प्रभाग के डीएफओ, कार्बेट टाइगर रिजर्व के निदेशक, मुख्य वन्यजीव प्रतिपालक को हटाने संबंधी फाइल तैयार की गई। बाद में इसमें विभाग प्रमुख का नाम भी शामिल कर लिया गया। सूत्रों के मुताबिक उच्च स्तर से अनुमोदन मिल चुका है, लेकिन अभी इस पर कार्रवाई नहीं हुई है। अपर मुख्य सचिव वन आनंद बर्द्धन ने बताया कि इस प्रकरण में प्रक्रिया चल रही है। सोमवार तक कोई निर्णय होने की संभावना है।

यहां फंसा है पेच

अवैध कटान व निर्माण से जुड़े इस मामले में संबंधित अधिकारियों पर दोष का निर्धारण किया जाना है। इसके लिए जांच कराई जानी है। इस कड़ी में वन विभाग के मुखिया प्रमुख मुख्य वन संरक्षक राजीव भरतरी ने प्रकरण की जांच मुख्य वन संरक्षक संजीव चतुर्वेदी को सौंप दी। उन्हें दो सप्ताह के भीतर जांच कर दोषी अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई की संस्तुति देने को कहा गया है। वहीं मुख्य वन्यजीव प्रतिपालक जेएस सुहाग ने इसे उनके अधिकार क्षेत्र का मामला बताया और कहा कि प्रकरण की जांच वह अपर प्रमुख मुख्य वन संरक्षक वीके गागटे को पहले ही सौंप चुके हैं। हालांकि, गागटे का कहना है कि उन्हें इस बारे में कोई आदेश नहीं मिला है। वन मंत्री डा हरक सिंह रावत ने कहा कि वह प्रकरण वन्यजीव परिक्षेत्र का है और जांच कराने का अधिकार मुख्य वन्यजीव प्रतिपालक को ही है, विभाग के मुखिया को नहीं। दूसरी तरफ अपर मुख्य सचिव वन आनंद बर्द्धन प्रकरण में दो-दो जांच की जानकारी होने से अनभिज्ञता जता रहे हैं। साथ ही कहते हैं कि जो सही होगा, वही जांच करेगा।

गोरघट्टी में ध्वस्त किए अवैध निर्माण

कालागढ़ टाइगर रिजर्व वन प्रभाग के अंतर्गत गोरघट्टी में जिस भवन का निर्माण कराया जा रहा था, उसे विभाग ने ध्वस्त कर दिया है। बताते हैं कि इसके लिए वित्तीय व प्रशासनिक स्वीकृति तक नहीं ली गई थी। बजट की प्रत्याशा में यह निर्माण कराया जा रहा था।

अवैध कटान व निर्माण से जुड़े इस प्रकरण में शासन ने उन्हें जांच कराने के निर्देश दिए थे। इसी कड़ी में मुख्य वन संरक्षक संजीव चतुर्वेदी को जांच अधिकारी नामित किया गया है। उन्हें इस प्रकरण के साथ ही तैसडौन वन प्रभाग के अंतर्गत सन्नेह वन विश्राम भवन परिसर में हुए निर्माण कार्यों की जांच को भी कहा गया है।

राजीव भरतरी, प्रमुख मुख्य वन संरक्षक

एनटीसीए ने मुख्य वन्यजीव प्रतिपालक को जांच कराने को कहा है। इसे देखते हुए अपर प्रमुख मुख्य वन संरक्षक वीके गागटे को जांच सौंपी गई है। उन्हें सप्ताहभर के भीतर रिपोर्ट देने को कहा गया है।

जेएस सुहाग, मुख्य वन्यजीव प्रतिपालक

एनटीसीए की रिपोर्ट से ऐसा लग रहा है, मानो यह किसी एनजीओ की रिपोर्ट हो। राज्य सरकार इस पर स्टैंड लेगी। जहां तक मामले की जांच का सवाल है तो वह क्षेत्र वन्यजीव परिक्षेत्र के अंतर्गत है। इसकी जांच कराने का अधिकार मुख्य वन्यजीव प्रतिपालक को ही है। यदि विभाग प्रमुख को जांच करानी थी तो उन्हें मुख्य वन्यजीव प्रतिपालक से सलाह लेनी चाहिए थी।

हरक सिंह रावत, वन मंत्री

ANNEXURE-19



टाईगर कंजरवेशन फाउण्डेशन फॉर सी0टी0आर0 की शासी निकाय की 06वीं बैठक का कार्यवृत्त

मंगलवार, 21 जुलाई, 2020

स्थान – कोटद्वार

टाईगर कन्जरवेशन फाण्डेशन फॉर सी0टी0आर0 की शासी निकाय की दिनांक 21.07.2020 को कोटद्वार में आहूत 06 वीं बैठक का कार्यवृत्त

बैठक में उपस्थित शासी निकाय के सदस्यों की सूची संलग्न है।

अध्यक्ष महोदय की अनुमति से टाइगर कन्जरवेशन फाउण्डेशन फॉर सी0टी0आर0 की 6वीं बैठक को प्रारम्भ किया गया। बैठक के प्रारम्भ में निदेशक, कार्बेट टाइगर रिजर्व द्वारा अध्यक्ष, शासी निकाय, मा0 विधायक लैन्सडौन, सदस्य सचिव मुख्य वन्यजीव प्रतिपालक, उत्तराखण्ड एवं उपस्थित सभी सदस्यों का स्वागत करते हुये टाइगर कन्जरवेशन फाउण्डेशन फोर सी0टी0आर0 के गठन एवं उददेश्यों पर प्रकाश डाला गया। तत्पश्चात् मा0 अध्यक्ष महोदय की अनुमति से शासी निकाय की विगत बैठक की अनुपालन एवं इस बैठक के विभिन्न एजेण्डा बिन्दुओं पर क्रमवार प्रस्तुतीकरण किया गया।

एजेण्डा बिन्दु सं0–01 : टाईगर कन्जरवेशन फाउण्डेशन फॉर सी0टी0आर0 की शासी निकाय की दिनांक 22 अक्टूबर, 2019 को आयोजित बैठक के बिन्दुओं पर अनुपालन आख्या।

माननीय वन एवं पर्यावरण मंत्री जी, उत्तराखण्ड की अध्यक्षता में दिनांक 22 अक्टूबर, 2019 को आयोजित टाईगर कन्जरवेशन फाउण्डेशन फॉर सी0टी0आर0 की शासी निकाय की बैठक में लिये गये निर्णयों पर अनुपालन आख्या निम्नानुसार है:–

एजेण्डा	निर्णय
निदेशक/सदस्य द्वारा विगत बैठक में आय बढ़ाने से सम्बन्धित लिये गये निर्णयों पर अनुपालन आख्या प्रस्तुत की गयी। विगत बैठक में लिये गये निर्णयों में के कार्यवृत्त के अनुसार में फाउण्डेशन बढ़ाने हेतु फाउण्डेशन की आय को फाउण्डेशन में 100 प्रतिशत जमा करने का प्रस्ताव पुनः बैठक में रखा गया। जिसका अनुमोदन अध्यक्ष शासी ईकाई व समस्त उपस्थित सदस्यों द्वारा किया गया। निदेशक/सदस्य द्वारा बैठक में टाइगर रिजर्व की आय बढ़ाने हेतु पर्यटन वन विश्राम भवनों की दरों में वृद्वि का प्रस्ताव रखा गया। सदस्य सचिव शासी निकाय द्वारा नियमानुसार प्रस्ताव प्रस्तुत करने के निर्देश दिये गये।	शासी निकाय द्वारा पुनः शासन को कार्बेट टाइगर रिजर्व की समस्त आय को फाउण्डेशन में जमा करने के सम्बन्ध में अनुरोध करने हेतु सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया गया। इसके अतिरिक्त शासी निकाय द्वारा चौथी बैठक में पारित किये गये वन विश्राम भवनों की दरों को तत्काल लागू करने हेतु आवश्यक कार्यवाही करने के दिशा–निर्देश दिये गये।
सदस्य सचिव शासी निकाय द्वारा विगत वर्ष में ई0डी0सी0 में व्यय धनराशि की समीक्षा कर इस धनराशि को और अधिक व्यय करने की आवश्यकता बतायी। अवगत कराया की ई0डी0सी0 में फाउण्डेशन की आय का 20 प्रतिशत धनराशि व्यय की जाये। उपस्थित सभी सदस्यों द्वारा इसमें सहमति व्यक्त की गयी। सदस्य सचिव, शासी निकाय द्वारा फाउण्डेशन में वर्ष 2019–20 के दौरान आयोजित किये जाने वाले शौक्षिक भ्रमण का कार्यक्रम निधार्रित करने हेतु निर्देशित किया गया।	शासी निकाय द्वारा फाउण्डेशन के माध्यम से ई0डी0सी0 को दिये जा रहे सहायता पर संतोष व्यक्त किया गया एवं यह भी निर्देश दिये गये कि विभिन्न ई0डी0सी0 को उनकी आवश्यकता एवं विभिन्न स्रोतों से प्राप्त हो रही अनुदान के अनुसार धनराशि दी जाय। इसके अतिरिक्त ई0डी0सी0 में आवश्यक धनराशि सीधे अनुदान के रूप में न देकर विभिन्न कार्यो को प्राथमिकता के आधार पर कराने पर भी बल दिया गया। इसके अतिरिक्त ई0डी0सी0 में कराये गये विभिन्न कार्यो को संकलित कर बुकलेट बनाई जाय।

एजेण्डा	निर्णय
निदेशक/सदस्य द्वारा फाउण्डेशन का वर्ष 2019–20 हेतु विभिन्न कार्यमदों का विवरण प्रस्तुत किया गया। सदस्य सचिव द्वारा सूचित किया गया कि वर्तमान में फाउण्डेशन के कोष में वित्तीय वर्ष 2019–20 हेतु धनराशि उपलब्ध नहीं है। धनराशि प्राप्त होने के पश्चात् विस्तृत ए0पी0ओ0 बनाकर प्रस्तुत किया जाये।	टाइगर कंजरवेशन फाउण्डेशन को अनुदान के रुप में रु0 10.00 करोड़ की धनराशि राज्य सरकार से कार्बेट टाइगर रिजर्व के माध्यम से प्राप्त हुई है। प्राप्त धनराशि की कार्य योजना प्रस्तुत की गयी, जिसमें विस्तृत विचार–विमर्श किया गया है, जिसका उल्लेख एजेण्डा सं0–3 में है।
सदस्य सचिव, शासी निकाय द्वारा बैठक में प्रस्ताव रखा गया की फाउण्डेशन के उददेश्य पूर्ण करने हेतु कराये जा रहे विभिन्न कार्यों को जन–जन तक पहुचाने हेतु प्रचार–प्रसार कार्य किया जाये। कार्बेट टाइगर रिजर्व की टी0सी0पी0 में 62 गांव हैं। वर्तमान में जो गांव उत्तर प्रदेश के अन्तर्गत आते है, उनको हटाकर, शेष गांव में ई0डी0सी0 गठित कर उनके माईक्रोप्लान बनाये जाने हेतु निर्णय लिये गये।	कार्बेट टाइगर रिजर्व के अन्तर्गत वर्तमान में 43 ई0डी0सी0 का संचालन किया जा रहा है। शेष ग्रामों में ई0डी0सी0 के गठन करने की कार्यवाही तीव्र करने के निर्देश दिये गये।
निदेशक/सदस्य, कार्बेट टाइगर रिजर्व द्वारा ईको डवलपमैन्ट ग्रामों में मानव वन्यजीव संघर्ष न्यूनीकरण हेतु वालेण्टरी विलेज वन्यजीव प्रोटेक्शन फार्स का गठन किये जाने हेतु प्रस्ताव रखा गया।	कार्बेट टाइगर रिजर्व के अन्तर्गत रामनगर टाइगर रिजर्व, प्रभाग में 85 युवक/युवतियां व कालागढ टाइगर रिजर्व, प्रभाग में 47 युवक/युवतियों को चयन हेतु नामित किया गया था। चयन प्रकिया के उपरान्त रामनगर टाइगर रिजर्व, प्रभाग के अन्तर्गत 51 व कालागढ टाइगर रिजर्व, प्रभाग के अन्तर्गत 47 कुल 98 युवक/युवतियों का अन्तिम रुप से चयन किया गया है। कोविड–19 के सम्बन्ध में विभिन्न दिशा–निर्देश को ध्यान में रखते हुये प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिये गये।
अध्यक्ष शासी निकाय द्वारा कार्बेट टाइगर रिजर्व के अन्तर्गत वन्यजीवों की सुरक्षा, मानव वन्यजीव संघर्ष, वनाग्नि रोकथाम, अवैध शिकार रोकथाम आदि में शहीद अधिकारी/कर्मचारी एंव दैनिक श्रमिकों को मुआवजे के रुप में रु0 5.00 लाख की धनराशि टाईगर कंजरवेशन फाउण्डेशन फॉर सी0टी0आर0 से दिये जाने हेतु निर्णय लिया गया।	शासी निकाय द्वारा यह निर्णय लिया गया कि प्राकृतिक आपदा नियमावली के तहत रू0 4.00 लाख राज्य सरकार द्वारा एवं रू0 1.00 लाख फाउण्डेशन से दिये जाने पर प्रस्ताव पारित किया गया। इसके अतिरिक्त कार्बेट टाइगर रिजर्व में कर्मचारियें/दैनिक श्रमिकों के घायल होने की अवस्था में विभिन्न व्यय हेतु रू0 10.00 लाख की निधि देने पर सहमति व्यक्त की गई।
सदस्य सचिव शासी निकाय द्वारा प्रस्ताव रखा गया कि फाउण्डेशन के लिए अलग से एक बहुददेश्य भवन का निर्माण कराया जाये व फाउण्डेशन कार्यों को सु–व्यवस्थित रुप से चलाने हेतु आउटसोर्सिंग के माध्यम से शिक्षित/कुशल कर्मचारी रखे जाये।	वर्ष 2020–21 के प्रस्तावित ए0पी0ओ0 में कार्य प्रस्तावित है, जिस पर शासी निकाय द्वारा सहमति व्यक्त की गयी।
अध्यक्ष शासी निकाय द्वारा रामनगर/कोटद्वार क्षेत्र में पर्यटन हेतु रामनगर क्षेत्र के लिए पूर्व में अनुमोदित 50 अतिरिक्त वाहनों के अतिरिक्त रामनगर/कोटद्वार क्षेत्र के लिए उपलब्धता के अनुसार 35 अतिरिक्त वाहनों का रजिस्ट्रेशन करने का निर्णय लिया गया।	कार्बेट टाइगर रिजर्व के अन्तर्गत रामनगर टाइगर रिजर्व प्रभाग हेतु 25 अतिरिक्त वाहनों का पंजीकरण को अनुमोदित किया गया।

एजेण्डा	निर्णय
कार्बेट टाइगर रिजर्व के अन्तर्गत पर्यटन को प्रभावी बनाने के उददेश्य से रामनगर क्षेत्र हेतु 25 अतिरिक्त व पाखरौ क्षेत्र हेतु 20 अतिरिक्त नेचर गाईड रखे जाने का निर्णय लिया गया।	गाईड चयन की प्रकिया के सन्दर्भ में निदेशक कार्बेट टाइगर रिजर्व द्वारा उप निदेशक, कार्बेट टाइगर रिजर्व की अध्यक्षता में समिति द्वारा कार्यवाही करने हेतु निर्देश दिये गये।
कार्बेट टाइगर रिजर्व के अन्तर्गत शोध कार्य हेतु पूर्व की भांति 02 शोधकर्ता निर्धारित मानको को पूर्ण करने के उपरान्त कार्बेट टाइगर रिजर्व में वन्यजीव/बाघ शोध हेतु रखने का निर्णय लिया गया।	शासी निकाय द्वारा इस सम्बन्ध में त्वरित कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये।
कार्बेट टाइगर रिजर्व के अन्तर्गत वन्यजीवों की सुरक्षा एवं गश्त कार्य हेतु 05 अतिरिक्त वाहनो को क्रय करने का प्रस्ताव प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया गया।	शासी निकाय द्वारा इस वर्ष प्रस्तावित लगभग 10 वाहनों के निष्प्रयोज्य घोषित किये जाने के क्रम में आवश्यकतानुसार 5 वाहन क्रय करने के सम्बन्ध में सहमति व्यक्त की गई।
अध्यक्ष शासी निकाय द्वारा मैदावन गेट को खोलने हेतु उक्त प्रस्ताव में नियमानुसार कार्यवाही करने पर सहमति व्यक्त की गयी।	काण्डा से ढिकाला प्रवेश मार्ग को पर्यटन हेतु पुनः प्रयोग में लाने हेतु शासी निकाय द्वारा सहमति व्यक्त की गई है।
अध्यक्ष शासी निकाय द्वारा प्रस्ताव रखा गया कि स्किल कौशल विकास योजना के तहत 200 नेचर गाईड, 50 वाईल्ड लाईफ फोटोग्राफर को कालागढ़ प्रशिक्षण संस्थान में प्रशिक्षण कराया जायेगा प्रशिक्षण का समस्त भुगतान कौशल विकास योजना के तहत किया जायेगा। इस पर सभी सदस्यों द्वारा सहमति व्यक्त की गयी।	कार्बेट वन्यजीव प्रशिक्षण केन्द्र कालागढ़ में प्रशिक्षण कार्यकम किया जाना अपेक्षित है। कोविड–19 के विभिन्न दिशा–निर्देशों को ध्यान में रखते हुये प्रशिक्षण कार्यक्रम वर्तमान में स्थगित रखने के निर्देश दिये गये।

एजेण्डा बिन्दु सं0–02 : टाईगर कन्जवेशन फाउण्डेशन फॉर सी0टी0आर0 में वर्ष 2019–20 के दौरान गतिविधियां एवं व्यय का विवरण।

मद सं0	कार्य का नाम	व्यय धनराशि (लाख में)
फाउण्डेशन	ईको विकास समितियों हेतु अनुदान आदि	48.00
	आवासीय परिसर, विभिन्न चौकियों एवं एण्टी पोचिंग कैम्पों में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने एवं मरम्मत हेतु कार्य आदि	191.20
	आई.टी. सैल हेतु विभिन्न उपकरणों का क्रय तथा मरम्मत कार्य आदि	1.75
	स्पेशल आपरेशन ग्रुप के कार्यक्रमों (गुप्त सूचनाओं का संग्रहण) के संचालन हेतु।	7.50
	विभिन्न वन विश्राम भवनों, ईको टूरिज्म संबंधित रंगाई–पुताई, मरम्मत एवं सोलर व्यवस्था तथा विभिन्न सामग्री क्रय कार्य व कार्बेट टाइगर रिजर्व में निगरानी प्रबन्ध व्यवस्था का उच्चीकरण।	131.04
	विभिन्न कार्यालय एंव भवनों का उच्चीकरण कार्य	26.50
	रैस्क्यू रिहेबिलिटेशन सेंटर के लिए आर्किट्रेक्चर डिजाईन एवं मूलभूत विकास।	10.00
	वन्यजीवों से सुरक्षा हेतु सोलर फैन्सिंग कार्य	2.62
	वन्यजीवों की सुरक्षा हेतु लैन्टाना उन्मूलन कार्य/ग्रासलैण्ड का विकास	10.00
	फलैक्सी फण्ड	50.06
	सुरक्षा, वन मोटर मार्ग, बटियॉ मरम्मत, पानी आपूर्ति कार्य आदि।	6.90
	अध्ययन भ्रमण/प्रचार–प्रसार, जन जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन आदि।	0.86
	धनगढ़ी नेचरशॉप/बैम्बो हट का जीर्णोद्धार एंव उच्चीकरण का कार्य	10.00
	अन्य व्यय/अन्य विशेष कार्य (वन्यजीव)/राजकीय कार्यों में घायल/मृत अधिकारी/कर्मचारियों को सहायता राशि	2.00
	अन्य आकस्मिक व्यय आदि	60.82
	कुल योग	559.25

सभी सदस्यों द्वारा टाइगर कन्जरवेशन फाउण्डेशन मद से व्यय धनराशि एवं उसके सापेक्ष किये गये कार्यो की सराहना की गयी। इसके अतिरिक्त वर्ष 2019–20 तक की समस्त ऑडिट रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। शासी निकाय द्वारा समस्त ऑडिट रिपोर्ट को अनुमोदित किया गया एवं निर्देशित किया गया कि आगामी वर्षो में भी वन चौकियों में आवश्यक सुधार कार्य, सोलर उर्जा, पर्यटन प्रबन्धन हेतु उत्कृष्ट कार्य किये जाय।

टाईगर कन्जरवेशन फाउण्डेशन फॉर सी0टी0आर0

एजेण्डा बिन्दु सं0–03 : टाईगर कन्जरवेशन फाउण्डेशन फॉर सी0टी0आर0 में वर्ष 2020–21 के दौरान प्रस्तावित गतिविधियों एवं व्यय का बजट/वार्षिक प्लान ऑफ ऑपरेशन।

कार्य मद	कार्य का नाम	कुल व्यय (रू0 लाख में)
पर्यटकों को वापस की जाने वाली धनराशि	पर्यटकों को आरक्षित परिमट की धनराशि को वापस किया जाना।	105.74
ई0डी0सी0 अनुदान	ईको विकास समितियों हेतु अनुदान एवं अन्य विकास कार्य।	140.00
कार्बेट टाइगर रिजर्व की सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ करना	आवासीय परिसर, चौकियों एवं एण्टी पोचिंग कैम्पों में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने एवं मरम्मत इत्यादि कार्य हेतु।	150.00
	पैट्रोलिंग कार्य हेतु 02 ए.टी.वी. एवं अन्य वाहन क्रय।	49.26
	गश्ती पेट्रोलियम वाहनो हेतु ईंधन/मरम्मत कार्य आदि।	20.00
	स्पेशल आपरेशन ग्रुप के कार्यक्रमों (गुप्त सूचनाओं का संग्रहण) के संचालन हेतु।	10.00
	कार्यालय एवं फाउण्डेशन का निर्माण एवं उच्चीकरण कार्य आदि।	50.00
मानव वन्यजीव संघर्ष, पर्यटन, शोध एंव अनुश्रवण, प्रशिक्षण कार्यो हेतु	विभिन्न वन विश्राम भवनों का उच्चीकरण एवं मरम्मत कार्य।	30.00
	धनगढ़ी म्यूजियम हेतु थ्री डी मूवी क्रय।	20.00
	कार्बेट टाइगर रिजर्व के अर्न्तगत विभिन्न साईनेज का उच्चीकरण।	20.00
	शोध एवं अनुश्रवण कार्य।	10.00
	संचार व्यवस्था, आपदा प्रबन्धन, अपरिहार्य कार्य हेतु 02 जे.सी.बी. का कय।	60.00
	पाखरौ टाइगर सफारी हेतु।	50.00
	पाखरौ क्षेत्र में सुरक्षा हेतु विभिन्न अवस्थापना।	50.00
	पाखरौ क्षेत्र में इण्टरपीटेशन सेंटर/म्यूजियम।	50.00
	पाखरौ क्षेत्र में चौड सुधार एवं जल संवर्धन कार्य।	50.00
प्रचार–प्रसार एंव प्रशासनिक कार्यो हेतु	मानव वन्यजीव संघर्ष/मुठभेड़ में मारे गये कर्मचारियों हेतु अनुदान।	10.00
	मानव वन्यजीव संघर्ष/मुठभेड़/वनाग्नि में घायल हुये कर्मचारियों के ईलाज हेतु कामगार समिति को अनुदान।	10.00
	प्रचार–प्रसार, जन जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन आदि।	10.00
	अति विशिष्ठ एवं विशिष्ठ अतिथियों के आगमन, भ्रमण पर शिष्टाचार व्यय।	10.00
	कालाढूंगी म्यूजियम का उच्चीकरण कार्य आदि।	25.00
	ढिकाला स्थित मुख्य वन्यजीव प्रतिपालक हट का उच्चीकरण कार्य।	25.00
	कालागढ़ वन प्रभाग की अवशेष देयता।	20.00
	प्रशासनिक व्यय।	25.00
कुल योग		**1000.00**

एजेण्डा बिन्दु सं0–04 : का0टा0रि0 के ईको डेवलपमेंट ग्रामों में ईको विकास कार्यक्रम।

मा0 मुख्यमंत्री उत्तराखण्ड की अध्यक्षता में दिनांक 31 अगस्त 2019 को सम्पन्न उत्तराखण्ड राज्य वन्यजीव बोर्ड की 13वीं बैठक के कार्यवृत्त के एजेण्डा बिन्दु सं0–09 में संरक्षित क्षेत्रों के भीतर एवं निकटस्थ गांव में ईको डेवलपमेंट कार्य पुर्नजीवित करने का प्रस्ताव अनुमोदित किया गया है। शासी निकाय द्वारा यह निर्देशित किया गया कि सम्पूर्ण धनराशि अनुदान के रूप में देने की बजाय कुछ धनराशि विभाग द्वारा ई0डी0सी0 में आवश्यकता अनुसार कार्य कराने में भी व्यय किया जाना चाहिए।

एजेण्डा बिन्दु सं0–5 : का0टा0रि0 के कार्यरत कर्मचारियों व दुर्घटनाग्रस्त कर्मचारियों हेतु स्टाफ वेलफेयर।

कार्बेट टाइगर रिजर्व में कार्यरत विभिन्न कर्मचारियों/दैनिक श्रमिकों के वन एवं वन्य जीव एवं वनाग्नि से सम्बन्धित दुर्घटना में मृत्यु होने की दशा में रू0 4.00 लाख राष्ट्रीय आपदा प्रबन्धन मद व रू0 1.00 लाख धनराशि फाउण्डेशन से सहायता के रूप में प्रदान की जायेंगी। इसके अतिरिक्त उपरोक्तानुसार घायलों के उपचार हेतु रू0 10.00 लाख की निधि कामगार समिति को देने पर सहमति व्यक्त की गयी है।

एजेण्डा बिन्दु सं0–06 : पर्यटन को बढ़ाने हेतु विभिन्न वन विश्राम भवनों में शौचालय/स्नानघर की मरम्मत व सोलर प्लांट, सोलर फैन्सिंग, आदि विविध कार्य किया जाना।

कालागढ़ टाइगर रिजर्व प्रभाग में विभिन्न विश्राम गृहों के अच्छी स्थिति नही है। रथुवाढाव, काण्डा, मुण्डियापानी आदि विभिन्न विश्राम गृहों के विशेष मरम्मत पर रू0 30.00 लाख व्यय हेतु सहमति व्यक्त की गयी। इसके अतिरिक्त ढिकाला स्थित मुख्य वन्यजीव प्रतिपालक हट के जीर्णोद्धार हेतु रू0 25.00 लाख की सहमति दी गयी है। उक्त कार्यो को विभागीय रूप से सम्पादित करने हेतु सहमति दी गयी।

एजेण्डा बिन्दु सं0–07 : कार्बेट टाइगर रिजर्व के अन्तर्गत कांडा से फुलई होते हुए ढिकाला क्षेत्र में पर्यटन हेतु प्रवेश मार्ग प्रारम्भ करना।

काण्डा से फुलई होते हुये ढिकाला मार्ग 2010 से क्षतिग्रस्त था। हाल में इस मार्ग का जीर्णोद्धार किया गया है। पूर्व में इस मार्ग से ढिकाला क्षेत्र हेतु पर्यटन प्रवेश अनुमन्य था। पुनः इस मार्ग को पर्यटन हेतु खोलने का प्रस्ताव रखा गया जिससे शासी निकाय द्वारा सर्वसम्मति से अनुमोदित किया गया।

एजेण्डा बिन्दु सं0–08 : झिरना एवं कालाढूंगी कैण्टीन संचालन।

झिरना वन विश्राम गृह एवं कालाढूंगी/धनगढ़ी म्यूजियम में कैण्टीन संचालन का कार्य टाइगर कन्जरवेशन फाउण्डेशन फॉर सी0टी0आर0 के माध्यम से कराया जाना अनुमोदित किया गया।

एजेण्डा बिन्दु सं0–09 : कार्बेट टाइगर रिजर्व, रामनगर के अन्तर्गत कालाढूंगी म्यूजियम का जीर्णोद्धार व उच्चीकरण/सौदर्यकरण कार्य।

कार्बेट टाइगर रिजर्व के अन्तर्गत कालाढूंगी म्यूजियम में जीर्णोद्धार एवं ध्वनि एवं प्रकाश पद्धति से फिल्मांकन का कार्य अनुमोदित किया गया। इसके अतिरिक्त धनगढ़ी म्यूजियम में नव स्थापित थ्री डी थियेटर हेतु दो थ्री डी मूवी का क्रय अनुमोदित किया गया।

एजेण्डा बिन्दु सं0–10 : टाईगर कंजरवेशन फाउण्डेशन फॉर सी0टी0आर0 हेतु 02 प्रसिद्ध वैज्ञानिकों अथवा फील्ड में दक्षता प्राप्त विशेषज्ञों का नामांकन।

टाईगर कंजरवेशन फाउण्डेशन फॉर सी0टी0आर0 हेतु 02 नये विशेषज्ञों हेतु नाम प्रस्तावित किये जाने हेतु मुख्य वन्य जीव प्रतिपालक को अधिकृत किया गया।

एजेण्डा बिन्दु सं0–11 : कार्बेट टाइगर रिजर्व, रामनगर के अन्तर्गत आमडण्डा से छोटा पनोद के बीच नया पर्यटन जोन प्रारम्भ करना।

कार्बेट टाइगर रिजर्व के अनुमोदित टी0सी0पी0 में आमडण्डा से छोटा पनोद के बीच नया पर्यटन जोन प्राविधानित है। यह जोन पूर्णतः बफर जोन में है। अतः इस क्षेत्र में पर्यटन प्रारम्भ किये जाने के प्रस्ताव को अनुमोदन किया गया एवं निदेशक कॉर्बेट टाइगर रिजर्व को सम्यक प्रस्ताव मुख्य वन्य जीव प्रतिपालक को प्रेषित किये जाने हेतु निर्देशित किया गया।

एजेण्डा बिन्दु सं0–12 : टाईगर कंजरवेशन फाउण्डेशन फॉर का0टा0रि0 हेतु कर्मचारियों की नियुक्ति।

टाइगर कंजरवेशन फाउण्डेशन फॉर सी0टी0आर0 को एक स्वतंत्र सस्था के रूप में कार्य किया जाना है। इसके अतिरिक्त विभिन्न तकनीकी कर्मचारियों की सेवायें भी फाउण्डेशन के उददेश्य को पूरा करने हेतु आवश्यक है। इस सम्बन्ध में शासी निकाय द्वारा आवश्यक कार्यवाही करने हेतु निदेशक कॉर्बेट टाइगर रिजर्व को अधिकृत किया गया।

एजेण्डा बिन्दु सं0–13 : कार्बेट टागइर रिजर्व के विभिन्न क्षेत्रों में संवेदनशीलता को ध्यान में रखते हुए अतिरिक्त वाहन क्रय करने के सम्बन्ध में।

कार्बेट टाइगर रिजर्व के विभिन्न क्षेत्रों मे संवेदनशीलता को देखते हुए संवेदनशील रेंजो हेतु एवं प्रोटोकॉल ड्यूटी हेतु 05 वाहन खरीदने के लिए शासी निकाय द्वारा प्रस्ताव पारित किया गया।

एजेण्डा बिन्दु सं0–14 : कार्बेट टाइगर रिजर्व की काफी टेबल बुक के सम्बन्ध में।

कार्बेट टाइगर रिजर्व की काफी टेबल बुक का प्रकाशन किया गया है। कॉर्बेट टाइगर रिजर्व से सम्बन्धित कॉफी टेबल बुक के प्रकाशन/क्रय हेतु निदेशक कॉर्बेट टाइगर रिजर्व को अधिकृत किया गया।

एजेण्डा बिन्दु सं0–15 : कार्बेट टाइगर रिजर्व के अर्न्तगत पालतू हाथियों को पर्यटन में प्रयोग करने के सम्बन्ध में।

कार्बेट टाइगर रिजर्व के अर्न्तगत वर्तमान में 15 पालतू हाथी है जिनमें से 03 हाथी सेवानिवृत्त हो चुके हैं। अतः 12 पालतू हाथियों को नियमानुसार एवं सुरक्षा को ध्यान में रखते हुये पर्यटन में उपयोग में लाया जाना प्रस्तावित है। इस सम्बन्ध में कोई चर्चा नहीं की जा सकी।

एजेण्डा बिन्दु सं0–16 : एन0टी0सी0ए0 की गाईडलाईन के अनुसार सेस प्राप्त किया जाना।

एन0टी0सी0ए0 के पर्यटन सम्बन्धी गाईडलाईन्स 2012 के अनुसार टाइगर रिजर्व के आस–पास होटल एवं रिजोर्ट से संरक्षण शुल्क लिया जाना प्राविधानित है। उक्त दिशा–निर्देश में रू0 500 से रू0 3000 प्रति कक्ष प्रतिमाह सुझाया गया है। इस पर विचार–विमर्श किया जाना प्रस्तावित है। इस सम्बन्ध में कोई चर्चा नहीं की जा सकी। इस सम्बन्ध में एन0टी0सी0ए0 की गाईडलाईन्स के अनुरूप स्थापित एल.ए.सी. के गठन का अध्यक्ष शासी निकाय एवं माननीय विधायक द्वारा विरोध किया गया। उनके द्वारा यह स्पष्ट किया गया कि माननीय वन मंत्री के अध्यक्षता में टाइगर कन्जरवेशन फाउन्डेशन के होने पर एल.ए.सी. का कोई औचित्य नहीं होता है एवं आयुक्त की अध्यक्षता वाली समिति में माननीय विधायक सदस्य नहीं हो सकते हैं।

मुख्य वन्य जीव प्रतिपालक,
उत्तराखण्ड, देहरादून।

अनुमोदित

अध्यक्ष, शासी निकाय,
टाइगर कन्जरवेशन फाउण्डेशन फॉर सी.टी.आर.।

टाइगर कंजरवेशन फाउण्डेशन फॉर सी0टी0आर0 की शासी निकाय की 07 वीं बैठक

बुधवार, 28 अप्रैल, 2021

स्थान–पन्याली स्थित अरण्य भवन, कोटद्वार

टाइगर कन्जरवेशन फाउण्डेशन फॉर सी0टी0आर0 की शासी निकाय की दिनांक 28.04.2021 को कोटद्वार में आहूत 07 वीं बैठक का कार्यवृत

बैठक में उपस्थित शासी निकाय के सदस्यों की सूची संलग्न है।

अध्यक्ष महोदय की अनुमति से टाइगर कन्जरवेशन फाउण्डेशन फॉर सी0टी0आर0 की 7वीं बैठक को प्रारम्भ किया गया। बैठक के प्रारम्भ में निदेशक, कार्बेट टाइगर रिजर्व द्वारा अध्यक्ष, शासी निकाय एवं उपस्थित सभी सदस्यों का स्वागत करते हुये टाइगर कन्जरवेशन फाउण्डेशन फॉर सी0टी0आर0 के गठन एवं उद्देश्यों पर प्रकाश डाला गया। तत्पश्चात् मा0 अध्यक्ष महोदय की अनुमति से शासी निकाय की विगत बैठक की अनुपालन एवं इस बैठक के विभिन्न एजेण्डा बिन्दुओं पर क्रमवार प्रस्तुतीकरण किया गया।

1–टाइगर कन्जरवेशन फाउण्डेशन फॉर सी0टी0आर0 की शासी निकाय की दिनांक 21 जुलाई, 2020 को आयोजित बैठक के बिन्दुओं पर अनुपालन आख्या।

माननीय वन एवं पर्यावरण मंत्री जी, उत्तराखण्ड की अध्यक्षता में दिनांक 21 जुलाई, 2020 को आयोजित टाइगर कन्जरवेशन फाउण्डेशन फॉर सी0टी0आर0 की शासी निकाय की बैठक में लिये गये निर्णयों पर अनुपालन आख्या निम्नानुसार हैः–

बैठक में लिया गया निर्णय	अनुपालन आख्या
निदेशक/सदस्य द्वारा विगत बैठक में आय बढ़ाने से सम्बन्धित लिये गये निर्णयों पर अनुपालन आख्या प्रस्तुत की गयी। विगत बैठक में लिये गये निर्णयों में के कार्यवृत्त के अनुसार में फाउण्डेशन बढ़ाने हेतु फाउण्डेशन की आय को फाउण्डेशन में 100 प्रतिशत जमा करने का प्रस्ताव पुनः बैठक में रखा गया। जिसका अनुमोदन अध्यक्ष शासी ईकाई व समस्त उपस्थित सदस्यों द्वारा किया गया। निदेशक/सदस्य द्वारा बैठक में टाइगर रिजर्व की आय बढ़ाने हेतु पर्यटन वन विश्राम भवनों की दरों में वृद्वि का प्रस्ताव रखा गया। सदस्य सचिव शासी निकाय द्वारा नियमानुसार प्रस्ताव प्रस्तुत करने के निर्देश दिये गये।	राज्य वन्यजीव सलाहकार बोर्ड की विगत बैठक में कार्बेट टाइगर रिजर्व में पर्यटन से प्राप्त होने वाली समस्त आय को टाइगर कंजरवेशन फाउण्डेशन फॉर सी0टी0आर0 में जमा करने का निर्णय लिया गया था। परन्तु शासन के आदेश दि0 08.02.2019 के अनुसार पर्यटन से होने वाली समस्त आय को राजकोष में जमा किया जा रहा है। वित्तीय वर्ष 2019–20 एवं 2020–21 में शासन द्वारा 10–10 करोड़ की धनराशि फाउण्डेशन हेतु अवमुक्त की गयी है। टाइगर रिजर्व की आय बढ़ाने हेतु पर्यटन वन विश्राम भवनों की दरों में वृद्वि का प्रस्ताव इस कार्यालय द्वारा उच्च स्तर को प्रेषित किया गया है।
कार्बेट टाइगर रिजर्व के ईको डेवलपमेंट ग्रामों में ईको विकास कार्यक्रम	वित्तीय वर्ष 2020–21 में फाउण्डेशन, कैम्पा एवं प्रोजेक्ट टाइगर योजनाओं में ई0डी0सी0 के माध्यम से मानव वन्यजीव संघर्ष, वास स्थल सुधार एवं वनाग्नि सम्बन्धी कई कार्य सम्पादित किये गये है। आवश्यकता के अनुरूप अनुदान एवं ई0डी0सी0 में आवश्यक कार्य का निष्पादन किया गया है।
कार्बेट टाइगर रिजर्व के कार्यरत कर्मचारियों व दुर्घटनाग्रस्त कर्मचारियों हेतु स्टाफ वैलफेयर	कार्बेट टाइगर रिजर्व में कार्यरत विभिन्न कर्मचारियों/दैनिक श्रमिकों के वन एवं वन्यजीव एवं

बैठक में लिया गया निर्णय	अनुपालन आख्या
	वनाग्नि से सम्बन्धित दुर्घटना में मृत्यु होने की दशा में रू0 4.00 लाख राष्ट्रीय आपदा प्रबन्धन मद एवं रू0 1.00 लाख धनराशि फाउण्डेशन के रूप में प्रदान की जा रही है। इसके अतिरिक्त उपरोक्तानुसार घायलों के उपचार हेतु रू0 10.00 की धनराशि कामगार समिति को अनुदान के रूप में दिया गया है।
पर्यटन बढ़ाने हेतु विभिन्न विश्राम गृह के सुदृढ़ीकरण हेतु आवश्यक कार्यवाही	कालागढ टाइगर रिजर्व प्रभाग के विभिन्न विश्राम गृह यथा रथुवाढाब, मुडियापानी, काण्डा एवं हल्दूपड़ाव में आवश्यक सुदृढ़ीकरण कार्य किया गया है। ढिकाला स्थित मुख्य वन्यजीव प्रतिपालक हट में जीर्णोद्धार कार्य प्रगति पर है।
कार्बेट टाइगर रिजर्व के अन्तर्गत कालाढूंगी म्यूजियम का जीर्णोद्धार एवं उच्चीकरण कार्य	कालाढुंगी म्यूजियम का जीर्णोद्धार एवं उच्चीकरण का किया गया है। वर्तमान में वहाँ कैन्टीन एवं समुचित विद्युत व्यवस्था कार्य की आवश्यकता है। इसके अतिरिक्त कोटद्वार स्थित रिसेप्सन सेंटर में 3 डी मूवी थिएटर स्थापित किया गया है।
झिरना एवं कालाढूंगी कैन्टीन संचालन	झिरना एवं धनगढ़ी में कामगार समिति, कार्बेट टाइगर रिजर्व के माध्यम से प्रारम्भ कर दिया गया है। कालाढूंगी में शीघ्र कैन्टीन संचालन कार्य प्रारम्भ किया जायेगा।
कार्बेट टाइगर रिजर्व में काण्डा से फुलई होते हुए ढिकाला क्षेत्र में पर्यटन हेतु प्रवेश मार्ग प्रारम्भ करना	इस मार्ग को पर्यटन हेतु प्रारम्भ कर दिया गया है इस मार्ग का जीर्णोद्धार उपरान्त लोकार्पण मा0 वन मंत्री जी द्वारा किया गया है।
कार्बेट टाइगर रिजर्व के अन्तर्गत आमडण्डा से छोटा पनोद के बीच नया पर्यटन जोन प्रारम्भ करना	उपरोक्तानुसार गर्जिया पर्यटन जोन प्रारम्भ कर दिया गया है। इसका उद्घाटन मा0 वन मंत्री जी द्वारा दिनांक 26.12.2020 को गर्जिया में किया गया है।
कार्बेट टाइगर रिजर्व में संवेदनशीलता को ध्यान में रखते हुए अतिरिक्त वाहन क्रय करना	इस क्रम में कार्बेट टाइगर रिजर्व हेतु 02 जे0सी0बी0, 02 ए0टी0वी0 एवं 04 फील्ड वाहन का क्रय किया गया है।
टाइगर कन्जरवेशन फाउण्डेशन फॉर सी0टी0आर0 हेतु कर्मचारियों की नियुक्ति	इस सम्बन्ध में आवश्यक कार्यवाही की जा रही है।

2–टाइगर कन्जवेशन फाउण्डेशन फॉर सी0टी0आर0 में वर्ष 2020–21 के दौरान गतिविधियों एवं किये गये व्यय का विवरण।

कार्य मद	कार्य का नाम	कुल व्यय (रू0 लाख में)
पर्यटकों को वापस की जाने वाली धनराशि	पर्यटकों को आरक्षित परिमट की धनराशि को वापस किया जाना।	105.74
ई0डी0सी0 अनुदान	ईको विकास समितियों हेतु अनुदान आदि।	90.00
कार्बेट टाइगर रिजर्व की सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करना	कोटद्वार स्थित विभिन्न अवस्थापनाओं के सुधार हेतु	50.00
	आवासीय परिसर, चौकियों एवं एण्टी पोचिंग कैम्पों में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने एवं मरम्मत इत्यादि कार्य हेतु।	150.00
	पैट्रोलिंग कार्य हेतु 02 ए.टी.वी. क्रय एवं अन्य फील्ड वाहन क्रय	49.26
	गश्ती पेट्रोलियम वाहनों हेतु ईधन/मरम्मत कार्य आदि।	20.00
	स्पेशल आपरेशन ग्रुप के कार्यक्रमों (गुप्त सूचनाओं का संग्रहण) के संचालन हेतु।	10.00
	कार्यालय एवं फाउण्डेशन का निर्माण एवं उच्चीकरण कार्य आदि।	25.00
मानव वन्यजीव संघर्ष, पर्यटन, शोध एंव अनुश्रवण, प्रशिक्षण कार्यों हेतु	विभिन्न वन विश्राम भवनों का उच्चीकरण एवं मरम्मत कार्य।	35.00
	धनगढ़ी एवं कालाढुंगी म्यूजियम सुदृढ़ीकरण	20.00
	ढिकाला स्थित मुख्य वन्यजीव प्रतिपालक हट का जीर्णोद्धार	25.00
	कार्बेट टाइगर रिजर्व के अर्न्तगत विभिन्न साईनेज का उच्चीकरण	25.00
	शोध एवं अनुश्रवण कार्य	15.00
	संचार व्यवस्था, आपदा प्रबन्धन, अपरिहार्य कार्य हेतु 02 जे.सी.बी. का कय	50.00
	पाखरौ टाइगर सफारी हेतु	200.00*
प्रचार–प्रसार एंव प्रशासनिक कार्यों हेतु	मानव वन्यजीव संघर्ष/मुठभेड़/वनाग्नि में घायल हुये कर्मचारियों के ईलाज हेतु कामगार समिति को अनुदान	10.00
	प्रचार–प्रसार, जन जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन आदि।	10.00
	अति विशिष्ठ एवं विशिष्ठ अतिथियों के आगमन, भ्रमण पर शिष्टाचार व्यय।	10.00
	कालागढ़ वन प्रभाग की अवशेष देयता	50.00
	प्रशासनिक व्यय	50.00
कुल योग		**1000.00**

नोट : उपरोक्त कार्यों का विस्तृत प्रस्तुतीकरण पावरपॉइन्ट के माध्यम से किया गया। वर्ष 2020–21 हेतु व्यय की गयी धनराशि का ड्राफ्ट ऑडिट रिपोर्ट प्रस्तुत किया गया। सभी सदस्यों द्वारा टाइगर कन्जरवेशन फाउण्डेशन मद से व्यय धनराशि एवं उसके सापेक्ष किये गये कार्यों की सराहना की गयी। इसके अतिरिक्त वर्ष 2020–21 की ड्राफ्ट ऑडिट रिपोर्ट को अनुमोदित किया गया एवं निर्देशित किया गया कि आगामी वर्षों में भी वन विश्राम गृह, वन चौकियों, गेट, एण्टी पॉचिंग चौकियों में आवश्यक

सुधार कार्य, सोलर उर्जा एवं पर्यटन प्रबन्धन हेतु उत्कृष्ट कार्य किये जाये। इसके अतिरिक्त पाखरौ में निर्माणाधीन टाइगर सफारी के कार्य को समय से पूर्ण करने पर विशेष बल दिया गया।

* प्राविधानित रू0 200.00 लाख के सापेक्ष वर्तमान तक 115.00 लगभग व्यय किया जा चुका है।

3–टाइगर कन्जवेशन फाउण्डेशन फॉर सी0टी0आर0 में वर्ष 2021–22 के दौरान प्रस्तावित गतिविधियों एवं व्यय का बजट/वार्षिक प्लान ऑफ ऑपरेशन।

कार्य मद	कार्य का नाम	कुल व्यय (रू0 लाख में)
पर्यटकों को वापस की जाने वाली धनराशि	पर्यटकों को आरक्षित परिमट की धनराशि को वापस किया जाना।	100.00
ई0डी0सी0 अनुदान	ईको विकास समितियों हेतु अनुदान आदि।	75.00
कार्बेट टाइगर रिजर्व की सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करना	कोटद्वार स्थित विभिन्न अवस्थापनाओं के सुधार हेतु	75.00
	कोटद्वार स्थित रिसेप्सन सेंटर के पास आजीविका बढ़ाने हेतु अवस्थापना विकास	50.00
	पाखरौ क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा देने हेतु विभिन्न हट निर्माण	75.00
	गश्ती पेट्रोलियम वाहनों हेतु ईधन/मरम्मत कार्य आदि।	20.00
	स्पेशल आपरेशन ग्रुप के कार्यक्रमों (गुप्त सूचनाओं का संग्रहण) के संचालन हेतु।	10.00
	निदेशक, कार्यालय में मीटिंग कक्ष एवं आवश्यक उच्चीकरण कार्य।	25.00
	रामनगर वन परिसर में रोड का अनुरक्षण एवं उच्चीकरण	30.00
मानव वन्यजीव संघर्ष, पर्यटन, शोध एंव अनुश्रवण, प्रशिक्षण कार्यों हेतु	पाखरौ टाइगर सफारी हेतु बाड़ा एवं व्याख्यान केन्द्र का निर्माण।	400.00
	ढिकाला स्थित मुख्य वन्यजीव प्रतिपालक हट का जीर्णोद्धार	25.00
	शोध एवं अनुश्रवण कार्य	15.00
प्रचार–प्रसार एंव प्रशासनिक कार्यों हेतु	मानव वन्यजीव संघर्ष/मुठभेड़/वनाग्नि में घायल हुये कर्मचारियों के ईलाज हेतु कामगार समिति को अनुदान	10.00
	अति विशिष्ठ एवं विशिष्ठ अतिथियों के आगमन, भ्रमण पर शिष्टाचार व्यय।	15.00
	कोटद्वार में 3 डी0 थिएटर की स्थापना	25.00
	प्रशासनिक व्यय	50.00
कुल योग		**1000.00**

4— **का0टा0रि0 के ईको डेवलपमेंट ग्रामों में ईको विकास कार्यक्रम।**

मा0 मुख्यमंत्री उत्तराखण्ड की अध्यक्षता में दिनांक 31 अगस्त 2019 को सम्पन्न उत्तराखण्ड राज्य वन्यजीव बोर्ड की 13वीं बैठक के कार्यवृत्त के एजेण्डा बिन्दु सं0–9 में संरक्षित क्षेत्रों के भीतर एवं निकटस्थ गांव में ईको डेवलपमेंट कार्य पुर्नजीवित करने का प्रस्ताव अनुमोदित किया गया है। वर्तमान में कार्बेट टाइगर रिजर्व के द्वारा फाउण्डेशन सहित विभिन्न योजनाओं में 43 ई0डी0सी0 में वित्त पोषण किया जा रहा है। ईको डेवलपमेंट कार्यक्रम के अर्न्तगत वर्ष 2020–21 हेतु विभिन्न प्रस्तावित कार्यक्रमों के प्रस्ताव बनाकर उच्च स्तर को प्रेषित किया गया है।

5— **का0टा0रि0 के ईको डेवलपमेंट ग्रामों में मानव वन्यजीव संघर्ष न्यूनीकरण व वॉलेण्टरी विलेज वन्यजीव प्रोटेक्शन फोर्स की ढ़ाचागत संरचना की स्थापना ।**

प्रदेश में मानव वन्यजीव संघर्ष ज्वलंत समस्या का रूप धारण कर चुकी है जिसके निवारण में स्थानीय जनसमुदाय की महत्वपूर्ण भूमिका है। इसे एक संस्थागत स्वरूप प्रदान करते हुये विभिन्न ग्रामों में वॉलेण्टरी विलेज वन्यजीव प्रोटेक्शन फोर्स की स्थापना हेतु मा0 मुख्यमंत्री उत्तराखण्ड की अध्यक्षता में दिनांक 31 अगस्त 2019 को सम्पन्न उत्तराखण्ड राज्य वन्यजीव बोर्ड की 13वीं बैठक के कार्यवृत्त के एजेण्डा बिन्दु सं0–8 में निर्णय लिया गया है। कार्बेट टाइगर रिजर्व के अन्तर्गत वॉलेण्टरी विलेज वन्यजीव प्रोटेक्शन फोर्स में प्रत्येक ग्राम से 02 से 03 इच्छुक नव युवक/युवतियों का चयन ग्राम द्वारा सुझाये गये नामों में से उप निदेशक/प्रभागीय वनाधिकारी की अध्यक्षता में 03 सदस्य की गठित कमेटी द्वारा किया गया। चयन प्रकिया हेतु गठित कमेटी में स्थानीय एन0जी0ओ0 विश्व प्रकृति निधि के प्रतिनिधि का सहयोग भी लिया गया। कार्बेट टाइगर रिजर्व के अन्तर्गत रामनगर टाइगर रिजर्व में 85 युवक/युवतियां व कालागढ़ टाइगर रिजर्व में 47 युवक/युवतियों को चयन हेतु नामित किया गया था। चयन प्रकिया के उपरान्त रामनगर टाइगर रिजर्व के अन्तर्गत 51 व कालागढ टाइगर रिजर्व के अन्तर्गत 47 कुल 98 युवक/युवतियेां का अन्तिम रुप से चयन किया गया है। उक्त सभी चयनित युवक/युवतियों को औपचारिक प्रशिक्षण कालागढ़ नेशनल इंस्टीट्यूट फॉर वाइल्डलाईफ एवं नेचर गाईडिंग में दिया गया है। इसके अतिरिक्त समय–समय पर टाइगर कन्जरवेशन फाउण्डेशन के माध्यम से प्रशिक्षण देने का प्रस्ताव ध्वनि मत से पारित किया गया।

6— **कार्बेट टाइगर रिजर्व के अन्तर्गत विभिन्न वन चौकियों में सोलर प्लांट की स्थापना।**

विगत वर्षों में लगभग 100 वन रक्षक चौकियों/अन्य फील्ड आवास में 1.5 किलोवाट सोलर पावर प्लाण्ट स्थापित किये गये है। इस वर्ष दोनो प्रभागों के अवशेष वन रक्षक चौकियों/अन्य फील्ड आवास में 1.5 किलोवाट सोलर प्लाण्ट स्थापित किया जाना प्रस्तावित किया गया, जिसे समस्त सदस्यों द्वारा ध्वनि मत से पारित किया गया है।

7— **टाइगर कंजरवेशन फाउण्डेशन फॉर सी0टी0आर0 हेतु 02 प्रसिद्ध वैज्ञानिकों अथवा फील्ड में दक्षता प्राप्त विशेषज्ञों का नामांकन।**

टाइगर कंजरवेशन फाउण्डेशन फॉर सी0टी0आर0 हेतु 02 प्रसिद्ध वैज्ञानिकों अथवा फील्ड में दक्षता प्राप्त विशेषज्ञों का नामांकन सरकार के द्वारा प्राविधानित है। उत्तराखण्ड शासन के पत्र दिनांक 23 अगस्त 2012 द्वारा श्री बृजेन्द्र सिंह, 28 सुन्दर नगर, नई दिल्ली एवं श्री अनूप शाह, वन्यजीव छायाकार नैनीताल को नामित किया गया था। इनके द्वारा उक्त कार्य हेतु अनिच्छा जाहिर की गई है। 02 नये विशेषज्ञों हेतु नाम प्रस्तावित किये जाने है। इस सम्बन्ध में निदेशक, कार्बेट टाइगर रिजर्व को प्रस्ताव शासन को उचित माध्यम से प्रेषित करने हेतु अधिकृत किया गया।

8— **पाखरौ टाइगर सफारी की स्थापना।**

कोटद्वार क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा देने हेतु पाखरौ में टाइगर सफारी स्थापित की जा रही है। इसकी शीघ्र स्थापना हेतु कार्बेट टाइगर फाउण्डेशन के माध्यम से एक टाइगर बाड़ा एवं व्याख्यान केन्द्र की स्थापना जिसकी वित्तीय लागत क्रमशः प्राक्कलन के अनुसार रू0 439.40 लाख एवं रू0 299.61 लाख है, का वित्तीय अनुदान का प्रस्ताव सभी सदस्यों द्वारा अनुमोदित किया गया।

9— **टाइगर कंजरवेशन फाउण्डेशन फॉर का0टा0रि0 हेतु कर्मचारियों की नियुक्ति।**

टाइगर कंजरवेशन फाउण्डेशन फोर सी0टी0आर0 को एक स्वतंत्र संस्था के रूप में कार्य किया जाना है। इसके अतिरिक्त विभिन्न तकनीकी कर्मचारियों की सेवायें भी फाउण्डेशन के उददेश्य को पूरा करने हेतु आवश्यक है। इस सम्बन्ध में नीति एवं प्रक्रिया निर्धारित किया जाना प्रस्तावित किया गया। शासी निकाय द्वारा इस सम्बन्ध में निदेशक, कार्बेट टाइगर रिजर्व को आवश्यक कार्यवाही करने हेतु अधिकृत किया गया।

10— **का0टा0रि0 में अतिरिक्त जिप्सियों का पंजीकरण।**

मा0 मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड द्वारा दिनांक 21.03.2021 को कार्बेट टाइगर रिजर्व में 50 अतिरिक्त जिप्सियों का पंजीकरण की घोषणा की गयी, जिसका संचालन महिलाओं द्वारा किया जाना है। इस सम्बन्ध में प्रस्ताव को शासी निकाय द्वारा अनुमोदित करते हुए निदेशक, कार्बेट टाइगर रिजर्व को आवश्यक कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया।

11— **कार्बेट टाइगर रिजर्व में आमडण्डा अथवा गर्जिया में लाईट एवं साउण्ड शो स्थापित करने के सम्बन्ध में।**

मा0 मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड द्वारा दिनांक 21.03.2021 आमडण्डा क्षेत्र में लाईट एवं साउण्ड शो स्थापित करने हेतु घोषणा की गयी है। उक्त स्थापना हेतु आवश्यक तकनीकी कार्य निदेशक, कार्बेट टाइगर रिजर्व के स्तर से किये जाने हेतु प्रस्ताव को अनुमोदित किया गया। इस सम्बन्ध में आवश्यक धनराशि का व्यय कार्बेट टाइगर फाउण्डेशन के माध्यम से किया जाना अनुमोदित किया गया है।

12– **कार्बेट टाइगर रिजर्व में ढेला स्थित रेस्क्यू सेंटर को पर्यटन हेतु विकसित किया जाना**

मा0 मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड द्वारा ढेला स्थित निर्माणाधीन रेस्क्यू सेंटर को पर्यटक हेतु खोलने की घोषणा की गयी है। भारत सरकार के दिशा–निर्देशों के अनुरूप रेस्क्यू सेंटर को पर्यटन हेतु नहीं खोला जा सकता है। अतः इस क्रम में उक्त क्षेत्र में नियमानुसार पृथक से 'जू'/सफारी स्थापित करने हेतु प्रस्ताव उच्च स्तर को प्रेषित करने हेतु निदेशक, कार्बेट टाइगर रिजर्व को निर्देशित किया गया।

13– **कार्बेट टाइगर रिजर्व के विभिन्न क्षेत्रों में संवेदनशीलता को ध्यान में रखते हुए अतिरिक्त वाहन क्रय करने के सम्बन्ध में।**

कार्बेट टाइगर रिजर्व के विभिन्न क्षेत्रों में संवेदनशीलता को देखते हुए संवेदनशील रेंजो हेतु अतिरिक्त फील्ड वाहन क्रय करने हेतु प्रस्ताव को अनुमोदित करते हुए निदेशक, कार्बेट टाइगर रिजर्व को अधिकृत किया गया।

14– **कार्बेट टाइगर रिजर्व के अर्न्तगत पालतू हाथियों को पर्यटन में प्रयोग करने के सम्बन्ध में।**

कार्बेट टाइगर रिजर्व के अर्न्तगत वर्तमान में 15 पालतू हाथी है, जिनमें से 03 हाथी सेवानिवृत्त हो चुके हैं। अतः 12 पालतू हाथियों को नियमानुसार एवं सुरक्षा को ध्यान में रखते हुये पर्यटन में उपयोग में लाया जाना प्रस्तावित किया गया। इस सम्बन्ध में प्रस्ताव पर विस्तृत चर्चा अगली बैठक में करने हेतु शासी निकाय द्वारा निर्णय लिया गया।

15– **ढिकाला स्थित मुख्य वन्यजीव प्रतिपालक हट का जीर्णोद्धार।**

निदेशक, कार्बेट टाइगर रिजर्व द्वारा अवगत कराया गया कि पिछले वर्ष लगभग रू0 25.00 लाख मुख्य वन्यजीव प्रतिपालक हट के जीर्णोद्धार हेतु व्यय किया गया है। इसके अतिरिक्त रू0 25.00 लाख की मांग अपर प्रमुख वन संरक्षक, नियोजन एवं वित्तीय प्रबन्धन से की गयी है। परन्तु अभी तक धनराशि प्राप्त नहीं हुयी है। समिति द्वारा जीर्णोद्धार कार्य को समय से पूर्ण करने हेतु रू0 25.00 लाख इस शर्त के साथ अनुमोदित किया गया कि यदि उक्त धनराशि राज्य सरकार से प्राप्त हो जाती है, तो उसे फाउण्डेशन को वापस कर दिया जायेगा।

16– **नये वाहनों के रजिस्ट्रेशन के सम्बन्ध में।**

वर्तमान में मारूति कम्पनी द्वारा नये जिप्सी वाहनों का उत्पादन बन्द कर दिया गया है। ऐसी स्थिति में कार्बेट टाइगर रिजर्व में निकट भविष्य में नये प्रकार के वाहन पर विचार किया जाना प्रस्तावित किया गया। इस सम्बन्ध में प्रस्ताव पर विस्तृत चर्चा अगली बैठक में करने हेतु शासी निकाय द्वारा निर्णय लिया गया।

17— पाखरौ टाइगर सफारी हेतु वाहन, वाहन चालक एवं गाईड पर निर्णय।

पाखरौ टाइगर सफारी की स्थापना कार्य वर्तमान में गतिमान है। अगले पर्यटन सत्र के प्रारम्भ में टाइगर सफारी का लोकार्पण प्रस्तावित किया गया है। टाइगर सफारी के संचालन हेतु विभिन्न वाहनों का पंजीकरण, वाहन चालक एवं गाईडों का चयन एवं प्रशिक्षण का कार्य शीघ्र प्रारम्भ करने हेतु अध्यक्ष, शासी निकाय द्वारा निर्देशित किया गया। निर्णय लिया गया कि वर्तमान में कोरोना महामारी के संक्रमण के रफ्तार धीमी होने पर इस सम्बन्ध में तत्काल कार्यवाही प्रारम्भ की जायेगी।

18— कालागढ़ स्थित प्रशिक्षण केन्द्र में नेचर गाईड के प्रशिक्षण के सम्बन्ध में।

कालागढ़ स्थित नेशनल इंस्टीट्यूट फॉर वाइल्डलाईफ एवं नेचर गाईडिंग प्रशिक्षण संस्थान में कार्बेट टाइगर रिजर्व एवं अन्य प्रभागों द्वारा चयनित नेचर गाईडों के प्रशिक्षण का प्रस्ताव किया गया, जिसे शासी निकाय द्वारा अनुमोदित किया गया।

मुख्य वन्यजीव प्रतिपालक,
उत्तराखण्ड, देहरादून

अनुमोदित

अध्यक्ष, शासी निकाय,
टाइगर कन्जरवेशन फाउण्डेशन फॉर सी0टी0आर0

दिनांक 28-11-24 को अध्यक्ष, शासी निकाय, मा0 वन एवं पर्यावरण मंत्री, उत्तराखण्ड सरकार की अध्यक्षता में आयोजित शासी निकाय की 7वीं बैठक की उपस्थिति सूची–

क्रं0सं0	उपस्थित सदस्यगणों के नाम	हस्ताक्षर
1	देवाशीष हिमिरिज्ञ विभाग राज्य	
2	J. S. Suhag	
3	राहुल DIR/CTR	
4	Shyam DD/CTR	
5	आशिलेश तिवारी D.F.O/K.T.R	
6	आर. के. गोयल S.D.C. CTR	
7	राज कुमार, वनक्षेत्राधिकारी बिजरानी	RKumar
8	गोविन्द वल्लभ जोशी वन दरोगा	
9		
10		

कार्यालय मुख्य वन्यजीव प्रतिपालक, उत्तराखण्ड

85 राजपुर रोड, देहरादून, फोन नं0–0135–2742884 फैक्स नं0–0135–2745691 ईमेल–cwlwua@yahoo.co.in

पत्रांक– 3135 /3–6 देहरादून दिनांक 12/ अप्रैल/ 2021

विज्ञप्ति

सेवा में,

1. डॉ0 हरक सिंह रावत, क्षेत्रीय विधायक, विधानसभा क्षेत्र, कोटद्वार।
2. श्री दीवान सिंह बिष्ट, क्षेत्रीय विधायक, विधानसभा क्षेत्र, रामनगर।
3. श्री दलीप सिंह रावत, क्षेत्रीय विधायक, विधानसभा क्षेत्र, लैन्सडौन।
4. सचिव वन एवं वन्यजन्तु पर्यावरण, उत्तराखण्ड शासन।
5. प्रमुख वन संरक्षक(HoFF), उत्तराखण्ड।
6. निदेशक, कार्बेट टाइगर रिजर्व, रामनगर।
7. उपनिदेशक, कार्बेट टाइगर रिजर्व, रामनगर।
8. श्री किशोरी लाल जिला पंचायत सदस्य रामनगर।
9. श्री राजकुमार, वन क्षेत्राधिकारी, बिजरानी रेंज।
10. श्री गोविन्द बल्लभ जोशी, वन दरोगा, बिजरानी रेंज।

विषयः– **मा0 वन एवं पर्यावरण मंत्री, उत्तराखण्ड सरकार की अध्यक्षता में टाइगर कन्जरवेशन फाउण्डेशन फॉर सी0टी0आर0 की बैठक के सम्बन्ध में।**

सन्दर्भः– टाइगर कन्जरवेशन फाउण्डेशन फॉर सी0टी0आर0 की शासी निकाय की बैठक दिनांक–21 जुलाई 2020 एवं अध्यक्ष, शासी निकाय, मा0 वन एवं पर्यावरण मंत्री, उत्तराखण्ड सरकार द्वारा दिये गये निर्देश।

महोदय,

कार्बेट टाइगर रिजर्व हेतु टाइगर कन्जरवेशन फाउण्डेशन फॉर सी0टी0आर0 का गठन दिनांक–11 अगस्त 2011 को किया गया था। फाउण्डेशन की शासी निकाय के सदस्यों का विवरण स्मृति पत्र के बिन्दु सं0–06 तथा प्रमुख सचिव वन के पत्र सं0–783/X-2-2015-18(1)2015, दिनांक 29 जून 2015 के माध्यम से निर्धारित किया गया है।

इससे पूर्व शासी निकाय की बैठक दिनांक–21 जुलाई 2020 को मा0 वन एवं पर्यावरण मंत्री, उत्तराखण्ड सरकार की अध्यक्षता में आयोजित की गयी थी।

निवेदन है कि मा0 वन एवं पर्यावरण मंत्री, उत्तराखण्ड सरकार की अध्यक्षता में शासी निकाय की वार्षिक बैठक दिनांक–28 अप्रैल 2021 को पूर्वाह्न 11:00 बजे पन्याली स्थित अरण्य भवन, कोटद्वार में आयोजित की जायेगी। कृपया उक्त बैठक में प्रतिभाग करने की कृपा करें। बैठक हेतु एजेण्डा पृथक से निदेशक, कार्बेट टाइगर रिजर्व द्वारा प्रेषित किया जायेगा।

संलग्नकः– उपरोक्तानुसार।

भवदीय,

(जे0एस0 सुहाग)
सदस्य सचिव एवं मुख्य वन्यजीव प्रतिपालक,
उत्तराखण्ड।

पत्रांक– 3135/ **तद्दिनांकित।**

प्रतिलिपिः– वरिष्ठ प्रमुख निजी सचिव, मा0 मंत्री, वन एवं वन्यजीव, पर्यावरण एवं ठोस अपशिष्ठ निवारण, श्रम, सेवयोजन, प्रशिक्षण, आयुष शिक्षाा को सूचनार्थ प्रेषित।

(जे0एस0 सुहाग)
सदस्य सचिव एवं मुख्य वन्यजीव प्रतिपालक,
उत्तराखण्ड।

कार्यालय मुख्य वन्यजीव प्रतिपालक, उत्तराखण्ड, देहरादून।

85 राजपुर रोड, देहरादून, फोन नं0–0135–2742884 फैक्स नं0–0135–2745691 ईमेल–cwlwua@yahoo.co.in

पत्रांक–3256 /3–6 देहरादून दिनांक 22 मई 2021

सेवा में,

निदेशक,
कार्बेट टाइगर रिजर्व,
रामनगर।

विषयः– टाइगर कंजरवेशन फाउण्डेशन फॉर सी0टी0आर0 की शासी निकाय की 07वीं बैठक का कार्यवृत्त।

महोदय,

28 अप्रैल 2021 को कोटद्वार में हुई टाइगर कंजरवेशन फाउण्डेशन फॉर सी0टी0आर0 की शासी निकाय की 07वीं बैठक के कार्यवृत्त का अनुमोदन मा0 वन एवं पर्यावरण मंत्री, उत्तराखण्ड/अध्यक्ष, शासी निकाय टाइगर कंजरवेशन फाउण्डेशन फॉर सी0टी0आर0 से कार्यवृत्त की प्रति आपको इस आशय से संलग्न कर प्रेषित की जाती है कि बैठक में लिये गये निर्णयों पर प्राथमिकता के आधार पर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करें।

संलग्नः– यथोपरि।

भवदीय,

22/5/21

(जे0एस0 सुहाग)
मुख्य वन्य जीव प्रतिपालक,
उत्तराखण्ड।

पत्रांक– 3256 / दिनांकित।

प्रतिलिपि– निम्नलिखित को बैठक के कार्यवृत्त की प्रति सहित सूचनार्थ प्रेषित।

1. प्रमुख वन संरक्षक, वन्यजीव, उत्तराखण्ड।
2. समस्त सदस्य, शासी निकाय, टाइगर कंजरवेशन फाउण्डेशन फॉर सी0टी0आर0।

संलग्नः–यथोपरि।

22/5/21

(जे0एस0 सुहाग)
मुख्य वन्य जीव प्रतिपालक,
उत्तराखण्ड।



टाईगर कंजरवेशन फाउण्डेशन फॉर सी0टी0आर0 की शासी निकाय की 08 वीं बैठक

सोमवार, 13 दिसम्बर, 2021

स्थान–पिटकुल सभागार कक्ष, देहरादून

f Wildlife Warden
Uttarakhand

Scanned with CamScanner

टाईगर कन्जर्वेशन फाउण्डेशन फॉर सी0टी0आर0 की शासी निकाय की दिनांक 13.12.2021 को देहरादून में आहूत 08 वीं बैठक का कार्यवृत

बैठक में उपस्थित शासी निकाय के सदस्यों की सूची संलग्न है।

अध्यक्ष महोदय की अनुमति से टाइगर कन्जरवेशन फाउण्डेशन फॉर सी0टी0आर0 की 8वीं बैठक को प्रारम्भ किया गया। मुख्य वन्यजीव प्रतिपालक, उत्तराखण्ड डा0 पराग मधुकर धकाते, भा0व0से0 द्वारा शासी निकाय के अध्यक्ष एवं अन्य सदस्यों का स्वागत करते हुये बैठक का प्रारम्भ किया गया। मुख्य वन्यजीव प्रतिपालक ने शासी निकाय को अवगत कराया कि विगत चार वर्षो से यह बैठक नियमित रूप से हो रही है तथा आज भी बैठक हेतु आवश्यक सदस्यों की संख्या कोरम के अनुरूप है। निदेशक, कार्बेट टाइगर रिजर्व द्वारा टाईगर कन्जर्वेशन फाउण्डेशन की 8वीं शासी निकाय बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों का स्वागत करते हुये टाईगर कन्जर्वेशन फाउण्डेशन फॉर सी0टी0आर0 के गठन एवं उद्देश्यों पर प्रकाश डाला गया तथा विगत वर्ष शासी निकाय द्वारा अनुमोदित धनराशि से कराये गये कार्यो पर प्रस्तुतीकरण दिया गया। तत्पश्चात् मा0 अध्यक्ष महोदय की अनुमति से शासी निकाय की विगत बैठक का अनुपालन एवं इस बैठक के एजेण्डा के विभिन्न बिन्दुओं पर क्रमवार प्रस्तुतीकरण किया गया।

1–टाइगर कन्जर्वेशन फाउण्डेषन फॉर सी0टी0आर0 की शासी निकाय की दिनांक 28 अप्रैल, 2021 को आयोजित बैठक के बिन्दुओं पर अनुपालन आख्या।

माननीय वन एवं पर्यावरण मंत्री जी, उत्तराखण्ड की अध्यक्षता में दिनांक 28 अप्रैल, 2021 को आयोजित टाइगर कन्जर्वेशन फाउण्डेशन फॉर सी0टी0आर0 की शासी निकाय की बैठक में लिये गये निर्णयों पर अनुपालन आख्या निम्नानुसार है:–

बैठक में लिया गया निर्णय	अनुपालन आख्या
का0टा0रि0 के ईको डेवलपमेंट ग्रामों में ईको विकास कार्यक्रम।	मा0 मुख्यमंत्री उत्तराखण्ड की अध्यक्षता में दिनांक 31 अगस्त 2019 को सम्पन्न उत्तराखण्ड राज्य वन्यजीव बोर्ड की 13वीं बैठक के कार्यवृत्त के एजेण्डा बिन्दु सं0–9 में संरक्षित क्षेत्रों के भीतर एवं निकटस्थ गांव में ईको डेवलपमेंट कार्य पुर्नजीवित करने का प्रस्ताव अनुमोदित किया गया है। वर्तमान में कार्बेट टाईगर रिजर्व के द्वारा फाउण्डेशन सहित विभिन्न योजनाओं में 43 ई0डी0सी0 में वित्त पोषण किया जा रहा है। ईको डेवलपमेंट कार्यक्रम के अर्न्तगत वर्ष 2021–22 हेतु विभिन्न प्रस्तावित कार्यक्रमों का वित्त पोषण कैम्पा एवं फाउण्डेशन से प्रस्तावित है।
का0टा0रि0 के ईको डेवलपमेंट ग्रामों में मानव वन्यजीव संघर्ष न्यूनीकरण व वॉलेण्टरी विलेज वन्यजीव प्रोटेक्शन फोर्स	प्रदेश में मानव वन्यजीव संघर्ष जटिल समस्या का रूप धारण कर चुकी है जिसके निवारण में स्थानीय जनसमुदाय की महत्वपूर्ण भूमिका है।

बैठक में लिया गया निर्णय	अनुपालन आख्या
की ढ़ाचागत संरचना की स्थापना ।	इसे एक संस्थागत स्वरूप प्रदान करते हुये विभिन्न ग्रामों में वॉलेण्टरी विलेज वन्यजीव प्रोटेक्शन फोर्स की स्थापना हेतु मा0 मुख्यमंत्री उत्तराखण्ड की अध्यक्षता में दिनांक 31 अगस्त 2019 को सम्पन्न उत्तराखण्ड राज्य वन्यजीव बोर्ड की 13वीं बैठक के कार्यवृत्त के एजेण्डा बिन्दु सं0–8 में निर्णय लिया गया है। कार्बेट टाईगर रिजर्व के अन्तर्गत वॉलेण्टरी विलेज वन्यजीव प्रोटेक्शन फोर्स में प्रत्येक ग्राम से 02 से 03 इच्छुक नवयुवक/युवतियों का चयन ग्राम प्रधान द्वारा सुझाये गये नामों में से उप निदेशक/प्रभागीय वनाधिकारी की अध्यक्षता में 03 सदस्य की गठित कमेटी द्वारा किया गया। चयन प्रकिया हेतु गठित कमेटी में स्थानीय एन0जी0ओ0 विश्व प्रकृति निधि के प्रतिनिधि का सहयोग भी लिया गया। कार्बेट टाईगर रिजर्व के अन्तर्गत कार्बेट नेशनल पार्क में 85 युवक/युवतियां व कालागढ़ टाइगर रिजर्व में 47 युवक/युवतियों को चयन हेतु नामित किया गया था। चयन प्रकिया के उपरान्त कार्बेट नेशनल पार्क के अन्तर्गत 51 व कालागढ टाइगर रिजर्व के अन्तर्गत 47 कुल 98 युवक/युवतियेां का अन्तिम रुप से चयन किया गया है। उक्त सभी चयनित युवक/युवतियों को औपचारिक प्रशिक्षण कालागढ़ नेशनल इंस्टीट्यूट फॉर वाइल्डलाईफ एवं नेचर गाईडिंग में दिया गया है। इसके अतिरिक्त समय–समय पर टाइगर कन्जर्वेशन फाउण्डेशन के माध्यम से प्रशिक्षण दिया गया है।
कार्बेट टाइगर रिजर्व के अन्तर्गत विभिन्न वन चौकियों में सोलर प्लांट की स्थापना।	विगत वर्षो में लगभग 100 वन रक्षक चौकियों/अन्य फील्ड आवास में 1.5 किलोवाट सोलर पावर प्लाण्ट स्थापित किये गये है। इस वर्ष दोनो प्रभागों के अवशेष 30 वन रक्षक चौकियों/अन्य फील्ड आवास में 1.5 किलोवाट सोलर प्लाण्ट स्थापित किया गया है।
टाईगर कंजर्वेशन फाउण्डेशन फॉर सी0टी0आर0 हेतु 02 प्रसिद्ध वैज्ञानिकों अथवा फील्ड में दक्षता प्राप्त विशेषज्ञों का नामांकन।	टाइगर कंजर्वेशन फाउण्डेशन फॉर सी0टी0आर0 हेतु 02 प्रसिद्ध वैज्ञानिकों अथवा फील्ड में दक्षता प्राप्त विशेषज्ञों का नामांकन सरकार के द्वारा प्राविधानित है। उत्तराखण्ड शासन के पत्र

Dr. Parag Madhukar Dhakate
Chief Wildlife Warden
Uttarakhand

बैठक में लिया गया निर्णय	अनुपालन आख्या
	दिनांक 23 अगस्त 2012 द्वारा श्री बृजेन्द्र सिंह, 28 सुन्दर नगर, नई दिल्ली एवं श्री अनूप शाह, वन्यजीव छायाकार नैनीताल को नामित किया गया था। इनके द्वारा उक्त कार्य हेतु अनिच्छा जाहिर की गई है।
पाखरौ टाइगर सफारी की स्थापना।	केन्द्रीय चिड़ियाघार प्राधिकरण नई दिल्ली द्वारा पाखरौ टाइगर सफारी को स्वीकृति प्रदान की गयी। भारत सरकार द्वारा वन संरक्षण अधिनियम 1980 के अन्तर्गत वन भूमि हस्तांतरण के संबंध में स्वीकृति प्रदान की गयी है।
टाइगर कंजर्वेशन फाउण्डेशन फॉर का0टा0रि0 हेतु कर्मचारियों की नियुक्ति।	टाइगर कंजर्वेशन फाउण्डेशन फोर सी0टी0आर0 को एक स्वतंत्र संस्था के रूप में कार्य किया जाना है। इसके अतिरिक्त विभिन्न तकनीकी कर्मचारियों की सेवायें भी फाउण्डेशन के उददेश्य को पूरा करने हेतु आवश्यक है। इस सम्बन्ध में नीति एवं प्रक्रिया निर्धारित किया जाना प्रस्तावित किया गया। शासी निकाय द्वारा इस सम्बन्ध में निदेशक, कार्बेट टाईगर रिजर्व को आवश्यक कार्यवाही करने हेतु अधिकृत किया गया है। तदनुसार कार्यवाही की जा रही है।
का0टा0रि0 में अतिरिक्त जिप्सियों का पंजीकरण।	मा0 मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड द्वारा दिनांक 21.03.2021 को कार्बेट टाइगर रिजर्व में 50 अतिरिक्त जिप्सियों का पंजीकरण की घोषणा की गयी, जिसका संचालन महिलाओं द्वारा किया जाना है। इस सम्बन्ध में प्रस्ताव को शासी निकाय द्वारा अनुमोदित करते हुए निदेशक, कार्बेट टाइगर रिजर्व को आवश्यक कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है। प्रशिक्षण की कार्यवाही पूर्ण कर ली गयी है।
कार्बेट टाइगर रिजर्व में आमडण्डा अथवा गर्जिया में लाईट एवं साउण्ड शो स्थापित करने के सम्बन्ध में।	मा0 मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड द्वारा दिनांक 21.03.2021 आमडण्डा क्षेत्र में लाईट एवं साउण्ड शो स्थापित करने हेतु घोषणा की गयी है। उक्त स्थापना हेतु आवश्यक तकनीकी कार्य निदेशक, कार्बेट टाइगर रिजर्व के स्तर से किये जाने हेतु प्रस्ताव को अनुमोदित किया गया। इस सम्बन्ध में आवश्यक धनराशि का प्राविधान कार्बेट टाइगर

Dr. Parag Madhukar Dhakate
Chief Wildlife Warden

Scanned with CamScanner

बैठक में लिया गया निर्णय	अनुपालन आख्या
	फाउण्डेशन के माध्यम से किया जाना है।
कार्बेट टाइगर रिजर्व में ढेला स्थित रेस्क्यू सेंटर को पर्यटन हेतु विकसित किया जाना	मा0 मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड द्वारा ढेला स्थित निर्माणाधीन रेस्क्यू सेंटर को पर्यटक हेतु खोलने की घोषणा की गयी है। इस सम्बन्ध में प्रस्ताव केन्द्रीय चिडिया प्राधिकरण को प्रेषित किया गया है।
कार्बेट टाइगर रिजर्व के विभिन्न क्षेत्रों में संवेदनशीलता को ध्यान में रखते हुए अतिरिक्त वाहन क्रय करने के सम्बन्ध में।	कार्बेट टाइगर रिजर्व के विभिन्न क्षेत्रों में संवेदनशीलता को देखते हुए संवेदनशील रेंजो हेतु अतिरिक्त फील्ड वाहन क्रय करने हेतु प्रस्ताव को अनुमोदित करते हुए निदेशक, कार्बेट टाइगर रिजर्व को अधिकृत किया गया। वर्तमान में इस पर कार्यवाही की जानी है।
कार्बेट टाइगर रिजर्व के अन्तर्गत पालतू हाथियों को पर्यटन में प्रयोग करने के सम्बन्ध में।	कार्बेट टाइगर रिजर्व के अन्तर्गत वर्तमान में 15 पालतू हाथी है, जिनमें से 03 हथिनी [illegible] हो चुके हैं। अतः 12 पालतू हाथियों को [illegible] एवं सुरक्षा को ध्यान में रखते हुये पर्यटन में उपयोग में लाया जाना प्रस्तावित किया गया। इस सम्बन्ध में प्रस्ताव पर विस्तृत चर्चा इस बैठक में की जानी है।
ढिकाला स्थित मुख्य वन्यजीव प्रतिपालक हट का जीर्णोद्धार।	निदेशक, कार्बेट टाइगर रिजर्व द्वारा अवगत कराया गया कि पिछले वर्ष लगभग रू0 25.00 लाख मुख्य वन्यजीव प्रतिपालक हट के जीर्णोद्धार हेतु व्यय किया गया है। इसके अतिरिक्त रू0 25.00 लाख की मांग अपर प्रमुख वन संरक्षक, नियोजन एवं वित्तीय प्रबन्धन से की गयी थी, परन्तु धनराशि प्राप्त नहीं हुई। समिति द्वारा जीर्णोद्धार कार्य को समय से पूर्ण करने हेतु रू0 25.00 लाख इस शर्त के साथ अनुमोदित किया गया था कि यदि उक्त धनराशि राज्य सरकार से प्राप्त हो जाती है, तो उसे फाउण्डेशन को वापस कर दिया जायेगा। इस सम्बन्ध में कार्य पूर्ण कर लिया गया है।
नये वाहनों के रजिस्ट्रेशन के सम्बन्ध में।	वर्तमान में मारूति कम्पनी द्वारा नये जिप्सी वाहनों का उत्पादन बन्द कर दिया गया है। ऐसी स्थिति में कार्बेट टाइगर रिजर्व में निकट भविष्य में नये प्रकार के वाहन पर विचार किया जाना प्रस्तावित किया गया। इस सम्बन्ध में प्रस्ताव पर

Dr. Parag Madhukar Dhaka
Chief Wildlife Warden
Uttarakhand

Scanned with CamScanner

बैठक में लिया गया निर्णय	अनुपालन आख्या
	विस्तृत चर्चा इस बैठक में की जानी है।
पाखरौ टाइगर सफारी हेतु वाहन, वाहन चालक एवं गाईड पर निर्णय।	पाखरौ टाइगर सफारी की स्थापना कार्य वर्तमान में गतिमान है। अगले पर्यटन सत्र के प्रारम्भ में टाइगर सफारी का लोकार्पण प्रस्तावित किया गया है। टाइगर सफारी के संचालन हेतु विभिन्न वाहनों का पंजीकरण, वाहन चालक एवं गाईडों का चयन एवं प्रशिक्षण का कार्य शीघ्र प्रारम्भ करने हेतु अध्यक्ष, शासी निकाय द्वारा निर्देशित किया गया। इस सम्बन्ध में कार्यवाही की जानी है।
कालागढ़ स्थित प्रशिक्षण केन्द्र में नेचर गाईड के प्रशिक्षण के सम्बन्ध में।	कालागढ़ स्थित नेशनल इंस्टीट्यूट फॉर वाइल्डलाईफ एवं नेचर गाईडिंग प्रशिक्षण संस्थान में कार्बेट टाइगर रिजर्व एवं अन्य प्रभागों द्वारा चयनित नेचर गाईडों के प्रशिक्षण का प्रस्ताव किया गया, जिसे शासी निकाय द्वारा अनुमोदित किया गया है। इस सम्बन्ध में 73 नेचर गाईडों का प्रशिक्षण किया गया है।

Dr. Parag Madhukar Dhakate
Chief Wildlife Warden
Uttarakhand

Scanned with CamScanner

2-टाईगर कन्जर्वेशन फाउण्डेशन फॉर सी0टी0आर0 में वर्ष 2020–21 के दौरान अनुमोदित विभिन्न गतिविधियों एवं व्यय का विवरण :

निदेशक कॉर्बेट टाईगर रिजर्व द्वारा वित्तीय वर्ष 2020–21 हेतु अनुमोदित किये गये विभिन्न कार्यों का ब्यौरा एवं व्यय प्रस्तुत किया गया है, जिसका विवरण निम्न प्रकार है:–

कार्य मद	कार्य का नाम	कुल व्यय (रू0 लाख में)
पर्यटकों को वापस की जाने वाली धनराशि	पर्यटकों को आरक्षित परिमट की धनराशि को वापस किया जाना।	100.00
ई0डी0सी0 अनुदान	ईको विकास समितियों हेतु अनुदान आदि।	75.00
कार्बेट टाईगर रिजर्व की सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करना	कोटद्वार स्थित विभिन्न अवस्थापनाओं के सुधार हेतु	75.00
	कोटद्वार स्थित रिसेप्सन सेंटर के पास आजीविका बढ़ाने हेतु अवस्थापना विकास	50.00
	पाखरौ टाइगर सफारी हेतु अनुमोदित विविध कार्य।	75.00
	गश्ती पेट्रोलियम वाहनों हेतु ईधन/मरम्मत कार्य आदि।	20.00
	स्पेशल आपरेशन ग्रुप के कार्यक्रमों (गुप्त सूचनाओं का संग्रहण) के संचालन हेतु।	10.00
	निदेशक, कार्यालय में मीटिंग कक्ष एवं आवश्यक उच्चीकरण कार्य।	25.00
	रामनगर वन परिसर में रोड का अनुरक्षण एवं उच्चीकरण	30.00
मानव वन्यजीव संघर्ष, पर्यटन, शोध एंव अनुश्रवण, प्रशिक्षण कार्यों हेतु	पाखरौ टाईगर सफारी हेतु बाड़ा एवं व्याख्यान केन्द्र का निर्माण।	400.00
	ढिकाला स्थित उप निदेशक हट का जीर्णोद्धार	25.00
	शोध एवं अनुश्रवण कार्य	15.00
प्रचार–प्रसार एंव प्रशासनिक कार्यों हेतु	मानव वन्यजीव संघर्ष/मुठभेड़/वनाग्नि में घायल हुये कर्मचारियों के ईलाज हेतु कामगार समिति को अनुदान	10.00
	अति विशिष्ठ एवं विशिष्ठ अतिथियों के आगमन, भ्रमण पर शिष्टाचार व्यय।	15.00
	कोटद्वार में 3 डी0 थिएटर की स्थापना	25.00
	प्रशासनिक व्यय	50.00
कुल योग		1000.00

Dr. Parag Madhukar Dhakate
Chief Wildlife Warden Ixare
Uttarakhand

टाईगर कन्जर्वेशन फाउण्डेशन फॉर सी0टी0आर0 में वित्तीय वर्ष 2021–22 की रू0 10.00 करोड़ की वार्षिक कार्ययोजना का शासी निकाय द्वारा अनुमोदन किया गया जिसका विवरण निम्न प्रकार है–

1. कार्बेट टाईगर रिजर्व में सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करना:– गश्ती वाहनों हेतु ईधन/मरम्मत कार्य हेतु रू0 20.00 लाख; स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप के कार्यक्रमों (गुप्त सूचनाओं का संग्रहण) के संचालन कार्य हेतु रू0 10.00 लाख; चोरपानी क्षेत्र मे भूमि

संरक्षण कार्य हेतु रू0 30.00 लाख; कानिया क्षेत्र मे भूमि संरक्षण कार्य हेतु रू0 20.00 लाख, वन विश्राम भवनों/अतिथि गृहों/वन चौकियों में सीवेज के पानी ब्लैक वॉटर/ ग्रे वॉटर को नैसर्गिक रूप से ट्रीटमेंट संबंधी कार्य हेतु रू0 50.00 लाख;

2. **मानव वन्यजीव संघर्ष/न्यूनीकरण, ईको पर्यटन, विकास, शोध, अनुश्रवण एवं प्रशिक्षण कार्य:–** मानव वन्यजीव संघर्ष में घायल हुये वन कर्मियों के उपचार हेतु रू0 10.00 लाख; कालागढ़ टाईगर रिजर्व वन प्रभाग में निर्माणाधीन केन्द्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण, भारत सरकार द्वारा अनुमोदित बाड़ा तथा अन्य अनुषांगिक कार्यों हेतु रू0 400.00 लाख; रामनगर समीप आगडंडा क्षेत्र में प्रकृति संरक्षण संवंधित लाइट एंड साउन्ड व्यवस्था हेतु रू0 100.00 लाख; पाखरौ टाइगर सफारी में व्याख्यान केन्द्र का निर्माण तथा इंटरप्रिटेंशन सेंटर संबंधित कार्य हेतु रू0 150.00 लाख; भारतीय प्रवन्धन संस्थान, काशीपुर के सहयोग से वन्यजीव प्रवन्धन मूल्यांकन कार्य एवं कार्वेट टाइगर रिजर्व मे अन्य शोध, अनुश्रवण एवं मूल्यांकन कार्य हेतु रू0 25.00 लाख; मानव वन्यजीव संघर्ष को न्यूनतम करने हेतु कार्वेट टाईगर रिजर्व में ईको विकास समितियों के माध्यम से सम्पादित कराये जाने वाले कार्यों हेतु रू0 10.00 लाख; सी0एम0 यंग ईकोप्रिन्योर स्कीम के अन्तर्गत स्थानीय युवाओं को नेचर गाइडिंग के प्रषिक्षण सम्वन्धी कार्य कालागढ़ स्थित नेशनल इंस्टीट्यूट फॉर वाइल्डलाईफ एवं नेचर गाईडिंग के माध्यम से आयोजित करने हेतु रू0 20.00 लाख; कालागढ़ टाईगर रिजर्व वन प्रभाग में टाईगर सफारी हेतु केन्द्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण द्वारा स्वीकृति आदेश मे वर्णित दिशा–निर्देशों के अनुपालन में तकनीकी मानव संसाधन की आपूर्ति एवं अवस्थापना विकास हेतु रू0 100.00 लाख; इसके अतिरिक्त विभिन्न माननीय न्यायालयों में पैरवी हेतु रू0 5.00 लाख;

3. **प्रचार–प्रसार एवं प्रशासनिक कार्य:–** वन्यजीव संरक्षण संवधित जन–जागरूकता का विविध सोशल मीडिया माध्यमों से प्रचार–प्रसार कार्य हेतु रू0 5.00 लाख; अतिविशिष्ठ एवं विशिष्ठ अतिथियों के आगमन, भ्रमण पर शिष्टाचार व्यय हेतु रू0 15.00 लाख; प्रशासनिक व्यय हेतु रू0 20.00 लाख; वन्यजीव संवंधित सोविनियर/मेमेंटो का डिजाइन/अधिप्राप्ति करना रू0 10.00 लाख;

उपरोक्त के अतिरिक्त बैठक में सर्वसम्मति से निम्न निर्णय लिये गये :–

1– टाईगर कंजर्वेशन फाउण्डेशन फॉर सी0टी0आर0 हेतु 02 प्रसिद्ध वैज्ञानिकों अथवा फील्ड में दक्षता प्राप्त विशेषज्ञों का नामांकन के संवंध में मा0 विधायक, रामनगर द्वारा श्री जसवन्त सिंह रावत, रामनगर एवं श्री ए0 जी0 असांरी, मोहान के नामों का प्रस्ताव दिया गया जिसे शासी निकाय समिति द्वारा सर्वसम्मति से अनुमोदित किया गया।

2– का0टा0रि0 में अतिरिक्त जिप्सियों का पंजीकरण के संवंध में मा0 मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड द्वारा दिनांक 21.03.2021 को कार्वेट टाइगर रिजर्व में 50 अतिरिक्त जिप्सियों का पंजीकरण की घोषणा की गयी, जिसका संचालन महिलाओं द्वारा किया जाना है। इस हेतु 50 जिप्सियों के पंजीकरण हेतु अनुमोदन दिया गया।

3– कार्वेट टाइगर रिजर्व के अर्न्तगत पालतू हाथियों को पर्यटन में प्रयोग करने के सम्बन्ध में के संवंध में मा0 विधायक रामनगर द्वारा प्रस्ताव रखा गया कि कार्वेट टाइगर रिजर्व के अर्न्तगत पालतू हाथियों को वन एवं वन्यजीवों की सुरक्षा हेतु गश्त एवं निगरानुसार पर्यटन में उपयोग में लाये जाने के प्रस्ताव को शासी निकाय द्वारा सर्वसम्मति से अनुमोदित किया

गया। उक्त निर्णय मा0 उच्चतम न्यायालय/मा0 उच्च न्यायालय के अंतिम आदेशों से आच्छादित रहेगा।

4– नये वाहनों के रजिस्ट्रेशन के सम्बन्ध में वर्तमान में मारूति कम्पनी द्वारा नये जिप्सी वाहनों के उत्पादन एवं उपलब्धता की समस्या की दृष्टिगत कान्हा टाइगर रिजर्व में वर्तमान में संचालित हो रही जंगल सफारी वाहनों के अनुसार कार्बेट टाइगर रिजर्व में जंगल सफारी वाहनों का उपयोग किया जायेगा। जंगल सफारी वाहनों में वर्तमान में उपयोग में लायी जा रही जिप्सी वाहनों के अतिरिक्त अन्य जंगल सफारी वाहन जैसे– 9+D, 11+D, 12+D, Hybrid and Electric Vehicle का कार्बेट टाइगर रिजर्व में जंगल सफारी में प्रयोग करने हेतु शासी निकाय द्वारा सहमति प्रदान की गयी।

5– पाखरौ टाइगर सफारी हेतु वाहन, वाहन चालक एवं गाईड के संबंध में पाखरौ टाइगर सफारी की स्थापना कार्य वर्तमान में गतिमान है। शीघ्र ही टाइगर सफारी का लोकार्पण प्रस्तावित किया गया है। टाइगर सफारी के संचालन हेतु विभिन्न वाहन चालक/सफारी गाईडों का चयन एवं प्रशिक्षण का कार्य शीघ्र प्रारम्भ करने के प्रस्ताव को शासी निकाय द्वारा अनुमोदित किया गया सफारी वाहन के संचालन हेतु नियमानुसार टेंडर प्रतिक्रिया अपनाने पर शासी निकाय द्वारा सहमति प्रदान की गयी।

6– अन्य बिन्दु मा0 अध्यक्ष महोदय की सहमति से सम्मिलित किये गये।

I. बैठक में प्रोजेक्ट टाइगर योजना के अर्न्तगत वर्तमान तक कोई धनराशि प्राप्त न होने पर शासी निकाय द्वारा नाराजगी व्यक्त की गई एवं एन0टी0सी0ए0 को इस सन्दर्भ में अध्यक्ष महोदय की ओर से अर्द्धशासकीय पत्र भेजने का निर्णय लिया गया।

II. प्रमुख वन संरक्षक (HoFF) द्वारा निर्देश दिया गया कि ई0डी0सी0 अनुमोदित माइक्रोप्लान के अनुसार ही कार्य किये जाये एवं ई0डी0सी0 के कार्यो की मानिटरिंग की जाय तथा बैठक में किये गये कार्यो की सूचना से शासी निकाय को अवगत कराया जाय।

III. टाइगर कंजर्वेशन फाउण्डेशन को पर्यटन से प्राप्त आय को टाइगर कंजर्वेशन फाउण्डेशन में सीधे प्राप्त करने हेतु विभिन्न प्रदेशों के टाइगर रिजर्व में किस प्रकार की व्यवस्था प्रचलन में है तथा मा0 उच्च न्यायालय के आदेश को ध्यान में रखते हुये कार्बेट टाइगर रिजर्व में पर्यटन से प्राप्त समस्त आय को टाइगर कंजर्वेशन फाउण्डेशन फॉर सी0टी0आर0 के खाते में सीधे प्राप्त करने हेतु शासन से अनुमति प्राप्त करने हेतु शीघ्र प्रस्ताव प्रेषित किया जाय।

IV. कार्बेट टाइगर रिजर्व में प्रस्तावित एवं निर्माणाधीन कार्यो की सक्षम स्तर से आवश्यक स्वीकृति एवं अनुमोदन प्राप्त कर लिया जाये तथा राष्ट्रीय व्याघ्र संरक्षण प्राधिकरण द्वारा स्वीकृत कार्बेट टाइगर रिजर्व के टाइगर कंजर्वेशन प्लान में अनुमोदित कार्यो को नियमानुसार सम्पादित किया जाये।

Dr. Parag Madhukar Dhakate
Chief Wildlife Warden

बैठक के अन्त में सदस्य सचिव/मुख्य वन्यजीव प्रतिपालक द्वारा अध्यक्ष महोदय तथा बैठक में उपस्थित अन्य सदस्यों का आभार प्रकट किया गया।

Parag Madhukar Dhakate
Chief Wildlife Warden
Uttarakhand

मुख्य वन्यजीव प्रतिपालक, उत्तराखण्ड / सदस्य सचिव, शासी निकाय
टाइगर कन्जर्वेशन फाउण्डेशन फॉर सी0टी0आर0
उत्तराखण्ड, देहरादून

अनुमोदित

अध्यक्ष, शासी निकाय,
टाइगर कन्जर्वेशन फाउण्डेशन फॉर सी0टी0आर0

Scanned with CamScanner

ANNEXURE-20

Admin Block

10/2017	12/2020	03/2022



Bada 2570mt 25mt buffer







Culvert





Bada 2570mt 25mt buffer







Service Road





Pakharo 3 hathi



Pakharo Rest House

Outer Boundary



10/2017



12/2020

03/2022

Nalkatta 5 hathi 10mt



Morghati FRH quarter Demolished

02/2017



03/2021



05/2022

Admin Block

10/2017	12/2020	03/2022

Culvert



Kalushaheed 16 hathi 10mt



Kalushaheed 14 hathi 10mt



Kalushaheed 9 108mt





Kalushaheed 9 60mt



10/2017

03/2021

05/2022

Kalushaheed 09 pashchimi 58mt



10/2017



03/2021



05/2022

Kalagarh 8 10mt



Jalashay

02/2017



12/2020



03/2022

ANNEXURE-21

न्यायालय श्रीमान् न्यायिक मजिस्ट्रेट, कोटद्वार, जिला पौडी गढवाल एट कोटद्वार

फौजदारी वाद सं0.0002624 सन् 2022

केन्द्रीय सरकार द्वारा पंकज अग्रवाल पुत्र श्री डी0एन0 अग्रवाल, उम्र 58 वर्ष, अपर प्रमुख मुख्य वन संरक्षक (के0), एकीकृत क्षेत्रीय कार्यालय, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, 25, सुभाष रोड, देहरादून– 248001

.....परिवादी

बनाम

1. श्री किशन चन्द, (सेवानिवृत्त भारतीय वन सेवा) तत्कालीन उप वन संरक्षक, कालागढ टाईगर रिजर्व प्रभाग, लैन्सडौन, कोटद्वार, जिला पौड़ी गढवाल, उत्तराखण्ड। वर्तमान पता– मकान न0–56, नन्द विहार, थाना कोतवाली– ज्वालापुर, जनपद हरिद्वार, उत्तराखण्ड।

.....अभियुक्त

अन्तर्गत धारा– 3 (A) वन (संरक्षण) अधिनियम, 1980

थाना– कालागढ, जनपद– पौडी गढवाल।

परिवाद अन्तर्गत धारा– 200 दण्ड प्रकिया संहिता, 1973

महोदय,

परिवादी उपरोक्त निम्नलिखित कथन करता है :–

1. यह कि परिवादी उपरोक्त, केन्द्रीय सरकार, एकीकृत क्षेत्रीय कार्यालय, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, 25, सुभाष रोड, देहरादून में अपर प्रमुख मुख्य वन संरक्षक (के0), (वन संरक्षक की रैंक से वरिष्ठ) के पद पर सेवारत है एवं पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा जारी की गयी अधिसूचना दिनांक 17 नवम्बर, 2020 (अनुसंलग्नक– 01) के आलोक में यह सत्यापित करता है कि परिवादी वर्तमान परिवाद दाखिल करने के लिए समर्थ व सक्षम है तथा अपने पदीय कर्तव्यों के निवर्हन में श्रीमान् के समक्ष यह परिवाद दाखिल कर रहा है।

2. यह कि परिवादी का कथानक इस प्रकार है कि वन (संरक्षण) अधिनियम, 1980 के अन्तर्गत वन भूमि पर अथवा उसके किसी भाग में किसी भी प्रकार की 'गैर–वानिकी' गतिविधि हेतु केन्द्रीय सरकार (पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय) से पूर्वानुमति (prior approval) लेने का प्रावधान है।

3. यह कि ऐसा प्रावधान वन (संरक्षण) अधिनियम, 1980 की धारा–2 में किया गया है, जोकि इस प्रकार है–

धारा–2:– वनों के अपारक्षण (de-reservation) या वन भूमि के वनेत्तर प्रयोजन के लिए उपयोग पर निर्बन्धन–

किसी राज्य में तत्समय प्रवृत्त किसी अन्य विधि में किसी बात के होते हुए भी, कोई राज्य सरकार अथवा अन्य प्राधिकारी यह निदेश करने वाला कोई आदेश, केन्द्रीय सरकार के पूर्व अनुमोदन के बिना नहीं करेगा–

(i) कि कोई आरक्षित वन (उस राज्य में तत्समय प्रवृत्त किसी विधि में 'आरक्षित वन' पद के अर्थ में) या उसका कोई भाग आरक्षित नहीं रह जायेगा।

(ii) कि कोई वन भूमि या उसका कोई भाग किसी वनेत्तर प्रयोजन के लिए उपयोग में लाया जाए।

(iii) कि कोई वन भूमि या उसका कोई भाग पट्टे पर या अन्यथा किसी प्राईवेट व्यक्ति या किसी प्राधिकरण, निगम, अभिकरण या किसी अन्य संगठन को, जो सरकार के स्वामित्व, प्रबन्धन, नियंत्रण के अधीन नहीं है, समनुदेशित किया जाए।

(iv) कि किसी वन भूमि या उसके किसी भाग को, पुनर्वनरोपण के लिए उसका उपयोग करने के प्रयोजन के लिए, उन वृक्षों को, जो उस भूमि या प्रभाग में प्राकृतिक रूप से उग आए हैं, काटकर साफ किया जाए।

स्पष्टीकरण– इस धारा के प्रयोजन के लिये 'वनेत्तर प्रयोजन' से,:–

(क) चाय, काफी, मसाले, रबड, पाम, तेल वाले पौधे, उद्यान–कृषि फसलों या औषधीय पौधे की खेती के लिये,

(ख) पुनर्वनरोपण से भिन्न किसी प्रयोजन के लिये,

किसी वन भूमि या उसके प्रभाग को तोडना या काट कर साफ करना अभिप्रेत है किन्तु इसके अन्तर्गत वनों और वन्य–जीवों के संरक्षण, विकास और प्रबन्ध से सम्बन्धित या उनसे आनुषंगिक कोई कार्य अर्थात् चौकियों, अग्नि तारों, बेतार संचारों की स्थापना और बाड, पुलों और पुलियों, बाँधों, जलछिद्रों, खाई चिन्हों, पाइप लाइनों का निर्माण या अन्य वैसे ही प्रयोजन नहीं हैं।

4. यह कि धारा–2 के उपबन्धों के उल्लंघन के लिए धारा– 3 क में शास्ति का प्रावधान किया गया है, जोकि इस प्रकार है–

जो कोई धारा– 2 के उपबन्धों में से किसी का उल्लंघन करेगा या उल्लंघन का दुष्प्रेरण करेगा वह सादा कारावास से, जिसकी अवधि पन्द्रह दिन तक की हो सकेगी, दण्डनीय होगा।

5. यह कि अधिनियम की धारा– 3 ख, प्राधिकरणों और सरकारी विभागों द्वारा किये गये अपराध के सम्बन्ध में व्यवस्था करती है, जोकि इस प्रकार है–

(1) जहाँ इस अधिनियम के अधीन कोई अपराध,–

(क) सरकार के किसी विभाग द्वारा किया गया है, वहाँ विभागाध्यक्ष, या

(ख) किसी प्राधिकरण द्वारा किया गया है, वहाँ प्रत्येक ऐसा व्यक्ति जो उस अपराध के किये जाने के समय उस प्राधिकरण के कारबार के संचालन के लिये उस प्राधिकरण का प्रत्यक्ष रूप से भारसाधक और उसके प्रति उत्तरदायी था और साथ ही वह प्राधिकरण भी,

ऐसे अपराध का दोषी समझा जाएगा और तद्नुसार अपने विरूद्ध कार्रवाई किये जाने और दण्डित किये जाने का भागी होगाः

परन्तु इस उपधारा की कोई बात विभागाध्यक्ष को या खण्ड (ख) में निर्दिष्ट किसी व्यक्ति को दंड का भागी नहीं बनाएगी यदि वह यह साबित कर देता है कि वह अपराध उसकी जानकारी के बिना किया गया था या उस अपराध के किये जाने का निवारण करने के लिये उसने सब सम्यक् तत्परता बरती थी।

(2) उपधारा (1) में किसी बात के होते हुए भी, जहाँ इस अधिनियम के अधीन दण्डनीय कोई अपराध सरकार के किसी विभाग या उपधारा (1) के खण्ड (ख) में निर्दिष्ट किसी प्राधिकरण द्वारा किया गया है और यह साबित हो जाता है कि वह अपराध विभागाध्यक्ष से भिन्न किसी अधिकारी की, या, प्राधिकरण की दशा में, उपधारा (1) के खण्ड (ख) में निर्दिष्ट व्यक्तियों से भिन्न किसी व्यक्ति की, सहमति या मौनानुकूलता से किया गया है या उस अपराध का किया जाना उसकी किसी उपेक्षा के कारण माना जा सकता है, वहाँ ऐसा अधिकारी या व्यक्ति भी उस अपराध का दोषी समझा जाएगा और तद्नुसार अपने विरूद्ध कार्यवाही किये जाने और दण्डित किये जाने का भागी होगा (अनुसंलग्नक– 02)।

6. यह कि संक्षेप में वन (संरक्षण) अधिनियम, 1980 की धारा 2 सपठित खण्ड (ii) में यह प्रावधान है कि किसी राज्य में तत्समय प्रवृत्त किसी अन्य विधि में किसी

बात के होते हुये भी, कोई राज्य सरकार अथवा अन्य प्राधिकारी वन भूमि अथवा उसके किसी भाग का गैर–वानिकी प्रयोजन हेतु उपयोग करने का निदेश देने वाला कोई आदेश केन्द्रीय सरकार की पूर्वानुमति के बिना नहीं करेगा। यदि ऐसा कोई आदेश राज्य सरकार अथवा अन्य प्राधिकारी द्वारा केन्द्रीय सरकार की पूर्वानुमति के बिना किया गया है तब राज्य सरकार में पदस्थ ऐसा अधिकारी अथवा अन्य प्राधिकारी (जिसके द्वारा ऐसा कोई आदेश किया गया है) धारा–3A/3B वन (संरक्षण) अधिनियम, 1980 के अन्तर्गत शास्ति का हकदार है एवं वन (संरक्षण) नियम, 2003 के नियम–9 के अन्तर्गत केन्द्रीय सरकार के परिवाद पर सक्षम न्यायालय के समक्ष अभियोजित किये जाने योग्य है।

7. यह कि दिनांक 20.09.2021 को श्री गौरव कुमार बन्सल, अधिवक्ता, उच्चतम न्यायालय द्वारा कार्बेट टाईगर रिजर्व में वृक्षों के अवैध पातन एवं भवन निर्माण के सम्बन्ध में अपना प्रतिनिधित्व केन्द्रीय प्राधिकार कमेटी (मा0 उच्चतम न्यायालय, नई दिल्ली द्वारा गठित कमेटी) के समक्ष रखा था (अनुसंलग्नक– 03)। केन्द्रीय प्राधिकार कमेटी, मा0 उच्चतम न्यायालय नई दिल्ली द्वारा वन भूमि से सम्बन्धित मामलों में अपनी राय देने के लिये गठित की गयी है।

8. यह कि केन्द्रीय प्राधिकार कमेटी द्वारा अपने पत्र दिनांक 24.09.2021 के माध्यम से श्री गौरव कुमार बन्सल, अधिवक्ता के प्रतिनिधित्व को केन्द्रीय सरकार (पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली) के सचिव को अग्रेषित करते हुए प्रतिनिधित्व पर विशिष्ट टिप्पणियाँ माँगी गयी थी (अनुसंलग्नक– 04)।

9. यह कि केन्द्रीय प्राधिकार कमेटी के उपरोक्त पत्र के अनुक्रम में केन्द्रीय सरकार (पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली) द्वारा अपने पत्र दिनांक 12.10.2021 के माध्यम से परिवादी के कार्यालय (जोकि पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली का एकीकृत क्षेत्रीय कार्यालय है) को प्रकरण में एक आख्या प्रेषित कराये जाने के लिये लिखा गया (अनुसंलग्नक– 05)

10. यह कि केन्द्रीय सरकार के पत्र दिनांक 12.10.2021 में दिये गये निर्देशों के अनुक्रम में परिवादी के कार्यालय से उप–महानिरीक्षक, वन द्वारा दिनांक 25.10.2021 एवं 26.10.2021 को कार्बेट टाईगर रिजर्व में वृक्षों के कथित अवैध पातन एवं भवन–निर्माण के सम्बन्ध में की गयी शिकायत के सम्बन्ध में स्थल निरीक्षण

किया गया। स्थल निरीक्षण के दौरान वन विभाग उत्तराखण्ड के निम्नलिखित अधिकारी मौजूद रहे–

1. श्री राहुल, आई0एफ0एस0, निदेशक कार्बेट टाईगर रिजर्व।
2. श्री अखिलेश तिवारी, आई0एफ0एस0, वन संरक्षक, शिवालिक सर्कल।
3. श्री किशन चन्द्र, डी0सी0एफ0, कालागढ टाईगर रिजर्व, लैन्सडाउन वन प्रभाग।
4. श्री दीपक सिंह, डी0सी0एफ0, लैन्सडाउन वन प्रभाग, कोटद्वार।
5. श्री बृजबिहारी शर्मा, वनक्षेत्राधिकारी, पाखरौ/सोना रिवर रेंज।
6. श्री सत्ते सिंह बिष्ट, प्रभागीय लौगिंग मैनेजर, उत्तराखण्ड वन निगम, पौडी।
7. श्री गोपाल सिंह बिष्ट, फॉरेस्टर, पाखरौ रेंज।
8. श्री हरीश चन्द्र भट्ट, वनक्षेत्राधिकारी, पलेन रेंज।
9. श्रीमती पूनम पॉल, वन रक्षक, कुमड्डा बीट।
10. श्रीमती कमला देवी, वन रक्षक, बिजौरागढ बीट (स्थल निरीक्षण आख्या अनुसंलग्नक– 06)

